# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 129 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, शनिवार 09 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### बारिश की बूंदों से अब सराबोर होगी दिल्ली, इस तारीख से कम हो जाएगी गर्मी

नई दिल्ली। एक तरफ महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, असम में बारिश लोगों पर कहर बनकर टूट रही है तो दूसरी तरफ दिल्ली समेत उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून उनके बीच वाली गर्मी का दौर लगातार जारी है. राजधानी में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस जरूर है, लेकिन उमस की वजह से गर्मी का एहसास 45 डिग्री के टॉर्चर के बराबर है. हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि 10 जुलाई से दिल्ली में बारिश होगी और गर्मी से राहत मिलेगी।

मौसम वैज्ञानिक आर के जेनामणि के मुताबिक 9 जुलाई की रात या 10 जुलाई से दिल्ली, हरियाणा और उत्तर भारत में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा. पाकिस्तान के इलाके में कन्वर्जेंस जोन एक्टिव है, हम मॉनिटर कर रहें हैं कि वो कब इधर आएगा. संभावना है कि वो 10 जुलाई तक इधर आ जाएगा, जिसके बाद बारिश शुरू हो जाएगी. 10 तारीख से तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रहना शुरू हो जाएगा।

### 135 साल पुराने कालेज की जमीन पर प्राइवेट स्कूल ने कर लिया कब्जा, अब परिसर के बाहर लग रही क्लास

लखनऊ।उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग में एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है. इसमें सरकार से अनुदानित 135



साल पुराने कॉलेज की जमीन पर फर्जीवाड़ा के मामला सामने आया है. यहां अनुदानित कॉलेज की जमीन में निजी स्कूल मान्यता ले ली है।

ये मामला लखनऊ स्थित कैसरबाग में सेंटिनिअल इंटर कॉलेज का है. यहां निजी स्कूल ने कॉलेज की जमीन पर कब्जा कर लिया है. जिसके बाद गुरुवार को सेंटिनिअल कॉलेज के स्टूडेंट्स की क्लासेज परिसर के बाहर लगाई गई. जब इस मामले को लेकर विवाद बढ़ा तो शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी वहां पहुंचे।

जब इस मामले की जांच हुई तो सामने आया की पहले से उस जगह पर चल रहा कॉलेज की जानकारी को छुपाई गई है. जिसके बाद फर्ची तरीके से मेथोडिस्ट चर्च स्कूल के नाम पर मान्यता ली गई है. हालांकि बड़ा सवाल ये है कि आखिर स्थलीय निरीक्षण करने वाले खंड शिक्षा अधिकारी ने कैसे मान्यता दे दी।

मान्यता में उसकी संस्तुति भी रिपोर्ट भी लगा दी गई है। बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े इस बड़े फर्जीवाड़े के सामने आने के बाद से ही विभाग में हड़कंप मचा हुआ है. वहीं अब बीएसए ने मामले में फर्जीवाड़े के आरोपी स्कूल प्रबंधक से जवाब तलब किया है. वहीं मीडिया में खबरें आने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट, बीएसए, डीआईएस क्षेत्र के एसीपी समेत कई शीर्ष अधिकारी एक्शन में आए हैं. अब इस मामले की जांच हो रही है।

### बैंक खातों पर रोक हटाने के वीवो के अनुरोध पर गौर करे ईडीः दिल्ली उच्च न्यायालय

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि चीन की स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी वीवो के अनुरोध पर वह विचार करे जिसमें कंपनी ने कुछ देनदारी के निपटान के लिए बैंक खातों से लेनदेन करने की इजाजत मांगी है। दिल्ली उच्च न्यायालय वीवो के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की धनशोधन जांच के सिलसिले में बैंक खातों पर रोक लगाने के खिलाफ कंपनी की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने ईडी से कहा कि वीवो की इस याचिका पर उसका क्या रूख है, वह बताए। इसके साथ अदालत ने कहा कि अब इस मामले पर 13 जुलाई को विचार किया जाएगा। वीवो के अधिवक्ताओं ने अदालत में कहा था कि बैंक खातों पर रोक लगने से याचिकाकर्ता का कामकाज रूक गया है जिसकी वजह से वह कर्मियों को वेतन नहीं दे पा रही और करोड़ों रुपये के वैधानिक बकाया का भुगतान भी नहीं कर पा रही। ईडी की ओर से पेश अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने अदालत को सूचित किया कि तलाशी अभियान आज खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह याचिका समय से पहले दाखिल की गई है और याचिकाकर्ता को वैधानिक प्रक्रियाओं के पूरा हो जाने का इंतजार करना चाहिए था।

इससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ के समक्ष यह याचिका आई थी जिन्होंने इसे तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने पांच जुलाई को वीवो और संबंधित कंपनियों के खिलाफ धन शोधन जांच के सिलसिले में कई स्थानों पर तलाशी ली थी। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मेघालय, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में वीवो और उससे संबंधित कंपनियों से जुड़े 44 स्थानों पर छापेमारी की गई थी। वीवो ने अपनी याचिका में बैंक खातों पर रोक लगाने के ईडी के आदेश को रद्द करने का अनुरोध भी किया था।

# आज असहनीय पीड़ा का दिन, शिंजो आबे मेरे साथी तो थे ही अरुण जेटली मेमोरियल लेक्चर में मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में अरुण जेटली मेमोरियल लेक्चर में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन मेरे लिए अपूरणीय क्षति और असहनीय पीड़ा का दिन है। मेरे घनिष्ठ मित्र और जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे अब हमारे बीच नहीं रहे हैं। आबे जी मेरे तो साथी तो थे ही, वो भारत के भी उतने ही विश्वसनीय दोस्त थे। उनके कार्यकाल में भारत–जापान के राजनीतिक संबंधों को नई ऊंचाई तो मिली ही साथ ही हमने दोनों देशों की साझी विरासत को जोड़ते रिश्तों को भी खूब आगे बढ़ाया। पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये आयोजन मेरे और एक और घनिष्ठ मित्र अरुण जेटली जी को समर्पित है।



बीते दिनों को याद करते हैं तो उनकी बहुत सारी बातें, उनसे जुड़ीं बहुत सी यादें स्वाभाविक रूप से याद आती हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत संकलन द्वारा सुधार के बजाय दृढ़ विश्वास द्वारा सुधार से आने वाले 25 साल का रोडमैप तैयार कर रहा है। पहले बड़े रिफॉर्म्स तभी हुए जब पहले की सरकारों के पास कोई और रास्ता नहीं बचता था। हम रिफॉर्म को नेसेसरी एविल नहीं बल्कि विन–विन च्वाइश मानते हैं, जिसमें जनहित है। दुनिया में दशकों से अनेक देशों में प्रॉपर्टी राइट ये बड़ी समस्या बनी हुई थी। जब प्रॉपर्टी राइट की बात करते हैं तो जो समाज के आखिरी लोग होते हैं, उनको सबसे ज्यादा मुसीबतें झेलनी पड़ती हैं। लेकिन आपको जानकर खुशी होगी कि भारत ने इस दिशा में जिस तेजी से काम किया है, वो अभूतपूर्व है।

पीएम मोदी ने कहा कि स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में घरों और इमारतों की मैपिंग चल रहा है। अभी तक 1.5 लाख गांवों में ड्रोन के माध्यम से सर्वे पूरा हो चुका है, 37,000 स्वायर किलो मीटर जमीन की मैपिंग का काम हो चुका है और 80 लाख से ज्यादा लोगों के प्रापर्टी कार्ड बनाए जा चुके हैं। बीते 7–8 साल में भारत में अंडर ग्रेजुएट मेडिकल सीट्स में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत में अब वार्षिक कुल मेडिकल सीटों की संख्या बढ़कर लगभग दोगुनी हो चुकी है। 2014 से पहले हमारे देश का औसत था कि 10 साल में करीब 50 मेडिकल कॉलेज बना करते थे। जबकि भारत में पिछले 7–8 साल में ही पहले के मुकाबले 4 गुना से ज्यादा 209 नए मेडिकल कॉलेज बनाए जा चुके हैं।

# निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल सहित राज्यसभा के लिए निर्वाचित 27 सदस्यों ने ली शपथ

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल सहित राज्यसभा के लिए निर्वाचित 27 सदस्यों ने शुक्रवार को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। सांसद के रूप में अपना कामकाज आरंभ करने से पहले इन सदस्यों ने राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू की मौजूदगी में राज्यसभा के कक्ष में संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। शपथ लेने वाले 27 सदस्य 10 राज्यों से हैं ओर उन्होंने नौ भाषाओं में शपथ ली। बारह सदस्यों ने हिंदी में और चार ने अंग्रेजी में शपथ ग्रहण की जबकि दो–दो सदस्यों ने संस्कृत, कन्नड़, मराठी और ओड़िया में शपथ ली। एक–एक सदस्य ने पंजाबी, तमिल और तेलुगु में शपथ ग्रहण की। हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित 57 सदस्यों में चार ने पिछले दिनों



उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली थी।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद कुछ नेताओं और सदन के सदस्यों से संवाद के दौरान नायडू ने स्पष्ट किया कि निर्वाचित सदस्यों में से जिन्होंने शपथ नहीं ली है, वे भी 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग ले सकते हैं। इससे जुड़े सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए नायडू ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में जीतने वालों की अधिसूचना जारी होने की तारीख से उम्मीदवारों को सदन का सदस्य मान लिया जाता है और शपथ ग्रहण सदन की कार्यवाही और समितियों की बैठकों में हिस्सा लेने के पहले अनिवार्य है। शपथ लेने वालों में कांग्रेस के जयराम रमेश, विवेक तन्खा और मुकुल वासनिक, भारतीय जनता पार्टी के सुरेंद्र सिंह नागर, के लक्ष्मण, कल्पना सैनी और लक्ष्मीकांत वाजपेयी शामिल थे।

इनके अलावा राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी, बीजू जनता दल की सुलता देव और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के आर धरमार ने भी उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। कुल निर्वाचित 57 सदस्यों में 14 सदस्य ऐसे हैं, जिनकी फिर से राज्यसभा में वापसी हुई हैं। सदस्यों को संबोधित करते हुए सभापति नायडू ने कहा कि संसद का आगामी मानसून सत्र कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए होगा और सदस्यों को उचित दूरी का पालन करना होगा। उन्होंने सदस्यों से सदन में सार्थक चर्चा और नियमों व परंपराओं का पालन कर सदन की गरिमा को बनाए रखने का आह्वान किया। नायडू ने नए सदस्यों से कहा कि वह उन्हें मिले मौके का सदुपयोग करें और नियमित तौर पर सदन की बैठक में शामिल हों।

# लखनऊ पहुंचीं राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू, सीएम योगी समेत भाजपा के कई बड़े नेताओं ने किया स्वागत

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

लखनऊ। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू 18 जुलाई को होने वाले चुनाव के लिए समर्थन मांगने शुक्रवार को लखनऊ पहुंचीं. यहां अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर मुर्मू का स्वागत किया गया. सीएम योगी आदित्यनाथ उनका स्वागत करने एयरपोर्ट पहुंचे थे।

बीजेपी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उनका स्वागत करने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और एयरपोर्ट पहुंचे थे. इनके अलावा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह समेत कई प्रमुख नेताओं ने भी गुलदस्ता और फूल मालाओं के साथ मुर्मू का स्वागत किया. इस दौरान एनडीए के सहयोगी अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष और योगी सरकार के मंत्री आशीष सिंह पटेल और निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के अध्यक्ष और मंत्री डॉ. संजय निषाद भी मौजूद थे।

बीजेपी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने बताया कि मुर्मू शुक्रवार की शाम यहां लोक भवन (मुख्यमंत्री कार्यालय) के सभागार में बीजेपी और सहयोगी दलों के सांसदों, विधायकों के साथ



आयोजित बैठक में राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के रूप में अपने समर्थन के लिए संपर्क और संवाद करेंगी।

# उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा की तैयारियां जोरों पर सीएम धामी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

उत्तराखंड। 14 जुलाई से शुरू हो रही हरिद्वार में कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हाई लेवल मीटिंग की. मेला भवन में हुई इस मीटिंग में हरिद्वार के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज डीजीपी अशोक कुमार समेत सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे. सीएम ने सभी अधिकारियों को सख्ती से निर्देश दिए कि कावड़ यात्रा में आने वाले किसी भी यात्री को दिक्कत नहीं होनी चाहिए. ट्रैफिक प्लान से लेकर यात्रियों के ठहरने और पार्किंग समेत अन्य व्यवस्थाएं बेहतर कर ली जाएं।

सावन के महीने में हरिद्वार में सबसे ज्यादा चहल–पहल रहती है, क्योंकि सावन का महीना भगवान शिव का महीना माना जाता है, और इस महीने में तमाम शिवभक्त मां गंगा का जल लेने पहुंचते हैं। इस गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं. इस बार सावन का महीना 14 जुलाई से शुरू हो रहा है और उसी दिन से कावड़ यात्रा शुरू हो जाएगी. यात्रा को लेकर हरिद्वार जिला प्रशासन समेत सरकार तैयारियों में जुटी है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद कावड़ यात्रा की फीडबैक ले रहे हैं. सीएम ने साफ कहा है कि 2 साल बाद कावड़ यात्रा हो रही है और इस बार यात्रियों की संख्या काफी ज्यादा रहने वाली है इसलिए तैयारी बेहतर की जाए।

जिला प्रशासन का अनुमान है कि




इस बार कावड़ यात्रा में तीन से चार करोड़ शिवभक्त मां गंगा का जल लेने पहुंचेंगे. इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए बड़े स्तर पर तैयारी करनी होगी. जिसका बड़ा जिम्मा पुलिस का रहेगा,इसलिए पुलिस महकमा भी सतर्क हो गया है. हरिद्वार के बैरागी कैंप, चमगादड़ टापू और अन्य स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है. अधिकांश शिवभक्त उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल से पहुंचते हैं. इसलिए इन हाईवे पर भी ट्रैफिक डायवर्ट करने का प्लान तैयार किया जा रहा है।

## अमरनाथ गुफा के पास फटा बादल, कई लोगों के हताहत होने की खबर, तेजी से चल रहा बचाव कार्य

अमरनाथ। 2 सालों के बाद अमरनाथ यात्रा को इस बार शुरू की गई है। हालांकि, खराब मौसम की वजह से अमरनाथ यात्रा काफी प्रभावित हो रही है। एक बार फिर से अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने की खबर है। जानकारी के मुताबिक इसमें कम से कम 5 लोगों के हताहत होने की भी खबर मिल रही है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।



फिलहाल एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में जुट गई है। बताया जा रहा है कि बादल फटने से अमरनाथ धाम के कुछ लंगर प्रभावित हुए हैं। घायलों को हेलीकॉप्टर से बचाने की कोशिश की जा रही है। आज ऊपरी इलाके में भारी बारिश हुई थी जिसकी वजह से गुफा के ऊपर पानी आ गया था।

ताजा जानकारी के मुताबिक गुफा के पास फिलहाल बारिश रुकी हुई है। बादल फटने की वजह से श्रद्धालुओं के बीच हाहाकार मच गया। कई लोगों के इसके चपेट में आने की खबर है। खबर तो यह भी है कि पानी के बहाव में कुछ लोग बह भी गए हैं। पहलगाम में संयुक्त पुलिस नियंत्रण कक्ष ने बताया कि अमरनाथ गुफा की निचली पहुंच में शाम करीब 5.30 बजे बादल फटने की सूचना मिली थी। NDRF, SDRF और अन्य संबद्ध एजेंसियों द्वारा बचाव अभियान जारी है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## पर्यटकों से भरी कार नदी में बहने से 9 लोगों की मौत, पीएम मोदी ने जताया शोक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तराखंड के नैनीताल जिले के रामनगर में बारिश से उफनाई ढेला नदी में एक कार के बह जाने की घटना में हुई मौतों पर शोक जताया. कार के बह जाने से उसमें सवार पंजाब के नौ पर्यटकों की डूबने से मौत हो गई. मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं।



प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक ट्वीट के मुताबिक पीएम मोदी ने कहा, श्नैनीताल जिले में एक कार के बह जाने के हादसे से दुखी हूं. मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं. वहां फंसे लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान जारी है।

स्थानीय पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना सुबह 5.45 बजे के करीब तब हुई जब कार पंजाब लौट रही थी. इसमें पटियाला के पर्यटक सवार थे. दुर्घटना का शिकार हुए चार पर्यटकों के शव बरामद हो चुके हैं, जबकि पांच अन्य अभी कार में ही फंसे हैं. हादसे में जीवित बची 22 वर्षीय महिला नाजिया को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है. उसे रामनगर सरकारी अस्पताल में भेजा गया है. बताया जा रहा है कि इस गाड़ी में 4–5 लड़कियां भी सवार थीं. इलाके में देर रात बारिश हुई थी. पानी का बहाव तेज हो गया और सड़क के ऊपर से पानी गुजरने लगा था।

## अफजलपुर से शिवपुर करने का प्रस्ताव पेश, केशव प्रसाद मौर्य की ससुराल के गांव का बदलेगा नाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इन दिनों तमाम जिलों और जगहों के नाम बदलने की सियासत जोरों–शोरों से हो रही है. इस बीच अब सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की ससुराल के गांव का नाम बदले जाने की तैयारी है. इसके लिए बाकायदा जिला पंचायत में प्रस्ताव पेश किया जा चुका है. उम्मीद है कि जल्द होने वाली अगली बैठक में उनकी ससुराल के गांव का नाम अफजलपुर से बदलकर शिवपुर कर दिया जाएगा. इसके पीछे दलील यह दी जा रही है कि अफजलपुर गांव से आतंकी अफजल गुरु का नाम जुड़ा हुआ है, इसलिए इसमें बदलाव किया जा रहा है।



केशव प्रसाद मौर्य की ससुराल का नाम अफजलपुर है, ये बात अलग है कि ये आतंकी अफजल के नाम पर नहीं बल्कि सत्तर साल पहले यहां रहने वाले जमींदार अफजल के नाम पर रखा गया था. बहरहाल डिप्टी सीएम केशव की ससुराल का नाम बदले जाने के प्रस्ताव पर सियासी कोहराम और विवाद दोनों ही छिड़ गया है. इस पूरे मसले पर डिप्टी सीएम और उनके परिवार के साथ ही ससुराल के लोगों ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है।

दरअसल डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की पत्नी राजकुमारी देवी कौशाम्बी जिले की सिराथू तहसील के अफजलपुर वारी गांव की रहने वाली हैं. ये गांव सिराथू तहसील मुख्यालय से करीब पंद्रह किलोमीटर की दूरी पर है. इस ग्राम सभा में खूझा – मीरापुर– मैदहाई– बाले का पूरा और कैथीपुर नाम के पांच मजरे हैं. ग्रामसभा में ओबीसी–दलित और मुस्लिम वर्ग के लोग बहुतायत में रहते हैं. केशव मौर्य के डिप्टी सीएम बनने के बाद अफजलपुर वारी गांव अचानक सुर्खियों में आ गया था. बीते दिनों हुई जिला पंचायत की बैठक में वार्ड नंबर बारह के सदस्य तूफान सिंह यादव ने अफजलपुर वारी का नाम बदलकर शिवपुर वारी किये जाने का प्रस्ताव रखा. इस प्रस्ताव पर जल्द ही जिला पंचायत की खुली बैठक में चर्चा होगी। प्रस्ताव रखने वाले सदस्य तूफान सिंह यादव की तरफ से दलील दी गई है कि अफजलपुर गांव में अफजल नाम कतई ठीक नहीं है, क्योंकि इसके साथ देश की संसद पर हमले के दोषी आतंकी अफजल गुरु का नाम जुड़ा हुआ है. ऐसे में इसे बदल दिया जाना चाहिए. प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि देश की आजादी से पहले भी इस ग्राम सभा का नाम शिवपुर वारी ही था, लेकिन सत्तर साल पहले इसका नाम गांव के ही रसूखदार जमींदार अफजल अहमद के नाम पर कर दिया गया. इस बारे में तूफान सिंह यादव का कहना है कि अफजलपुर वारी नाम होने से कई बार लोग इसे आतंकी अफजल गुरु से जोड़ने लगते हैं और यहां के लोगों को शर्मिंदगी झेलते हुए सफाई देनी पड़ती है।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## मुख्य विकास अधिकारी ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा झंडा लगाए जाने के संबंध में की बैठक, दिए निर्देश

- हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत, वार्ड, नगर पंचायत, नगर निगम स्तर पर प्रचार प्रसार हेतु कराई जागरूकता गोष्ठी : मुख्य विकास अधिकारी

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम संपन्न कराए जाने के संबंध में बैठक आयोजित हुई, बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे, इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 11 से 17 अगस्त तक संचालित होने वाले इस अभियान की सफलता के लिए जनपद में तीन लाख राष्ट्रीय ध्वज तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि 11 से 17 अगस्त तक हर घर में झंडारोहण किया जाएगा। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक की बजाए कपडे से बने झंडे होंगे। तिरंगा निर्माण का कार्य प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्माण किया जाएगा, हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत,



वार्ड, नगर पंचायत, नगर निगम स्तर पर प्रचार प्रसार हेतु जागरुकता गोष्ठी कराई जाए। उन्होंने कहा कि तिरंगे झंडे को सम्मान पूर्वक प्रत्येक घर, सरकारी कार्यालय, आवास, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन आदि जगहों पर लगाए जाए तथा सूर्यास्त होने से पहले राष्ट्रीय झंडों को सम्मान पूर्वक उतार लिया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए, उन्होंने कहा कि जिन विभागों को जो लक्ष्य तिरंगा झंडा लगाए जाने के लक्ष्य दिए गए है उन्हें हर हाल में पूर्ण करेंगे, बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, पीडी दिनेश कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी केंद्रों का किया गया आकस्मिक निरीक्षण, की गई कार्रवाई

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय कानपुर देहात के द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन दिनांक 08.07.2022 को जनपद कानपुर देहात के समस्त बाल विकास परियोजनाओं के 64 ऑगनबाड़ी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कराया गया। जिसमें 03 ऑगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं 04 सहायिका अनुपस्थित पायी गयी। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा भी 04 ऑगनबाड़ी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अनुपस्थित पायीं गयी ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं का स्पष्टीकरण जारी कर आवश्वयक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही अनुपस्थिति के सम्बन्ध में सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाओं का स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है।

## छावनी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को आप की सदस्यता ग्रहण की उमेश यादव

कानपुर। आम आदमी पार्टी कानपुर नगर के जिला अध्यक्ष उमेश यादव ने आज मगला बिहार प्रथम में आयोजित मानवी विहार में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आप दिल्ली सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाकर बताए दिल्ली में फी शिक्षा,फी इलाज,फी पानी , बुजुर्ग महिला दिव्यांग को हर महीने पेंशन,हर महीने 300यूनिट बिदयुत फी को घर घर पहुंचा रहे हैं घर घर जाकर राशन पहुंचा आरहा है। इस अवसर पर आबिद अली ,मो इरफान, अब्दुल वहीद, गालिब अली, अब्दुल वसी,मो अनस,ईसा राईनी, सत्येन्द्र यादव सहित सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रवक्ता मदनलाल भाटिया ने कहा कि आप के संगठन के बारे में विस्तृत जानकारी दी, कानपुर नगर के प्रभारी अनुज शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह परिहार रमेश सिहवानी,के पी त्रिपाठी इमितयाज अहमद ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया।

## लोक कल्याणकारी कार्यक्रम में 05 जुलाई 2022 से 15 अगस्त, 2022 तक वृहद वृक्षारोपण

लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने बताया कि वृक्षारोपण जन–आन्दोलन 2022 के अन्तर्गत संचालित इस लोक कल्याणकारी कार्यक्रम में 05 जुलाई 2022 से 15 अगस्त, 2022 तक वृहद वृक्षारोपण किया जाना है। इस वृहद वृक्षारोपण में शक्ति वन, युवा वन, बाल वन एवं खाद्य वन की अवधारणा नगरीय क्षेत्र में रहने वाले जन–मानस हेतु सामुदायिक परिसम्पत्ति के निर्माण की परिकल्पना है। मण्डलायुक्त ने बताया कि अवधारणा को परिकल्पित करने हेतु आवश्यक है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण व नगर निगम से समन्वय स्थापित करते हुए पार्कों की सूची प्राप्त कर लें तथा उन पार्कों में वृक्षारोपण की पद्धति एवं कितनी संख्या में पौधारोपण होना है, इसके लिए एक कार्ययोजना बना ली जाये। वृहद् पौधारोपण हेतु तैयार की गयी कार्ययोजना मण्डलायुक्त को दिनांक 20 जुलाई 2022 तक उपलब्ध करायी जाये ताकि 30 जुलाई 2022 से पूर्व नगरीय पार्कों में पौधारोपण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## नवगंतुक खंड शिक्षा अधिकारी का ढोल ताशों के साथ हुआ भव्य स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स कानपुर। कल्यानपुर में तैनात रहे खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार श्रीवास्तव का जनपद कानपुर नगर से औरैया माती मुख्यालय में स्थानांतरण होने पर औरैया बार्डर भाऊपुर में कई खंड शिक्षा अधिकारी और टीचर्स ने नवगंतुक खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार श्रीवास्तव का ढोल तासो के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया।नवागत खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वह शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि जो भी शिक्षकों की न्यायोचित समस्या होगी



उसका तत्काल समाधान किया जाएगा।इस मौके पर आशुतोष निगम अवधेश शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## रामायण कल्चरल मैपिंग के अन्तर्गत शुरू हुआ कानपुर और आसपास के रामलीला कलाकारों का अभिलेखीकरण

माती, कानपुर देहात। अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा रामायण कल्चरल मैपिंग के अन्तर्गत रामलीला कलाकारों/लोक कलाकारों की खोज एवं अभिलेखीकरण का कार्य कराया जा रहा है स इस हेतु कानपुर और आसपास के रामलीला कलाकारों की सूची बननी प्रारम्भ हो गयी है जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन ने प्रेस रिलीज जारी करके बताया कि अयोध्या शोध संस्थान द्वारा प्रेषित जिलाधिकारी को सम्बोधित् पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि जनपद कानपुर देहात एवं नगर के रामलीला कलाकारों के अभिलेखीकरण हेतु स्वतन्त्र पत्रकार एवं लक्ष्मण अभिनेता डॉ.दीपकुमार शुक्ल (मो. न. 8299418890) को अनुबन्धित किया गया है स अतः जनपद के पूर्व एवं वर्तमान रामलीला कलाकारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह डॉ.दीप कुमार शुक्ल से 15 जुलाई तक सम्पर्क करके अपना वास्तविक नाम एवं मोबाइल नम्बर उपलब्ध करवा दें। ताकि उनका नाम सूची में सम्मिलित करके अयोध्या शोध संस्थान, संस्कृति विभाग भेजा जा सकेस इस सन्दर्भ में डॉ.शुक्ला ने बताया कि वह वर्ष 2016 से अयोध्या शोध संस्थान के सहयोग से कानपुर की रामलीला पर बृह्द शोध कर रहे हैं। इस हेतु उनके द्वारा 250 से अधिक आयोजन समितियों तथा 800 से भी अधिक कलाकारों का साक्षात्कार लिया गया है इसके बावजूद अभी अनेक पूर्व एवं वर्तमान कलाकार ऐसे हैं, जिनसे सम्पर्क नहीं हो पाया है। वहीं कुछ लोगों के मोबाइल नम्बर बदल गये हैं स इस सूचना से ऐसे लोगों से भी सम्पर्क स्थापित हो जायेगा और उनका सही नाम और मोबाइल नम्बर सूचीबद्ध करने में आसानी हो जायेगी स उन्होंने यह भी बताया कि रामलीला विश्व स्तरीय लोकनाट्य हैस भारत के अतिरिक्त नेपाल, श्री लंका, थाईलैंड, रूस, ट्रिनिडाडा एंड टोबैको, सूरीनाम, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया तथा जापान आदि कई देशों में रामलीला के मंचन होते हैं परन्तु कानपुर की रामलीला विशिष्ट संवाद शैली के कारण अपना अलग स्थान रखती है। इस शैली के कलाकार न केवल जनपद कानपुर नगर एवं देहात में निवास करते हैं बल्कि औरैया, इटावा, जालौन, महोबा, बाँदा, हमीरपुर, फतेहपुर, उन्नाव और कन्नौज जनपद में भी हैंस इनमें से अधिकांश कानपुर में अस्थाई या स्थाई निवास बनाकर रह रहे हैंस अतः ऐसे सभी कलाकारों को सूचीबद्ध किया जाना आवश्यक है जो कानपुर की रामलीला के प्रचार प्रसार में योगदान दे रहे हैं।

## जनपद में सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन

- जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन बाल भवन में दिनांक 13 जुलाई, 2022 को आयोजित किया जायेगा : अपर जिलाधिकारी
- सांस्कृतिक प्रतिभा खोज आयोजन में प्रतिभाग करने हेतु कलाकारों को दिनांक 12 जुलाई, 2022 तक निर्धारित प्रारूप में भरकर अपना आवेदन जिला सूचना कार्यालय गांधी भवन फूलबाग में जमा करना होगा

कानपुर नगर। अपर जिलाधिकारी (भू0/आ0) श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं यथा– लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोक नाट्य, भजन, ललित कला, आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन जिला स्तर पर दिनांक 13 जुलाई, 2022 पूर्वान्ह 11:00 बजे से "बाल भवन" फूलबाग में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्णायक मंडल द्वारा कलाकारों की प्रस्तुति के आधार पर A/B/C श्रेणी में पंजीकृत किया जाएग। समस्त कलाकारों को अपने वाद्ययंत्र एवं संगतकर्ताओं के साथ आयोजन में भाग लेना होगा। आयोजन संबंधी सभी जानकारियां संस्कृति विभाग की वेबसाइट नचबनसजनतम. नच.दपब.पद पर प्राप्त की जा सकती है, इसके साथ ही जिला सूचना कार्यालय गांधी भवन फूलबाग से आवेदन का प्रारूप व आयोजन संबंधी जानकारियां प्राप्त की जा सकती है। उक्त आयोजन हेतु कलाकारों को अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर जिला सूचना कार्यालय गांधी भवन फूलबाग में दिनांक 12 जुलाई, 2022 तक जमा करना होगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का 13 अगस्त को होगा आयोजन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 अगस्त को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों में लालचन्द्र गुप्ता, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के निर्देशानुसार 13 अगस्त 2022 द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय कानपुर देहात एवं समस्त तहसील स्तर पर किया जाएगा। नोडल अधिकारी– अमरजीत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नवनियुक्त सचिव संगीता ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि के सम्बन्धित मामलों एवं बैक मामले धारा–138 पराक्रयः लिखित अधिनियम के वाद विद्युत एवं जल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद ). राजस्व वाद, व्यवहारिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्तराधिकार के वाद तथा अन्य वाद/प्रकरण अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किये जाने हेतु लिये जायेंगे। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाये।




इसके अतिरिक्त समस्त वादकारियों से अपील है कि 13 अगस्त 2022 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में कोविड– 19 प्रोटोकाल यथा मास्क, सेनिटाइजर व सामाजिक दूरी का पालन करते हुये सम्बन्धित न्यायालय ट्रिब्यूनल में पहुचकर राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराकर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करें।

## ग्रीनपार्क स्टेडियम में डायरेक्ट्रेट पवेलियन में विजिटर्स गैलरी स्थापित करने के साथ ही 2 वर्चुअल क्रिकेट पिच और "वर्चूअल क्रिकेट बालिंग मशीन" को स्थापित किया







कानपुर। कानपुर ग्रीनपार्क स्टेडियम, क्रिकेट क्षेत्र में दुनिया भर में प्रसिद्व है, जिसमें लाखों लोग राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच देखते हैं। भारत भर में क्रिकेट प्रेमियों और क्रिकेट खिलाड़ियों की बड़ी मांग पर कानपुर स्मार्ट सिटी ने ग्रीनपार्क स्टेडियम में डायरेक्ट्रेट पवेलियन में विजिटर्स गैलरी स्थापित करने के साथ ही 2 वर्चुअल क्रिकेट पिच और "वर्चूअल क्रिकेट बॉलिंग मशीन" को स्थापित किया गया है।

उपरोक्त वर्चुअल पिच और वर्चूअल क्रिकेट बॉलिंग मशीन के प्रथम चरण के ट्रायल और इसकी गुणवत्ता के बढ़ोत्तरी के लिए आज विशेष आमंत्री के रूप में कानपुर के प्रसिद्ध क्रिकेटर श्री अंकित राजपूत, जो फास्ट बॉलर के रूप में आई0पी0एल0 में टीम इण्डिया "ए" तथा आई0पी0एल0 की विभिन्न टीमों यथा सी0एस0के0, के0के0आर0 इत्यादि के साथ खेलकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है), के द्वारा स्वयं तथा ग्रीन पार्क हास्टल के बच्चों/क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ पिच पर प्रैक्टिस कर इसका ट्रायल किया गया तथा कुछ सुझाव भी दिये। इस दौरान उन्होंने गेंद की स्विंग से लेकर बालिंग स्पीड का परीक्षण किया तथा इस वर्चुअल पिच पर नार्मल पिच से बालिंग स्पीड कम करने का सुझाव दिया और कहा कि इस पिच पर खिलाड़ियों विभिन्न गेंदों यथा इन स्विंग/आउट स्विंग/गुगली इत्यादि बॉलों पर नियमित प्रैक्टिस कर अपनी प्रतिभा को बढ़ा सकेंगें।

ग्रीन पार्क में स्थापित वर्चूअल क्रिकेट बॉलिंग मशीन की महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं :

इसमें अभ्यास के लिए और मनोरंजन के उद्देश्य से भी दो मशीनें और 2 पिच बनाए गए है। इसमें उच्च कोटि के सिम्युलेटर मशीन है जो 40 किलोमीटर से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंदों को डिलिव्री/फेंक सकती है। एक खिलाड़ी 3 ओवर के एक खेल में 18 गेंदें खेल सकता है। संपूर्ण सिस्टम कंप्यूटर नियंत्रित है और टैबलेट पीसी द्वारा नियंत्रित किया जाता है। हम खिलाड़ियों और गेमर्स की जरूरतों और आवश्यकताओं के लिए टैबलेट पीसी पर मोबाइल ऐप में सभी प्रकार की सेटिंग्स बदल सकते हैं। मौके पर ग्रीन पार्क हास्टल के बच्चों ने इस क्रिकेट सिम्युलेटर बालिंग मशीन पर प्रैक्टिस कर इसे अपने एक अच्छे अनुभव के रूप में बताया तथा इसकी मदद से उनकी बैटिंग स्किल में काफी सुधार आने की बात कही। इस क्रिकेट सिम्युलेटर बालिंग मशीन/वर्चुअल पिच को सम्भवता दिनांक 31 जुलाई 2022 तक पूर्ण रूप में तैयार कर ग्रीन पार्क के बच्चों /क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रैक्टिस के लिए और खेल प्रेमियों के खेल मनोरंजक इसे सितम्बर माह में प्रारम्भ करने की तैय्यारी है तथा विजिटर गैलरी के उद्घाटन के उपरान्त दर्शनार्थियों द्वारा भी एक नॉमिनल फी देकर इसका लुफ्त उठाया जा सकेगा।

मौके पर आयुक्त ने भी क्रिकेट सिम्युलेटर बालिंग मशीन से बैटिंग प्रैक्टिस कर अपने अनुभव को साक्षा किया तथा कानपुर के प्रसिद्ध क्रिकेटर श्री अंकित राजपूत को धन्यवाद देते हुए उनका व ग्रीन पार्क हास्टल के क्रिकेट खिलाड़ियों से फीडबैक पुस्तिका पर अपना मन्तव्यध्इनपुट अंकित करने को कहा, ताकि प्राप्त सुझावों के आधार पर इसकी गुणवत्ता में यथावश्यक बढ़ोत्तरी कर इसे प्रदेश का बेस्ट वर्चुअल पिच और वर्चूअल क्रिकेट बॉलिंग मशीन के रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

## जिलाधिकारी ने भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के बाढ़ क्षेत्रों का किया भ्रमण, ली जानकारी

- प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मुसरिया का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश
- जिलाधिकारी ने मां मुक्तेश्वरी माता के किए दर्शन, यमुना नदी घाट का किया निरीक्षण, कुंड के पास वेरीकैटिंग कराए जाने के दिए निर्देश





संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन ने भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के उन क्षेत्रों का दौरा किया जहां पर ज्यादा बाढ़ की संभावनाएं होती हैं, इसी क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम सेंगुर नदी के क्षेत्र का दौरा किया और उप जिलाधिकारी भोगनीपुर को निर्देशित किया कि यहां पर क्योंकि बाढ़ की संभावनाएं बनी रहती हैं इसलिए इस क्षेत्र में सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए जाएं ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने मुसरिया गांव का निरीक्षण किया जहां पर अक्सर बाढ़ से पूरा गांव जल मग्न हो जाता है, जिलाधिकारी ने गांव के ही एक मछुआरे सोनेलाल के घर जाकर संपूर्ण स्थितियों का जायजा लिया और उनसे उनकी समस्याओं से भी अवगत हुई, जिसमें सोने लाल ने बताया कि मछलियों के मारने पर प्रतिबंध लगने से हमारी रोटी रोजी प्रभावित हो रही है, जिलाधिकारी ने कहा हम शीघ्र ही इस मामले की छानबीन करवाएंगे और यह देखेंगे कि किन मछलियों पर प्रतिबंध लगा हुआ है और आपकी समस्याओं का निस्तारण शीघ्र करेंगे, इस भ्रमण के दौरान मुसरिया गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मुसरिया जो अमरौधा ब्लाक क्षेत्र में पड़ता है उसका जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया, जहां पर विद्यालय में ताला लटकता हुआ नजर आया, कोई भी शिक्षक उपस्थित नहीं था, मौके पर तीन छात्र वहां पर उपस्थित थे जिसमें आशीष निषाद, रजनीश कुमार, पुष्पांजलि जिन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि शिक्षक यहां कभी–कभी आते हैं और समय पर कभी भी नहीं पहुंचते हैं इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए, जांच के आदेश दिए हैं। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मुसरिया क्षेत्र अमरौधा का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान पंजीकृत 102 बच्चों में मात्र 49 बच्चे उपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत पूर्ण करें, वहीं विद्यालय में 3 शिक्षक की तैनाती पाई गई जिसमें एक शिक्षक साक्षी मिश्रा अनुपस्थित मिली, विद्यालय में पंखा इत्यादि खराब पाए गए, इस पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, वहीं उन्होंने बच्चों से शिक्षा के विषय पर बातचीत की, वहीं जिलाधिकारी विद्यालय में कायाकल्प के तहत कार्य कराए जाने की भी निर्देश दिए, वही संचालित आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां पर पंजीकृत 38 बच्चों में मात्र 9 बच्चे उपस्थित मिले, इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ती रंजना एवं सहायिका फूला देवी को निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थिति ज्यादा से ज्यादा कराएं, वहीं उन्होंने बच्चों का वजन भी कराया तथा वजन मशीन के टांगे जाने कि सही व्यवस्था ना होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को संपूर्ण व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, आंगनवाड़ी केंद्र में एक बच्चा लाल श्रेणी पर पाया गया जिसे जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने बाढ़ चौकी चपराहट का भी निरीक्षण किया, जहां पर उन्होंने बाढ़ चौकी का फ्लेक्स बैनर लगाए जाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से लोगों को जानकारी होगी और उन्होंने संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, स्कूल में या अन्य स्थानों पर जहां बच्चों से मुलाकात हुई वहां जिलाधिकारी ने उन बच्चों को मातृत्व स्नेह के तहत उनकी कुशलता के साथ साथ उनकी शिक्षा, दीक्षा के बारे में भी जानकारी ली, जो निश्चित रूप से जिलाधिकारी की सहृदयता और वात्सल्य प्रेम का प्रतीक है, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मां मुक्तेश्वरी माता के दर्शन करने के उपरांत यमुना नदी के घाट का भी निरीक्षण किया तथा वहां पर घटनाओं के दृष्टिगत जलकुंड क्षेत्र पर वेरीकैटिंग एवं रेड क्रॉस चिन्ह बनाए जाने के निर्देश दिए हैं, जिससे कि यहां पर कोई घटना ना हो सके। इस मौके पर उप जिलाधिकारी भोगनीपुर अजय राय, तहसीलदार, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन आदि उपस्थित रहे।

## स्मार्ट रोड एवं चौराहों के आस-पास यातायात से सम्बन्धित व अन्य कतिपय समस्याएं प्रकाश में आयी

लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान लखनऊ स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित किये जा रहे स्मार्ट रोड एवं चौराहों के आस–पास यातायात से सम्बन्धित व अन्य कतिपय समस्याएं प्रकाश में आयी हैं, जिनको दुरुस्त किया जाना अपेक्षित है। स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित किये जा रहे स्मार्ट रोड एवं चौराहों के आसपास यातायात के सुगम संचालन के लिए एक सुदृढ़ कार्ययोजना तैयार करा ली जाए। साथ ही चौराहों के आसपास वेन्डिंग जोन और पार्किंग जोन का निर्धारण कर लिया जाये। आवागमन को सुगम बनाने हेतु आवश्यक बिजली के खम्भे, इत्यादि हटाना, चौराहों पर सड़को का आवश्यकतानुसार चौड़ीकरण /ब्लैक टापिंग इत्यादि भी कार्ययोजना में शामिल किया जाये। उक्त कार्ययोजना दिनांक 20 जुलाई 2022 तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत की जाये।साथ ही यह अपेक्षा है कि स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत संचालित कार्यों के जो भी रनिंग पेमेन्ट बकाया हैं तथा संचालित कार्यों में यदि किसी प्रकार की स्वीकृतियाँ वांछित हैं, समस्त प्रकरण दिनांक 11 जुलाई 2022 को स्मार्ट सिटी बैठक में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष पालन कराया जाये ताकि समय से सभी भुगतान एवं स्वीकृतियाँ निर्गत की जा सकें।

## शुरू हो गया परिवार नियोजन पखवाड़ा, निभाएं खुशहाल परिवार की जिम्मेदारी

- परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय, लिखो तरक्की का नया अध्याय रखी गई थीम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई हर साल की तरह इस बार भी विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को मनाया जाएगा। इस बार की थीम परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय, लिखो तरक्की का नया अध्याय रखी गई है। विश्व जनसंख्या दिवस के तहत पखवाड़े को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इसमें 27 जून से को शुरू हुआ दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा 10 जुलाई तक चलेगा । यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एनडी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि अब तक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर पर बैठक आयोजित की जा चुकी है। ब्लाक और शहरी क्षेत्रों में आशाएं घर घर जाकर योग्य दंपत्ति के साथ सर्वे का काम हो चुका है। इसके बाद 11 जुलाई से पखवाड़े का दूसरा चरण शुरू होगा। इसमें राज्य स्तर के निर्णय के अनुसार गतिविधियां आयोजित की जाएगी। पखवाड़े को दौरान इच्छुक लोगों को जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए जागरूक किया जाएगा। दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा 10 जुलाई तक चलेगा। अ.मु.चि. अधिकारी एवं नोडल अधिकारी परिवार कल्याण डॉ एसडी चौधरी ने बताया कि दंपत्ति संपर्क पखवाड़े के दौरान आशा कार्यकर्ता अपने कार्य क्षेत्र की आबादी में योग्य दंपत्ति को चिह्नित कर रही है । योग्य दंपत्ति उन्हें कहा जाता हैए जिन्हें परिवार नियोजन के बारे में परामर्श की आवश्यकता है। ऐसी लक्षित परिवार की दंपत्ति को परिवार नियोजन की बास्केट आफ च्वाइस के बारे में बताया जाएगा। जिसमें दंपत्ति अपनी पसंद के अनुसार परिवार नियोजन का साधन चुन सकती है। इसके लिए आशा और एएनएम को दक्ष किया जा चुका है। 11 जुलाई को चिह्नित लाभार्थी को सूचीबद्ध करके विभिन्न फैसलिटी पर सेवाएं दिलाई जाएगी।

# 4 दिन पूर्व हुए मृतक के शव का हुआ पोस्टमार्टम ,किया गया अंतिम संस्कार और पारिवारिक जनों में मचा कोहराम

ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर।
मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के के बबरही गांव के समीप से गुजरी शारदा सहायक खंड 16 नहर में गुरुवार की सुबह सरैया पुल की झाड़ियों में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव का चार दिन से लापता



व्यक्ति के रूप में शिनाख्त हुई। मृतक व्यक्ति के शव की शिनाख्त गोसाईगंज थाना क्षेत्र के वैदहा गांव निवासी खदेरु उर्फ भेड़ें पुत्र गोपीचंद उर्फ गोली उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई है। जो कि चार दिनों से लापता था। परिजनों के मुताबिक मृतक खदेरू(50) मंगलवार की शाम से गायब हो गया था पारिवारिक जन आसपास के इलाके में उसकी खोजबीन कर रहे थे ।गुरुवार को दोपहर सोशल मीडिया पर चली खबर को संज्ञान लेकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लापता व्यक्ति के रूप में शव की पहचान की । परिजनों की शिनाख्त पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया है। दस वर्षीय बेटे के सिर से हटी पिता की साया, गोसाईगंज थाना क्षेत्र के वैदहा गांव निवासी खदेरू उर्फ भेड़ें के गुरुवार को मौत होने की सूचना पर उसकी पत्नी श्यामा देवी,व उसके 10 वर्षीय बेटे अनूप समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की दो बड़ी बेटियां रेखा व आरती की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों के मुताबिक खदेरू शराब का आदी था। वह बीते मंगलवार को घर से अचानक



लापता हो गया था। वहीं दूसरी तरफ मृतक का पोस्टमार्टम होने के बाद उसके पैतृक घर पहुंचा जिसको लेते हुए घर पर तो पहुंचते ही पारिवारिक जनो में कोहराम मच गया। खबर लिखे जाने तक का देर शाम तक अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# श्रावण मास-कावड़ यात्रा के लिए प्रशासन ने तेज की तैयारियां

☒ लखीमपुर से गोला मार्ग को दुरुस्त कराए एनएच, डीएम ने दिए निर्देश

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। श्रावण मास व कावड़ यात्रा के सन्निकट आते ही प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह हर पहलू पर अफसरों से स्वयं समीक्षा कर रहे हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला मुख्यालय के एलआरपी चौराहे से छोटी काशी गोला तक जाने वाले निर्माणाधीन मार्ग को तत्काल दुरुस्त कराने के संबंध में कार्यदायी संस्था पीडब्लूडी एनएच को जरूरी निर्देश दिए। इस मार्ग पर जहां–जहां ओवर ब्रिज का निर्माण चल रहा है, उसके साइड में निकलने वाली रोड को ठीक कराया जाए, ताकि कावड़ यात्रियों को निकलने में असुविधा ना हो। डीएम ने कहा कि श्रावण मास में बड़ी तादाद में कावड़ यात्री एवं श्रद्धालु लखीमपुर से गोला तक जाने वाले सड़क मार्ग से गुजरते हैं, इसलिए यह मार्ग कांवड़ यात्रियों के लिए सुगम एवं सुविधापूर्ण बनाया जाए। 14 जुलाई से श्रावण मास शुरू हो रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि पीडब्लूडी एनएच खंड के एक्सईएन शुभ नारायन को निर्देश दिए कि वह स्वयं निरीक्षण कर इस मार्ग में जहां–जहां ठीक कराने की आवश्यकता हो,उसे तत्काल ठीक कराकर रिपोर्ट करें।

# सोशल मीडिया पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी

☒ त्यौहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखने की तैयारी

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आज पुलिस कार्यालय सभागार में जनपद में अमन और शांति बनाये रखने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने निर्देश दिया कि जनपद की सोशल मीडिया सेल नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे अभियान मिशनशक्ति एवं शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत ग्राम चौकीदारों व अभिसूचना इकाई के माध्यम से महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनायें प्राप्त कर तत्काल कार्यवाही करने, अवैध शराब परिवहन निष्कर्षण / तस्करी / अवैध मादक दृव्यों की बिक्री के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने, भूमि



द्वारा बारीकी से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी की जाए। अफवाह व भ्रामक खबरों का तत्काल खण्डन किया जाए व जनपदीय पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाए। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्ति, धर्मगुरुओं, मौलवियों के साथ शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना स्तर पर मीटिंग आयोजित की जाए। सभी त्यौहारों को अपने पुराने परम्परागत तरीके से मनाए जाए। कोई नयी पद्धत्ति न अपनाए जाने हेतु सभागार में उपस्थित सभी अधिकारी / प्रभारी को अवगत कराया गया। विवाद निस्तारण, आपसी रंजिश, अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही करने, गुण्डा, वंचित अभियुक्त, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर पर सतर्क दृष्टि रखते हुए सतत निगरानी करने आदि के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश–निर्देश दिए गए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक डा अरविंद कुमार,समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक, प्रभारी सोशल मीडिया सेल, वाचक पुलिस अधीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक, अभिसूचना प्रभारी के साथ मौजूद रहे।

# मढ़िया मार्ग हुआ खस्ताहाल, कांवड़ियों को आवागमन में होगी परेशानी

☒ कई बार सूचित किये जाने के बावजूद अब तक दुरुस्त नहीं हो सका मार्ग

हर्ष गुप्ता मैगलगंज,खीरी। कस्बे से छह किमी दूर स्थित बाबा पारसनाथ मंदिर मढ़िया घाट लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। वहां पर पहुंचने वाला मार्ग वर्तमान समय में खस्ताहाल हालात में है। लखनऊ–दिल्ली हाइवे से मढ़िया मार्ग की ओर मुड़ते ही आपको इसकी जर्जरता दिख जाएगी। जरा सी बरसात में ही यह मार्ग कीचड़ और गन्दगी से लबालब हो जाता है।

बताते चलें आगामी 14 जुलाई से भोलेनाथ का प्रिय श्रावण माह शुरू होने वाला है। ऐसे में बाबा पारसनाथ के दर्शनार्थ जाने वाले श्रद्धालुओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। जबकि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का सख्त निर्देश है कि कांवड़ियों के मार्ग में कहीं पर भी गन्दगी व जलभराव न हो। फिर भी मात्र 150 मीटर मार्ग (हाइवे से रेलवे क्रासिंग तक) को जिम्मेदार अब तक चुस्त–दुरुस्त नहीं करा पाए हैं, जबकि इस सम्बन्ध में जिम्मेदारों को कई बार अवगत भी कराया जा चुका है। ऐसे में कांवड़ियों का दूषित जल से होकर निकलना लगभग तय है। बताते चले बाबा पारसनाथ के दर्शन के लिए दूर–दूर से श्रद्धालु आते रहते हैं। वैसे तो यह क्रम पूरे वर्ष चलता रहता है, लेकिन भोलेनाथ के प्रिय माह श्रावण में यहां भक्तों व कांवरियों का तांता पूरे महीने लगा रहता है। बहुत से भक्त बाबा के दरबार में दण्डवत करते हुए भी जाते हैं। मार्ग में जलभराव के चलते कांवरियों के अलावा इस मार्ग पर पड़ने वाले दर्जनों गांव के वाशिन्दों को भी समस्या आ रही है। जलभराव का मुख्य कारण रोड के दोनों तरफ नाला निर्माण न होना है, जिससे घरों से निकलने वाले दूषित जल के साथ–साथ बरसात का पानी भी रोड पर जमा हो जाता है, जिससे रोड भी खस्ताहाल हो चुकी है। ओम कांवरिया सेवा समिति सहित बाबा में अनन्य श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालुओं ने शासन से रोड व नाला निर्माण सावन महीने से पहले कराने की मांग की है।

# भाईचारे एवं सद्भावना के साथ मनाये त्यौहार : डीएम

☒ डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला शांति समिति की बैठक

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। बकरीद पर्व व श्रावण मास को देखते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में ज़िला शांति समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम ने धर्मगुरुओं, संभ्रांत लोगों के साथ बातचीत कर सभी को आपसी भाईचारा, सौहार्द व शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाने की अपील की।

डीएम ने जनपद की शांति को बनाए रखने में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों, धर्मगुरुओं से सहयोग की अपील की। जनपद की छवि शांतिपूर्ण जनपद की है। सभी त्योहार को सादगी के साथ मनाएं। पर्व भाईचारा को संदेश देते हैं। सभी लोगों ने जनपद में शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाए जाने का आश्वासन दिया। शांति समिति की सार्थकता का उल्लेख करते हुए डीएम ने कहा कि बैठक में आपके द्वारा उठाये गये बिन्दुओं से हमें आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कार्ययोजना बनाने एवं उनके क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा किसी भी आने वाली समस्या का समाधान हम पहले से ही करने में सफल हो सकेंगे। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी बकरीद के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था सुचारू की जाय।

सोशल मीडिया को लेकर विशेष सतकर्ता बरती जा रही है। अराजकता फैलाने वाले वीडियो व संदेशों को फैलाने से बचें। ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी को आगामी त्योहारों के लिए बधाई व शुभकामना दी। कुर्बानी की कोई भी फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर कदापि



शेयर ना करें, ऐसा करने वालों पर प्रशासन कड़ी कार्यवाही करेगा। एसपी संजीव सुमन ने कहा कि पब्लिक प्लेस पर कुर्बानी ना हो, पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी की जाए। वहीं अवशेष का प्रॉपर निस्तारण किया जाए, ताकि गंदगी व बीमारियों समाज में व्याप्त न हो। कुर्बानी के अवशेष को नालियों में ना बहाए।

प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर पूरी तरह रोक है। कांवड़ यात्रा या मोहर्रम के जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार का अस्त्र–शस्त्र साथ लेकर चलना अनुमन्य नहीं है। कांवड़ यात्रा व मोहर्रम के दौरान डीजे पूर्व से निर्धारित डेसीबल की ध्वनि में ही बजाये जायेंगें। यात्रा, जुलूस के दौरान डीजे द्वारा केवल भक्ति गीत बजाया जाना ही अनुमन्य है, किसी भी प्रकार के अश्लील व आपत्तिजनक गाने बजाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में एएसपी अरुण कुमार सिंह, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ प्रशिक्षु प्रवीण कुमार, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार सहित समाज के संभ्रांत नागरिक एवं प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

# निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों पर डीएम ने जारी किया पोस्टर



विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल सिंह, बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय, डीआईओएस डॉ. अमरकांत सिंह की मौजूदगी में निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों का एक पोस्टर जारी किया।

डीएम ने निपुण भारत लक्ष्यों का पोस्टर जारी करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग से समाज में व्यापक प्रचार–प्रसार, जागरूकता के लिए आह्वान किया। निपुण भारत मिशन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, जो बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव व नवाचार लाएगा। बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत ने बताया कि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उप्र ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को सभी विद्यालयों, अधिक से अधिक जनमानस तक प्रचार–प्रसार तथा निपुण भारत के लक्ष्यों को सभी तक पहुंचाए। कार्यक्रम में डाएट प्राचार्य जेपी मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अमरकांत सिंह, बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

☒ यह है निपुण भारत लक्ष्य

बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत ने बताया कि निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन, त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारण के संबंध में शासनादेश जारी किया। इसके द्वारा वर्ष 2026–27 तक प्राथमिक कक्षाओं में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता, संख्या ज्ञान प्राप्त करने, कक्षा तीन तक के सभी बच्चों में पढ़ने लिखने, संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के उद्देश्य से निपुण भारत मिशन के क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया। कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों का गणित, भाषा में अपेक्षित अधिगम स्तर सुनिश्चित करने तथा निपुण लक्ष्यों का निर्धारण किया गया है।

# मृतक होमगार्ड की पत्नी को डीएम ने दिए पंद्रह लाख

☒ विधानसभा चुनाव के समय होमगार्ड की हो गई थी मौत

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। विधानसभा सामान्य निर्वाचन में होमगार्ड हरिओम की चुनाव ड्यूटी के दौरान 20 फरवरी को मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद दिलाये जाने हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा उ0प्र0 शासन एवं चुनाव आयोग से गुहार लगाई गई थी। उनके अथक प्रयासों से निर्वाचन आयोग द्वारा 15 लाख की अनुग्रह धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके फलस्वरूप जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा आज यहां कार्यालय कक्ष में मृतक होमगार्ड हरिओम की पत्नी कंचन, निवासी ग्राम गदौरा पोस्ट माधोनगर, विकास खण्ड तालग्राम को 15 लाख की अनुग्रह धनराशि का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि 15 लाख अनुग्रह धनराशि लाभार्थी के खाते में ट्रांसफर कर दी गयी है। मृतक होमगार्ड हरिओम की पत्नी कंचन ने बताया कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 में



चुनाव की डियूटी में पति की मृत्यु हो जाने के उपरांत परिवार चलाने में अत्यंत कठिनाई हो रही है किंतु जिलाधिकारी द्वारा 15 लाख धनराशि की आर्थिक मदद की गई जो सराहनीय है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्तध्राजस्व गजेंद्र कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोग को सफल बनाएं ग्राम प्रधान : आरके वर्मा



मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जलालाबाद संचारी रोग नियंत्रण अभियान, संचारी रोगों और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान सफल बनाने को विभाग के द्वारा ब्लॉक परिसर में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक आयोजित हुई। खंड विकास अधिकारी आरके वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य संचारी रोग जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जेईध्एईएस रोग के प्रति जनता को जागरूक करना है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ महेंद्र भान सिंह ने इस अभियान को सफल बनाने में विभिन्न विभागों की कार्ययोजना अनुसार समन्वय स्थापित करते हुए सहयोग करने की बात कहीं वही एडीओ पंचायत रमेश चंद शर्मा ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर संक्रामक रोगों से बचाव के बारे में जानकारी ग्राम प्रधानों को दी गई। समस्त ब्लॉकों में हाउस टू हाउस इस अभियान में एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी के सहयोग से संक्रामक रोगों से बचाव हेतु सघन फीवर सर्वे किया जाएगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत रोग के बचाव एवं रोकथाम करने हेतु कार्ययोजना के अन्य विभागों की सहभागिता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। गांवों में ग्राम प्रधान इस अभियान के नोडल होगें। गांवों में प्रातरू समय में प्रभात फेरी का आयोजन, साफ–सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई तथा घर से पानी की निकासी, जन–जागरण के लिए प्रचार प्रसार, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के रोकथाम के लिए जागरूक किया जाएगा बैठक के दौरान ग्राम प्रधान जान मोहम्मद राजकुमार बाथम मुकेश कुशवाहा अनुज कटिहार अजीत पांडे मोहसिन खान प्रेम नारायण वर्मा परमेश्वर दीन पंचायत सचिव राकेश कठेरिया रामानंद यादव स्वप्नेश कुमार अरविंद दोहरे मदन मोहन मौजूद रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## निजी प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सक कराए पंजीकरण

कमलेश अवस्थी लखीमपुर,खीरी। खीरी में निजी चिकित्सा व्यवसाय करने वाले बीएएमएस स्नातक चिकित्सक आयुर्वेद विद्या से चिकित्सा व्यवसाय एवं निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं तो अपना पंजीयन कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, मोहल्ला बहादुरनगर, रोडवेज बसस्टैंड के पीछे, मेडईलाल मंदिर परिसर में किसी भी कार्यदिवस में स्वयं उपस्थित होकर करा लें अन्यथा की स्थिति में यदि कोई विधिक कार्यवाही संबंधित के विरुद्ध होती है तो इसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे। उक्त आशय की जानकारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय प्रकाश ने दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव में घास काटने गई किशोरी लापता हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। बुधवार को पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री एक बजे करीब घास काटने खेत पर गई थी। जहां से वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। गुरुवार को निरीक्षक अंबर सिंह ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को सकुशल बरामदगी के लिए संदिग्ध जगहों पर पुलिस टीम भेजी हैं।

## व्हाट्सएप पर हिंदुओं के खिलाफ भद्दी टिप्पणियों से भड़के लोग

कमलेश अवस्थी लखीमपुर,खीरी। कोतवाली मोहम्मदी की चौकी अमीनगर क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा उदयपुर की घटना को लेकर हिंदुओं के विरुद्ध सोशल मीडिया पर भद्दे–भद्दे कमेंट करने पर लोग भड़क गए। पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गुरुवार को कस्बा अमीर नगर निवासी रजत रस्तोगी, सौरभ जयसवाल, संतोष कुमार समेत कई लोगों ने कस्बे के एक व्यक्ति द्वारा उदयपुर की घटना को लेकर अपने व्हाट्सएप स्टेट्स पर हिंदुओं के खिलाफ भद्दी–भद्दी टिप्पणी करने से रोष फैल गया। खबर लगते ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं की भीड़ इकट्ठा हो गई और उन्होंने घटना पर आपत्ति जताते हुए चौकी प्रभारी को सूचना देकर कोतवाली पुलिस में नामजद आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है कार्रवाई की जाएगी। घटना पर चौकी पुलिस को नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## मेहंदीघाट पर दाह संस्कार करने गया अधेड़ गंगा नदी में डूबा, गोताखोरों की टीम तलाश में जुटी

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। मेहंदी घाट पर शुक्रवार को दाह संस्कार करने गया अधेड़ गंगा नदी



में स्नान करते समय डूब गया। युवक के गंगा नदी में डूबता देख लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से अधेड़ की तलाश शुरू की। घटनाक्रम के अनुसार तिर्वा थाना क्षेत्र के बौद्ध नगर निवासी 42 वर्षीय पप्पू पुत्र राधे श्याम शुक्रवार को दाह संस्कार करने मेहंदी घाट पर आया हुआ था। इस दौरान वह गंगा नदी में स्नान करने लगा , तभी गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों ने अधेड़ को नदी में डूबता देख मामले की सूचना पुलिस को दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मे कुछ दिन पूर्व युवती के के साथ मीठी मीठी बातों में पहला फुसलाकर युवक ने दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद युवती को डराया और धमकाया भी जिसके चलते युवती उदास रहने लगी। किसी तरह युवती के उदास रहने की खबर घर के लोगों को पता चली पूछने पर युवती ने सारी हकीकत बयां कर दी। युवती के पिता ने आरोपी के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर दबिश देकर



सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। नाबालिक युवती के साथ 1 सप्ताह पूर्व आरोपी युवक ने दुष्कर्म किया था। आरोपी युवक युवती किसी कार्य से गई हुई थी अकेला पाकर युवक ने उसके साथ नाजायज संबंध बनाए। युवती अपने घर में गुमसुम रहने लगी। घर के लोगों ने पूछताछ की तो पता चला गांव के रहने वाले पड़ोसी युवक ने युवती के साथ दरिंदगी कर हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को सफलतापूर्वक घर से गिरफ्तार किया। आईपीएस धारा पास्को एक्ट 3 / 4 के तहत 376 / 506 के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। वहीं युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी कमल भाटी ने जानकारी देते हुए बताया तहरीर के आधार पर नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ मामला पंजीकृत कर उसे जेल भेजा जा रहा है।

# सम्पादकीय....

## भारत के हर बच्चे के लिए हमें स्वस्थ खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, संवेदनशील समर्थनकारी और समकालीन इको व्यवस्था स्थापित करना होगा

वर्ष 1968 में रिलीज हुई दो कलियां फिल्म में साहिर लुधियानवी द्वारा लिखा गीत, बच्चे मन के सच्चे,सारे जग के आंख के तारे, ये वो नन्हे फूल है जो भगवान को लगते प्यारे!! सभी को, खासकर युवाओं को सुनकर रेखांकित करना जरूरी है कि बच्चों को वात्सल्य, प्यार देखभाल सहित भारत के हर बच्चे के लिए हमें स्वस्थ खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना संवेदनशील समर्थनकारी और समकालीन की कोशिश व्यवस्था स्थापित करना होगा क्योंकि बच्चे ईश्वर अल्लाह का रूप ही नहीं हमारे देश का भविष्य भी हैं इसलिए ही केंद्रीय वित्तमंत्री ने बजट 2022 में मिशन वात्सल्य को आगे बढ़ाने की बात की थी तथा अभी 5 जुलाई 2022 को महिला बाल कल्याण मंत्रालय द्वारा अपने 78 पृष्ठों का मिशन वात्सल्य का  दिशानिर्देश जारी किए हैं जो एक अप्रैल 2022 से लागू रहेंगे इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से बच्चों उनके संबंधित कानूनोंअंतरराष्ट्रीय संधियों और मिशन वात्सल्य पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम मिशन वात्सल्य कीकरें तो पीआईबी के अनुसार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए 2009–10 से एक केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन वात्सल्य यानें बाल संरक्षण सेवा योजना शुरू की है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना, हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक इको–व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो। साथियों इसके साथ ही राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को किशोर न्याय कानून 2015 के अनुरूप सुविधाएं मुहैया कराने तथा सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना था। मिशन वात्सल्य अंतिम उपाय के रूप में बच्चों के संस्थागतकरण के सिद्धांत के आधार पर कठिन परिस्थितियों में बच्चों की परिवार आधारित गैर–संस्थागत देखभाल को बढ़ावा देता है। पिछले साल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मिशन वात्सल्य शुरू किया गया था। मिशन वात्सल्य को वात्सल्य मैत्री अमृत कोष के नाम से भी जाना जाता है। जैसा कि इस मिशन का नाम दर्शाता है,ये एक दूरदर्शी प्रयास है जिसके माध्यम से स्तनपान को बढ़ावा देने और शिशु मृत्यु दर को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इस साल हुई बजट घोषणा में ये साझा हुआ था कि केंद्र सरकार मिशन वात्सल्य को आगे ले जाएगी और शिशुओं और माताओं के लाभ में प्रयत्नशील रहेगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने भी अपनी मुख्य योजनाओं को तीन पार्ट में बांटा है। इसमें उन्होंने सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को मिशन पोषण 2.0, मिशन शक्ति और मिशन वात्सल्य नामक तीन वर्गों में विभाजित किया है। इसका तात्पर्य ये है कि महिला और बाल विकास मंत्रालय की तीन अंब्रेला स्कीम्स में से मिशन वात्सल्य भी एक स्कीम है। मिशन वात्सल्य के मुख्य कार्यों में संवैधानिक निकायों के कामकाज में सुधार लाना, सेवा प्रदान करने के ढांचे को मजबूत बनाना, संस्थागत देखभाल और सेवाओं के स्तरमें वृद्धि करना,गैरसंस्थागत समुदाय आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करना, आपात स्थिति में पहुंच उपलब्ध कराना,प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शामिल हैं। मंत्रालयने मिशन वात्सल्य योजना के विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं और राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासनों से वर्ष 2022–23 के लिए इस संबंध में वित्तीय नियम दिशा–निर्देश के आधार पर अपने वित्तीय प्रस्ताव और योजनाएं तैयार करने को कहा है। मिशन वात्सल्य योजना के नियम एक अप्रैल 2022 से लागू होंगे।

सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने अपने यहां इस योजना को लागू करने के लिए मंत्रालय के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। मिशन वात्सल्य  को केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के तौर पर केन्द्र तथा राज्योंध्केन्द्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच निर्धारित लागत बंटवारा अनुपात के अनुरूप लागू किया जाएगा। साथियों बात अगर हम भारत में बच्चों संबंधी कानूनों नियमों अन्तर्राष्ट्रीय संधियों की करें तो बच्चों के कल्याण में इसे कानून, नीति एवं कानून द्वारा पूरा किया जाने की परिकल्पना की गई है। अन्य मंत्रालयों के साथ समन्वय के साथ योजनाबद्ध हस्तक्षेप औरसंगठन। राष्ट्रीय बाल नीति, (2013 में संशोधित) और राष्ट्रीय बच्चों के लिए कार्रवाई की योजना, 2016 ने बाल कल्याण के लिए नीति ढांचा निर्धारित किया और सुरक्षा। भारतीय संसद ने इसके पक्षमें अनेक ऐतिहासिक कानून पारित किए हैं। बच्चों की तरह किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015,यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम 2012 सुरक्षा आयोग। बाल अधिकार अधिनियम, 2005, बाल विवाह अधिनियम, 2006 का निषेध और अधिकार शिक्षा अधिनियम 2009भारतमहत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संधियों का एक हस्ताक्षरकर्ता भी है।संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकारसम्मेलन और गोद लेने पर हेग सम्मेलन। बच्चों का प्रणालीगत विकास और बाल न्याय को मजबूत बनाना आवश्यक है। साथियों बात अगर हम मिशन वात्सल्य के उद्देश्यों की करें तो, मिशन वत्सल्य के प्रमुख उद्देश्य हैं,केंद्रीयता रखते हुए प्रशासन की योजना में बच्चों को प्राथमिकता देना।मिशन के तहत किए गए सभी गतिविधियों और कार्यों के दौरान  परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार करते अथवा सुपुर्दगी देते समय बच्चे का सर्वोत्तम हित।कार्यक्रम और सकारात्मक कार्रवाई करने के लिए खुश होने का अधिकार सुनिश्चित करना।परिवारों का समर्थन करने के लिए मजबूत सामाजिक सुरक्षा के साथ परिवार के वातावरण बच्चों के जीवित रहने, विकास, संरक्षण और अधिकार सुनिश्चित करना।सहभागिता। आवश्यक सेवाएं स्थापित करना और आपातकालीन सेवाओं की आपूर्ति न करना।परिवार और समुदाय के भीतर संस्थागत देखभाल, और संस्थागत देखभाल राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, राज्य और जिले में परामर्श और सहायता सेवाएं। सभी स्तरों पर उचित अंत सीमलेस के लिए अभिसरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए सभी संबद्ध प्रणालियों के साथ नेटवर्क बच्चों को सेवा वितरण परिवार और सामुदायिक स्तर पर बाल संरक्षण को मजबूत करने के लिए, परिवारों से लैस करना, और समुदायों को बच्चों को प्रभावित करने वाले जोखिमों और कमजोरियों को पहचानने के लिए, पैदा करते हैं। बच्चों को स्थितियों से बचाने के लिए निवारक उपायों को बढ़ावा देना।भेद्यता, जोखिम और दुरुपयोग बच्चों की सहायता के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी और हस्तक्षेपों को प्रोत्साहित करना।जो कानून के दायरे में हो। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मिशन वात्सल्य भारत के हर बच्चे के लिए हमें स्वस्थ खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, संवेदनशील समर्थनकारी और समकालीन इको व्यवस्था स्थापित करना होगा। बच्चे ईश्वर अल्लाह का रूप हैं, बच्चों संबंधी कानूनों नीतियों संस्थागत गैरसंस्थागत सेवाओं में योजनाबद्ध तरीके से समन्वय स्थापित करना समय की मांग है।

विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

# हार न मानने की जिद ने पैदा किया कवि और पायी परिस्थितियों पर जीत

हरियाणा राज्य के भिवानी जिले के सिवानी उपमंडल के सबसे बड़े गाँव बड़वा के तीस वर्षीय डॉव सत्यवान 'सौरभ' की कविताओं व दोहों की सौरभ पूरे देश ही नहीं विदेशों तक फैली है। ईरान, फिजी, सूरीनाम, मारीशस जैसे हिंदी को पसंद करने वाले देशों की पत्र–पत्रिकाओं में सत्यवान 'सौरभ' के दोहे खूब प्रकाशित हो रहे हैं और चाव से पढ़े जा रहे है। जी हाँ, यही खासियत है 'सौरभ' के दोहो की जो दो पंक्तियों में होने के कारण आसानी से याद हो जाते है और मारक क्षमता इतनी की किसी के दिल की बात कह दी हो। सत्यवान 'सौरभ' देश के ऐसे लेखक–कवि हैं जिनकी पहली पुस्तक मात्रा कक्षा दस में पढ़ते हुए छपी और खूब सराही गई। 2005 में छपी इनकी पहली पुस्तक ने पदम् विभूषण स्वर्गीय विष्णु प्रभाकर जी का ध्यान आकर्षित किया और 'सौरभ' को उन्होंने तीन पत्र प्रशंसा के तौर पर लिखे। सौरभ को बचपन से ही लिखने का शौक रहा हैय कक्षा पांच से इनकी कवितायेँ व दोहें लगातार देश–विदेश की हजारों पत्र–पत्रिकाओं में छप रहे है। कक्षा छह में पढ़ते हुए इनके दोहों का प्रसारण आकाशवाणी हिसार व रोहतक से हुआ। कक्षा 12 में उनका पहला रिकार्डेड कार्यक्रम दूरदर्शन हिसार से प्रसारित हुआ। इसके बाद तो कई सरकारी, प्राइवेट और यूट्यूब चौनल्स इनके दोहे लगातार लोगो तक पहुंचा रहे है। सोशल मीडिया पर इनके लिखे दोहे खूब छाये हुए है। इनकी लेखनी वर्तमान समस्यायों पर तो तीखा प्रहार करती ही है, इसके साथ–साथ इंस्पिरेशनल होने के कारण युवा पीढ़ी इनके दोहों के स्क्रीन शॉट अपने पास रख रही है और खूब शेयर कर रही है। सत्यवान सौरभ की 4 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। यादें काव्य संग्रह, तितली है खामोश दोहा संग्रह, कुदरत की पीर निबंध संग्रह और अंग्रेजी में एक पुस्तक इश्यूज एंड पैंस प्रमुख पुस्तकें हैय अभी एक पुस्तक संवाद प्रकाशनाधीन है। इनके लिखे दोहे न केवल हर किसी को पसंद आते हैं बल्कि लोग इनके लेखन के पीछे के उद्देश्य को भी भली–भांति समझ पाते हैं। यही कारण है की दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा के साथ–साथ देश भर के गायक कलाकार इनके दोहों को गाकर लोगों तक पहुंचा रहे हैं। सौरभ की पहली पुस्तक तब आई जब ज्यादातर बच्चे कक्षा दस के बाद अपने भविष्य के लिए सोच रहे होते है मगर सौरभ के लिए बाद की राह कक्षा दस का टॉपर होने के के बावजूद आसान नहीं रही। आर्थिक हालातों ने सौरभ को कुछ अलग करने के लिए प्रेरित कियाय पैसों के अभाव में अच्छे स्कूल में दाखिला न मिलने के कारण सौरभ की भावनाएं अलग रूप लेने लगी। पढाई के खर्चे के लिए गाँवों के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाया। संघर्ष के दौर में लिखी  कवितायें अखबारों में छपी। मानदेय इकट्ठा कर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पशुधन सहायक की डिप्लोमा फीस भरी। यूनिवर्सिटी टॉप किया और मेधावी छात्र होने के कारण पशुपालन विभाग में बाईस वर्ष की उम्र में वेटनरी इंस्पेक्टर की सरकारी नौकरी मिली। नौकरी के साथ पढ़ाई जारी रखी। पॉलिटिकल साइंस में मास्टर डिग्री करने के बाद शिक्षा क्षेत्र और साहित्य में सौरभ आज भी सक्रिय रहते हैं। इनका लेखन और जीवन लोगों को इस कद्र प्रेरित करते हैं कि हर कोई ये सोचने पर मजबूर हो जाता है कि विपरीत परिस्थितियों पर धैर्य से जीत हासिल की जा सकती है। सौरभ की उपलब्धियों पर उन्हें सैंकड़ों राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। इंटरनेशनल ब्रिटिश अकादमी और इंटरनेशनल फॉरम ऑफ पीस अकादमी तथा वर्ल्ड पीस फेडरेशन, बांग्लादेश एवं फिलीपींस द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2022 को यूनिवर्सिटी एंड म्यूजियम ऑफ द रिसर्च एंड विजडम, ढाका द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल प्रोग्राम में गाँव बड़वा, सिवानी (भिवानी) के युवा लेखक सत्यवान श्सौरभश को उनकी शैक्षणिक, साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यों मे अतुलनीय अनवरत योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। सौरभ, ब्रिटेन, बांग्लादेश व फिलीपींस देश द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित होने वाले हरियाणा के प्रथम व्यक्ति  हैं जो कि हरियाणा सहित सम्पूर्ण भारत के लिए विशेष सम्मान की बात है। सौरभ ने बताया कि बचपन से इनकी बहन आकाशवाणी हिसार की एंकर बिदामो देवी ने उन्हें कुछ अच्छा लिखने के लिए प्रेरित किया। आर्थिक हालातों पर ट्यूशन के जरिये विजय पाने की कला उन्होंने अपनी बहन से ही सीखी। गाँव के बच्चों को ट्यूशन देना शुरू किया। कुछ पैसे आये तो अपनी पढ़ाई जारी रखी। डाक पोस्ट के लिए माँ के जनरल स्टोर से मिलने वाले पांच रुपये सौरभ के लिए पांच सौ में तब्दील होते गए। घर पर रहकर ही उन्होंने सरकारी नौकरी न मिलने तक पढ़ाई जारी रखी। पत्नी प्रियंका सौरभ जीवन में आई तो कुछ अलग हुआ। पत्नी के साहित्य में रूचि रखने के कारण साहित्य ने और रफ्तार पकड़ीय छह पुस्तकें आई और दैनिक सम्पादकीय लेखन शुरू किया। परास्नातक एवं पशु चिकित्सा में डिप्लोमाय उर्दू डिप्लोमा।

सौरभ की 4 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। यादें काव्य संग्रह, तितली है खामोश दोहा संग्रह, कुदरत की पीर निबंध संग्रह और अंग्रेजी में एक पुस्तक इश्यूज एंड पैंस इनकी प्रमुख पुस्तकें हैय अभी एक पुस्तक परी से संवाद प्रकाशनाधीन है। इनके दोहे सामायिक हालातों पर होते है जो सोशल मीडिया पर बड़े चाव से आजकल शेयर किये जा रहे है। कई जाने–माने गायक इनके लिखे दोहे अपनी आवाज में गाकर लोगों तक पहुंचा रहे हैं। इनके दोहो को लोगों ने खूब पसंद किया है।

# भारत-जापान के रिश्तों को नया आयाम देने वाली शख्सियत थे शिंजो आबे

शुक्रवार की सुबह जब हम लोग अपने दैनिक कार्यों को शुरू करने की तैयारी कर रहे थे, तब ही देश की राजधानी दिल्ली से लगभग 5507 किलोमीटर दूर जापान के नारा शहर में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को गोली मारने देने की झकझोर देने वाली घटना घटित हो गयी। चंद मिनटों में ही यह खबर पूरी दुनिया में फैल गयी। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल जापान के बेहद लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे आखिर जिंदगी की यह जंग हार गये। विश्व के सबसे ताकतवर व विभिन्न महत्वपूर्ण राजनीतिक मंचों को सुशोभित करने वाला एक अनमोल हीरा अचानक ही क्रूर काल का ग्रास बनकर यूं एक ही पल में घटित गोलीबारी के हमले के चलते असमय दुनिया को अलविदा कह गया। अब दुनिया में शिंजो आबे की केवल अनमोल यादें ही शेष रह गयी हैं। हालांकि जापान के साथ–साथ विशेषकर भारत व दुनिया में जापान के सभी मित्र देशों के लिए भी यह एक बहुत बड़ी क्षति है। क्योंकि आज शिंजो आबे जैसी बुद्धिजीवी शख्सियत, शानदार कार्यशैली वाले, दूरदर्शी व उच्च विचार वाले राजनेताओं का विश्व पटल पर जबरदस्त रूप से अभाव है। आपको बता दें कि जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को पश्चिमी जापान के नारा शहर में चुनावी भाषण देने के दौरान पत्रकार बनकर आये एक हमलावर शख्स ने पीछे से दो गोली गर्दन व सीने में मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना के बाद जापान के मीडिया हाउस श्एनएचके' ने इस घटना का एक वीडियो फुटेज प्रसारित किया था, जिसमें शिंजो आबे को गोली लगने के बाद सड़क पर स्पष्ट रूप से गिरते हुए देखा जा सकता है और कई सुरक्षाकर्मी उनकी ओर भागते हुए देखे जा सकते हैं। शिंजो आबे जब जमीन पर गिरे तो उन्होंने अपने सीने पर हाथ रखा हुआ था तथा उनकी कमीज पर खून लगा हुआ देखा गया था।

हालांकि पुलिस ने तत्काल फुर्ती दिखाते हुए भागते हुए संदिग्ध हमलावर 41 साल के तेत्सुया यामागामी को तत्काल ही मौके से गिरफ्तार कर लिया और हमले में इस्तेमाल हुई एक कैमरा का रूप दी गयी देसी शॉटगन को भी तुरंत ही घटनास्थल बरामद कर लिया है। जापान टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार यह हमलावर जापान की समुद्री सेना का पूर्व सैनिक रहा है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की अब पूछताछ जारी है और हत्याकांड की मुख्य मंशा क्या थी इसके लिए जांच जारी है। शिंजो आबे पर यह जानलेवा हमला 8 जुलाई 2022 शुक्रवार के दिन जापान के स्थानीय समयानुसार दिन में लगभग 11रू30 बजे के आसपास हुआ था यानी हमला भारतीय समयानुसार प्रातः 8रू00 बजे के लगभग हुआ था। हालांकि इस हमले के तुरंत बाद ही जमीन पर गिरे हुए खून से लथपथ शिंजो आबे को बेहद गंभीर हालत में पास के नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में उनके जीवन को बचाने के लिए चिकित्सकों ने भरसक प्रयास किये, लेकिन मीडिया सूत्रों के अनुसार गोली लगने के बाद उनको दिल का दौरा भी पड़ गया था, जिसके चलते शिंजो आबे की हालत बेहद गंभीर हो गयी थी। यहां आपको यह भी बता दें कि जापान में रविवार को उच्च सदन के चुनाव होने हैं, इसके चलते ही शिंजो आबे वहां पर लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में सड़क के पास चुनावी भाषण देकर के चुनावी प्रचार कर रहे थे। गोली लगने के बाद से ही शिंजो आबे के जीवन की रक्षा के लिए दुनिया में उनके शुभचिंतकों के द्वारा सर्वशक्तिमान ईश्वर से विशेष प्रार्थना की जा रही थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस झकझोर देने वाली घटना पर  सुबह ट्वीट किया था उन्होंने लिखा– मेरे प्यारे दोस्त शिंजो आबे पर हुए हमले से बहुत व्यथित हूं। हम सब की प्रार्थना उनके, उनके परिवार व जापान के लोगों के साथ हैं। लेकिन ईश्वर की इच्छा पर किसी भी व्यक्ति का कोई बस नहीं चलता है, शिंजो आबे इलाज के बाद भी जिंदगी की यह जंग हार गये। हालांकि दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक माने जाने वाले जापान में बेहद लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे पर हमले की यह दर्दनाक घटना विश्व की सभी तेजतर्रार सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी एक बेहद हैरान करने वाली व चुनौतीपूर्ण घटना है। क्योंकि जापान में राष्ट्रभक्ति कूट–कूट कर भरी हुई है, वहीं हथियारों की होड़ पर लगाम लगाने के लिए जापान की सरकार ने बंदूक नियंत्रण के सख्त कानून लागू कर रखें हैं, उसके बावजूद भी शांतिप्रिय जापान में एक पूर्व नौसैनिक के द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या की घटना का घटित हो जाना चिंताजनक है।जापान में अपनी लोकप्रियता के दम पर एक के बाद एक करके लगातार चुनावों में जीत हासिल करने वाले शिंजो आबे ने देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने के अपने चाचा के रिकार्ड को तोड़ने का कार्य किया था। लेकिन वर्ष 2020 में शिंजो आबे ने खराब स्वास्थ्य की वजह से जापान के प्रधानमंत्री पद से बड़े भारी मन से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि उस वक्त शिंजो आबे को जल्दी–जल्दी अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा था। प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद भी जापान की जनता के बीच शिंजो आबे बेहद लोकप्रिय थे। वह भारत में भी काफी लोकप्रिय हैं, जिसके चलते ही वर्ष 2021 में शिंजो आबे को भारत सरकार ने हिंदुस्तान के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान श्पद्म विभूषणश से सम्मानित करने का कार्य किया था। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ घटित इस दुखद घटना से जितना दुखी जापान की जनता है, भारत के लोगों भी उतना ही दुखी हैं। क्योंकि शिंजो आबे एक ऐसे राजनेता थे जिन्होंने भारत व जापान के आपसी संबंधों को हर परिस्थिति में बेहद मजबूती प्रदान करते हुए बुलंदियों पर पहुंचाने का कार्य किया था, उन्होंने हमेशा भारत की विकास यात्रा में अपना  अनमोल योगदान देने का कार्य किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी दोस्ती के चर्चे तो पूरी दुनिया में होते थे। शिंजो आबे पीएम नरेंद्र मोदी को अपना बेहद खास घनिष्ठ दोस्त मानते थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनसे दोस्ती निभाने के लिए हर वक्त तत्पर रहते थे। शिंजो आबे ने वर्ष 2006–2007 में अपने पहले कार्यकाल में हुए भारत के दौरे दौरान भारतीय संसद में अपना संबोधन भी दिया था। वह जापान के पहले ऐसे प्रधानमंत्री रहे है जो कि वर्ष 2014 में मनमोहन सिंह की सरकार में भारतीय गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने वर्ष 2015 में भारत के साथ सिविल न्यूक्लियर की डील करके दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया था, उन्होंने ही वर्ष 2015 में भारत को बुलेट ट्रेन का सपना दिखाया जो की अब धरातल पर जल्द ही पूरा होने के कगार पर है, उनके प्रयासों के चलते ही वर्ष 2015 में रक्षा उपकरण और टेक्नोलॉजी के हस्तांतरण को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण समझौते पर सहमति बनी थी। उनके कार्यकाल में ही देश में बहुत बड़े पैमाने पर जापानी निवेश हुआ था, जिसके चलते ही जापानी कंपनियां आज भी तेजी के साथ भारत में अपने यूनिट्स को लगाने का कार्य कर रही हैं। शिंजो आबे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बेहद भरोसेमंद मित्र मानते थे, जिसके चलते ही उनको भारत व भारतीयता से बेहद लगाव था, वह भारतीय संस्कृति से बेहद प्रभावित थे, इस लगाव के चलते ही शिंजो आबे अपने कार्यकाल के दौरान सबसे ज्यादा बार भारत का दौरा करने वाले जापान के  प्रधानमंत्री बने गये थे। शिंजो आबे ने ही वर्ष 2007 में जापान, भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक बृहद चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता शुरू करने का कार्य किया था, जिसको शिंजो आबे ने अगस्त 2007 में भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के लंबे इतिहास पर एक नए द्विपक्षीय एशियाई गठबंधन के लिए सहमति देकर रिश्तों को मजबूती देने का कार्य किया था। भारत के साथ–साथ दुनिया में भी शिंजो आबे को  इंडो–पैसिफिक और क्वाड में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए हमेशा याद रखा जायेगा। लेकिन आज भारत ने अपने सच्चे मित्र शिंजो आबे को हमेशा के लिए खो दिया, हम भारतवासी शिंजो आबे को कोटि–कोटि नमन करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

।। जय हिन्द जय भारत ।।
। मेरा भारत मेरी शान मेरी पहचान ।।

दीपक कुमार त्यागी
वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार व
राजनीतिक विश्लेषक

# सहमा-सहमा आज

कौन पूछता योग्यता, तिकड़म है आधार ।
कौवे मोती चुन रहे, हंस हुये बेकार ।।
परिवर्तन के दौर की, ये कैसी रफ्तार ।
गैरों को सिर पर रखें, अपने लगते भार ।।
अंधे साक्षी हैं बनें, गूंगे करें बयान ।
बहरे थामे न्याय की, 'सौरभ' आज कमान ।।
कौवे में पूर्वज दिखे, पत्थर में भगवान ।
इंसानो में क्यों यहाँ, दिखे नहीं इंसान ।।
जब से पैसा हो गया, संबंधों की माप ।
मन दर्जी करने लगा, बस खाली आलाप ।।
दहेज आहुति हो गया, रस्में सब व्यापार ।
धू–धू कर अब जल रहे, शादी के संस्कार ।।
हारे इज्जत आबरू, भीरु बुजदिल लोग ।
खोकर अपनी सभ्यता, प्रश्नचिन्ह पे लोग ।।
अच्छे दिन आये नहीं, सहमा–सहमा आज ।
'सौरभ' हुए पेट्रोल से, महंगे आलू–प्याज ।।
गली–गली में मौत है, सड़क–सड़क बेहाल ।
डर–डर के हम जी रहे, देख देश का हाल ।।
लूट–खून दंगे कहीं, चोरी भ्रष्टाचार ।
खबरें ऐसी ला रहा, रोज सुबह अखबार ।।
सास ससुर सेवा करे, बहुएं करती राज ।
बेटी सँग दामाद के, बसी मायके आज ।।
(सत्यवान के चर्चित दोहा संग्रह तितली है खामोश से )

सत्यवान सौरभ

# बार-बार ना कॉल लगाओ

रुक जाओ जी रुक जाओ, थोड़ा सा तो ठहर जाओ,
जरूरी है तो संदेश को भेजो, इतना ना तुम घबराओ,
हो सकता है वह व्यस्त हो, स्वयं को थोड़ा समझाओ,
यू बार–बार ना फोन मिलाओ, यू बार–बार ना कॉल लगाओ!
हो सकता है किसी काम में हो, थोड़ी तो समझदारी लाओ, हो सकता है स्नान कर रहा हो, यू बार बार ना बटन दबाओ, स्वयं के अंदर शिष्टाचार लाओ, इतनी बार कॉल ना करते जाओ, रुक जाओ जी रुक जाओ, थोड़ा सा तो ठहर जाओ, यू बार–बार ना फोन मिलाओ, यू बार–बार ना कॉल लगाओ!
अरे थोड़ा विनम्रता से पेश आओ, अरे रुको इतना ना तुम हडबढ़ाओ, दूसरों को परेशान करने से, स्वयं को तुम बचाओ, रुक जाओ जी रुक जाओ थोड़ा सा तो ठहर जाओ, यू बार–बार ना फोन मिलाओ, यूं बार–बार ना कॉल लगाओ!
संदेश भेजो फ्री में, व्हाट्सएप पर वॉइस मैसेज छोड़ जाओ, अगर एक बार में ना फोन उठाया, तो स्वयं की बुद्धि को दौड़ाऔ, हो सकता है फोन साइलेंट हो, पता नहीं तबीयत खराब हो, हो सकता है कोई मीटिंग ले रहा हो, रुक जाओ जी रुक जाओ थोड़ा सा तो ठहर जाओ,
यू बार–बार ना फोन मिलाओ, यू बार–बार ना कॉल लगाओ!
रुक जाओ जी रुक जाओ थोड़ा सा तो ठहर जाओ, जरूरी है तो संदेश को भेजो, इतना ना तुम घबराओ, हो सकता है वह व्यस्त हो, स्वयं को थोड़ा समझाओ, तुम एक बार ही फोन मिलाओ, सिर्फ एक बार ही कॉल लगाओ!

डॉ. माध्वी बोरसे !
रावतभाटा (कोटा) राजस्थान

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना
समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**
**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## विवाहिता महिला का झाड़ियों में मिला शव पुलिस जांच में जुटी

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना गिलौला क्षेत्र निवासी भगवान दीन की 20 वर्षीय पुत्री सरोज कुमारी की दो वर्ष पूर्व हुई थी शादी। जिसका शव लेंगड़ी गूलर गांव के दक्षिण नहर के किनारे झाड़ियों में मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची थाना गिलौला की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिनगा भेज दिया। मृतक सरोज प मां व पिता भगवानदीन के मुताबिक बेटी की शादी 2 वर्ष पूर्व नवीन मार्डन थाना श्रावस्ती के कटरा में दिनेश कुमार गुप्ता के साथ किया था और तभी से आए दिन ससुराली जन दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया करते थे। मां ने बताया कि शादी के बाद ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे थे और आए दिन मारते पीटते थे। घटना की सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी महेंद्र पाल शर्मा ने मौके का मुआयना किया। इस संबंध में थाना प्रभारी गिलौला ने बताया कि मृतक सरोज की मां ने ससुराली जनों के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थनापत्र दिया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## क्षेत्राधिकारी इकौना द्वारा थाना सोनवा की अपराध समीक्षा की गई

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा द्वारा थाना सोनवा पर विवेचको के साथ मीटिंग कर लंबित एहकमात की समीक्षा की गई। लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ–साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक



सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी बीट आरक्षियों की मीटिंग की गई जिसमें बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें, आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस–पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे। क्षेत्राधिकारी द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद व श्रावण मास के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के कुशल निर्देशन व नेतृत्व में जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा के कुशल निर्देशन मे थाना गिलौला पुलिस टीम के द्वारा तिलकपुर मोड़ से मु0अ0सं0 87/22 धारा 354 (क) भा0द0वि व 7/8 पोक्सो एक्ट से




सम्बन्धित अभियुक्त कादर अली पुत्र इदरीश निवासी घोरमा परसिया थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विसुनदेव पाण्डेय,उ0नि0 अमर चन्द धवल,कांस्टेबल सुशील,राम नरेश, महिला कांस्टेबल लक्ष्मी राना मौजूद रही।

## महिलाओं का पिकल पापड़ एण्ड मसाला पाउडर मेंकिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन



ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। इण्डियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान श्रावस्ती के तत्वाधान में आरसेटी कार्यालय जनकपुर सिरसिया में 29 महिलाओं का पिकल पापड़ एण्ड मसाला पाउडर मेकिंग का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन अग्रणी जिला प्रबन्धक जीतेन्द्र नाथ श्रीवास्तव द्वारा किया गया। संस्थान मे प्रशिक्षण कर रही महिलाओं का मूल्यांकन नेशनल एकेडमी आफ रूडसेटी बैंग्लोर से अए दिवाकर गुप्ता एवं ज्योती पाण्डेय द्वारा किया गया। इस दौरान अग्रणी जिला प्रबन्धक द्वारा पिकल पापड़ एण्ड मसाला पाउडर मेंकिंग सीखकर अपने व्यवसाय को शूरू करने के लिए प्रेरित किया और भविष्य मे वित्तीय समस्या आने पर बैंक से ऋण के माध्यम से वित्तीय सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर इण्डियन बैक संस्थान के निदेशक सुभाष चन्द्र मित्रा एवं कार्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहें।


# आवश्यक सूचना

शपथकर्ता रामानन्द चौहान पुत्र झुरई सा. उदयपुर कला पो. नन्दनगर तहसील हर्रैया जिला बस्ती का निवासी हूँ। पूर्व में नन्द पुत्र झुरई था जिसे हम शपथी ने अपना नाम बदल कर रामानन्द चौहान पुत्र झुरई कर लिया है। आगे से मुझे इसी नाम से व पता से जाना व पहचाना जाय।

शपथकर्ता
रामानन्द चौहान


## राप्ती बैराज के पास सरयू नहर में मछली मारते समय दो युवकों की डूबकर हुई मौत पुलिस जांच में जुटी

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर कोठी के मजरा छगड़िहन पुरवा निवासी ननकू पुत्र पक्के उर्फ बाबादीन उम्र करीब 30 वर्ष व रजनू पुत्र मिश्रीलाल उम्र करीब 18 वर्ष अनुसूचित जाति जो राप्ती नदी के पास आउटलेट राप्ती मेन कैनाल में जाल डालकर मछली मार रहे थे कि अचानक अज्ञात कारणों के चलते दोनों युवक नहर में डूबने लगे। जिसकी सूचना पाते ही स्थानीय लोगों के द्वारा घंटों कड़ी मशक्कत के बाद नहर में डूबे हुए दोनों युवकों को बाहर निकाला गया परंतु दोनो की मौत हो चुकी थी जबकि मछली मारते समय नहर की ऊपरी पटरी पर बैठा मछली



के शिकार को देख रहा पारस पुत्र मटोरे घटना को देखते ही अचानक बेहोश हो गया जिसे आनन–फानन परिवार वालों ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती किया जहां इलाज चल रहा है। साथ ही मृतक परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला थाना प्रभारी मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिनगा भेज दिया।

## आ0भा0वि0प0 जिला संयोजक बने मनीष कसौधन

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत के प्रान्त अभ्यास वर्ग में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मनीष कसौधन को प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य से जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसकी पुष्टि प्रान्त अध्यक्ष प्रो० सर्वेश सिंह ने की। हरदोई में सुभाष चन्द्र बोस बारात घर में संपन्न हुए प्रान्त अभ्यास वर्ग में श्रावस्ती जिले का नेतृत्व करने वाले मनीष कसौधन को जिला संयोजक की जिम्मेदारी मिलने के बाद अखिल भारतीय विधार्थी परिषद श्रावस्ती इकाई से जुड़े पदाधिकारियो ने खुशी व्यक्त करते हुए मिष्ठान का वितरण किया।

इस संबंध में जिला संयोजक मनीष कसौधन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि छात्र



हितों में जिले में हो रहे शैक्षिक समस्याओं, छात्रवृत्ति की समस्या, डिग्री कालेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र छात्राओं की समस्या पर काम करने की जरूरत है क्योंकि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र के हितों को लेकर आवाज बुलंद करता रहा है। जिला सह – संयोजक राहुल गुप्ता व प्रज्वल मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। परिषद से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता , संदीप कसौधन, करन शुक्ला ,प्रवीन गुप्ता, सुमित मिश्रा, नगर मंत्री आकाश गुप्ता ने इस मनोनयन पर शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी है।

## सेव द चिल्ड्रेन संस्था द्वारा विद्यालय के छात्रों को लगवाया गया कोविड वैक्सीन




नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के विकास खंड सिरसिया के अंतर्गत जूनियर हाईस्कूल सिरसिया में सेव द चिल्ड्रेन संस्था की तरफ से 12 से 15 वर्ष के बच्चों को लगाया गया कोविड वैक्सीन । सेव् द चिल्ड्रेन संस्था की ब्लॉक कॉर्डिनेटर स्मृति शुक्ला ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया के अधीक्षक के सहयोग से आज जूनियर हाईस्कूल विद्यालय सिरसिया में 95 बच्चों को कोविड वैक्सीन लगाई है। इस अवसर पर स्वास्थ विभाग की एनम मनप्रीत, प्रतिमा मिश्रा व विद्यालय के प्रधानाध्यापक अयोध्या प्रसाद राणा , आशा बहू छाया गुप्ता सहित विद्यालय की छात्र छात्राएं मौजूद थी। और इस कोविड वैक्सीनेशन पर मौजूद संस्था के साथ साथ स्वास्थ विभाग की टीम को बधाई दी।

## मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत ने राशनकार्ड मेगा कैम्प का फीता काटकर किया शुभारम्भ

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। खाद्य एवं रसद विभाग श्रावस्ती द्वारा राशनकार्ड धारकों के राशनकार्ड सम्बन्धी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु भिनगा तहसील सभागार में राशन कार्ड मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने फीता काटकर किया। इस





दौरान मा0 अध्यक्ष ने पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड भी वितरित किया। इस अवसर पर मा० अध्यक्ष ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार गरीब, असहाय, निराश्रित एवं निर्बल व्यक्तियों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा संचालित योजनओं का लाभ देने हेतु इस मेगा कैम्प का आयोजन किया गया है। जिससे लोगों की राशन सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण शत–प्रतिशत किया जा सके। उन्होने समस्त कार्डधारकों से अपील किया है कि वे कैम्प का लाभ उठायें, जिससे भविष्य में उन्हें राशन निर्बाध रूप से मिल सके। इस अवसर पर तहसीलदार भिनगा रामप्यारे, जिला ूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वाष्णेय, सदस्य जिला पंचायत अशोक यादव, सदस्य जिला पंचायत मनोज सोनकर, सुनील तिवारी, राजकुमार गुप्ता, रामसुथि सरोज, सियाराम पासवान,रमेश रहे। यादव, सुरेश वर्मा, राजेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में बैठक सम्पन्न हुई

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। जनपद के औद्योगिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला योजनांतर्गत अप्रेंटिसशिप मेला(दिनाँक 11 जुलाई 2022 को आईटीआई परिसर फतेहपुर) आयोजन हेतु जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में बैठक सम्पन्न हुई । जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को 15, जल निगम को–10, ग्रामीण अभियंत्रण को–01, सिंचाई कैनाल–02, पीडब्ल्यूडी–05, बालाजी ग्रुप–01, भारती ट्रेडर्स–03 सीटो एवं अन्य अधिष्ठानों को अपने नैप्स पोर्टल पर पद सृजित करते हुए मेले के माध्यम से आईटीआई प्रशिक्षार्थियों को योजित करने के निर्देश दिए और कहा कि अधिकाधिक युवाओं को जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराये ।

प्रभारी प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया कि नोडल संस्थान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फतेहपुर द्वारा दिनाँक 11 जुलाई 2022 को आईटीआई परिसर फतेहपुर में राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से



आईटीआई पास प्रशिक्षार्थियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला का आयोजन किया जा रहा है ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री जोगेन्द्र सिंह यादव, उपायुक्त उद्योग श्री अंजनीश प्रताप सिंह, सहायक श्रमायुक्त श्री सुमित कुमार, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, विद्युत, जल निगम, नलकूप, आरईएस, पीएमजेएसवाई, जिला सेवायोजन अधिकारी, ईओ, प्रभारी प्रधानाचार्य आईटीआई फतेहपुर, उद्यमी सहित संबंधित उपस्थित रहे ।

## सीओ सिटी ने दीवानी व कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। पुलिस उपाधीक्षक नगर दिनेश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में शहर कोतवाल अमित मिश्रा के साथ भारी पुलिस बल दीवानी न्यायालय परिसर व कलेक्ट्रेट पहुंचा और जेल से तारीख के लिए लाए गए बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही इस दौरान उनसे मिलने आने वाले परिजनों व तारीख लेने आए लोगों से गहनता से पूछताछ की।

सीओ सिटी ने पूरे दीवानी न्यायालय परिसर का घूम–घूम कर जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से आकलन करते हुए अधिनस्थो को दिशा निर्देश भी दिए। सीओ सिटी ने बिना काम के घूम रहे लोगों को पूछताछ के बाद कड़ी हिदायत देते हुए पुनः बिना काम के घूमते पाए जाने पर कार्यवाही की बात कही। पुलिस की इस मुहिम कि जहां प्रबुद्ध जनों ने तारीफ की वहीं आपराधिक मानसिकता के लोगों के अंदर का भय का वातावरण भी देखा गया।

## बुन्देलखण्ड को हरा भरा बनाने के लिए एक छात्र एक वृक्ष अभियान शुरु

दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर (सरीला)। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय संस्थान के प्रबंधक विनय दीक्षित, अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ,संयुक्त सचिव डॉ एस के सिंह व प्रबन्ध समिति ने बुन्देलखण्ड को हरा भरा बनाने के लिए एक छात्र– एक वृक्ष अभियान की मुहिम शुरू कर दी ह उन छात्र छात्राओं को वृक्षधारी की उपाधि दी गयी, इस अभियान को गति देते हुए अभिनव प्रज्ञा पी जी कॉलेज सरीला में महाविद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह राजावत ने स्टाफ के साथ मिलकर महाविद्यालय में प्रवेश ले रहे विद्यार्थी एवं व पूर्व से अध्यनरत राष्ट्रीय सेवा योजना एम् सभी छात्र छात्राओं को एक एक पौधे देकर उन्हें अपने अपने घरों बगीचों में लगाकर संरक्षण करने के लिए संकल्पित कराया। महाविद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह राजावत ने सभी से अपील करते हुए कहा कि 3 वर्ष बाद इसी पेड़ केसाथ स्टूडेंट अपनी फोटो भेजेगे जिसे हम महाविद्यालय में चस्पा कर छात्र को वृक्षधारी की उपाधि से सम्मानित कर रहे और बुन्देलखण्ड हरा भरा बनाने में छोटा सा यह प्रयास सफल हो सके इस मौके पर प्रवक्ता राघवेन्द्र सिंह, कुलदीप तिवारी,



मनेन्द्र सिंह ने भी छात्र छात्राओं को पौधे भेंट किए।

## त्योहार में कोई भी ऐसी परम्परा न कायम की जाए, जिससे अमन-चौन का हो खतरा : जिलाधिकारी

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती( दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जिले में आगामी त्योहार ईदुज्जुहा (बकरीद) शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौजूद सभी संभ्रान्त नागरिकों ने आशा जताई कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद में ईदुज्जुहा (बकरीद) का त्योहार भाई–चारे के साथ मनाया जायेगा।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए जनपद अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शान्तिपूर्ण ढंग से हिल–मिल कर त्योहार मनायें। त्योहार में कोई भी नई परम्परा न कायम की जाए, जिससे अमन–चौन का खतरा हो। उन्होने सभी लोगों से अपील की है त्योहार के अवसर पर कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे एक–दूसरे की भावनाएं आहत हो। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जिले के अमन–चौन से खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा बकरीद त्योहार पर विद्युत, पेयजल एवं साफ सफाई आदि के माकूल बन्दोबस्त कराये जायेंगे। जिले में बिना अनुमति के कोई भी जुलूस नही निकलेगा, और प्रतिबन्धित जानवरों की कुर्बानी नही की जायेगी। सामूहिक एवं खुले स्थानों पर कुर्बानी पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा शान्ति समिति बैठक में तय हुए बिन्दुओं की अनदेखी करके कोई भी ऐसा कार्य जिसमें अमन–चौन में बाधा उत्पन्न होने की सम्भावना हो, करने की कोशिश करेगा तो निश्चित ही उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

उन्होने यह भी कहा कि आगामी 14 जुलाई से पवित्र श्रावण मास का प्रारंभ हो रहा है। 26 जुलाई को श्रावण शिवरात्रि का पर्व है। श्रावण मास में परंपरागत कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। ऐसे में श्रद्धालुओं का उत्पीड़न न किया जाए। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए कि डीजे, गीत–संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। धार्मिक यात्राओंध्जुलूसों में अस्त्र–शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। उन्होने आगामी त्योहारों को देखते हुए नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर साफ–सफाई एवं बिजली की मुकम्मल व्यवस्था हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्होने यह भी कहा कि व्यवस्थाओं से जुड़े सम्बन्धित अधिकारी अपने दायित्वों का बाखूबी निर्वहन करके तीज–त्योहारों को शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करायें। जिन क्षेत्रों में अभी तक शान्ति समिति की बैठक नही हुई है। सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार एवं थानाध्यक्षगण आपस में समन्वय बनाकर शान्ति समिति की बैठक कर लें। शान्ति समिति की बैठक के दौरान यदि कोई समस्या या शिकायत आती है तो उनका सूचीबद्ध कर निराकरण भी करायें, ताकि शान्तिपूर्ण ढंग से त्योहारों को सम्पन्न हो सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि सभी लोग बकरीद का त्योहार एक–दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए मिल–जुल कर मनाये। उन्होने कहा कि त्योहार के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। उन्होने संभ्रान्तजनों व बुजुर्गों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार के अवसर पर संयमित आचरण करके हिल–मिलकर त्योहार मनायें। कोई भी ऐसा कार्य न किया जाए, जिससे



एक–दूसरे को ठेस पहुंच रही हो। त्योहारों के दौरान खूफिया के भेस में पुरूष एवं महिला आरक्षी भीड़–भाड़ स्थानों पर मुस्तैद रहेंगे। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अमन–चौन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो तत्काल उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, उपजिलाधि कारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना आर0पी0 चौधरी, जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी रोहित, उपजिलाधिकारी आशुतोष, मुख्य चिकित्साधि कारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबे, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथ, अभिसूचना इकाई निरीक्षक राकेश कुमार चन्द्र, सहायक अभियंता विद्युत, सहित अधिकारीध्कर्मचारीगण, थाना प्रभारीगण तथा दोनों संगठनों के पदाधिकारीगण, बुद्धिजीवी वर्ग एवं सम्भ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहें।

## टेबुल टेनिस, बास्केटबाल, तीरंदाजी एवं कबड़ी खेलों में चयन/ट्रायल्स प्रक्रिया 11 जुलाई 2022 से प्रारम्भ

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया है कि वष 2022–23 में आवासीय क्रीडा छात्रावास में प्रवेश हेतु टेबुल टेनिस, बास्केटबाल, तीरंदाजी एवं कबड्डी खेलों में जिला, मण्डल तथा राज्य स्तरीय कम्बाइन्ड चयन ट्रायल्स का आयोजन 14 एवं 15 जुलाई 2022 को के०डी० सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में प्रातरू 07 बजे आयोजित किया जायेगा।

जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु रू० 10/– जमा कर आवेदन पत्र जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम, श्रावस्ती से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।

जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स का अयोजन 11 जुलाई, 2022 को प्रातः 10 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम, श्रावस्ती में किया जायेगा। जिसमें टेबुल टेनिस, बास्केटबाल एवं तीरंदाजी बालिका वर्ग हेतु जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 11 जुलाई, 2022 को, मण्डल स्तर (गोण्डा) पर चयन/ट्रायल्स 12 जुलाई, 2022 को एवं राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल्स की तिथि 14 एवं 15 जुलाई, 2022 को लखनऊ में किया जायेगा। इसके अतिरिक्ति कबड्डी बालक वर्ग हेतु जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 11 जुलाई, 2022 को, मण्डल स्तर (गोण्डा) पर चयन/ट्रायल्स 12 जुलाई, 2022 को एवं राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल्स की तिथि 14 एवं 15 जुलाई, 2022 को लखनऊ में किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि उक्त चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु 01 अपैरल, 2022 को बालक/ बालिकाओं की आयु 15 वर्ष से कम होनी चाहिये। आयु के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को विद्यालय द्वारा प्रद्त

जन्मतिथि प्रमाण पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीध जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रतिहस्ताक्षरित होना आवश्यक है। यदि किसी कारणवश चयन/ ट्रायल्स के समय जन्मतिथि सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित करवाना सम्भव न हो तो स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र एवं अभ्यर्थी के माता–पिता द्वारा जन्मतिथि के सम्बन्ध में नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवागत जिला अल्पसंख्यक कल्याण के अधिकारी ने सभांला कार्यभार

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। नवागत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार ने अपना संभाला कार्यभार। अपना कार्यभार संभालते ही अपने कार्यालय में सिस्टम को सही करने में लग गए। बताते चलें कि पूर्व में कृष्ण मुरारी के ट्रांसफर के महज कुछ दिन ही रोहित कुमार के पास चार्ज रहा वही मंगलवार को जिला अमरोहा से आये नरेश कुमार ने कार्यभार



ग्रहण किया। इस मौके पर इस्लामिक मदरसा आधुनिकी करण शिक्षक संघ (आईमास) के जिला अध्यक्ष वकील अहमद अंसारी ने शिष्टाचार मुलाकात कर बधाई दी वही आधुनिकी करण शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सीतापुर ने आश्वस्त किया की सभी अध्यापकों की समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा और किसी को कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा । सिस्टम को सही करने में थोड़ा वक्त लगेगा इस मौके पर मिनी आई टी आई नदीम हुसैन अंसार अली कार्यालय के बड़े बाबू अब्दुल कय्यूम,इंस्पेक्टर सुनील कुमार, हाफिज किस्मत अली, मुमताज हुसैन, जमीर अहमद,निगम बाबू, मोहम्मद शानू ,अंकित ,तनवीर, छोटेलाल रोहित, श्यामकिशोर आदि लोग मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति के तहत एन्टी रोमियो अभियान में आई तेजी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। जिले में महिलाओं एवं छात्राओं के साथ किसी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। इसी के चलते जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विगत दिनों से लगातार चलाया जा रहा है। यह अभियान दिनोंदिन तेजी पकड़ता जा रहा है। महिलाओं , युवतियों एवं छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है , वही शोहदों को हिदायत दी जा रही है।



शुक्रवार 8 जुलाई 2022 को पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम के निर्देशानुसार थानों की एन्टी रोमियों टीम द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों व स्कूलध्कालेजों के आस–पास चेकिंग की गई। इस अवसर पर बिना कारण घूमने वाले लड़को ध्शोहदों की चेकिंग की गयी साथ ही साथ टीमों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कालेजों में महिलाध्छात्राओं से उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध मे साइबर अपराधों से बचने व सोशल मीडिया का प्रयोग करने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा छात्राओं को सशक्त व स्वावलंबन बनने व सशक्त करने हेतु महिला हेल्पलाइन नं0–1090,181,112, महिला अपराध की जानकारी देकर तथा उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया तथा अपील की गई है।

### बिजली की अघोषित कटौती व ट्रिपिंग से लोगो का जीना हुआ दुश्वार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- कटौती के कारण किसान खेतो की नही कर पा रहे सिंचाई

कंचौसी,औरैया। जुलाई माह में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान है ,कस्बा से गांव तक हर रोज घंटों बिजली काटी जा रही है। बिजली कब जाएगी और कब तक आएगी, इसका भी कोई समय निर्धारित नहीं है।कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित कटौती जैसे हालात बने हुए हैं। इससे लोगों की दिनचर्या के साथ कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। सरकार द्वारा मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे, तहसील स्तर पर 20 व ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे का रोस्टर निर्धारित किया गया है। सूरज का पारा चढ़ने के साथ–साथ बिजली आंख की मिचौली शुरू हो जाती है, यह सिलसिला रात और दिन दोनो समय चलता है जिससे लोगों का दिन का चौन व रात की नींद गायब हो रही है।असेनी पावर हाउस से जुड़े नोगवा फीडर बिहारीपुर उपकेंद्र व कंचौसी उपकेंद्र से जुड़े कंचौसी कस्बा सहित तीस गांवो को 18 घण्टे में केवल 9 से दस घण्टे मिल रही है, जिससे लोगो का जीना मुहाल हो रहा है, कटौती से किसान खेतो की सिचाई नही कर पा रहे हैं।इस संबंध में एसडीओ असेनी अनुराग पांडेय ने बताया पनकी पावर हाउस से बिजली कम मिल रही है, जल्द ही बिजली शेड्यूल के तहत सप्लाई की जाएगी।

### एसपी द्वारा पुलिस लाइन में परेड की सलामी ले किया गया कैन्टीन सहित सभी ब्रांचों का निरीक्षण कर दिये गए निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई(जालौन)। पुलिस अधीक्षक जालौन श्री रवि कुमार द्वारा पुलिस लाइन उरई में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई तदोपरान्त विभिन्न शाखाओं कैन्टीन, यू0पी0–112, परिवहन शाखा, आरमरी, कन्ट्रोल रूम, बैरक, मैस इत्यादि का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।


### कोतवाली पुलिस ने निशान्त शुक्ला मेडिकल कालेज में प्रवेश लेने जाते समय वेग खोने की सूचना त्वरित कार्यवाही कर वेग को खोज कर सुपुर्द करने से चेहरे पर मुस्कान लौटाने की हुई सराहना

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई(जालौन)।आज निशान्त शुक्ला पुत्र श्री सुरेश शुक्ला निवासी मुगरा बादशाह जनपद जौनपुर जो अपना एडमीशन X-RAY टेक्नीशियन मेडिकल कालेज उरई में कराने जनपद जालौन आये थे । जब वह रेलवे स्टेशन उरई से ऑटो रिक्शा से मेडिकल कालेज जा रहे थे तभी उनका बैग रास्ते में कहीं गिर गया । बैग में मेडिकल कालेज में दाखिला हेतु आवश्यक सर्टीफिकेट व अन्य जरूरी कागजात थे।

जिसके सम्बन्ध में निशान्त उपरोक्त द्वारा थाना कोतवाली उरई में सूचना दी गयी । उक्त सूचना पर थाना कोतवाली उरई पुलिस (आरक्षी अर्पित द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये खोये हुये बैग को अथक प्रयास से खोज कर निशान्त उपरोक्त के सुपुर्द कर चेहरे पर लौटाई मुस्कान ।

## ग्राम पंचायत मुडीला प्रधान की कार्य शैली पर अति भृस्टाचार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संबाद दाता सीतापुर। बताते चले की ग्राम पंचायत मुडीला मे नरेगा के तहत कोडगढ, पक्की सड़क से एक चक रोड जो ग्राम पंचायत मुडीला के गाव तुलपुरवा को जाती हैं उसी पर नरेगा के तहत मिट्टी पटाई का काम किया जाता हैं जब की इसको, पटाते समय चौडाई उचाई की बिसेषता होनी चाहिये लेकिन भृस्टाचार के चलते ना तो उचाई ना हीं चौडाई यहां तक कि गड्ढे तक नहीं और चक रोड पट गया मीडिया द्वारा पड़ताल करने से यू निकला कि पुरानी सड़क की ऊपर की घास छील कर द्रेशी किया जा रहा है और बराबर सोशल अडिड किया जा रहा है बेहटा ब्लाक के अधिकारियों की



मिली भगत तो नहीं है, जब एक पत्रकार के द्वारा सिकरेटरी अर्पित गुप्ता को फोन से संम्पर्क करना चाहा तो तो फोन बन्द मिला वाह रे योगी सरकार आप की सरकार को बदनाम करने का काम करने मे लगे है मुडीला ग्राम पंचायत के जुम्मेदार देखना होगा कि इस ताजी पटी सड़क की क्या जाच कराते है बेहटा ब्लाक के उच्च अधिकारी या ऐसे ही, टाल, मटोल चलता रहेगा।

## पुलिस ने 15 हजार के वांछित इनामी को किया गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक औरैया शिष्यपाल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व क्षेत्राधिकारी बिधूना महेन्द्र प्रताप सिंह के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी श्री रामसहाय के नेतृत्व में थाना ऐरवाकटरा पुलिस टीम को रात्रिगश्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जो अपराधी किस्म का है जो थाना ऐरवाकटरा में वांछित इनामियां है जो जयसिंहपुर गाँव के पास वाले पेट्रोल पंप के पास खड़ा है। मुखबिर की इस सूचना पर पुलिस टीम जयसिंहपुर गाँव के पास वाले पेट्रोल पंप के पास पहुची तो पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त भागने लगा। जिसे



पुलिस टीम द्वारा आवश्यक घेराबंदी करके अभियुक्त सुदेश पुत्र ननशाहराम निवासी बिल्लो थाना बिछबा जनपद मैनपुरी को दिनांक 08 जुलाई 2022 समय करीब पौने 6 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। जिसके संम्बन्ध में थाना ऐरवाकटरा के अन्तर्गत चोरी एवं अन्य धारा में मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थाना ऐरवाकटर उ0नि0 प्रवेन्द्र कुमार,का0 सचिन भाटी, का0 गंगासागर, का0 संजय सिह शामिल रहे।

## जनता दर्शन में जन समस्याओं का निस्तारण करते हुए जिलाधिकारी



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुलतानपुर। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये जन सामान्य की कोविड –19 की टेस्टिंग कराने के पश्चात सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओं/शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का ज्यादा से ज्यादा भला हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

सुलतानपुर। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन स्थित एन.आई.सी. कक्ष में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की द्वितीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने शिक्षा संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन हेतु विद्यालय प्रबन्धन द्वारा वसूल किये जाने वाले अनुरक्षण व्यय को निर्धारित करने के लिये कड़ाई से अनुपालन करने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राघवेन्द्र चतुर्वेदी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) नन्द कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राकेश कुमार वर्मा, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक आर.जे. वर्मा, प्रतिनिधि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रवीन्द्र सिंह,सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक लक्ष्मीकान्त उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने कहा 5 जुलाई से 20 जुलाई तक चलेगा अंत्योदय आयुष्मान पखवाड़ा कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता कर कहा कि विशेष अभियान अंत्योदय आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन 5 जुलाई से 20 जुलाई 2022 के बीच किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में प्रत्येक लाभार्थी परिवार को पांच लाख तक का निशुल्क उपचार पंजीकृत समस्त राजकीय व निजी चिकित्सालय में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक कार्ड बनाकर लाभान्वित किया जाए। उन्होंने प्रेस वार्ता कर अपील की है कि आयुष्मान भारत योजना के बारे में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान शत–प्रतिशत अंत्योदय लाभार्थियों को सत्यापित करते हुए उनका आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों की ग्राम वार सूची राशन की दुकानों एवं कोटेदारों को उपलब्ध कराई जा रही है तथा कोटेदारों को यह निर्देश दिया जा रहा है कि समस्त अंत्योदय लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने में उनकी सहायता की जाए। उन्होंने इस अभियान की सफलता के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन भी किया है ताकि टास्क फोर्स द्वारा अभियान के दौरान प्रतिदिन उपलब्धियों की समीक्षा की जा सके।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में पात्र लाभार्थी परिवारों को प्रेरित करते हुए कैंप लाने और आयुष्मान कार्ड बनवाने पर आशा को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में कुल 37503 परिवार अंत्योदय राशन कार्ड धारक हैं जिनमें से 1.22 लाख लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है जिसमें से अब तक 24759 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800–1800–4444 पर कॉल परके प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जनपद में कुल 17 अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं जिनमें 11 राजकीय अस्पताल हैं एवं 6 निजी अस्पताल हैं। शासकीय चिकित्सालय में राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, जिला महिला चिकित्सालय, एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निजी चिकित्सालय में उरई स्थित नेत्र ज्योति अस्पताल, कान्हा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, सिद्धा हेल्थकेयर, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल और कालपी स्थित किलकारी मेडिकल सेंटर एवं नारायण नेत्रालय प्रमुख है। उन्होंने कहा कि इन सभी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से निशुल्क इलाज एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि समस्त कार्ड धारकों के उपचार की सुविधा दिलाने हेतु अस्पताल में सहयोग के लिए आयुष्मान मित्र भी नियुक्त किए गए हैं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, डॉ आशीष आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नवीन मंडी अमहट में विजिलेंस टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। सुल्तानपुर. बिजली चोरी की धर पकड़ को लेकर विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम द्वारा शहर के नवीन सब्जी मंडी अमहट में छापेमारी की गई। इस दौरान कई स्थानों पर बिजली की चोरी पकड़ी गई। इसे लेकर उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। इस दौरान मंडी में किये गए छपेमारी से हड़कंप की स्थिति रही।आज शहर के नवीन सब्जी मंडी अमहट में विद्युत विजिलेंस 'जेई नसीम खान एस डी ओ प्रशांत गिरी एस आई अरविंद राय जेई कैलाश सिंह यादव पिन्नी तिवारी असलम फारुकी के साथ पहुंची विजिलेंस टीम स्थानीय विद्युत अधिकारियों के साथ विजिलेंस टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप, एक सप्ताह तक चलेगी कार्रवाई विजिलेंस जेई नसीम खान ने बताया कि बिजली के बड़े उपभोक्ताओं के खिलाफ विशेष छापा अभियान चलाया गया है।

केला बखार, आइस कैंडी, कोल्ड स्टोरेज और होटलें प्रथम वरीयता में हैं। इसके अलावा अन्य उद्यमी और बड़े उपभोक्ताओं के यहां छापे की कार्रवाई होगी। छापे के दौरान विजिलेंस टीम ने मण्डी में कई दुकानों पर छापा मारा। दावा किया गया है कि आज आधा दर्जन से अधिक उपभोक्ता को बिजली चोरी करते पाए गए।



बताया गया कि बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

## आम आदमी पार्टी ने मंहगाई को लेकर ,धान के खेत में धान की रोपाई करते समय किया प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा कटका। सुल्तानपुर आम आदमी पार्टी के युवा पदाधिकारियों ने स्थिति कटका खानपुर में ग्राम सभा चौपाई राय पुरवा में कमरतोड़ महंगाई बढ़ते गैस, डीजल,पेट्रोल के दाम को कम करवाने की मांग को लेकर खेत में धान की रोपाई कर विरोध प्रदर्शन किया गया । मौजूदा केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गैस पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाकर गरीब किसानों पर महगाई का अतिरिक्त बोझ दाल रही है, सरकार द्वारा ये मूल्य वृद्धि उस समय किया जा रहा है लोग बेरोजगार हो गए है और खेतो में धान की रोपाई सुरु हो रही है ऐसी विषम परिस्थिति में किसान जुताई बुवाई व सिचाई में दोगुना लागत लगाने पर मजबूर है।महंगाई का सितम लगातार बढ़ता ही जा रही है। पेट्रोल–डीजल की कीमतें रोज बढ़ रही हैं तो रसोई गैस की कीमत भी 50 रुपये बढ़ाई जा चुकी है।महिलाओ को रसोई चलाने में दिक्कतें पेश आ रही है।रसोई गैस और पेट्रोल डीजल के बढ़ते दाम केंद्र और राज्य सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है। इससे जनता का जीना मुहाल होता



जा रहा है। सरकार चाहती है कि जनता इतनी नशे में रहे कि उसे महंगाई का होश न रहे।इस मौके पर उपस्थित वैभव मिश्रा, अंजली , सुधीर यादव , सरिता देवी , अर्चना , कविता व दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। डीएम प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की शीर्ष प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम अमृत महोत्सव को लेकर जिलाधिकारी महोदय ने ष्हर घर तिरंगाष कार्यक्रम के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सार्वजनिक, निजी स्थानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संगठनों व संस्थानों, ग्राम पंचायतों व दुकानों साहित कई स्थलों पर तिरंगा फहराया जाएगा। बैठक में समस्त विभागों से जुड़ी योजनाओं की प्रगति के बारे में समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी आयुष्मान भारत, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, एनएचएम जैसी अनेक योजनाओं पर अब तक हुए कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने चिकित्सकों की उपलब्धता, अल्ट्रासाउन्ड मशीन, समस्त आरबीएसए टीम के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की तथा जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अर्चना श्रीवास्तव को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने व जनपद में हो रहे कोविड टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आशा व एएनएम के माध्यम से शत प्रतिशत टारगेट पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की साफ–सफाई सहित समस्त सुविधाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिए। बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना में सुधार, पेयजल की व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, खाद्य रसद, राज्य औद्योगिक मिशन, शादी अनुदान, पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, आंगनबाड़ियों का कार्य, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, सामुदायिक शौचालय, पंचायतभवन, स्वच्छ भारत मिशन, उद्योगबन्धु, पोषाहार का वितरण, कौशल विकास मिशन आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्थानीय स्तर पर विद्युत कनेक्शन एवं अन्य कार्यों को प्राथमिकता के



आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गये कि जितने भी गौआश्रय स्थल हैं, उनमें मवेशियों को भूसा चारा पानी आदि की किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा पशुओं के लिए पानी, शेड आदि व्यवस्थित रहे। उन्होंने कहा एक भी पशु आवारा नहीं घूमना चाहिए सभी को गौ संरक्षण केंद्रों में संरक्षित किया जाए। आपरेशन कायाकल्प योजना के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आच्छादित योजनाओं को तत्काल पूरा करने, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्य मंत्री आवास योजना तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति, आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आधार सीडिंग एवं खाद्यान्न वितरण के बारे में जानकारी ली गयी। समाज कल्याण, अल्पसंख्यक, पिछड़ावर्ग, प्रोबेशन विभाग द्वारा चलायी जा रही छात्रवृति, पेंशन, कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये। जिलाधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपनी–अपनी विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्ष को योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण के बाद पौधों की जियो टैगिंग भी कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक हरेंद्र सिंह, वनाधिकारी वी के सिंह, जिला विकास अधिकारी करुणापति मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेगा ईएमटीसीटी हेल्थ कैम्प में पहुंच रहे पुरुष और महिलाएं हेल्थ कैम्प में गर्भवती महिलाओं उनके पति यौन संक्रमित रोगी, टीबी एवं कालाजार के रोगियों की हो रही जांच

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देश पर जिले भर में मेगा ईएमटीसीटी (एलिमिनेशन ऑफ मदर टू चाइल्ड ट्रांसमिशन) हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गर्भवती महिलाओं के साथ अन्य की निरूशुल्क जांच की जा रही है । शुक्रवार को जिले के बाजपट्टी, पुपरी, चोरौत, नानपुर और बोखरा में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन



किया गया। जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया मेगा ईएमटीसीटी हेल्थ कैम्प में जांच कराने को लेकर बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला शामिल हो रही हैं। कैम्प में जांच के साथ लोगों को एड्स के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक भी किया जा रहा। लोगों को एड्स से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की भी सलाह दी जा रही है। कैंप में गर्भवती महिलाओं, उनके पति, यौन संक्रमित रोगी, यक्ष्मा (टीबी ) एवं कालाजार के रोगियों की एचआईवी जांच की जा रही है। साथी ही गर्भवती महिलाओं की एएनसी भी की जा रही है ।

डॉ मनोज कुमार ने बताया कि प्रत्येक कैंप में बीसीएम, एचआईवी काउंसलर, प्रयोगशाला प्रावैधिक एवं एएनएम द्वारा जांच एवं परामर्श का कार्य किया जा रहा है। संबंधित क्षेत्रों में कैंप से पूर्व एवं कैंप के दिन ऑटो रिक्शा द्वारा बैनर एवं माइक के साथ प्रचार–प्रसार का कार्य किया जा रहा है। संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा घर–घर जाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कैंप में प्रतिदिन लगभग ढाई सौ (250) रोगियों की जांच का लक्ष्य रखा गया है। कैम्प की मॉनिटरिंग जिला स्तर के पदाधिकारी कर रहे हैं। डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि मदर टू चाइल्ड ट्रांसमिशन के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए हर महिला की एचआईवी जांच अतिआवश्यक है। ताकि ससमय उसका इलाज हो सके।

इससे शिशु मृत्युदर को भी कम करने में मदद मिलेगी। इसी उद्देश्य के तहत जिले भर में ईएमटीसीटी मेगा हेल्थ कैम्प लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला को एचआईवी मुक्त रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग संकल्पित है।

## किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी को लेकर जागरूकता का हुआ आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। सुगौली,पूर्वी चम्पारणरू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दक्षिणी सुगांव डीह बस्ती में आजादी की अमृत महोत्सव अंतर्गत, अन्नदाता देवो भवरू,किसान भागीदारी,प्राथमिकता हमारी कार्यक्रम को लेकर सहकारिता विभाग के द्वारा किसान चौपाल का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर के पात्रा मौजूद रहे।इस कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी सह सेना के पूर्व अधिकारी रामप्रीत प्रसाद के आग्रह पर भारत सरकार के द्वारा कराया गया।ग्रामीणों को जागरूक करते हुए समाजसेवी रामप्रीत प्रसाद ने कहा कि किसानों के भलाई के लिए किसान भागीदारी,प्राथमिकता हमारी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को किसानों से संबंधित योजनाओं की जानकारी देकर ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने की कोशिश करना है।पैक्स से मिलने वाले लाभ को लेकर जन जन जागरूक करना है। वही मुख्य अतिथि पात्रा ने कहा कि



सहकारिता क्या है,इस बातों को बताने के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है। ताकि पैक्स के अंतर्गत मिलने वाले खाद,बीज तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ किसान बिना किसी कठिनाई व दबाव से संबंधित योजनाओं का लाभ उठा सके।मौके पर अतिथि राजकुमार पात्रा संकाय सदस्य,राजेश कुमार संकाय सदस्य,समीर राज,वीएलई सह स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता,मजदूर यूनियन के नेता रोहित रंजन,संजीत कुमार,सोनू कुमार गुप्ता, रामनाथ साह, सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा, रामस्वरूप साह, राज सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## अपर समाहर्त्ता किशनगंज की अध्यक्षता में ईदुल- जोहा (बकरीद) की विधि-व्यवस्था संधारण हेतु किशनगंज में प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी पदाधिकारी के साथ ब्रिफिंग किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री भा०प्र०से०,जिला पदाधिकारी, किशनगंज के निदेशानुसार आज दिनांक–08.07.2022 को अपर समाहर्त्ता, किशनगंज



की अध्यक्षता में ईदुल– जोहा (बकरीद) की विधि–व्यवस्था संधारण हेतु रचना भवन, डी. आर.डी.ए. किशनगंज में प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी /पदाधिकारी के साथ ब्रिफिंग किया गया। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त स्थान पर मुस्तैदी के साथ अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने का निदेश दिया गया। उन्हें बताया गया कि विगत दिनों ईदुल– जोहा (बकरीद) पर्व को शांति एवं सद्भावना मनाने हेतु नागरीक एकता मंच के के सदस्यों के साथ बैठक आहुत हुई है, जिसमें नागरीक एकता मंत्र के सदस्यों द्वारा बताया गया कि किशनगंज जिला में गंगा जमुनी तहजीब की विचारधारा के साथ यहॉ के नागरीक सद्भावना पूर्वक रहते है तथा उनके द्वारा इस पर्व को शांति एवं सद्भावना पूर्वक मनाने हेतु आश्वासन दिया गया है। बैठक में ईदुल– जोहा (बकरीद) की विधि–व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी तथा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्री विजय बैठा संवाददाता अयोध्या टाइम्स पूरनहिया जिला शिवहर के मोटरसाइकिल पर राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स का स्टीकर बिहार राज्य को ऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार भार्गव ने चिपकाया, और कार्ड पहनाकर सम्मानित किया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। श्री विजय बैठा संवाददाता अयोध्या टाइम्स पूरनहिया जिला शिवहर के मोटरसाइकिल पर राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स का स्टीकर बिहार राज्य को–ऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार भार्गव ने चिपकाया, और कार्ड पहनाकर सम्मानित किया।

उसके उपरांत श्री विजय बैठा को श्री रवि कुमार भार्गव राज्य कोऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार ने नियुक्ति पत्र देते हुए आई कार्ड पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विजय बैठा को श्री भार्गव ने बताया कि अपनी ऑथराइजेशन लेटर की मूल प्रति जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी महोदय शिवहर को दूसरी प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय पूरनहिया को तीसरी प्रति थाना अध्यक्ष महोदय पूरनहिया को 3 दिनों के अंदर प्राप्ति करा कर राज्य कार्यालय को सूचित करेंगे।

श्री भार्गव ने विजय बैठा को स्वच्छ पत्रकारिता करने का नसीहत देते हुए कहा कि आप में इतनी बड़ी शक्ति आज प्रदान की गई है कि आप यदि रोड से गुजरते हैं और रोड पर भीख मांगने वाले भिखारी में भी अगर आप प्रतिभा देखते हैं, तो उसे जनता के सामने लाने में हिचकेंगे नहीं। वहीं पर दूसरी बिंदु में बताया गया कि आज की पत्रकारिता का दौर मे कुछ ऐसे पत्रकार गण हैं, जो अपनी कलम की नोक को 100 में



बेचने का काम करते हैं। हमारी अयोध्या टाइम्स स्वच्छ कार्य करेगी, और इस स्वच्छ कार्य को करते हुए बिहार के हर घर में अपनी परचम को लहराने की कार्य करेगी।

## 24 सप्ताह तक का गर्भ समापन कानूनी रूप से वैध आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन ने बथनाहा में की सुरक्षित गर्भ समापन परिवार नियोजन एवं एमटीपी एक्ट पर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। सुरक्षित गर्भपात को बढ़ावा देने तथा इस विषय पर जन समुदाय में जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ पंचायत प्रतिनिधियों का क्षमतावर्धन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के बथनाहा प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को सुरक्षित गर्भपात की जानकारी दी गयी। बैठक में साझा प्रयास नेटवर्क एवं आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन की शोध अन्वेषण पदाधिकारी सीता कुमारी ने बताया कि वर्ष 1971 से पूर्व किसी भी प्रकार का गर्भ समापन अवैध माना जाता था। गर्भ समापन में बड़ी कठिनाइयां भी आती थी । अनेक तरह के घरेलू उपायों से गर्भ समापन करने की प्रक्रिया में कई बार महिलाओं की मृत्यु तक हो जाती थी। उसे रोकने के लिए 1971 में एमटीपी एक्ट बना। सीता कुमारी ने बताया कि एमटीपी एक्ट 1971 के प्रावधानों के अनुसार, गर्भ समापन कुछ शर्तों के साथ वैध माना गया है, लेकिन इससे भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा था।

इसलिए एमटीपी एक्ट में संशोधन किया गया। जिससे 20 सप्ताह के बदले अब 24 सप्ताह तक के गर्भ को कानूनी शर्तों के अनुसार समापन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पर्याप्त भ्रूण विकृति के मामलों में गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय गर्भ समापन को मान्य किया गया है। किसी भी महिला या उसके साथी द्वारा प्रयोग किए गए गर्भनिरोधक तरीके की विफलता की स्थिति में अविवाहित महिलाओं को भी गर्भ समापन सेवाएं दी जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि 20 सप्ताह तक एमटीपी के लिए एक आरएमपी और 20 से 24 सप्ताह के लिए दो आरएमपी की राय चाहिए। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा कि इसके लिए गोपनीयता को कड़ाई से बनाए रखा जाना आवश्यक है। सीता कुमारी ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टर, गांव के ओझा आदि से गर्भ समापन कराना अवैध और गैरकानूनी है। इसे लेकर समाज में जागरूकता लानी होगी।

## संस्कार के बिना जीवन व्यर्थ है : डीएसपी दिनेश पाण्डेय

दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ! संस्कार के बिना जीवन व्यर्थ है, बिना संस्कार कोई भी व्यक्ति जीवन में ऊंचाइयों को नहीं छू सकता, इसलिए आज आवश्यकता है कि हम बच्चों को संस्कारवान और शिक्षित बनाएं तभी समाज और देश का कल्याण हो सकता हैं, उक्त बातें डीएसपी दिनेश कुमार पाण्डेय ने बृहस्पतिवार को आर.वी. कॉलेज दलसिंहसराय में एनसीसी कैडेट्स द्वारा आयोजित ऑपरेशन संस्कार विषयक व्याख्यान को संबोधित करते हुए कही ! श्री पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में संस्कारों की कमी देखी जा रही हैं, बच्चे अपने माता –पिता या गुरुजनों को वो सम्मान नहीं दे पाते, जो कभी भारतीयता की पहचान हुआ करती थी, आज बच्चे पढ़ाई से ज्यादा अन्य चीजों में रूचि लेने लगे हैं जो उन्हें संस्कारों से दूर ले जा रहा है ! आज का युवा मोबाइल फोन, फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे तकनीकों में उलझ कर किताबों से दूर होता चला जा रहा है! आर.बी. कॉलेज दलसिंगसराय में एन. सी.सी. के तत्वावधान में एक व्याख्यान का आयोजन बृहस्पतिवार को किया गया, इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय झा ने की , मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित दलसिंहसराय के पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार पाण्डेय ने संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला! श्री पाण्डेय ने अपने व्याख्यान में कहा कि अच्छे संस्कार से ही आप जीवन में बेहतर कर सकते हैं, पढ़ाई से लेकर नौकरी तक आपको संस्कारवान बनाना होगा, अपने माता पिता की आज्ञा का पालन करें तथा लोभ न करते हुए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे ! उन्होंने अपने व्यक्तिगत एवं प्रशासनिक अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जीवन में अनेक परेशानियों से आप का सामना होगा परंतु संस्कार आप को कभी झुकने नहीं देगा, यदि



आप समस्याओं को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हैं तो निश्चित रूप से सफलता आपके हाथों में होगी ! जीवन में आगे बढ़ना है तो लक्ष्य निर्धारित करें तथा उसके लिए हमेशा कृतसंकल्पित रहें!

सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर संजय झा ने कहा कि संस्कार ही मनुष्य को महान बनाता है, बिना संस्कार व्यक्ति पशुवत् जीवन व्यतीत करता है तथा समाज को भी दूषित करता है! उन्होंने उपस्थित छात्र – छात्राओं को अपने पूर्वजों द्वारा निर्धारित संस्कारों को अपनाने तथा अपना, अपने समाज का तथा राष्ट्र के नवनिर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया! एन.सी.सी. के लेफ्टिनेंट धीरज कुमार पाण्डेय ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य बनाकर उसे अमल में लाएं ताकि सफलता की सीढ़ी आप आसानी से चढ सकें! कार्यक्रम का विधिवत समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ आगत अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन डॉक्टर शकील अख्तर ने किया ! इस अवसर पर डॉ. विमल कुमार, डॉ. अपूर्व शाश्वत, डॉ. दीप नारायण कुमार, डॉक्टर सुनील कुमार सिंह, अनूप कुमार, डॉ. राजकिशोर, उदय शंकर विद्यार्थी, डॉ शशि भूषण सिंह के अलावा बड़ी संख्या में छात्र–छात्रा एवं एन०सी०सी० कैडेट्स मौजूद थे !!

## सगे भाइयों की हत्या के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व मंत्री, बिहार सरकार की पुलिस-प्रशासन पर उठाये सवाल



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मोतिहारी में दो दिन पहले बेखौफ अपराधियों द्वारा दो सगे भाइयों की हत्या के बाद परिजनों से मिलने शुक्रवार अहले सुबह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री महाचन्द्र प्रसाद सिंह पहुंचे। पूर्व मंत्री में कोटवा थाना के जसौली पटी गांव पहुचकर सेवा नृवित शिक्षक को सान्त्वना दिया। वहीं पूर्व मंत्री ने बताया कि पुलिस निष्क्रियता के कारण अपराधी बेलगाम हो गए है। अगर पूर्व में हुई घटना को पुलिस गंभीरता से लेती तो आज दो सगे भाइयों की जान नहीं जाती। पुलिस की निष्क्रियता के कारण अपराधी का मनोबल सातवे आसमान पर है। जिला वासी अपने आप को महफूज महसूस नही कर रहे है। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने छोटे बच्चे की पढ़ाई व भरण पोषण करने की मांग सरकार से की गई। मोतिहारी में दो दिन पहले कोटवा थाना के जसौली पट्टी गांव के सेवा नृवित शिक्षक के दो पुत्र मोहन कुमार व सोहन कुमार की डियूटी जाने के दौरान गोली मारकर अपराधियो द्वारा हत्या कर दिया गया था। एक घर से दो चिराग की हत्या की खबर सुन क्षेत्र में सनसनी फैल गयी थी।वहीं परिवार में कोहराम मच गया था। डबल मर्डर के पीड़ित परिवार से मिलने के बाद पूर्व मंत्री महाचन्द्र प्रसाद सिंह की आंख भी नम हो गयी। उन्होंने पीड़ित परिवार को सान्त्वना देने के बाद तुरन्त जिला के एसपी, कमिश्नर,डीजीपी को फोन लगाया गया ।लेकिन फोन नहीं रिसीव होने पर डीएसपी से बातकर त्वरित करवाई की बात कही गयी। वहीं पूर्व मंत्री ने स्पष्ट कहा कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण सुबह सुबह दोनों सगे भाई की हत्या हुई है। पुलिस निष्क्रियता के कारण अपराधियो का मनोबल बढ़ा हुआ है। सरकार की पूरी जिम्मेवारी है कि पूरे सूबे की लोगों की जान माल की रक्षा करें। पूर्व मंत्री ने कहा कि पूरे इलाके में लोग पुलिस की भूमिका नगण्य की बात कह रहे हैं। सरकार पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के साथ साथ बच्चों के पढ़ाई लिखाई सहित भरण पोषण का खर्च भी उठाए।

# संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में राधाकृष्णन भवन, मोतिहारी में जनता दरबार का आयोजन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जनता दरबार में जिलाधिकारी महोदय द्वारा 126 फरियादियों की फरियाद को सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों का त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आपूर्ति, भूमि विवाद, पर्चा वितरण ,परिवहन,राजस्व, मद्य निषेध,शिक्षा,नगर निगम,भू अर्जन,अतिक्रमण, आईसीडीएस,पेंशन,भूमि विवाद आदि से संबंधित आवेदन को शीघ्र निष्पादन हेतु जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



### मुख्य सचिव बिहार सरकार की अध्यक्षता में भूमिहीन थाना/ओपी के भवन निर्माण हेतु भू अर्जन सतत लीज पर भूमि प्राप्त करने को शीघ्र निष्पादन करने के बिंदु पर संबंधित जिलाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुख्य सचिव ,बिहार सरकार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के भूमिहीन थाना ध्ओपी के भवन निर्माण हेतु भू–अर्जन/सतत लीज पर भूमि प्राप्त करने को शीघ्र निष्पादन करने के बिंदु पर संबंधित जिलाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी, जिला विधि शाखा पदाधिकारी, डी आई ओ ,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थें।



### मशरक दक्षिण टोला गांव में जमीन मापी के दौरान मारपीट,3 घायल

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के दक्षिण टोला गांव में जमीन मापी के दौरान उपस्थित अमीन और पंचों के सामने ही मारपीट की घटना में 3 शख्स घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराए गए जहां घायलों की पहचान जगलाल राय का 24 वर्षीय पुत्र रघु राय, राम प्रसाद राय का 65 वर्षीय पुत्र छबीला राय,छबीला राय का 23 वर्षीय पुत्र अशोक राय के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप



से घायल रघु कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वही मारपीट के मामले में घायलों ने बताया कि जमीनी रजिस्ट्री कराई गई थी उसी को मापी कराई जा रही थी उसी में पंच भी उपस्थित थे उसी दौरान लाठी–डंडे और हथियार से लैस होकर मारपीट कर घायल कर दिया गया। मामले में थाना पुलिस को आवेदन दिया गया है पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### हथियारबंद बदमाशों ने गोदाम कर्मी से 8.50 लाख नकद की लूट

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत रिफ्यूजी कॉलोनी के कहरा ब्लॉक रोड स्थित निजी कोचिंग संस्थान के सामने देर रात अज्ञात दो हथियारबंद बाइक सवार अपराधियों ने विजय ट्रेडर्स नामक



सीमेंट छड़ के होलसेल गोदाम कर्मी से 8.50 लाख नकद की लूटपाट कर ली है। दोनों ही गोदाम कर्मी दिन भर की बिक्री को बैग में रखकर स्कूटी से मालिक के घर पहुंचाने के लिए जा रहे थे। तभी बाइक सवार दो अपराधी उनका पीछा किया। उनके बाइक को रोकी फिर रुपए लुटे गए। जिसके बाद अपराधी फरार हो गए। सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी निशिकांत भारती , सदर थाना अध्यक्ष सुधाकर कुमार , अंचल इंस्पेक्टर राजमणि के नेतृत्व में पैंथर और टेक्निकल सेल की टीम पहुंची। जिसके बाद उक्त रोड के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जल्द ही अपराधी की गिरफ्तारी कर लेने की जानकारी पुलिस द्वारा दी जा रही है।

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। सड़क हादसा में युवक की मौत, घर मे छाया मातम, गुरुवार की देर राय नयागांव में ट्रैक्टर व बाइक की ठोकर से एक युवक हुआ था घायल। श्यामपुर थाना ने कराया था अस्पताल में भर्ती, इलाज के दौरान एसकेएमसीएस मुज्जफरपुर में हुई मौत, घायल युवक की पहचान की नयागांव निवासी 18 वर्षीय नजीबुल्लाह के रूप में हुई, थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने दी जानकारी।

## ईद को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय। सिवान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई एवं उनके द्वारा आगामी पर्व त्योहार के मद्देनजर व्यापक निर्देश जारी किए गए हैं। रविवार को ईद उल जोहा मनाए जाने की संभावना है,जो चांद के दृष्टिगोचर पर निर्भर करता है। इस के परिप्रेक्ष्य में सभागार में शांति समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसके दौरान कई निर्देश दिए गए हैं। 'जिला पदाधिकारी अमित कुमार पाण्डेय द्वारा त्यौहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से रोकने के लिए सभी संबंधितों को व्यापक मुस्तैदी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पदाधिकारी द्वारा कोविड के गाइडलाइंस के अनुसार पर्व मनाए जाने का निर्देश दिया गया।जिला पदाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों से भी अनुरोध की कि संबंधित पदाधिकारियों का दूरभाष नंबर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अप्रिय घटना की जानकारी की सूचना दी जा सके। जिला पदाधिकारी ने पर्व के अवसर पर नगर परिषद सिवान को ससमय कूड़ा उठाव का निर्देश दिया। बैठक में महाराजगंज अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, सिवान अनुमंडल पदाधिकारी रामबाबू बैठा, महाराजगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार, सिवान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जितेंद्र पाण्डेय, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, डीपीआरओ मीडिया ,अनन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण के साथ शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## स्वामी कर्म देव यमुना राम उच्च विद्यालय इंटर कॉलेज महाराजगंज में प्रवेशत्सव विशेष नामांकन अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाला गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रखंड संवाददाता सुजीत कुमार महराजगंज। शहर के नया बाजार स्थित गरजू शाह के लिटी के दुकान के पास से पुलिस ने 5 लीटर देसी शराब के साथ दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक परवेज आलम ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि गरजू शाह के लिटी दुकान के पास अवैध तरीके से शराब की बिक्री की जा रही है फिर महाराजगंज थाना अध्यक्ष के निर्देश पर टीम गठित कर छापेमारी की गई, छापेमारी की सूचना मिलते हैं शराब कारोबारी भागने की कोशिश करने लगा लेकिन पुलिस बल के सहयोग से दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार किया गया शराब कारोबारी दरौंदा थाना क्षेत्र के पकवालिया गांव निवासी तारकेश्वर साह और दूसरा धनछुहा गांव निवासी सलीम अंसारी के रूप में हुई है जिनके ऊपर मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया महाराजगंज अनुमंडल स्थित स्वामी कर्म देव यमुना राम उच्च विद्यालय इंटर कॉलेज महाराजगंज में आज शुक्रवार को प्रवेशत्सव विशेष नामांकन अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाला गया । जिसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं उमंग पूर्वक बच्चों के नवंम वर्ग में नामांकन हेतु स्लोगन का नारा लगाते हुए सम्मिलित हुए। जैसे– हम बच्चे का एक ही नारा शिक्षा है ,अधिकार हमारा।

इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुधांशु कुमार ने विद्यालय के पोषक क्षेत्र के अभिभावक से अपने बच्चे को नवम वर्ग में नामांकन कराने और भविष्य निर्माण में आगे आने का अनुरोध किया। तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे, सरकारी योजना जैसे– साइकिल, छात्रवृत्ति, पोशाक एवं अन्य प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाने का संदेश दिया। यह विशेष नामांकन अभियान दिनांक 1 जुलाई से 15 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षा प्रेमी अरविंद कुमार गुप्ता, राकेश कुमार यादव, संजय कुमार, मुस्ताक अली, प्रताप चंद पांडे, अनिल कुमार मंडल ,प्रभा राय, सुनीता कुमारी, मीनु कुमारी, इत्यादि सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



## होली मिशन हाई स्कूल में 73वें वन-महोत्सव मनाया गया साथ ही निदेशक के द्वारा छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर, मोहनपुर। समस्तीपुर मोहनपुर स्थित होली मिशन हाई स्कूल में 73वें वन–महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर हाई स्कूल में वृक्षारोपण, चित्रकला, स्लोगन राइटिंग तथा पेड़–पौधों पर आधारित परिधान– प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के संगीत शिक्षकों के द्वारा किया गया।

विद्यालय के निदेशक धर्माश रंजन उर्फ "अंकुर" ने छात्रों को वन–महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए संदेश दिया कि वन–महोत्सव केवल वृक्षों का त्योहार नहीं बल्कि मानव जीवन का भी त्योहार है। वनों का संरक्षण एवं विकास भारत के प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है।

वन वसुंधरा का आभूषण है। धरती की सुन्दरता का मुख्य स्रोत वनों की हरियाली हीं है। यदि हमलोग अपने जीवन को स्वच्छ, खुशहाल एवं समृद्ध बनाना चाहते हैं तो जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगें। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एस० के० अहमद ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति के अधिकतर उत्सव हमेशा प्रकृति के साथ जुड़े होते हैं। हम अपनी आवश्यकता हेतु प्रकृति पर निर्भर रहते हैं और उत्सवों के जरिए हम उनसे कृतज्ञता का भाव अभिव्यक्त करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक तरुणेश कुमार झा व छात्रों के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कई फलदार एवं छायादार पौधे भी लगाए गए। उन्होंने वृक्षारोपण कर प्रकृति–प्रेम एवं पर्यावरण– संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अगले कड़ी के रूप में पूरे सप्ताह चलने वाले प्रतियोगिताओं के विजेताओं को निदेशक के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। पेड़–पौधे पर आधारित परिधान दृ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता क्रमशः यश झा, आराध्या एवं पीयुषराज, स्लोगन राइटिंग दृ प्रतियोगिता में विजेता शौर्य श्री (प्रथम), संगम कुमारी (द्वितीया), एवं आद्या काश्यप (तृतीय) तथा पेंटींग दृ प्रतियोगिता के विजेता सूरज कुमार (प्रथम), सत्यम राज (द्वितीय) एवं अदिति कुमारी(तृतीय) को पुरस्कृत की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में तरुणेश कुमार झा, आशीष गौरव, करुणा मैडम, मौसमी महतो के साथ–साथ शिक्षक एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बारिश नहीं होने से जिले में धान की रोपनी हो रही प्रभावित

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। आसमान में बादल तो बन रहे हैं लेकिन तेज हवाओं के कारण



कटिहार जिले में बारिश नहीं होने से किसान चितित हैं। जुलाई महीने का प्रथम सप्ताह समाप्त होने को है, लेकिन कटिहार जिले में पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की रोपनी प्रभावित हो रही है। बारिश नहीं होने से जहां एक और गर्मी से लोग परेशान हैं। गर्मी के कारण कई तरह की बीमारियां हो रही हैं तो वहीं दूसरी ओर धान की रोपनी भी प्रभावित हो रही है। धान का बिचड़ा रोपनी करने योग्य हो गया है लेकिन अभी खेतों में पानी नहीं है। ताकि खेतों की जोताई हो सके। बारिश की आस में किसान आसमान को निहार रहे हैं। बारिश नहीं होने से किसानों को अब अकाल का भी चिता सताने लगी है। क्योंकि कई दिनों से जिले में बारिश नहीं हो रही। जबकि इसके पिछले साल जुलाई महीना के प्रथम सप्ताह तक लगभग 50 प्रतिशत तक रोपनी का कार्य पूरा हो चुका था। लेकिन इस साल बारिश नहीं होने से अभी तक एक–दो प्रतिशत मात्र खेतों की रोपनी में हुई है। जो भी धान की रोपनी हुई है वह भी मोटर तथा पंपसेट के माध्यम से खेतों में पानी भर के रोपनी की गई है। अभी भी कई जगहों पर खेतों में धूल रहे हैं।

नहरों से भी नहीं मिल रहा पर्याप्त मात्रा में पानी किसान कुणाल भगत नितेश सिंह गजेंद्र सिंह मनोज सिंह अरविंद श्रीवास्तव रोशन सिंह प्रवीण श्रीवास्तव मनीष कुमार सिंह इत्यादि किसान बताएं।

## दस जुलाई को बकरीद मनाया जायेगा

⊠ बकरीद पर्व अल्लाह के प्रति समर्पण का उदाहरण

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। मीठी ईद के तकरीबन 70 दिनों के बाद मनाए जाने वाला पर्व बकरीद पर्व भारत में 10 जुलाई 2022 को मनाया जाएगा। दरअसल इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक 12 वे महीने जूं अल हजां की दसवीं तारीख को बकरीद मनाई जाती है। ईद उल अजहा या बकरीद इस्लाम धर्म में विश्वास करने वाले लोगों का एक प्रमुख त्योहार है। रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के लगभग 70 दिनों बाद इसे मनाया जाता है।

दरअसल जब हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे की कुर्बानी थी तो उन्हें अपनी आंखों पर काली पट्टी बांध ली, कुर्बानी देने के बाद जब उन्होंने आंखों से पट्टी खोली तो अपने पुत्र इस्माइल को खेलते हुए देखा और इस्माइल की जगह पर एक बकरे की कुर्बानी हो चुकी थी। तभी से ईद उल अजहा बकरीद पर्व मनाने का त्यौहार प्रारंभ हुआ। बलिदानों का त्योहार अल्लाह के प्रति समर्पण का उदाहरण है। यह त्यौहार खुशियां बांटने और गरीबों ,बेसहारा लोगों की मदद करने का भी एक अवसर है। जदयू के जिला उपाध्यक्ष नेयाज अहमद उर्फ मोती बाबू ने बताया है कि बकरीद पर्व प्रेम ,निस्वार्थता और बलिदान की भावना के प्रति आभार व्यक्त करने और एक समावेशी समाज में एकता और भाईचारा के लिए मिलकर काम करने का त्योहार है। यह पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दौरान मुसलमान भाई ईदगाह मस्जिद में जमा होते हैं



और जमात की साथ 2 रकात नमाज अदा करते हैं। यह नमाज अमूमन सुबह के समय आयोजित की जाती है। बकरे की कुर्बानी के गोश्त को कुर्बानी के बाद तीन हिस्सों में बांटा जाता है ,एक हिस्सा गरीबों को, दूसरा हिस्सा दोस्तों और सगे संबंधियों को दिया जाता है ,तीसरा हिस्सा अपने परिवार के लिए रखा जाता है। इस बाबत बकरीद पर्व को देखते हुए बाजारों में बकरे की कीमत की मांग बढ़ गई है। बकरे की खरीदारी करने के लिए लोग दूर–दूर ग्रामीण इलाकों में ,बाजारों हाटों में जा रहे हैं। और मनचाहा कीमत देकर बकरे की खरीदारी कर रहे हैं।

## अनल जल योजना का नहीं मिल रहा है लाभ डीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल पहुंचाने की योजना कागजों तक सिमट कर रह गई है। शुद्ध जल पीने के लिए लोग व्याकुल है लेकिन सिस्टम में भ्रष्टाचार



इस कदर है कि पदाधिकारी अपने कार्यालय से निकलकर क्षेत्र में योजना का कार्य कैसे संचालित हो रहा है इसका जायजा भी नही ले रहे है । जिसका नतीजा है कि ब्रह्मपुर प्रखंड क्षेत्र के कांट पंचायत के वार्ड 10 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल दम तोड़ रही है । जिसको लेकर वर्तमान वार्ड संख्या रेखा देवी के द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सहित संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव अनंत साह से भी शिकायत की,लेकिन योजना को सही तरीको से संचालित नहीं किया गया। कांट के वार्ड संख्या 10 में इस योजना को वित्तीय वर्ष 2019–20 में संचालित किया गया । चार वर्ष बीत जाने के बाद भी इस योजना का लाभ वार्ड के लोगो को नही मिल रहा है। वही योजना का कार्य आधा अधूरा है। स्थल पर न तो जलमीनार टॉवर है न ही पानी सप्लाई करने के लिए स्टार्टर लगा हुआ है। पानी की सप्लाई डायरेक्ट किया जाता है। जिसके कारण वार्ड के दर्जनों स्थानों पर बिछाया हुआ पाइप फट चुका है। दर्जनों घरो में कनेक्शन तक नही दिया गया है। जबकि वार्ड दस दलित वार्ड है। सरकार का एलान था कि इस योजना का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगो को मिले लेकिन स्थानीय अधिकारी एवं इस योजना में कमीशनखोरी के कारण यह योजना धरातल पर दम तोड़ रही है। बीडीओ ने नहीं सुनी शिकायत तो मजबूरन डीएम को देना पड़ रहा है।

## मोबाइल छीन भाग रहे थे,लड़की ने बहादुरी का परिचय देते हुए पकड़ा



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय। सिवान में जहां लूटपाट स्नैचिंग की वारदाते लगातार सामने आती रहती हैद्य लेकिन सिवान की एक बहादुर बेटी ने बहादुरी दिखाते हुए बदमाश को पकड़कर पुलिस को हवाले कर दिया द्य इस बेटी ने युवा पीढ़ी के सामने एक मिशाल कायम की हैद्य मामला नगर थाना क्षेत्र के गांधी मैदान के समीप की बताई जा रही हैद्य पुलिस लाइन के समीप रहनेवाली अंशु कुमारी हर रोज की तरह गांधी मैदान स्थित एक कोचिंग में पढ़ कर घर जा रही थीद्य इसी दौरान बदमाश ने मोबाइल छीन लिया और भागने लगा इसके बाद अंशु ने उसका पीछा किया और लोगो से मदद मांगी लेकिन कोई मदद को आगे नहीं आयाद्य लेकिन फिर भी अंशु ने हार नहीं मानी और कुछ दूर दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सूचित कर उनके हवाले कर दियाद्य पकड़ा गया युवक शहर के बड़ी मस्जिद के पीछे का रहने वाला बताया जा रहा हैद्यजिस तरह अंशु ने अपने बहादुरी का परिचय देते हुई पकड़ा,उसके इस जज्बे को पुलिस ने भी सलाम किया हैद्य बताते चली की महज दो दिन पहले महाराजगंज के देवरिया में अपराधियो ने युवक को मोबाइल छीनने के दौरान गोली मार दी थी। जिसके बाद परिजन आनन फानन में सिवान सदर अस्पताल में भर्ती करवाए थेद्य जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को नाजुक देखते हुएद्य पटना पीएमसीएच को रेफर कर दिए थेद्य वही सिवान जिले में लगातार लोग छिनताई के शिकार होते जा रहे हैद्य वही आज कोचिंग से पढ़कर आ रहे लड़के के साथ मोबाइल छीनने का भागे,जिसके बाद लड़की ने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुएद्य चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दियाद्य लड़की का कहना है की हम चिलाते रहेद्य उसके वावजूद कोई मदद के लिए आगे नहीं आयाद्य तो देखा जाए लोगो लोगो में तनिक भी इंसानियत नही बची।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला कल्याण पदाधिकारी का विदाई सम्मान समारोह

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर,सीतामढ़ी ।जिला कल्याण पदाधिकारी रजनीकांत ओझा का विदाई समारोह नवाब हाई स्कूल के पास चिकनौटा वाली रोड के समीप शिक्षक दीनबंधु राम के निवास स्थान शिवहर मे जिला विकास मित्र संघ शिवहर के द्वारा आयोजित की गयी। जिला कल्याण पदाधिकारी रजनीकांत ओझा ने अपने विदाई समारोह में किए गए सम्मान से अभिभूत होकर उन्होंने शहर की आम जनता का प्यार बताया है। तथा उन्होंने कहा कि



हमने अनुसूचित जनजाति एवं जनजाति जातियों के लिए विभाग की ओर से जो सुविधा उपलब्ध थी उसके तहत मैंने बेहतर काम किया है। शिवहर की जनता के प्यार के बदौलत हमने अपना यहां कार्यकाल पूरा किया। कार्यक्रम में उपस्थित अंबेडकर विचार मंच के जिला संयोजक नथनी चौधरी मूर्तिकार ने कहा कि जिला कल्याण पदाधिकारी रजनीकांत ओझा के द्वारा काफी काम किया गया है जो जनहित से जुड़ा हुआ था। इनका तबादला पटना हो गया है। जिसमे प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हिमांशु रंजन, संतोष कुमार, अखिलेश कुमार तथा नथुनी चौधरी मूर्तिकार, यादोलाल राम,दिनेश कुमार, किशोरी राम, राकेश राम,मुन्ना भारती,प्रवीण कुमार, सचिन राम,नवल किशोर राम इत्यादि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन दीनबंधु राम तो अध्यक्षता राजेश कुमार राम, विकास मित्र ने किया। सूटकेस व बुके भेंट की गई। माला पहनाकर का सम्मान किया गया।

## पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाला पति व भाभी गिरफ्तार


हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर) भभुआ। जिले के चौनपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में बीते एक विवाहिता की हत्या करने का मामला सामने आया था। मृतका रूकसाना खातून पति नियाज खां थी। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। साथ ही पुलिस ने मृतका के भाई यूपी के चंदौली जिला अंतर्गत मुर्सरत खां द्वारा दर्ज कराई गई पति व भाभी के विरुद्ध प्राथमिकी के आलोक में कार्रवाई शुरू की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने विवाहिता की हत्या में शामिल पति नियाज खां व उसकी भाभी रूबाना खातून पति नौशाद खां को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के क्रम में दोनों ने हत्या में संलिप्तता स्वीकार की। यह जानकारी एसडीपीओ सुनीता कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि पूछताछ में यह बताया गया कि नियाज खां व रूबाना खातून के बीच अवैध संबंध को लेकर दोनों ने मिल कर रूकसाना खातून की हत्या कर दी। नियाज व रूकसाना की शादी



से रूबाना खातून खुश नहीं थी। शादी के बाद नियाज व रूबाना खातून द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। दोनों के द्वारा बाइक की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर प्रताड़ित किया जा रहा था। दोनों ने मिल कर उसकी हत्या की योजना बनाए। इसके बाद बुधवार को करीब तीन बजे रूकसाना खातून सोई थी। इसी दौरान रूबाना खातून ने उसका दोनों पैर दबा दिया और उसका पति नियाज खां दुपट्टा से गला दबा कर हत्या कर दी। बता दें कि रूकसाना खातून की शादी नियाज खां से 20 दिन पूर्व ही हुई थी। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## डा. मधुलता अंतरराष्ट्रीय सिम्पोजियम मंच के लिए बनी जज

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। भभुआ स्थानीय ग्राम भारती महाविद्यालय के रसायन विज्ञान की



विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रो. डा. मधुलता शुक्ला ने महाविद्यालय का मान फिर बढ़ाया है। वह इस ख्याति के साथ अबतक 31 अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित कर जिले में अपने नाम का परचम लहरा चुकी हैं। वह आइआइएसइ आर, आइसर मोहाली, चंडीगढ़ में आयोजित केमिकल रिसर्च सोसायटी आफ इंडिया के जज की भूमिका में रहेंगी। पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में सात से नौ जुलाई तक आयोजित होने वाले अंतर राष्ट्रीय सिम्पोजियम में पोस्टर प्रजेंटेशन का उन्हें जज बनाया गया है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के इस प्रोफेसर को पहली बार इस सोसायटी में यह उपलब्धि मिली है। इस उपलब्धि से जीबी कालेज के शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों में हर्ष देखा जा रहा है। इस उपलब्धि को लेकर लेफ्टिनेंट प्रोफेसर डा. मधुलता शुक्ला मंगलवार की शाम चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गई। इस कार्यक्रम में 80 फीसदी से अधिक अमेरिकी और यूरोपीय वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं।

## फाइलेरिया रोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए है नुकसानदायक

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। चिकित्सा केन्द्रों पर डीईसी की दवा निःशुल्क उपलब्ध फाइलेरिया नामक मर्ज शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदायक है। जो मच्छर के काटने से होता है। जिसके लक्षणों की यदि सही समय पर पहचान नहीं की जा सकी, तो मरीज को हाथीपांव, हाइड्रोसील या अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दर असल अमूमन विकलांगता जन्म से ही होती है। लेकिन



ऐसी कई बीमारियां हैं, जो किसी मनुष्य को विकलांग बना सकती हैं। फाइलेरिया से ग्रसित व्यक्ति दवा के पूरा सेवन कर रोग को नियंत्रित रख सकता है। फाइलेरिया से संक्रमित हो जाने पर लंबे समय तक इलाज चलने और दवा की खुराक पूरी करने पर रोगी सामान्य जीवन जी सकता है। दवाइयों की खुराक पूरी नहीं करने पर, यह रोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदायक है। सभी सरकारी चिकित्सा केन्द्रों पर डीईसी दवा निःशुल्क उपलब्ध है।

# भोगनीपुर में अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन के एक्शन बुलडोजर देखकर ही सामान हटाने लगे दुकानदार

कानपुर देहात। कानपुर देहात के भोगनीपुर तहसील स्थित पुखरायां कस्बे में नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की तरफ से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया. इस दौरान प्रशासन ने पालिका और पुलिस प्रशासन ने मिलकर पुखरायां के किसान सेवा आश्रम से लेकर पटेल चौक तक अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया. बुलडोजर देख तमाम दुकानदारों ने सड़क किनारे लगे



बुलडोजर के जरिए सड़कों के किनारे लगे अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया।

पुखरायां कस्बे में नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की तरफ से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया. इस दौरान प्रशासन ने सड़कों के किनारे लगे अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया. कार्रवाई के दौरान एसडीएम अजय राय, सीओ तनु उपाध्यय और पुखरायां नगर पालिका ईओ अजय कुमार मौके पर मौजूद रहे।

प्रशासन का एक्शन

बता दें कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में नगर अवैध तंबू और अपना सामान खुद ही हटाने लगे. जिन लोगों ने इसका विरोध किया प्रशासन की तरफ से उन पर कार्रवाई की गई।

नगर पालिका ईओ अजय कुमार ने बताया कि यातायात माह के चलते अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया. बुलडोजर के जरिए सड़क के दोनों तरफ फैले अवैध अतिक्रमण हटाया गया. इसके साथ ही उन्हें हिदायत दी गई है कि आगे से वह सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण न करें. ऐसा करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि बीते कुछ दिनों से यहां पर अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन लगातार एक्शन ले रहा है।

# हिन्दू-मुस्लिम त्योहारों को देखते हुए डीएम ने जारी किये दिशानिर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन) जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने आदेशित किया कि 10 जुलाई को ईद–उल–जुहा (बकरीद) का त्यौहार, 31 जुलाई से 09 अगस्त तक मुहर्रम का त्यौहार एवं 14 जुलाई से श्रावण मास प्रारम्भ होने जा रहा है। साथ ही 11 अगस्त को रक्षाबंधन एवं 12 अगस्त को कजली मेला का त्यौहार है। इस प्रकार सम्प्रति माह एवं आगामी माह में हिन्दु एवं मुस्लिम दोनों समुदायों के महत्वपूर्ण त्यौहार जो अपनी–अपनी रीति–रिवाज से मनाये जाएँगे। उक्त समस्त त्यौहार सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने हेतु 06 जुलाई मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निम्न निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि चन्द्र दर्शन के अनुसार ई–उल–जुहा (बकरीद) का पर्व मुस्लिम समुदाय (सिया एवं सुन्नी) द्वारा 10 जुलाई को मनाया जाएगा। जनपद की ईदगाहों एवं मस्जिदों में प्रातः 7रू00 बजे से 10रू30 बजे के मध्य मुस्लिम समुदाय द्वारा ई–उल–जुहा की नमाज अदा की जाएगी। नगरीय क्षेत्रों की कुछ मस्जिदों ६ ईदगाहों में जगह कम होने के कारण मस्जिद परिसर या सड़क पर उक्त त्यौहार पर सामूहिक रूप से नमाज अदा की जाती है, वहाँ पर संबंधित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सड़क एवं परिसर में सफाई सुनिश्चत करा देगें। ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों के परिसर में संबंधित ग्राम पंचायत सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चत करायेगें। ईद–उल–जुहा के त्यौहार के दौरान मुस्लिम समुदाय द्वारा सामूहिक रूप से कुर्बानी दी जाती है। सामुहिक कुर्बानी हेतु उरई, जालौन, कोंच एवं कालपी में पूर्व से स्थान नियत है। अतः इन नियत स्थानों के अतिरिक्त अन्य स्थान पर सामूहिक कुर्बानी हेतु कोई अनुमति प्रदान न की जाए। साथ ही कुर्बानी के दौरान अनुप्रयुक्त मलवा का निस्तारण उपयुक्त स्थान पर कराया जाना सुनिश्चत किया जाय ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। अधिशासी अभियंता, जल संस्थान एवं जल निगम मस्जिदों, ईदगाहों पर ईद–उल जुहा के त्यौहार पर पेयजल आपूर्ति बनाये रखना सुनिश्चत करेगें, जिन मस्जिदों पर पाइप पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं है, ऐसी मस्जिदों पर पेयजल टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करायेगें। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, द्वितीय उक्त त्यौहारों के दौरान विद्युत आपूर्ति बनाये रखना सुनिश्चत करेगें। 14 जुलाई से श्रावण मास प्रारम्भ होने जा रहा है और श्रावण मास में समीपवर्ती जनपदों ६ जनपद से हिन्दू समुदाय के व्यक्ति कांवड लेकर लोधेश्वर मन्दिर जनपद बाराबंकी स्थित शिवालय पर पूजा–अर्चना करने जाते हैं। अतः इन श्रद्धालुओं को जनपद की सीमा से गुजरने के दौरान पूर्ण सुरक्षा प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाय। हिन्दू समुदाय के व्यक्तियों परिवारों द्वारा प्रतिदिन श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को सुबह शाम शिवालयों, शिव मन्दिरों पर पूजा–अर्चना की जाती है। अतः नगरीय क्षेत्र के शिवालयों में संबंधित अधिशासी अधिकारी प्रतिदिन सुबह–शाम सफाई व्यवस्था सुनिश्चत करायेगें तथा ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों पर संबंधित ग्राम पंचायत सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। 11 जुलाई को रक्षाबंधन एवं 12 जुलाई को कजली मेला का त्यौहार है। इस त्यौहार पर हिन्दु समुदाय की महिलाएँ, बच्चे सामूहिक रूप से कजली का कलश लेकर एक जुलूस के रूप में ग्राम के बड़े तालाब, नदी घाट पर जाते हैं और यहाँ पर इन महिलाओं द्वारा कजली का प्रवाह किया जाता है। इस दौरान अत्यधिक भीड़ होने की सम्भावना बनी रहती है। अतः इन त्यौहारों के अवसर पर संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, संबंधित प्रभारी निरीक्षक शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के साथ–साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखेगें। साथ ही संबंधित अधिशासी अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्राम नगर के तालाब एवं नदी घाट पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायेगें। 31 जुलाई से 09 अगस्त तक मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों द्वारा मुहर्रम का त्यौहार मनाया जाएगा। इस त्यौहार पर मुस्लिम समुदाय द्वारा पूर्व से चिन्हित स्थलों, मार्गों से ताजिया निकाले जाते हैं। संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी यह सुनिश्चत कर लें कि ताजिया निकाले जाने वाले मार्ग क्षतिग्रस्त न हों और ताजिया निकाले जाने के दौरान कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। ताजिया निकाले जाने वाले रास्तों का पूर्व से निरीक्षण कर लें और यदि इन स्थानों पर विद्युत तार ढीले पाये जाते हैं तो संबंधित अधिशासी अभियंता विद्युत से समन्वय स्थापित कर विद्युत तार ठीक कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। संबंधित अधिशासी अधिकारी नगरीय क्षेत्र में तथा संबंधित खण्ड विकास अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में सफाई व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था का अनुश्रवण करना सुनिश्चत करेगें। नगर मजिस्ट्रेट उरई, उरई नगर में एवं संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी अपने–अपने परगना क्षेत्र उक्त समस्त त्यौहारों के दौरान शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेगें तथा त्यौहार के दौरान श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधायें मुहैया कराये जाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाये रखेंगें। उक्त त्यौहारों के दौरान शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि. एवं रा.) समग्र रूप से उत्तरदायी होगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ शासन की शीर्ष प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की समीक्षा बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स अभिमन्यु शुक्ला जिला ब्यूरो औरैया

आज 08 जुलाई 2022 – जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की शीर्ष प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में सर्वप्रथम अमृत महोत्सव को लेकर जिलाधिकारी महोदय ने ष्हर घर तिरंगाष कार्यक्रम के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सार्वजनिक, निजी स्थानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संगठनों व संस्थानों, ग्राम पंचायतों व दुकानों साहित कई स्थलों पर तिरंगा फहराया जाएगा।

बैठक में समस्त विभागों से जुड़ी योजनाओं की प्रगति के बारे में समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी आयुष्मान भारत, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, एन0एच0एम0 जैसी अनेक योजनाओं पर अब तक हुये कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने चिकित्सकों की उपलब्धता, अल्ट्रासाउन्ड मशीन, समस्त आर0बी0एस0ए0 टीम के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की तथा जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अर्चना श्रीवास्तव को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने व जनपद में हो रहे कोविड टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आशा, ए0एन0एम0, के माध्यम से शत प्रतिशत टारगेट पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की साफ–सफाई सहित समस्त सुविधाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिए।

बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना में सुधार, पेयजल की व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, खाद्य रसद, राज्य औद्योगिक मिशन, शादी अनुदान, पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, आंगनबाड़ियों का कार्य, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, सामुदायिक शौचालय, पंचायतभवन, स्वच्छ भारत मिशन, उद्योगबन्धु, पोषाहार का वितरण, कौशल विकास मिशन आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्थानीय स्तर पर विद्युत कनेक्शन एवं अन्य कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गये कि जितने भी गौआश्रय स्थल हैं, उनमें मवेशियों को भूसा चारा पानी आदि की किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा पशुओं के लिए पानी, शेड आदि व्यवस्थित रहे। उन्होंने कहा एक भी पशु आवारा नहीं घूमना चाहिए सभी को गौ संरक्षण केंद्रों में संरक्षित किया जाए।

आपरेशन कायाकल्प योजना के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आच्छादित योजनाओं को तत्काल पूरा करने, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्य मंत्री आवास योजना तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति, आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आधार सीडिंग एवं खाद्यान्न वितरण के बारे में जानकारी ली गयी। समाज कल्याण, अल्पसंख्यक, पिछड़ावर्ग, प्रोबेशन विभाग द्वारा चलायी जा रही छात्रवृति, पेंशन, कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये।

जिलाधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपनी–अपनी विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्ष को योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण के बाद पौधों की जियो टैगिंग भी कराएं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक हरेंद्र सिंह, वनाधिकारी वी के सिंह, जिला विकास अधिकारी करुणापति मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशे से ग्रसित लोगों को नशा से मुक्तिदिलाने हेतु एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था तत्पर

दैनिक अयोध्या टाइम्स हल्द्वानी

उत्तराखंड। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार नेतृत्व में संस्था के माध्यम से नशे से ग्रसित लोगों को नशा से मुक्ति दिलाने के लिए हल्द्वा नी में नशा मुक्ति पुनर्वास केन्द्र एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण केन्द्र का यथाशीघ्र निर्माण कराकर नशे से ग्रसित लोगों को निशुल्क नशा मुक्त इलाज एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण देने के लिए संस्था पदाधिकारियों नें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन दिया

इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार ने संयुक्त रूप से कहा की संस्था के द्वारा विगत कई वर्षों से नैनीताल जिला हल्द्वानी में नशा मुक्ति पुनर्वास केन्द्र के अंतर्गत नशा मुक्ति पुनर्वास केन्द्र एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण कराने के लिए लगातार माँग की जा रही है जिसे उत्तराखंड सरकार ने पूर्व कैबिनेट के द्वारा स्वीकृति भी दे चुकी है लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी आज तक नशा मुक्ति पुनर्वास केन्द्र से संबंधित कोई कार्य नहीं किया गया है इसलिए आज संस्था ने पुनः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र देकर यह माँग कि है कि हल्द्वानी में नशा मुक्त पुनर्वास केन्द्र एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण केन्द्र का यथाशीघ्र निर्माण कराकर नशे से ग्रसित लोगों को नियमित रूप से निशुल्क नशा मुक्त इलाज एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण देकर नशे से ग्रसित व्यक्तियों के जीवन को अंधकार में जाने से बचाया जा सके क्योंकि नशे से ग्रसित व्यक्तियों को नशा मुक्ति



पुनर्वास केन्द्र में नशा मुक्त इलाज एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण की संपूर्ण सुविधाएं निशुल्क प्राप्त होने से नशे से ग्रसित लोगों को नशा छोड़ने में बहुत आसानी होगी और फिर वही व्यक्ति लोगों में नशा मुक्त परिवर्तन से समाज को नई सीख दे सकता है इस दौरान ज्ञापन देने में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू सचिव नन्दकिशोर आर्या कोषाध्यक्ष बलराम हालदार मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार रितिक साहू पूजा लटवाल संदीप यादव अमन कुमार नीलेश गुप्ता गोविन्द मिस्त्री अशोक कुमार सूरज मिस्त्री सुशील राय दीपक प्रजापति मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे सड़क पर नशे के विरुद्ध साइकिल यात्रा निकाल लोगों को किया जागरूक

एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब वर्ष 2000 से जुटे हैं नशा मुक्त हरियाणा के पथ पर

9050891508 दें नशे के कारोबारियों की सुचना– उन्हें सलाखों के पीछे हम पहुंचाएंगे– एनसीबी

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख एवं अंबाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और प्रयास संगठन के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशा–निर्देशों और मार्गदर्शन में राजकीय उच्च विद्यालय कुरुक्षेत्र में एक दिवसीय 126वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर साइकिल यात्रा निकाल लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रयास से जुड़े सेवानिवृत उप निरीक्षक एवं उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने इस अभियान में भाग लिया. विद्यालय के मुख्याध्यापक बलबीर सिंह, शिक्षिका राज दुलारी, बबिता रानी, सुषमा और कुलदीप के सहयोग से यह जागरूकता कार्यक्रम आरम्भ हुआ. ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशे को समाप्त करने के लिए जनसहयोग की आवश्यकता है. यही कारण है कि हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं और नागरिकों को इस जन



आंदोलन के अभियान में प्रयास संगठन में जोड़ा जा रहा है. जाधव साहब वर्ष 2000 से दिन रात इस अभियान में जुटे हुए हैं और प्रतिदिन नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो हरियाणा के प्रत्येक क्षेत्र में अपराधियों को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेज रही है. नशे पर चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि चरस, अफीम, गांजा, चुरा पोस्त, चिट्टा और नशे की गोलियां आदि मानव के लिए नहीं बनी है क्योंकि इनके सेवन से मानव का मस्तिष्क निष्क्रिय होने के साथ मानव शीघ्र मृत्यु को प्राप्त हो जाता है. कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक साथ जीवन में नशा न करने का वचन दिया और मुख्याध्यापक बलबीर सिंह ने नसे के विरुद्ध साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किया. डॉ. वर्मा और कर्म चंद के नेतृत्व में यह साइकिल यात्रा नारे लगा रही थी– नशा एक बुराई है जीवन की सच्चाई है. हम सभी ने ठाना है भारत को नशा मुक्त बनाना है।

# एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

करनाल में प्रयास और एनसीबी द्वारा एक दिवसीय नशे के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित

करनाल. हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख, अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं प्रयास संगठन के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्योंत में एक दिवसीय 59वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया. विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आरम्भ हुआ. प्रयास संगठन से जुड़े भारतीय रेड क्रॉस सचिव कुलबीर सिंह मलिक मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे जबकि ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक मुख्य वक्ता थे. प्रयास करनाल के पदाधिकारी एवं भारतीय रेड क्रॉस सचिव कुलबीर सिंह मलिक ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले दारु की बड़ी बोतल आती है जो आज छोटी हो गई है अर्थात आज अनेक युवा एक ही सिरिंज का प्रयोग करते हुए नशे को अपनी नाड़ियों में लगाकर अनेक आपदाओं को आमंत्रित कर रहे हैं. उन्होंने आईडीयू अर्थात इंजेक्टिव ड्रग यूजर्स पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया. ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक




कुमार वर्मा ने कहा कि नशे को समूल नष्ट करने के लिए एक जन आंदोलन खड़ा करने की आवश्यकता है. उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि इस नंबर पर सुचना देने के पश्चात आप निश्चिंत हो जाएँ शेष कार्य एनसीबी हरियाणा पर छोड़ दें. नशे से पीड़ित व्यक्ति भी म्पर्क कर सकता है. कार्यक्रम के अंत में एक पौधा प्रयास के नाम से रोपित किया गया. इस अवसर पर ब्यूरो के उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार, शिक्षक जगदीश नैन, गौरव दहिया, सुभाष चंद्र, ललित कुमार, राज कुमार, कविता, सोनिया, संदीप, रमनदीप, गुरपवण आदि उपस्थित रहे।

# विद्यापीठ के डा. उत्तम प्रकाश शर्मा व डा. चंद्रेश कुमार छतलानी सम्मानित

बेस्ट हेड ऑफ द डिपार्टमेंट ऑफ द इयर व बेस्ट असिस्टेंट प्रोफेसर ऑफ द इयर (आईटी) के सम्मान किए प्राप्त

उदयपुर।जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के डॉ. उत्तम प्रकाश शर्मा व डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी को यूनिवर्सिटी मलेशिया केलंतन, मलेशिया और डीएचएस फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में क्रमशः बेस्ट हेड ऑफ द डिपार्टमेंट ऑफ द इयर व बेस्ट असिस्टेंट प्रोफेसर ऑफ द इयर (आईटी) के पेर्फिशियो सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा में नवीन पद्धतियों और नवाचारों का अन्वेषण कर उनके संवर्धन में अनुपम अवदान हेतु प्रदान किया गया।

कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने डॉ. छतलानी व डॉ. शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान गर्व का विषय हैं। अकादमिक सम्मानों से विश्वविद्यालय भी समृद्ध हो रहा है। ज्ञातव्य हो कि राजस्थान विद्यापीठ में कई उच्च कोटि के शोध कार्य हुए हैं। भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गयी योजनाओं यथा कौशल विकास परियोजना, उन्नत भारत अभियान, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया एवं स्वच्छता अभियान के साथ भी यह विश्वविद्यालय सक्रिय रूप से जुड़ा है। विद्यापीठ द्वारा कोविड महामारी के समय में किए गए कार्य भी





उल्लेखनीय हैं। इस आपदा काल में विद्यापीठ द्वारा कुशल ऑनलाइन शिक्षण, वेबिनार्स व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि कई कार्य किए गए।

# संक्षिप्त समाचार

## रामायण कल्चरल मैपिंग के अन्तर्गत शुरू हुआ कानपुर और आसपास के रामलीला कलाकारों का अभिलेखीकरण

माती, कानपुर देहात । अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा रामायण कल्चरल मैपिंग के अन्तर्गत रामलीला कलाकारों/लोक कलाकारों की खोज एवं अभिलेखीकरण का कार्य कराया जा रहा है । इस हेतु कानपुर और आसपास के रामलीला कलाकारों की सूची बननी प्रारम्भ हो गयी है ।

जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन ने प्रेस रिलीज जारी करके बताया कि अयोध्या शोध संस्थान द्वारा प्रेषित जिलाधिकारी को सम्बोधित् पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि जनपद कानपुर देहात एवं नगर के रामलीला कलाकारों के अभिलेखीकरण हेतु स्वतन्त्र पत्रकार एवं लक्ष्मण अभिनेता डॉ.दीपकुमार शुक्ल (मो. न. 8299418890) को अनुबन्धित किया गया है ।अतः जनपद के पूर्व एवं वर्तमान रामलीला कलाकारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह डॉ.दीप कुमार शुक्ल से 15 जुलाई तक सम्पर्क करके अपना वास्तविक नाम एवं मोबाइल नम्बर उपलब्ध करवा दें । ताकि उनका नाम सूची में सम्मिलित करके अयोध्या शोध संस्थान, संस्कृति विभाग भेजा जा सकेस इस सन्दर्भ में डॉ.शुक्ला ने बताया कि वह वर्ष 2016 से अयोध्या शोध संस्थान के सहयोग से कानपुर की रामलीला पर बृह्द शोध कर रहे हैंस इस हेतु उनके द्वारा 250 से अधिक आयोजन समितियों तथा 800 से भी अधिक कलाकारों का साक्षात्कार लिया गया हैस इसके बावजूद अभी अनेक पूर्व एं वर्तमान कलाकार ऐसे हैं, जिनसे सम्पर्क नहीं हो पाया है। वहीं कुछ लोगों के मोबाइल नम्बर बदल गये हैं ।इस सूचना से ऐसे लोगों से भी सम्पर्क स्थापित हो जायेगा और उनका सही नाम और मोबाइल नम्बर सूचीबद्ध करने में आसानी हो जायेगी स उन्होंने यह भी बताया कि रामलीला विश्व स्तरीय लोकनाट्य है। भारत के अतिरिक्त नेपाल, श्री लंका, थाईलैंड, रूस, ट्रिनिडाडा एंड टोबैको, सूरीनाम, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया तथा जापान आदि कई देशों में रामलीला के मंचन होते हैं ।परन्तु कानपुर की रामलीला विशिष्ट संवाद शैली के कारण अपना अलग स्थान रखती है स इस शैली के कलाकार न केवल जनपद कानपुर नगर एं देहात में निवास करते हैं बल्कि औरैया, इटावा, जालौन, महोबा, बाँदा, हमीरपुर, फतेहपुर, उन्नाव और कन्नौज जनपद में भी हैं। इनमें से अधिकांश कानपुर में अस्थाई या स्थाई निवास बनाकर रह रहे हैं। अतः ऐसे सभी कलाकारों को सूचीबद्ध किया जाना आवश्यक है जो कानपुर की रामलीला के प्रचार प्रसार में योगदान दे रहे हैं ।

## झोलाछाप डाक्टरों से लोग आए दिन पीड़ित रहते हैं लोगों से मोटी रकम खींचने के बाद भी नहीं मिलता आराम

दैनिक अयोध्या टाइम अमित कुमार द्विवेदी की रिपोर्ट रसूलाबाद

ऐसा ही मामला वार्ड नंबर 2 गांधीनगर निवासी कमलेश ने बताया कि उनकी पुत्री साक्षी को सांस लेने में दिक्कत थी जिसको वह बेला रोड पर स्थित चांद सी क्लिनिक पर ले गए कई बार ले जाने के बाद में थोड़ा–थोड़ा कर बिल बढ़ता ही जा रहा था जिसके बाद आराम ना मिलने पर वह रसूलाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां डॉक्टरों ने पूछा तो उन्होंने बताया कि प्राइवेट डॉक्टर से इलाज कराते रहें जिसके कारण हालत इस कदर खराब हो गई वहीं डॉक्टरों ने समझाया कि आपके संदाय स्वास्थ्य केंद्र में सारी सुविधाएं हैं होने के बावजूद आप लोग बाहरी प्राइवेट क्लीनिक पर इस कदर क्यों लूटते रहे वही कमलेश ने बताया कि वह एक मजदूर व्यक्ति है जिसको जानकारी ना होने पर वह झोलाछाप डॉक्टर के झांसे में आ गया और अपनी बेटी की हालत इस कदर कर ली।

## शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने समन्वय से काम करने का बीएसए को दिया भरोसा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ औरैया के पदाधिकारियों ने नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनका जनपद में स्वागत किया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संगठन के पदाधिकारियों का



परिचय प्राप्त किया और विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन के लिए सहयोग एवं समन्वय का आश्वासन दिया।

शुक्रवार को जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश चतुर्वेदी और जिला मंत्री हरिवंश राजपूत के नेतृत्व में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने नवागंतुक बीएसए विपिन कुमार को बुके भेंट कर बेसिक शिक्षा को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए यथासंभव सहयोग देने की बात कही। जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने आज नवनियुक्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विपिन कुमार अवस्थी, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, नवीन चतुर्वेदी, जसवीर राजपूत, संतोष राजपूत, मनोज कुमार पांडे, प्रमोद कुमार, लोकेश शुक्ला, अनिरुद्ध तिवारी, शिवराज सिंह यादव, श्यामसुंदर, अरुण दीक्षित, मोहम्मद जावेद, गणेश कुमार, मनोज, दिनेश चतुर्वेदी, अनुपम मिश्र, मेहताब सिंह, यश प्रताप सिंह, आशीष, अखिलेश मिश्रा, सत्यम दुबे, अतुल मिश्रा, सुभाष रंजन दुबे, अमरीश बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे।



आज कानपुर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित "सम्मान समारोह" में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ ।बार के अध्यक्ष श्री नरेश चंद्र त्रिपाठी एवं कार्यक्रम आयोजक अंजू सिंह जी को सादर धन्यवाद

## ईद उल अजहा को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक, थाना प्रभारी सहित क्षेत्र के गणमान्यो ने लिया हिस्सा

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़। बृहस्पतिवार शाम स्थानीय थाना महराजगंज में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ईद उल अजहा के



अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गयी द्य थाना प्रभारी के. के.वर्मा ने क्षेत्र के गणमान्यो और मुस्लिम समाज से उनके क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना और किसी प्रकार का कोई समस्या ना हो इस पर भी चर्चा की द्य इस बैठक मे सभी लोगो से आगामी 10 तारीख को मनाये जाने वाले त्यौहार के अवसर पर नमाज स्थल और कुर्बानी स्थल से सम्बन्धित जानकारी ली और नमाज और कुर्बानी के समय का संज्ञान लेने के साथ साथ कुर्बानी से सम्बंधित जानवरों के बारे में लोगों से जानकारी ली द्य उन्होंने बैठक मे उपस्थित सभी लोगों से प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार के अवसर पर वे किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने दें और यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें द्यउन्होंने सभी से संयम बरतने की अपील करते हुए पुलिस को जनता के हितार्थ बताया और हर संभव मदद का भरोसा दिया।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रधान सहित नगर पंचायत महराजगंज के पूर्व अध्यक्ष सीताराम कांदू, ई ओ गुंजन कुमार,वरिष्ठ लिपिक मनोज कुमार सिंह और कस्बे के मुस्लिम संप्रदाय के गणमान्य भी उपस्थित रहे।

## भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता अमरजीत यादव समाज सेवा में रहते हैं आगे

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़



आजमगढ़ जनपद के गोपालपुर विधानसभा के देवारांचल क्षेत्र के निवासी आन बान शान अमरजीत यादव ने जिसका जिसका साथ दिया उसकी विजय अवश्य हुई लोगों का कहना है कि अमरजीत यादव गरीबों के मसीहा है वह हमेशा दीन दुखियों की मदद में लगे रहते हैं अमरजीत यादव बहुत ही कर्मठ ईमानदार छवि वाले व्यक्ति हैं। वह जिसका जिसका साथ देते हैं उसका भाग्य बदल देते हैं कई परिणाम आपके सामने हैं उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो आजमगढ़ जनपद के महाराजगंज ब्लॉक प्रमुख पर सपा हमेशा से काबीज रही है लेकिन भाजपा से प्रत्याशी बनकर उतरी श्रीमती सुनीता देवी पत्नी पारसनाथ यादव का चुनाव में तन मन धन से पूरा योगदान देकर सपा के गढ़ को ब्लॉक स्तर से सपा को झटका देते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाई।अबकी बार सदर लोकसभा उपचुनाव में भी उन्होंने भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ का भरपूर सहयोग करते हुए प्रचार प्रसार किया और भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने में अहम योगदान अदा किया। वैसे अमरजीत यादव हमेशा से गरीबों की मदद करते चले आ रहे हैं वर्तमान में उनके भाई रामजीत यादव अराजी देवरा बैरिया हाथियागढ़ के प्रधान है इनका पूरा परिवार सदैव सेवा भाव में तत्पर रहता है जब देवाराचंल में बाढ़ आती है तो अमरजीत यादव अपना घर परिवार सब कुछ त्याग कर पुरे देवारांचल की मदद में जुट जाते हैं।

## जनपद औरैया में जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। जुमा की नमाज को लेकर जनपद में पुलिस प्रशासन अलर्ट मूड में रहा। मस्जिदों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल मुस्तैदी से डटा रहा। धर्मगुरूओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा प्रमुख भीड़–भाड़ वाले स्थानोंध्चौराहों पर आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहृर्द बनाए रखने के लिए व



अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी। ड्यूटी में लगे अधि0ध्कर्मचारीगणों द्वारा सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करते हुए नमाज को सकुशल संपन्न कराया गया। पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते जनपद में कहीं भी किसी प्रकार की घटना घटित नहीं हुई। औरैया के साथ ही कस्बा दिबियापुर , बेला , बिधूना, एरवाकटरा , अछल्दा, फफूँद, अजीतमल , बाबरपुर,मुरादगंज व अयाना आदि में शांतिपूर्ण नमाज अदा होने के समाचार प्राप्त हुए हैं।

इसके अलावा शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए विभिन्न कस्बों के चौराहा–तिराहा एवं पुलिस पिकेट आदि पर पुलिस बल निगरानी करता रहा।

शुक्रवार 08 जुलाई 2022 को पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम के निर्देशन में जनपद औरैया के समस्त क्षेत्राधिकारीध्थाना प्रभारीध्थानाध्यक्ष द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जुमा की नमाज के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना क्षेत्र के सभी ईदगाहों पर

## सांसद ने प्राथमिक विद्यालय में किया कदम के पौधे का रोपण

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स



दिबियापुर,औरैया। लोकसभा इटावा के सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने ष्सरकार आपके द्वारष्जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत देवराव में पौधारोपण किया। मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे सांसद डॉ राम शंकर कठेरिया ने बोलते हुए कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा मिलकर आम जन मानस को मुफ्त में एक माह में दो बार राशन दिया जा रहा है। उन्होंने बिजली व्यवस्था, स्वास्थ्य, विकास विभाग, एवं पुलिस विभाग, की बारी– बारी से समीक्षा की , साथ ही कृषि विभाग के तकनीकी सहायक एके सिंह से कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। तकनीकी सहायक ने बताया कि इस इस समय किसान सम्मान निधी का शोसल ऑडिट चल रहा है इसके तहत मृतक, पेंशनर, सर्विस, पति–पत्नी, को बाहर किया जायेगा। इसके बाद उनके वारिस को पंजीकृत कराकर योजना का लाभ दिलाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत मे सांसद ने प्राइमरी स्कूल में कदम के पौधे का वृक्ष रोपित किया।कार्यक्रम में ब्लॉक अछल्दा के ब्लॉक प्रमुख शरद राणा ने प्राइमरी स्कूल की बाउंड्रीवाल बनवाने की घोषणा की।कार्यक्रम का समापन जिले के प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने किया। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सचिन पाल ,दिलीप शाक्य,रोजगार सेवक नसीम,लेखपाल धीरेन्द्र कुमार , ग्राम पंचायत अधिकारी राजीव,प्रधान प्रतिनिध प्रवीन शाक्य, राम कुमार शाक्य, रवि शाक्य, सरनाम सिंह शाक्य, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, स्वास्थ्य, पुलिस विभाग आदि बिभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## राजनैतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक बने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय गुप्ता

मद्धेशिया वैश्य समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष बने मनोज मद्धेशिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स







देवरिया,भटनी। अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष बेल्थरा रोड के चेयरमैन दिनेश गुप्ता ने देवरिया जिले के भलुअनी निवासी मनोज कुमार मद्धेशिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त कर संगठन को नयी दिशा देने हेतु निर्देशित किया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने राजनैतिक प्रकोष्ठ का गठन करते हुए रूद्रपुर के पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ सपा नेता सुबाष चंद मद्धेशिया को प्रदेश सहसंयोजक एवं भटनी नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन विजय कुमार गुप्ता को प्रदेश सहसंयोजक बनाकर समाज को संगठित कर राजनैतिक दिशा देने के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया है। देवरिया जनपद के मद्धेशिया समाज के संरक्षक उमाशंकर गुप्ता को प्रदेश सलाहकार पद पर नियुक्त कर जिले को पूरे प्रदेश में सम्मान जनक स्थान देने का कार्य किया है। सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए भटनी नगर के मद्धेशिया समाज के नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता, सभासद रतन गुप्ता, मंटू मद्धेशिया, पत्रकार राकेश मद्धेशिया सहित अन्य लोगो ने बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## चेतना सेवा समिति के तत्वावधान में 31वाँ सर्वजातीय सामूहिक विवाह संपन्न

दै, अयोध्या टाइम ब्यूरो

आगरा। माथुर वैश्य महा सभा भवन, पचकुइयाँ, आगरा पर आयोजित किया गया जिसमें 7–जोडे आगरा शहर के थे तथा तीन जोड़े मैनपुरी, इटावा, कानपुर के बाद में उपस्थित हुए तो उनकी शादी भी करा दी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत अशोक गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष माथुर वैश्य महा सभा, चेतना सेवा समिति अध्यक्ष सत्य प्रकाश जैसवाल, सुनील महामंत्री जी माथुर वैश्य महा सभा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी।श्रीमती अनामिका मिश्रा ने सभी जोड़ो का जय माला कार्यक्रम सुचारु रूप से मंत्रोचार एवं संगीतमय तरीके से सम्पन्न कराया। अन्य गणमान्य जन श्री उमेश, भूपेन्द्र परिहार जी, मुकेश पाल, नीरज गुप्ता, इंजी0 आर के गुप्ता, रवीन्द्र वर्मा, गोपी चन्द, अनीता वर्मा, अनामिका मिश्रा ने जोड़ों को सुभाषीश प्रदान किया। सभी जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार , सप्तपदी, पण्डित गणों द्वारा सम्पन्न कराया गया।



दोनों पक्षों को स्वादिष्ट भोजन कराया गया तथा विदाई की रस्म पूरी की गयी। समारोह धूमधाम से शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुआ। अन्त में अध्यक्ष श्री सत्य प्रकाश जैसवाल जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान दिन 11 जुलाई को संजय प्लेस कार्यालय से वितरित किया जायेगा।

## 'मुख्य विकास अधिकारी ने विभाग वार विकास कार्यो की समीक्षा, दिए निर्देश' 'प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लक्ष्यों को करें शीघ्र पूर्ण'

'अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य की प्रगति में लाए सुधार, अन्यथा की जाएगी कार्यवाहीरू–मुख्य विकास अधिकारी'

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात 8 जुलाई 2022

मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में विभागबार विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में ग्राम्य विकास विभाग, जिला पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, जिला पंचायत विभाग, पीएमजीएसवाई विभाग, सहकारिता विभाग आदि विभागों की समीक्षा की गई, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा के कार्य, अमृत सरोवर, सामुदायिक शौचालय, जल शक्ति मिशन के अंतर्गत हर घर टोटी से जल योजना आदि बिंदुओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जो लक्ष्य दिए गए हैं। उन्हें प्रत्येक दशा में पूर्ण करें तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए, वहीं उन्होंने अमृत सरोवर तालाब के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि अमृत सरोवर तालाब के निर्माण कार्य में जहां धीमी गति है उसमें तेजी से प्रगति लाएं 15 अगस्त तक प्रत्येक दशा में ज्यादा से ज्यादा अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए, अमृत सरोवर तालाबो के निकट अमृत वाटिका का भी निर्माण कराया जाए, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को इसकी देखरेख हेतु रखा जाए, उन्होंने कहा कि महिला मेटो का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा गरीब परिवारों को चिन्हित किया जाए, वहीं उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की विस्तार से जानकारी ली, इसमें किसी कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि इस योजना में लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य किया जा रहा है इसकी ऊपर लेवल से भी मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे कि कोई डाटा गलत ना होने पाए, बैठक में पीएमजेएसवाई विभाग के अधिकारी द्वारा कोई भी जानकारी सही प्रकार से जानकारी उपलब्ध न कराए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा निर्देशित किया की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।

वही बैठक में उद्यान विभाग के प्रभारी बैठक में उपस्थित होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने एवं एक दिन का वेतन रोकने के सख्त निर्देश दिए हैं, बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर डीसी मनरेगा हरिचंद, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी डॉ उमेश गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण आदि उपस्थित रहे।

## हिमांशु गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक व्यक्तिएक पेड़ की शपथ दिलाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की सहभागिता के अंतर्गत सात दिवसीय स्पेयरहेड आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक वानिकी निदेशक रामानुज त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कानपुर के जिला परियोजना अधिकारी शशांक शुक्ला जी एवं पूर्व जिला युवा अधिकारी शमीम बेगम द्वारा दीप प्रज्वलित कर शील्ड देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रथम सत्र के दौरान रामानुज त्रिपाठी द्वारा वनों के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा सभी स्पेयरहेड सदस्यों को पर्यावरण मित्र की सदस्यता दिलाई गई। और पूर्व जिला युवा अधिकारी एवम् कानपुर जिला परियोजना अधिकारी ने सभी प्रशिक्षु को नमामि गंगे फाइल किट का वितरण किया गया।

जिला परियोजना अधिकारी ज्ञान प्रकाश जी द्वारा गंगा को स्वच्छ व अविरल बनाने के लिए लोगों को कैसे जागरूक किया जाए विषय पर प्रकाश डाला गया साथी गंगा का हमारे जीवन में आर्थिक महत्व क्या है इसे भी सरल रूप से बताया। जिला प्रशिक्षक हिमांशु गुप्त द्वारा गंगा को साफ करने के लिए युवाओं की सहभागिता कितनी जरूरी है और क्यों जरूरी है विषय को बताया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए श्एक व्यक्ति एक पेड़श की



शपथ दिलाई। और इस मुहिम को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया। द्वितीय सत्र के दौरान राज्य प्रशिक्षक मनोज कुमार शर्मा जी द्वारा सोशल मीडिया एवं संचार पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसे सभी प्रशिक्षु अपने नोटबुक में नोट करते गए और बड़े ही एकाग्रता के साथ सभी विषयों को सुनकर उसके विषय में प्रश्न पूछे। इस अवसर पर सुशील बाजपेई , माया, ननकी, बबलू, रिचा, श्वेता, सुमित, जयप्रकाश, रुद्रा, उदय प्रताप सिंह, रंजीत, कामती, शैलेंद्र, आयुष, रोहित, शिव आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में निर्माणधीन परियोजनाओ विकास कार्यो समीक्षा बैठक संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 50 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माणधीन परियोजनाओ(विकास कार्यो) की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि शासन मंशा के अनुरूप विकासपरक, लाभार्थीपरक, जन कल्याणकारी निर्माणधीन परियोजनाओ को चरणबद्ध तरीके से सभी मानको को पूरा करते हुए पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किया जाय। विभागों के निर्माण कार्य को कार्यदायी संस्थाऐ पूरी जिम्मेदारी के साथ हर हाल में पूर्व लक्षित परियोजनाओ को गुणवत्तापूर्ण पूरा कराना सुनिश्चित करें, निमार्ण कार्य मे शिथिलता/ लापरवाही क्षम्य नही होगी।



रुपये 50 लाख रुपये अधिक लागत की जनपद में निर्माणधीन परियोजनाओ की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग का कार्य करने में सम्बन्धित विभाग की वजह से कार्य बाधित हो रहा हों, तो आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को पूरा किया जाय। परियोजना निर्माण की सत्यापन रिपोर्ट सम्बंधित विभाग व कार्यदायी संस्था आपस मे समन्वय बनाकर कार्य पूरा करा लें जिससे निर्माण कार्य समय से पूर्ण हो सके, कार्य मे शिथिलता क्षम्य नही होगी। सत्यापन रिपोर्ट की एक प्रति जिला अर्थ एवं सख्या अधिकारी कार्यालय को भी उपलब्ध करा दें। जिन विभाग की निर्माणधीन परियोजनाओ में कार्य चल रहा वह विभाग निर्माण कार्यो में सतत निगरानी रखते हुए निर्माण कार्य सभी मानको के साथ समय से पूर्ण कराये। जिन निर्माणधीन परियोजना में बजट की कमी से कार्य रुका है उन पर अपने–अपने विभाग पर पत्राचार कराते हुये कार्यदायी संस्था से समन्वय बनाकर बजट की कार्यवाही पूर्ण करके परियोजनाओ को पूर्ण कराये। यदि परियोजना निर्माण में रिवाइज स्टीमेट की आवश्यकता है तो सम्बन्धित विभाग कार्यो की जाँच करके किस कारण से ससमय नही पूर्ण हुए का कारण स्पष्ट करते हुए रिवाइज स्टीमेट बनाया जाय।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, परियोजना निदेशक डूडा, कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी गण, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दयालबाग शिक्षण संस्थान में अंतर संकाय प्रतियोगिआ का आयोजन किया गया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। दयालबाग शिक्षण संस्थान (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), आगरा के गृह विज्ञान विभाग के बेचलर ऑफ वोकेशनल कोर्स–फूड प्रोसेसिंग एंड प्रिजर्वेशन के प्रतियोगिता श्रंखला के अंतर्गत दिन 8 जुलाई को लोकी से बने उत्पादों की अंतर संकाय प्रतियोगिआ का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया, गत महीनों में अल्प अंतराल पर अलग अलग सीजनल सब्जियों और फलों जैसे आंवला, गोभी, और आलू पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहा है, इन प्रतियोगिता श्रंखलाओं में यूनिवर्सिटी के संकायों के छात्र और छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया जाता रहा है, लोकी का उत्पादन बड़ी मात्रा में दयालबाग शिक्षण संस्थान द्वारा ही किया गया और उन्हीं का प्रयोग कर के विभिन्न संकायों की करीब 54 प्रतिस्पर्धी टीमों के अंतर्गत 140 छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न पारंपरिक और गैर–पारंपरिक उत्पाद तैयार किए। प्रेम विद्यालय की नौंवीं से बारवीं तक की छात्रों ने भी प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में भागीदारी की.

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों की सामूहिक गतिविधि और आपसी सहयोग को बढ़ाने के साथ–साथ फल सब्जियों मैं वैल्यू एडिशन करना और लोकी की सर्व विदित गुणवत्ता एवं उसके स्वास्थ्य के लिए लाभदायक गुणों को सभी के बीच लोकप्रिय बनाना है, जैसे कि वजन, सैचुरेटेड फैट और केलोस्ट्रोल कम करने में सहायक, डाइटरी फाइबर के साथ साथ इसमें बहुत से विटेमिन्स और मिनरल अधिक मात्रा में पाए जाते हैं. कुछ प्रतिभागी टीमों ने लोकी ने विभिन्न गैर–पारंपरिक उत्पाद जैसे ढोकला, चीला, केक, मालपुआ, शेक्स, लड्डू, दही बड़ा, कुल्फी, चम चम आदि भी तैयार किये. प्रतियोगिता का परिणाम निकलने के लिए वरिष्ठ व अनुभवी निर्णायक मंडल– डायरेक्टर होम साइंस इंस्टीट्यूट डॉ.अचला गखर, हेड फूड डिपार्टमेंट होम साइंस इंस्टिट्यूट डॉ.अर्चना सिंह, प्रो. गुल माथुर (फूड एंड न्यूट्रिशन), प्रो. अलका प्रकाश (विज्ञान विभाग) आदि द्वारा उत्पादों का मूल्यांकन किया गया.

इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. सीमा काश्यप, एसोसिएट प्रोफेसर, ग्रह विज्ञान (कोऑर्डिनेटर बी.वॉक. फूड प्रोसेसिग्न), अन्य स्टाफ मेंबर्स और विभिन्न संकाय के शिक्षकों के अथक प्रयासों से संपन्न हुआ. इस अवसर पर दयालबाग शिक्षण संस्थान के रजिस्ट्रार प्रो.आनंद मोहन, कोषाध्यक्ष श्रीमती स्नेह बिजलानी, डॉ. सीमा काश्यप, डॉ. मधुलिका गौतम, डॉ. चारुल गोयल, हेमा पंवर, डॉ.शुभ्रा सारस्वत और करुणा सिंह (ग्रह विज्ञानं), प्रॉ. बंदना गॉड़ (डीन सोशल साइंस), प्रॉ. शर्मीला सक्सेना (डीन कला संकाय), डॉ.श्वेता अग्रवाल (एजुकेशन संकाय), डॉ. सुभांशी (सोशल साइंसेज), मनि पदम (प्रेम विद्यालय), गुरप्यारी, रितु, आभा, भावना शर्मा और प्रगति (शोधकरता), आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### आजमगढ़ एसपी ने लिया बड़ा एक्शन लापरवाही करने पर फरिहा पुलिस चौकी के पूरे स्टाफ को किया लाइन हाजिर

अयोध्या टाइम्स आनंद गुप्ता बिलरियागंज

- 3 दिन पहले चौकी प्रभारी भी किए गए थे लाइन हाजिर
- एसपी द्वारा की गई कार्रवाई के बाद महकमे में मचा हड़कंप

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा चौकी पर तैनात सिपाही हे0का0 जय शंकर यादव, हे0का0 फूलन यादव,का0 अमित तिवारी, का0 सुनील यादव, का0 संतोष गुप्ता , का0 शुभम चौधरी, का0 रामाशीष, का0 रोहित कुमार, का0 अभिषेक चौधरी का0 सुरेश यादव, का0 शशांक पांडेय, हे0का0 इरफान खान को लाइन हाजिर कर दिया गया। तीन दिन पहले फरिहा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, का0 सौरभ को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया था। एसपी द्वारा की गई कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। लोगों का कहना है कि कहीं न कहीं पूरी फरिहा चौकी के सिपाही भ्रष्टाचार में लिप्त थे ऐसे लोगों के ऊपर इसी तरह कार्रवाई होनी चाहिए।



### लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण है काफी परेशान

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़ गोपालपुर। क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती से इस उमस भरी



गर्मी में लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। सबसे ज्यादा समस्या इस समय किसानों के फसलों में पानी देने एवं उनके धान के नर्सरी के लिए हो रही हैं। नर्सरी में पानी न मिल पाने से उनके धान सूख रहे हैं।विद्युत उप केंद्र तेरही महराजगंज के अंतर्गत दो फीडर कार्यरत है जिसमें प्रत्येक फिडरो में दर्जनों गांव से अधिक सप्लाई होती है लेकिन हालत है यह है कि बिजली कब आएंगी कब जाएगी इसका कोई ठिकाना नहीं है। न तो रात्रि में समय से बिजली मिलती हैं और न ही दिन मे लोगो को रात्रि मे भी लोगों को आराम करने को नहीं मिल पा रहा है।

### आईटीआई प्रशिक्षण हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गया है - जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती।जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिनगा ने बताया है कि जनपद में संचालित राजकीय आई०टी०आई० भिनगा, जमुनहा (एन०सी०वी०टी० ) व निजी आई०टी०आई० में प्रशिक्षण सत्र 2022–23 प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रया 07 जुलाई, 2022 से प्रारम्भ हो गयी है। कक्षा आठ/ हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्र एवं छात्त्रायें प्रवेश वेबसाइड http://www.scytup.in पर औऑनलाइन फार्म भर सकते है। अऑनलाइन आवेदन शुल्क सामान्य/पिछडा वर्ग हेतु रू0 250/ एवं अनु0 जा० एवं अनु0जन0 जाति हेतु रू0 हेतु परिषद 150/ तथा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2022 है

### अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने से 13 लोगों की हुई मौत,इटावा से गये सभी 66 सदस्य सुरक्षित

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा


इटावा। अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के द्वारा 66 सदस्य 2 जुलाई को



अमरनाथ के लिए अध्यक्ष ओमरतन कश्यप के नेतृत्व में गया था। शुक्रवार की शाम बादल फटने के कारण कुछ लोगों के मरने की खबर के बाद इटावा के पांच लोग गुफा के पास सुरक्षित हैं। 61 लोग दर्शन करने बालटाल आ गये थे। शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने के कारण कुछ लोगों के मरने की खबर के बाद इटावा के पांच सदस्य भाजपा नेता गजेन्द्र मिश्रा उनकी पत्नी सुप्रिया मिश्रा रिटायर्ड बीडीओ व रामचन्द्र व सुशीला देवी व लखना निवासी बीनू दुबे दर्शन करके सीढियों पर थे हादसे के समय यह लोग सुरक्षाकर्मियों ने बैठा लिया। जो कि सुरक्षित हैं। इस हादसे की जानकारी साथ गये टीम के अध्यक्ष ओमरतन कश्यप ,जयसिंह चौहान,दिनेश यादव पत्रकार ने देते हुए बताया कि इटावा की 66 सदस्य जो गये थे वह सभी सुरक्षित हैं। पांच लोग जो फसे हैं। वह भी गुफा पर लगे सुरक्षा कर्मियों के पास सुरक्षित बैठे हुए हैं।

### कर्ज से परेशान किसान की हार्ट अटैक से मौत पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

फतेहपुर सीकरी । खेती के लिए कृषि ऋण एवं साहूकारी कर्ज से परेशान किसान हार्ट अटैक से अचेत होकर गिर पड़ेस उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई।



बताते चलें कि गांव कोरई निवासी 55 वर्षीय राम भरोसी उर्फ टुंडा पंडित बैंक का कृषि ऋण एवं अन्य देनदारी के कारण परेशान थेस उनके पुत्र मनोज कुमार के अनुसार कई दिनों से पिताजी परेशान एवं अवसाद में थे गुरुवार दोपहर घर में दर्द से कराते हुए चक्कर आकर जमीन पर गिर पड़ेस उपचार के लिए आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया थास उपचार के दौरान शुक्रवार पूर्वाहन पिताजी की मौत हो गईस घटना से परिवार में कोहराम मच गयास घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक किसान का शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

### भगवान अग्रवाल के निधन पर महापौर नवीन जैन ने जताया शोक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के प्रमुख स्तंभ और श्री रामलीला कमेटी में कई सालों तक महामंत्री के रूप में अथक सेवाएं देने वाले श्री भगवान अग्रवाल जी के निधन पर महापौर नवीन जैन ने दुरूख जताया है। महापौर ने कहा कि श्री भगवान अग्रवाल बाबू जी हम सभी के प्रेरणा स्रोत थे। प्रतिवर्ष रामलीला आयोजन को ऐतिहासिक, भव्य और सफल बनाने में हमेशा बाबूजी का ही आशीर्वाद रहा है। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे उनके सानिध्य में रहने का मौका मिला।



महापौर नवीन जैन ने कहा कि उनके निधन से शहर के सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र में एक शून्य पैदा हो गया जिसकी भरपाई करना असंभव है। श्री भगवान अग्रवाल एक प्रेरणा के रूप में हम सभी के दिल में हमेशा जिंदा रहेंगे।

## आज हज किया जा रहा है, पूरी दुनिया से अराफात के मैदान में लाखों लोग जमा हैं। 1433 साल पहले मैदान-ए-अराफात (मक्का) में 9 जिल्हिज्ज् , 10 हिजरी को मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने हज का आखरी खुत्बा दिया था

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बहुत अहम पैगाम दिया था। गौर से पढ़ें, हर बात बार बार पढ़ें सोचें कि कितना अहम पैगाम है जिसे हमने भुला दिया है 1. ऐ लोगो ! सुनो, मुझे नही लगता कि अगले साल मैं तुम्हारे दरमियान मौजूद होऊंगा, मेरी बातों को बहुत गौर से सुनो, और इनको उन लोगों तक पहुंचाओ जो यहां नहीं पहुंच सके। 2. ऐ लोगों ! जिस तरह ये आज का दिन ये महीना और ये जगह इज्जत ओ हुरमत वाले हैं, बिल्कुल उसी तरह दूसरो की जिंदगी, इज्जत और माल हुरमत वाले हैं। (तुम उसको छेड़ नही सकते ) 3. लोगों के माल और अमानतें उनको वापस करो। 4. किसी को तंग न करो, किसी का नुकसान न करो, ताकि तुम भी महफूज रहो। 5. याद रखो, तुम्हे अल्लाह से मिलना है, और अल्लाह तुम से तुम्हारे आमाल के बारे में सवाल करेगा। 6. अल्लाह ने सूद (ब्याज) को खत्म कर दिया, इसलिए आज से सारा सूद खत्म कर दो। (माफ कर दो ) 7. तुम औरतों पर हक रखते हो, और वो तुम पर हक रखती है, जब वो अपने हुकूक पूरे कर रही हैं तो तुम भी उनकी सारी जिम्मेदारियाँ पूरी करो 8. औरतों के बारे में नरमी का रवय्या अख्तियार करो, क्योंकि वो तुम्हारी शराकत दार ( पार्टनर )और बेलौस खिदमत गुजार रहती हैं 9. कभी जिना ( बलात्कार )के करीब भी मत जाना 10. ऐ लोगों !! मेरी बात गौर से सुनो, सिर्फ अल्लाह की इबादत करो, 5 फर्ज नमाजें पूरी रखो, रमजान के रोजे रखो, और जकात अदा करते रहो, अगर इस्तेताअत हो तो हज करो 11. तुम सब अल्लाह की नजर में बराबर हो बरतरी सिर्फ तकवे की वजह से है 12. याद रखो तुम सब को एक दिन अल्लाह के सामने अपने आमाल की जवाबदेही के लिए हाजिर होना है, खबरदार रहो ! मेरे बाद गुमराह न हो जाना 13.याद रखना ! मेरे बाद कोई नबी नही आने वाला, न कोई नया दीन लाया जाएगा, मेरी बातें अच्छी तरह समझ लो 14.मैं तुम्हारे लिए दो चीजें छोड़ के जा रहा हूँ, कुरआन और मेरी सुन्नत, अगर तुमने उनकी पैरवी की तो कभी गुमराह नही होंगे।15. सुनो ! तुम लोग जो मौजूद हो, इस बात को अगले लोगों तक पहुंचाना, और वो फिर अगले लोगों तक पहुंचाए। और ये मुमकिन है

कि बाद वाले मेरी बात को पहले वालों से ज़्यादा बेहतर समझ (और अमल) कर सकें।

फिर आपने आसमान की तरफ चेहरा उठाया और कहा–

16. ऐ अल्लाह ! गवाह रहना, मैंने तेरा पैगाम तेरे बंदों तक पहुंचा दिया हम पर भी फर्ज है इस पैगाम को सुने, समझें, अमल करें और इसको आगे दुसरों तक भी भेजें ताकि अहम बातें सीखें त्मिमितमदबम ( सही अल–बुखारी हदीस न 1623 )

# न्यायालय में तारीख पर आए दंपति परिसर के बाहर भिड़े

–हाईवोल्टेज ड्रामे के दौरान कोर्ट पैरोकार, महिला पुलिस सहित अन्य सुरक्षा कर्मियों के साथ की गई अभद्रता

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना न्यायालय में तारीख पर आए पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर परिसर के बाहर बवाल हो गया। मौके पर पहुँची बीच कोर्ट के पैरोकार सुधा त्यागी के साथ भी अभद्रता की गई। इस दौरान महिला पुलिस व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ भी धक्का–मुक्की की गई। बाद में हंगामा कर रही महिला को पुलिस कोतवाली ले आई। बताया जाता है सलीम निवासी मवाना जनपद मेरठ व शाजमानी निवासी झिंझाना के बीच शादी के बाद वर्ष 2019 से किसी



महिला पुलिस व अन्य के साथ भी धक्का मुक्की की गई। बाद में हंगमा कर रही महिला को पुलिस कोतवाली ले आई। मामले में पैरोकार की ओर से तहरीर दी गई है शुक्रवार की दोपहर चौधरी सुल्तान सिंह द्वार पर न्यायालय परिसर में आए दंपति के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस बात को लेकर विवाद चल रहा है,जो परिवार न्यायालय में विचाराधीन है। इसी मामले में दंपति तारीख आए हुए थे। आपसे में झगड़ने पर दोनों को न्यायालय परिसर से बाहर कर दिया गया था। बाद में कचहरी परिसर के बाहर मुख्य मार्ग पर दोनों के बीच हाईवोल्टेज ड्रामा हो गया। मौके पर गई पुलिस टीम के साथ अभद्रता की गई। तहरीर के आधार पर पुलिस कार्यवाही में जुट गई है।

### युवक व किशोरी झूले फांसी के फंदे पर, मौत-पाँच बच्चों का पिता घर के सहन में लगे नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता मिला, तो वहीं किशोरी लोहे जाल में लगे फंदे पर लटकी मिली

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। दो अलग–अलग स्थानों पर युवक व किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों घटनाओं से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है शुक्रवार को नगर के दो अलग–अलग मोहल्लों में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त करने की घटनाएं घटित हुई हैं। पहली घटना मोहल्ला खैल कलाँ नई बस्ती काजी के बाग में घटित हुई, जहां फल विक्रेता अहसान ने घर के आंगन में लगे नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना देर रात की बताई जा रही है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या की इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।मृतक पाँच बच्चों दो पुत्र व तीन पुत्रियों का पिता था। चर्चा है कि मृतक अहसान को साजिश के तहत मौत के घाट उतारकर शातिर तरीके से घटना को आत्महत्या का रुख दिया गया है। हत्या या आत्महत्या यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। इमामगेट चौकी इंचार्ज राहुल कादयान ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं,सिर्फ गर्दन पर रस्सी के निशान मिले हैं। शव को पीएम के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट में ही हत्या का खुलासा हो पाएगा।

दूसरी घटना नगर के मोहल्ला आलखुर्द मुलतानियान में घटित हुई है, जहां किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि लगभग चार वर्ष पूर्व मृतक का भाई भी फांसी के फंदे पर झूल गया था,जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।

घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीँ लगा है।

# सुअर पालकों पर कसी जाएगी नकेल

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। सुअरों को सड़कों पर आवारा छोड़ने वाले पालकों पर अब पुलिस नकेल कसने जा रही है। नोटिस भेजकर ऐसे लोगों से जवाब मांगा गया है नगर में खुलेआम मुख्य बाजरों व धार्मिक स्थलों के आसपास मंडराने वाले आवारा सुअर देखे जा सकते हैं,जो कभी भी बड़े बवाल का कारण बन सकते हैं,जिससे साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है। गन्दगी से लबालब यह आवारा झुंड राहगीरों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। कब किसको गंदगी से सराबोर करदें और किसको घायल कर दें कुछ कह नहीँ जा सकता। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब पुलिस प्रशासन सुअर पलकों पर नकेल कसने की तैयारी कर चुका है। पुलिस उपाधीक्षक कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि सुअर पलकों को नोटिस भेजकर आवारा घूमने वाले जानवरों के बारे में जवाब मांगा गया है। किसी भी सूरत में सड़कों पर आवारा झुंड घूमने की इजाजत नहीँ दी जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालय मलकपुर में बच्चों को सुरक्षा के दिए टिप्स

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना प्राथमिक विद्यालय मलकपुर विकास क्षेत्र कैराना जिला शामली में आज बच्चों को सुरक्षा के एस आई राजकमल व एस आई नीरज कुमार के द्वारा टिप्स दिए गए। बच्चों को किसी भी सहायता के लिए एस आई राजकमल कोतवाली कैराना द्वारा बच्चो को बताया गया कि कब डायल करें 108 नंबर किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर. तेज पेट दर्द होने पर. सांस में दिक्कत होने पर. दिल का दौरा पड़ने पर. जानवरों के काटने पर. अचानक बेहोश होने पर. किसी तरह के कोई अपराध होने पर. जब आग लगने पर फायर बिग्रेड और एम्बुलेंस की आवश्यकता हो. हर तरह की इमरजेंसी स्थिति में. और एस आई नीरज कुमार ने बच्चों को बताया की क्या है डायल 102, 102 तीन अंकों का एक टोल फ्री नंबर है. ये बिल्कुल फ्री है आपके इस नंबर पर कॉल करने पर पैसे नहीं लगेंगे. 102 सेवा एक निशुल्क एम्बुलेंस सेवा है, जो 24'7 लोगों की सेवा में होती है. कब डायल करें 102 आपको बता दें कि एम्बुलेंस सेवा 102 गर्भवती महिला को घर से अस्पताल तक लाने और फिर उसे वापस घर तक छोड़ने के लिए मिलती है. इसके अलावा अच्छे इलाज के लिए गर्भवती महिला और शिशु को एक हॉस्पिटल से दूसरे हॉस्पिटल तक छोड़ा जाता है. इस सेवा के द्वारा बच्चों को किसी भी तरह की बीमारी होने पर घर से हॉस्पिटल लाने और वापस घर छोड़ा जाता है। और



डायल 112 के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एस आई राजकमल ने बच्चों को पढ़ाई कर देश सेवा करने व अनेक सरकारी गैर सरकारी नोकरियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । बच्चों ने पुलिस डिपार्टमेंट से अधिकारियों को अपने बीच पाकर पुलिस का बच्चों और महिलाओं नागरिकों की सुरक्षा व सहयोग हेतु जानकारी मिलने पर बच्चों के अंदर झिझक व सोच में बदलाव महसूस किया।

बच्चे के सवाल सर क्या पुलिस हमारी सुरक्षा के लिए होती है पर एस आई नीरज कुमार ने जानकारी दी । संचालन मोहम्मद वासिल अली प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय मलकपुर ने किया, कार्यक्रम में ग्राम प्रधान आनंद सैनी ने बच्चों को पुलिस हमारी सुरक्षा करती है पर जानकारी दी। शेर खान अजरा खातून अंशुल असगर मौजूद रहे।

# ठेले वालों को सड़क से हटाकर उनके निर्धारित स्थल पर लगाने के आदेश

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। रामपुर नगर पालिका परिषद के ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र चार्ज लेते ही पुराने अवतार में नजर आ रहे हैं। उन्होने शुक्रवार को ज्वाला नगर माल गोदाम एवं पनवड़िया के पास रेडी पटरी विक्रेताओं द्वारा ठेले सड़क पर लगे देख नाराजगी व्यक्त की और मौके पर संबंधित अधिकारियों को बुलाकर ठेले वालों को सड़क से हटाकर उनके निर्धारित स्थल पर लगाने के आदेश दिये।

ईओ इंदु शेखर मिश्र भले ही रामपुर से एक साल बाहर रहे हो लेकिन वह रामपुर को बखूबी जानते हैं इसलिए वह आज स्वयं शहर की सफाई व्यवस्था को चौक करने के लिए निकल पड़े। ज्वाला नगर माल गोदाम एवं पनवडिया के पास रेडी पटरी विक्रेताओं द्वारा ठेले सड़क पर लगे हुए देख उनका पारा चढ़ गया। आनन फानन में उन्होने मौके पर ही नगर पालिका की राजस्व टीम को बुलाकर ठेलों को उनके निर्धारित स्थल पर लगाने के आदेश दिये।

ईओ ने सफाई निरीक्षकों को पहले ही अल्टीमेटम दे रखा हैं कि यदि शहर में कहीं सफाई व्यवस्था बिगड़ी मिली तो फिर सफाई निरीक्षकों की खैर नहीं हैं। ईद का त्यौहार दो दिन बाद हैं इससे पहले ही ईओ ने शहर के वार्डो का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का भी हालचाल जाना। उन्होने कहा कि यदि शहर में सफाई व्यवस्था की स्थिति नहीं सुधरी तो सीधे सफाई नायक पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि सड़कों पर फड व ठेला लगाकर जाम की स्थिति से निपटने के लिए पहले ही रेडी व



ठेलों वालों के लिए पालिका प्रशासन द्वारा जगह चिन्हित कर दी गई हैं लेकिन देखने में आ रहा हैं ठेला व फड लगाने वाले विक्रेताओं द्वारा उनके चिन्हित स्थान के बजाय सड़कों पर ठेला लगा रहे हैं जिससे जाम की स्थिति बन जाती हैं। उन्होने पालिका कर्मचारियों को निर्देश दिये कि ऐसे रेडी व ठेला लगाने वालों को पालिका के चिन्हित स्थानों पर ही ठेला लगाने की कार्यवाही करे।

# सांसद घनश्याम सिंह लोधी और पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां की गुरुवार रात्रि नूर महल में मुलाकात

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। उपचुनाव में जीत के बाद सांसद घनश्याम सिंह लोधी और पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां की गुरुवार रात्रि नूर महल में मुलाकात हुई। नवेद मियां ने फूल मालाएं पहनाकर सांसद का स्वागत किया। सांसद ने भी उनका आभार जताया।

पूर्व मंत्री नवेद मियां उपचुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके थे। उन्हें कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीद थी लेकिन कांग्रेस ने उप2चुनाव न लड़ने का फैसला कर लिया। कांग्रेस नेतृत्व के फैसले से आहत नवेद मियां ने सपा प्रत्याशी को हराने के लिए भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के समर्थन की घोषणा कर दी थी। उपचुनाव का परिणाम आया तो नवेद मियां देश से बाहर थे। अब वापस लौटने पर उनकी सांसद से काफी गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई। नवेद मियां ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। नूर महल में दोनों के बीच काफी देर तक बातचीत भी हुई। चुनाव में सहयोग के लिए सांसद ने नवेद मियां का आभार व्यक्त किया। भाजपा सांसद



घनश्याम सिंह लोधी से मुलाकात के बाद पूर्व मंत्री नवेद मियां ने कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि किसी दल विशेष के लोगों के नहीं बल्कि सबके नुमाइंदे होते हैं। रामपुर में इस बार लोगों ने सपा प्रत्याशी को हराने के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लोधी के पक्ष में मतदान किया हैं। रामपुर का तो यह माहौल रहा हैं कि हारने वाले भी जीतने वाले को बधाई देते थे। मिक्की मियां चुनाव जीते तो राजेंद्र शर्मा उन्हें मुबारकबाद देने आते थे और जब मिक्की मियां हारे तो वो शर्मा को जीत की बधाई देते थे। आजम को जब ताकत मिली तो वोट न देने वालों की रोजी रोटी छीनी गई और उनके घरों को तोड़ डाला गया। बेगुनाहों को जेल भेजा गया लेकिन सत्ता के नशे में तानाशाह बनने वालों का अब अंत हो गया हैं। बदजुबान के चेहरे से काला चश्मा उतर गया हैं। आजम की जो अकड़ बची हैं वो ईडी निकाल देगी। नवेद मियां ने कहा कि अब रामपुर का माहौल फिर बदलेगा। जनता ने सही प्रतिनिधि का चुनाव किया हैं।

# पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं ने ईद उल अदहा त्यौहार से पहले पालिका कर्मचारियों की बैठक ली

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं ने ईद उल अदहा त्यौहार से पहले पालिका कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होने ईद के त्यौहार पर आम नागरिकों को किसी तरह की कोई समस्या न हो इसके लिए पालिका कर्मचारियों व अधिकारियों कड़े निर्देश दिये तथा पालिका के ड्राइवरों के नंबर भी जारी किये।

ईद के त्यौहार को लेकर पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं ने बैठक कर जनता को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे जानकारी ली। उन्होने पेयजलापूर्ति, पथ प्रकाश व्यवस्था, शहर की सफाई व्यवस्था बनाये रखने के कर्मचारियों को निर्देश दिये। उन्होने जलकल अभियंता को ईद पर सुबह छह से शाम छह बजे तक निरंतर पेय जलापूर्ति करने के आदेश दिये और कहा पालिका के सभी नलकूपों का निरीक्षण कर लिया जाये यदि किसी नलकूप में कोई कमी हैं तो ईद से पहले ठीक कराकर चालू कर दिया जाये। सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर की सभी मस्जिदों के आस–पास सफाई व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबन्द रखी जाये। शहर के सभी वार्डो में हर रोज दोनों पालियों मे झाड़ू लगवाना, नालियां साफ कराना, वार्ड से कूड़े को प्रतिदिन उठवाना व चूना डलवाना सुनिश्चित करें। डलाव घरों से कूडा उठवाने के बाद मैलाथिन डस्ट का छिडकाव कराना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। प्रकाश निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के सभी प्रकाश बिंदुओं का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कोई बिंदु खराब तो नहीं हैं। यदि कोई बिंदु खराब हो तो उसे



तत्काल सही कराकर नगर की पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखे। ईद के त्यौहार पर शहर की आम जनता को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए पालिका प्रशासन ने पांच ड्राइवरों की डयूटी लगाई हैं जिनके नंबर भी जारी किये गये हैं ताकि कुर्बानी के बाद ओज व जानवरों के अवशेषों को चिन्हित स्थल तक पहुंचाया जा सके। अंशू मोबाइल नंबर 8475802284, राजा 8445107561, राकेश 9012895040, सनी 8923669916 व सोनू 9927541243 के नंबरों पर लोग संपर्क कर इन्हे अपने पास बुलाकर जानवरों के ओज व अवशेषों को दे सकते हैं ताकि शहर में गंदगी की स्थिति न बन सकें।

# हासिम पारा से लापता युवक का 12 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिला

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर) थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र के ग्राम हासिम पारा से लापता युवक का 12 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजन चिंतित हैं। इस बाबत लापता युवक के पिता फूल चंद चौहान ने 1 जुलाई को गैड़ास बुजुर्ग थाना में आवेदन दिया है। लिखा है कि बीते 26 जून को सुबह करीब साढ़े छ बजे उसका 35 वर्षीय पुत्र महेन्द्र चौहान प्रतिदिन की भांति घर से काम के लिए निकला और फिर शाम को घर में लौट कर नहीं आया। तो पीड़ित पिता ने आस पास, अपने पैतृक गांव सगे संबंधियों में काफी खोजबीन किया, लेकिन लापता युवक का कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामले की लिखित शिकायत थाना गैड़ास बुजुर्ग में की है। पीड़ित का कहना है कि वह जिला बलिया के ग्राम कटैइया पचखोरा का मूल निवासी है। पिछले कई वर्षों से अपने 35 वर्षीय पुत्र महेन्द्र चौहान के साथ गैड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के ग्राम हासीमारा में भाड़े के मकान में रहता था। और पिता पुत्र दोनों राजगीर मिस्त्री का कार्य करते थे। गुमशुदा महेंद्र चौहान का कद लंबा, रंग सांवला है। लाल रंग का शर्ट पहने घर से निकला है। तेरह दिन बीत जाने के बाद भी उसका पता नहीं चलने से उसकी पत्नी,दो बच्चे, माता–पिता व परिजन काफी चिंतित हैं। थाना प्रभारी गौरव सिंह तोमर ने कहा कि गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी पहलुओं को मद्देनजर रखते हुए गुमशुदा युवक की तलाश की जा रही।

# महंगाई के दौर में पंपिंग सेट से पानी चलाना बड़ा मुश्किल

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) मौसम की मार का सामना करने को विवश हैं क्षेत्रवासी।बुधवार को कुछ बूंदाबांदी के साथ हुई बारिश से गर्मी से राहत महसूस हुई मगर उमस के कारण लोग बेचौन दिखाई दिए।पिछले दो तीन दिन से आसमान में छाए बादल लुकाछिपी का खेल खेलते रहे मगर बरसात नहीं हुई। जिसके चलते धान की रोपाई कर चुके किसानों की परेशानी बढ़ गई है।सदीद गर्मी के चलते धान की फसल सूख रही है किसान बारिश की आस भरी नजरों से आसमान की ओर टक टकी लगाए देख रहा है।किसान सोमई,राम चन्दर वर्मा,लाल बाबू,राज मोहम्मद, एहसानउल्ला बताते हैं कि पंपिंग सेट से पानी भरकर किसी तरह से धान की रोपाई तो कर दिया गया है किन्तु बारिश न होने से रोपाई की गई धान की फसल की नमी सूखने के कारण प्रत्येक सप्ताह खेतों में पानी देना पड़ता है।इस महंगाई के दौर में पंपिंग सेट से पानी चलाना बड़ा मुश्किल हो गया है। इतना ही नही इस वर्ष पिछले वर्षों की अपेक्षा मौसम में भारी बदलाव देखने को मिला है।इस बार अप्रेल मई माह से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो गया है।हालाकि भीषण गर्मी का सामना कर रहे लोगों द्वारा टकटकी लगाकर बादलों को निहारा जा रहा है।

# संवेदनशील स्थलों पर सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती के साथ ईदगाहों व नमाज वाले स्थानों पर सुरक्षाकर्मियों की डयूटी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर)

ईदुल अजहा(बकरीद)त्यौहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सभी संवेदनशील स्थलों पर सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती के साथ ईदगाहों व नमाज वाले स्थानों पर सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीओ उदयराज सिंह ने बताया कि कुर्बानी के लिए जो तय स्थल हैं ।

उनके अतिरिक्त कहीं और कुर्बानी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वध के बाद पशुओं के अवशेषों का सुरक्षित निस्तारण करने व एक स्थान से दूसरे स्थान तक मांस को ले जाते समय सुरक्षित तरीके अपनाने की सलाह दी जा चुकी है। बताया कि नगर क्षेत्र में अली हसन मस्जिद बरदही बाजार, अल जामेतुल गौसिया मस्जिद रफी नगर, अंजुमन मस्जिद, गोंडा मोड़ मस्जिद व बशीर मस्जिद व कसाई मंडी मे वध के लिए अनुमति दी गई है। इसी तरह छीतरपारा, घोड़चढ़ी व बनगंवा.के जल्लहवा में पशु वध की अनुमति दी गई है। त्योहार के दृष्टिगत क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अराजकता फैलाने, माहौल खराब करने वालों के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा।

# संक्षिप्त समाचार

### कांवड़ यात्रा में सहारनपुर जिले को दस जोन और 18 सेक्टर में बांटा, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स

रिपोर्ट दैनिक अयोध्या टाइम्स महानगर संवाददाता अथर जैदी दादु सहारनपुर में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने जनपद को दस जोन और 18 सेक्टरों में बांटा है। इनमें निगरानी करने के लिए 10 जोनल और 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की कांवड़ ड्यूटी 13 से 26 जुलाई तक रहेगी। इसकी 12–12 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।कांवड़ यात्रा को देखते हुए सहारनपुर जिले को दस जोन और 18 सेक्टरों में बांटा है। वहीं निगरानी करने के लिए 10 जोनल और 34 सेक्टर



मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं।जिले के अलावा पड़ोसी राज्यों और जनपदों के कांवड़िए जिले के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरते हैं। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले को दस जोन और 18 सेक्टरों में बांटा गया है। इनमें उत्तराखंड बॉर्डर की काली नदी चौकी से गागलहेड़ी तिराहे तक जोन एक बनाया गया है। इसका मुख्यालय मक्का बांस रहेगा। गागलहेड़ी तिराहे से राकेश कैमिकल तक जोन दो, राकेश कैमिकल से घंटाघर तक जोन तीन, घंटाघर से नकुड़ तिराहे तक जोन चार, नकुड़ तिराहे से यमुना नदी के पुल तक जोन पांच रहेगा। गागलहेड़ी तिराहे से रुड़की बॉर्डर की पुलिस चौकी तक जोन छह, मंगलौर रोड देवबंद से बड़गांव, नानौता, गंगोह बॉर्डर तक जोन सात रहेगा। जोन आठ बड़गांव बॉर्डर से संजय चौक होते हुए गंगोह बॉर्डर तक होगा। मंगलौर चौकी देवबंद से चौकी घलौली बॉर्डर जनपद मुजफ्फरनगर तक जोन नौ और गागलहेडी से शाहजहांपुर हाईवे बॉर्डर तक जोन दस बनाया।

### स्वास्थ्य विभाग ने शकुंतला हास्पिटल किया सीज

–उपचार के दौरान लापरवाही बरतने व बिना रजिस्ट्रेशन रिनीवल किए ही अस्पताल का संचालन करने की शिकायत पर हुई कार्यवाही (रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण न होने और उपचार के दौरान महिला द्वारा लापरवाही की शिकायतमिलने पर छापेमारी के दौरान शकुंतला हॉस्पिटल को



सीज कर दिया गया शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम एसीएमओ सुशील कुमार के नेतृत्व में कैराना पहुँची,जहां उन्होंने मुख्य पानीपत खटीमा मार्ग पर स्थित शकुंतला हॉस्पिटल में छापेमारी की। इस दौरान चिकित्सक मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान टीम ने अनेकों अनियमितताएं पकड़ीं। इतना ही नहीँ बिना रजिस्ट्रेशन रिनीवल कराए ही अस्पताल का संचालन होता मिला।एसीएमओ द्वारा हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया है।बताया जाता है कि पिछले दिनों एक पीड़िता महिला ने अस्पताल प्रशासन पर उपचार के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य विभाग को शिकायत की गई थी और बाद में भारतीय किसान यूनियन ने भी उपरोक्त हॉस्पिटल पर सवाल उठाते हुए कार्यवाही की मांग कर चुकी है। एसीएमओ सुशील कुमार ने बताया कि शिकायतों केआधार पर छापेमारी की गई है, जांच के दौरान अस्पताल के रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण भी नहीँ मिला है। अस्पताल का संचालन कर रहे चिकित्सक के विरुद्ध पूर्व में भी अभियोग दर्ज हो चुके हैं। साक्ष्य जुटाकर कार्यवाही की जाएगी।

### भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री ने की शांति समिति की मीटिंग

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।



भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री राव इफ्तखार ने अपने आवास पर आगामी त्यौहार ईद उल अजहा के मद्देनजर एक शांति समिति की मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में नगर व वार्ड के आसपास के लोगों को भी बुलाया गया। भाजपा जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा राव इफ्तखार ने मीटिंग में कहा कि आगामी त्यौहार शांति एवं सौहार्द से मनाना है। सरकार द्वारा जो गाइडलाइन दी गई है उसका पालन करना सबकी पहली प्राथमिकता है। खुले में कुर्बानी का परहेज करना है। कुर्बानी के बाद का वेस्टेज को गड्ढा खोदकर उसमें दबाना है। कुरबानी के फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल नहीं करनी है। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। शासन द्वारा जो भी गाइडलाइन जारी की गई है उसके अनुसार ही शांति और सौहार्द से त्योहार को मनाना है और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना है।

### आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद

दैनिक अयोध्या टाइम। रामपुर। आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस लाइन में पुलिस टीम को दंगा निरोधक, बलवा निरोधक उपकरणों के प्रशिक्षण एवं अभ्यास का आयोजन किया गया।



पुलिस लाइन ग्राउंड में पुलिस टीम को दंगा निरोधक, बलवा निरोधक उपकरणों के प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण प्रदान किया गया व पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके व गुर सिखाये गये। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले, एंटी राइटन गन, रबन बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चलाकर पूर्वाभ्यास किया। साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया गया।

इस मौके पर सीओ लाइन रवि खोखर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पुरोहित कल्याण बोर्ड में मौलवियों और फकीरों को शामिल किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्तकिया और इसे ईद का बेहतरीन तोहफा बताया

दैनिक अयोध्या टाइम्स। रामपुर। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख फैसल मुमताज के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पुरोहित कल्याण बोर्ड में मौलवियों और फकीरों को शामिल किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और इसे ईद का बेहतरीन तोहफा बताया।



मौहल्ला बेरियान में आयोजित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की बैठक को सम्बोधित करते हुए फैसल मुमताज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मौलवियों और फकीरो को पुरोहित कल्याण बोर्ड में शामिल करने की घोषणा अपने आपमें एक बड़ी मिसाल हैं। सामाजिक समरसता की दिशा में यूपी के सीएम ने एक बड़ा कदम उठाया हैं। भारतीय जनता पार्टी के लोक कल्याण संकल्प पत्र में संकल्प सिर्फ इतना था कि आनलाइन एकीकृत मंदिर सूचना प्रणाली मंदिर बनाएंगे जिसमें मंदिरों का विवरण होगा।

बुजुर्ग संतों, पुजारियों और पुरोहितों के लिए कल्याण बोर्ड बनाया जाएगा। मगर जब इन घोषणाओं को धरातल पर उतारने की बारी आई तो सीएम योगी सामाजिक समरसता की राह पर कहीं आगे खड़े दिखाई दिए।

सीएम योगी ने निर्णय लिया हैं कि बुजुर्ग संतों और पुरोहितों के लिए बनाया जा रहा पुरोहित कल्याण बोर्ड मौलवियों और फकीरों को भी लाभान्वित करेगा। मस्जिदों के लिए अलग से विशेष पोर्टल बनेगा।

इस मौके पर हाजी दुलेहजान अल्वी, मौलाना मुजम्मिल हुसैन, फसाहत अली खान उर्फ राजू, दानिश खान, गुलजार अहमद आदी मौजूद थे।

## पुलिस ने असलाह सहित तीन को हिरासत में लिया

पीलीभीत,पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव नवदिया सुल्तानपुर निवासी अतिन्दर पाल सिंह ने बताया कि उसका पुत्र अकाल अकाडमी गोमती गुरुद्वारा में पढ़ाई करता है।गुरुवार को वह अपने पिता पिंदर सिंह के साथ अपने पुत्र को लेने स्कूल आया।उसने बताया कि छुट्टी होने में समय था।इस पर वह स्कूल के पड़ोस में दुकान पर बैठ गया।कुछ ही देर बाद बच्चों की छुट्टी हो गई।आरोप है कि अचानक वैगपुर निवासी गुरजंट सिंह व राजवीर सिंह नाजायज असलहों से लेस होकर मौके पर पहुंच गए।आरोप है कि पीड़ित की गाड़ी के आगे ट्रैक्टर लगा दिया और उसकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए।विरोध करने पर उसको जमकर मारा पीटा।आरोप है कि पिटाई लगाने के बाद दबंग उसके पुत्र राजवीर सिंह का अपहरण कर ले जाने लगे।पीड़ित ने शोर मचाना शुरू कर दिया।मामले ने तूल पकड़ा तो बताया जाता है कि हवाई फायरिंग भी की गई।इसको लेकर अफरा–तफरी मच गई।तमाम लोग मौके पर इकट्ठे हो गए। घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने असलाह सहित तीन को हिरासत में ले लिया।मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले में तीन को हिरासत में लिया गया है।कार्यवाही कराई जा रही है।

### शान्ति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने तथा आगामी त्यौहारों बकरीद एवं कावड़ यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित की गयी पीस कमेटी की बैठक



पीलीभीत। शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आगामी त्यौहारों बकरीद एवं कावड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस लाइन पीलीभीत में जिलाधिकारी पुलकित खरे एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 द्वारा धर्मगुरूओं एवं सभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी। इस दौरान धर्मगुरुओं एवं संभ्रान्त नागरिकों से बकरीद एवं कावड़ यात्रा को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा कानून–व्यवस्था बनाये रखने हेतु शासन–प्रशासन की मदद करने की अपील की गयी तथा किसी प्रकार के अफवाह एवं भ्रामक खबरों पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वालों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को देने की अपील की गयी। इस दौरान उन्हें विश्वास दिलाया गया कि जनपदीय पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः कटिबद्ध है। इसके साथ ही धर्मगुरुओं से वार्ता करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये साथ ही पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षत अभियोजन, कानून एवं शान्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में अभियोजन, कानून एवं शान्ति व्यवस्था, व कर–करेत्तर समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न की गई। बकरीद एवं सावन मास की कांवड यात्रा के दृष्टिगत समस्त उपजिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों, विद्युत, नगर पालिका के अधिकारियों के साथ कानून एवं शान्ति व्यवस्था की बैठक की गई। इस दौरान समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि बकरीद के दिन मजिस्दों के पास साफ सफाई के साथ साथ प्रत्येक वार्ड की साफ सफाई हेतु टीम नामित की जाये। सभी जगह पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को कडे निर्देश देते हुये कहा कि सामूहिक कुर्बानी स्थल एवं चिन्हित स्थलों से अवशेष उठाने वाले वाहनों में ढकने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मजिस्दों के आस पास सुअर व आवार पशुओं पर प्रतिबन्ध लगाया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद स्तर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाये। जिस पर कोई आम जनमानस विद्युत, साफ सफाई की समस्या के अवगत कराया गया और कंट्रोल रूम में सम्बन्धित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहेगे और तत्काल समय का निस्तारण करायेगे। समस्त उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को भी ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम प्रधानों से वार्ता कर बकरीद के दिन अवशेष उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। कावंड यात्रा के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रमुख मदिरों एवं घाटो का रूटचार्ट तैयार कराया जाये जिसमें रूट पर स्थित सीएससीधीएससी, ढाबा, शिविर आयोजकों के स्थलो का चिन्हिकंन किया जाये, इसके उपरान्त रूटचार्ट के आधार पर सड़क की साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था का कार्य कराया जायेगा और साथ ही साथ रूट पर स्थित पट्रोल पम्प, ढाबे, व शिविरों पर भी पर्याप्त मात्रा में मेडिकल किट, पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन घाटो से जल भरा जाता है वहां पर पर्याप्त मात्रा में वेरिकैटिग, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोर की उपलब्ध सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि शिवालयों के पास साफ सफाई, सीसीटीवी, पार्किंग, वैरिकेटिं आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाये, किसी भी प्रकार की धार्मिक या आपत्तिजनक पोस्ट पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्व एफआईआर दर्ज की जायेगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी वि.ध्रा., अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कर करेत्तर की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, स्टाम्प, आबकारी, परिवहन, विद्युत, सामाजिक वानिकी, बाढ़ खंड, मण्डी, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के निर्धारित किये गए लक्ष्य के सापेक्ष अब तक की गई राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि रणनीति तैयार करते हुये लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति सुनिश्चित की जाये।



परिवहन, मण्डी व नगर पंचायतों व के राजस्व वसूली के सम्बन्ध में विभागीय नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि प्रतिमाह राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाये। इस दौरान संबंधित समस्त अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रति माह प्रगति निश्चित रूप से सुनिश्चित की जाए यदि विगत माह से प्रगति में कमी आती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित लक्ष्य की शत–प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वि.ध्रा.), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), समस्त उप जिलाधिकारी आबकारी अधिकारी, एआरटीओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ,बेटी पढाओ के प्रति किया जागरुक

पीलीभीत,पूरनपुर। शुक्रवार को घुंघचाई ग्राम पंचायत में बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन कन्या जूनियर स्कूल में किया गया।बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित राजू ने की।उन्होने बेटियों को आगे बढ़ने के बारे में जानकारी देकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में विस्तार से बालिकाओं को जानकारी दी।उन्होने कहा कि बेटियां इस देश का भविष्य है जो आगे चलकर नाम रोशन करेंगी।महिला चिकित्सक डॉक्टर दृढ़ता शुक्ला ने संबोधन में बताया कि लड़कियों के साथ आए दिन हादसे हो रहे हैं।सभी निरंतर पढ़ाई कर आगे आकर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान नीरज त्रिवेदी,स्कूल के प्रधानाचार्य रवि कांत शुक्ला,अचलेन्द्र मिश्रा,सुनील मिश्रा, ओमप्रकाश त्रिवेदी,ललित सहित कई लोग मौजूद रहे।



## जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापकों व प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया




पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के तहत चयनित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया करीब 2 महीने पहले शासन के निर्देश पर जिले के सभी विद्यालयों ने स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिए आवेदन किए थे इसके बाद डीएम के स्तर से जनपदीय अधिकारियों की की टीम बनाई गई।

और टीम बनाने के बाद विद्यालयों के आवेदन पत्रों का सत्यापन किया गया सत्यापन रिपोर्ट मिलने के बाद जिलाधिकारी ने बृहस्पतिवार को गांधी सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के तहत जो स्कूल चयनित हुए उन को पुरस्कार बांटे कम्पोजिट स्कूल चांट फिरोजपुर प्राइमरी स्कूल चोखा पुरी कैच राजकीय बालिका इंटर कॉलेज न्यूरिया ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल पीलीभीत जवाहर नवोदय विद्यालय पीलीभीत प्राइमरी स्कूल न्यूरिया के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर जिलाधिकारी पुलकित खरे ने सम्मानित किया पांच उन विद्यालयों के अध्यापकों को भी पुरस्कार मिला जहां ग्राम प्रधानों और प्रधान अध्यापकों ने अपने स्तर से विद्यालयों को स्वच्छ बनाया सारे मानक पूरे होने के बाद पुरस्कार की श्रेणी में चयनित किए गए इस मौके पर सीडीओ बीएसए अमित कुमार सिंह डीआईओएस डीपीआरओ सहित तमाम शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## जनपदीय साइबर सेल टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया



पीलीभीत। समाज में बढ़ते हुए साइबर अपराधों से रोकथाम एवं बचाव हेतु जानकारी देने के दृष्टिगत आज दिनांक 07.07.22 को सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर पीलीभीत में जनपदीय साइबर सेल टीम द्वारा छात्र–छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया तथा उनको साइबर से सम्बन्धित होने वाले क्राइम इन्टरनेट बैकिंग, एटीएम कार्डध्डेविड कार्डध्क्रेडिट कार्ड, ओलेक्स फ्राड, वालेटध्यूपीआई से संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के संबंध में साइबर अपराध, सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, ।ज्ड कार्ड बदलकर होने वाले फ्रॉड, बायोमैट्रिक फ्रॉड, यूपीआई सम्बन्धी फ्रॉड, फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, पालिसी, चिट फण्ड,लाटरी का लालच देकर होने वाले फ्रॉड, आनलाइन एप के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से सम्बन्धित फ्रॉड तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान जनपदीय साइबर सेल टीम के प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक अजय यादव मय टीम अनुज कुमार, अंकुर कुमार व थाना पूरनपुर साइबर हेल्प डेस्क टीम भी उपस्थित रही।

## फ्लड पीएसी के जवानों ने नदी में डूब रहे व्यक्तिको बचाने व टापू में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने का किया पूर्वाभ्यास

पीलीभीत। कलीनगर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पीलीभीत के तत्वाधान में आज अन्तर्गत शारदा नदी के नगरिया खुर्द कला, ढकिया ता0 महाराजपुर घाट पर बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य की मेगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, पशु चिकित्सा, अग्निशमन, आपूर्ति विभाग, पशुपालन, बाढ़ खण्ड, पंचायतीराज विभाग, आपदा सलाहकार एवं आपदा विशेषज्ञ सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।उक्त कार्यक्रम में तीन ट्रक, दो जिप्सी, दो वाहन अग्निशमन, दो टाटा सूमो, नाव, मोटर वोट, हैलमेट लाइफ जैकेट, ट्यूब, रस्ता, सर्च लाईट, खाली बोतलें आदि उपकरण उपलब्ध पाये गये। मॉक ड्रिल के लिए नगरिया खुर्द कला, ढकिया ता0 महाराजपुर घाट में स्टेजिंग एरिया बनाया गया। ग्राम नगरिया खुर्द कला में तेज बाढ़ से ग्राम प्रधान द्वारा कन्ट्रोल रूम को प्रातः 9 बजे सूचना दी गई उप जिलाधिकारी व थाना अध्यक्ष एवं डायल 112 पर सूचना दी गई। प्रात 9:05 पर ग्रामवासी पानी में घिर गये तत्काल बच्चों बुजुर्गो एवं जानवर को ऊंचे स्थान पर टीम द्वारा पहुंचाया गया। प्रातः 9:10 मिनट पर जिलाधिकारी, लेखापाल, तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी बचाव हेतु पहुंच गये। वहां पर फलड पीएसी के जवानों द्वारा नदी में डूब रहे व्यक्ति को जीवित बाहर निकाल लिया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तुरन्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिसई पर भेजा गया जहां पर मेडिकल टीम द्वारा व्यक्ति का उपचार किया गया।

इसके बाद प्रशासन द्वारा गांव में नदी का पानी घुसने की सूचना देते हुए ग्रामवासियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की मॉक एक्सरसाइज की गई। अधिकारियों द्वारा गांव वालों को पूर्व सूचना दी गई तथा पुलिस व राजस्व टीम द्वारा ग्रामवासियों को सकुशल बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया गया। मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर लाने एवं उपचार की व्यवस्था के लिए पशुपालन विभाग की टीम लगाई गई। उक्त कार्यक्रम प्रातः 9:00 से 1:30 बजे तक माकर्डिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बाढ़ आपदा के समय लोगों को राहत पहुंचाने का प्रशिक्षण था। इस कार्यक्रम के तहत फ्लड पीएसी के जवानों द्वारा डूबते हुए लोगों को बचाने के लिए डेमोंस्ट्रेशन किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में बाढ़ से बचाव को लेकर पूरी आईआरएस टीम तैयार है तथा बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी की गई हैं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी कलीनगर, कैप्टन मुकुल शर्मा, कमाण्डेन्ड एस0एस0बी0, ए0एस0आई राजकुमार, तहसील टीम, मेडिकल टीम सहित अन्य उपस्थित रहे।



## अंडर पास की समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत,पूरनपुर। अंडर पास का निर्माण न कराए जाने से आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।कई बार धरना प्रदर्शन करने के बावजूद समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।इसको लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डीआरएम बरेली मंडल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर शीघ्र ही समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है। नगर के रेलवे लाइन के पार करीब एक लाख की आबादी रहती है। शहर का कपड़ा, किराना,इलेक्ट्रॉनिक,सब्जी सहित काफी व्यापार इसी लाइन पार स्थित है।उसके बावजूद अंडरपास का निर्माण नहीं कराया गया है।अंडर पास का निर्माण न कराए जाने से बुजुर्ग महिलाएं,पुरुष के अलावा स्कूली बच्चों व दिव्यांगों के अलावा आम जनमानस को काफी परेशानियां हो रही है।लाइनपार एक मंदिर भी है जहां रोजाना श्रद्धालु पूजा–अर्चना करने आते हैं लेकिन अंडरपास का निर्माण न होने से काफी दिक्कतें हो रही है।अंडरपास के निर्माण कार्य को लेकर डीआरएम ने जगह चिन्हित कर सर्वे भी किया था।उसके बावजूद अंडरपास के निर्माण के लिए किसी ने कोई सुध नहीं ली। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी लाड़ले के नेतृत्व में सपाइयों ने तहसील पहुंचकर डीआरएम बरेली मंडल इज्जत नगर को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता को सौंपकर शीघ्र ही अंडरपास का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में बंटू खां,मोहम्मद शफी,आलोक शर्मा, आलोक सक्सेना,जावेद मंसूरी,वेद प्रकाश,शकील अहमद,लाखन सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## क्षेत्राधिकारी बीसलपुर एवं थानाध्यक्ष विलसंड़ा ने छात्र छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया



पीलीभीत। अमर उजाला फाउंडेशन के तहत थाना बिलसंडा पर डॉ0 गंगाराम मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं को थाना भ्रमण हेतु लाया गया जिनको थाना बिलसंड़ा का भ्रमण कराकर थाना के कार्यों की जानकारी दी गई एवं क्षेत्राधिकारी बीसलपुर प्रशांत कुमार एवं थानाध्यक्ष विलसंड़ा अचल कुमार द्वारा साइबर अपराध के बारे में छात्र–छात्राओं को जागरूक किया गया साथ ही उनको साइबर से सम्बन्धित होने वाले क्राइम इन्टरनेट बैकिंग, एटीएम कार्ड/डेविड कार्ड/क्रेडिट कार्ड, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई से संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के संबंध में साइबर अपराध, सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, ATM कार्ड बदलकर होने वाले फ्रॉड, बायोमैट्रिक फ्रॉड, यूपीआई सम्बन्धी फ्रॉड, फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, पालिसी, चिट फण्ड, लाटरी का लालच देकर होने वाले फ्रॉड, आनलाइन एप के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से सम्बन्धित फ्रॉड तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## बिजली समस्या को लेकर किसानों ने एसडीओ का किया घेराव

पीलीभीत पूरनपुर। बिजली समस्या को लेकर किसानों में रोष देखा जा रहा है।बिजली न मिलने से खफा दर्जनों किसानों ने डिवीजन कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा काटा।एसडीओ का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।बिजली समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।शीघ्र ही व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की।

मुजफ्फरनगर फीडर क्षेत्र में बीते कई दिनों से बिजली की समस्या बनी हुई है।शासन से जारी शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है।नाम मात्र की बिजली और लौ वोल्टेज से किसानो को निजात नही मिल पा रही है।बिजली की जमकर कटौती की जा रही है।फाल्ट आने के बाद घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहती है।इससे भीषण गर्मी में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।रात के दौरान भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है।लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी अपनी लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं। बिजली न मिलने से किसानों की खेतों में हो रही धान रोपाई के लिए सिंचाई प्रभावित हो रही है।खेतों में लगे बिजली मोटरें शोपीस बनी हुई है।किसानों ने बताया कि इस फीडर क्षेत्र में आए दिन बिजली के तार टूट जाते हैं।जिससे कई दिनों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है।एक दिन पहले ही एचटी लाइन का तार टूट गया था।जिससे दो दर्जन गांवो की बिजली ठप हो गई थी।शुक्रवार को भी बिजली आपूर्ति किसानों को नहीं मिल सकी इससे आक्रोशित किसानों ने पूरनपुर डिवीजन कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा काटा एसडीओ का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर इधर ही समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है किसानों ने बताया कि अगर जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे जय राम और प्रदर्शन करने वालों में कुलविं दर सिंह मोहन सिंह मनजीत सिंह मेजर सिंह गुरमेज सिंह सुखविंदर सिंह दलजीत सिंह बलकार सिंह हरजीत सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे। एसडीओ बिजली प्रवीण सिंह कनौजिया ने बताया मुजफ्फरनगर क्रीडा क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे हैं शीघ्र ही किसानों को बिजली सप्लाई मिलना शुरू हो जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया

पीलीभीत,पूरनपुर। रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा पूरनपुर पीलीभीत ने संयुक्त रूप से चंदी हॉस्पिटल पूरनपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन सुमन ब्लड बैंक पीलीभीत के सहयोग से हुआ। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया आज रक्तदान शिविर में पीलीभीत सुमन चौरिटेबल ब्लड बैंक के डॉ0 आरके



टंडन तथा ब्लड बैंक के मोहम्मद यासिर एवं उनकी टीम ने आकर रक्तदान किया शिविर का शुभारंभ तहसीलदार ध्रूव नारायण व क्षेत्राधिकारी वीरेंद्र विक्रम सिंह ने किया, डा0 तेज बहादुर सिंह डॉ0 सुधाकर पांडे डॉ एसएस चंदी डॉ0आरके टंडन इस अवसर पर क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया अध्यक्ष आकाश खंडेलवाल सचिव शेखर सिंह पुनीत खंडेलवाल ऋषि खन्ना सौरभ पांडे शेखर खंडेलवाल सोनू छीना अनूप गोयल रवि सोमल मयूर खंडेलवाल मयंक खंडेलवाल आदि सदस्य उपस्थित रहें। सभी आए हुए अतिथियों को रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया, तथा सभी रक्तदान करने वालों को क्लब की तरफ से एवं सुमन चौरिटेबल ब्लड बैंक की तरफ से एक उपहार प्रदान किया गया।

### पुलिस ने पति सहित सात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

पीलीभीत,पूरनपुर। दहेज की मांग पूरी न करने पर सुसरालियों ने गर्भवती विवाहिता की पिटाई लगा कर घर से निकाल दिया।यही नहीं पति ने तीन तलाक भी दे दिया।तहरीर पर पुलिस ने पति सहित सात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। नगर के मोहल्ला नूरी नगर पूरनपुर देहात निवासी नईम ने अपनी पुत्री निशा का निकाह डेढ़ साल पूर्व नगर के मोहल्ला खानकाह निवासी जुबेर के साथ किया था।निकाह में मायके पक्ष की ओर से दहेज दिया गया।लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं हुए।निकाह के कुछ महीने बाद ससुरालियों ने गर्भवती विवाहिता से एक बुलेट बाइक डेढ़ लाख रुपए नकदी लाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया।विवाहिता के इंकार करने पर उसको दिन मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने लगा।पीड़ित ने बताया कि ससुरालियों की मांग के अनुसार उसके परिवार वालों ने दो लाख रुपये भी दे दिए।उसके बावजूद भी संतुष्ट नहीं हुए।5 जून को उसके पति ने तीन तलाक देकर पिटाई लगाते हुए घर से निकाल दिया।विवाहिता ने बताया कि इस मामले की शिकायत उसके पिता ने जब असरदार लोगों से कि तो खफा होकर उसके ससुराल पक्ष के लोग उसके मायके आ धमके और उसको जमीन पर पटक कर लात घूंसों से जमकर पीटा।पेट में लात मार देने से विवाहिता की हालत बिगड़ गई।शोर–शराबा करने पर ससुराली मायके वालों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने पति जुबेर, शादाब,निशा बी,सीमा,युसूफ,अन्सार अहमद,रेश्मा निवासी खानकाह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले में सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।


### जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्तरूप से गांधी सभागार में अभियोजन के कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक की गई

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 की अध्यक्षता में अभियोजन के कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न की गई। अभियोजन के कार्यो की समीक्षा में संयुक्त निदेशक अभियोजन पीलीभीत, जिला शासकीय अधिवक्तागण पीलीभीत एवं अपर जिला शासकीय अधिवक्तागण पीलीभीत के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें गैंगेस्टर ऐक्ट, एनडीपीएस ऐक्ट व हत्या तथा वर्तमान में महिलाओं एवं बालिकाओं संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने तथा उनके मध्य सुरक्षा की भावना जागरूक किए जाने हेतु चल रहे षमिशन शक्ति अभियानष के अंतर्गत महिला उत्पीड़न से संबंधित न्यायालय में विचाराधीन अभियोगों में प्रभावी पैरवी कराकर अधिक से अधिक प्रकरणों में अपराधियों को सजा दिलाये जाने हेतु विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



### आगामी पर्वो श्रावण मास व ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्तरूप से गांधी सभागार में कानून एवं शान्ति व्यवस्था की बैठक की गई

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 की अध्यक्षता में कानून एवं शान्ति व्यवस्था की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न की गई। बैठक में आगामी पर्वों श्रावण मास व बकरीद को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत बैठक में समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि बकरीद के दिन मजिस्दों के पास साफ सफाई के साथ–साथ प्रत्येक वार्ड की साफ सफाई हेतु टीम नामित की जाये। सभी जगह पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मज्जिदों के आस पास आवारा पशुओं पर प्रतिबन्ध लगाया जाये। बिना अनुमति के किसी भी प्रकार की शोभायात्रा या धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा एवं चिन्हित स्थानों पर ही कुर्बानी दी जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद स्तर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाये। जिस पर कोई आम जनमानस विद्युत, साफ सफाई की समस्या के अवगत कराया गया और कंट्रोल रूम में सम्बन्धित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहेगे और तत्काल समय का निस्तारण करायेगे। कावंड यात्रा के सम्बन्ध में प्रमुख मदिरों एवं घाटो का रूटचार्ट तैयार कराया जाये जिसमें रूट पर स्थित सीएससीधीएससी, ढाबा, शिविर आयोजकों के स्थलो का चिन्हिकंन किया जाये, इसके उपरान्त रूटचार्ट के आधार पर सड़क की साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था का कार्य कराया जायेगा और साथ ही साथ रूट पर स्थित पट्रोल पम्प, ढाबे, व शिविरों पर भी पर्याप्त मात्रा में मेडिकल किट, पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन घाटो से जल भरा जाता है वहां पर पर्याप्त मात्रा में वेरिकैटिग, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोर की उपलब्ध सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि शिवालयों के पास साफ सफाई, सीसीटीवी, पार्किंग, वैरिकेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाये, किसी भी प्रकार की धार्मिक या आपत्तिजनक पोस्ट पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्व एफआईआर दर्ज की जायेगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी वि.ध्रा., अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## आगरा सेवा समिति ने वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया

दै, अविद्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। गांधी नगर पार्क में आगरा सेवा समिति द्वारा वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महापौर नवीन जैन मौजूद रहे। शहर को हरा भरा बनाने के देश के साथ वृक्षारोपण अभियान के तहत महापौर नवीन जैन आगरा सेवा समिति के पदाधिकारियों के साथ पार्क में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए महापौर नवीन जैन ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगी सरकार द्वारा वन महोत्सव के अंतर्गत चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि आगरा सेवा समिति ने जो वृक्षारोपण अभियान चलाया है, वह सराहनीय है। इसी तरह अन्य संस्थाओं को भी आगे आकर वृक्षारोपण अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए।



इसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने महापौर कार्यकाल के 4 वर्ष सफलतम पूर्ण होने पर नवीन जैन को बधाई दी और शहर में महापौर नवीन जैन के नेतृत्व में आगरा नगर निगम द्वारा चहुंओर जो विकास की गंगा बहाई गई और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए विभिन्न अभियान चलाए गए, उन सभी की जानकारी लोगों के साथ साझा की। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने महापौर नवीन जैन को चांदी का मुकुट पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर सोसायटी अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पार्षद गुलाब सिंह, पार्षद प्रदीप अग्रवाल, पार्षद नेहा गुप्ता, संजीव गोयल, विनय कुमार शर्मा, राजीव जैन, अमित उपाध्याय एवं आगरा सेवा समिति गांधीनगर के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नर्थ इंडिया कालेज में कराया गया पौधारोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान । नजीबाबाद क्षेत्र के नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, नजीबाबाद (बिजनौर) में सक्षम पदाधिकारियों के निर्देशानुसार वृक्षारोपण अभियान–2022 के अंतर्गत प्रदेश में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सहयोग से वर्षा काल में 21 करोड़ वृक्षारोपण कराए जाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, लगभग 400 पौधे रोपित कराए गए। नॉर्थ इंडिया ग्रुप





ऑफ कॉलेजेस के नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ लॉ में भी उपरोक्त आदेशानुसार ही लगभग 400 पौधों को रोपित किया गया। इस अवसर पर नॉर्थ इंडिया ग्रुप आफ कॉलेजेस के सैकड़ों विद्यार्थियों और शिक्षकधशिक्षिकाओं ने तेज धूप और गर्मी की परवाह न करते हुए पौधों को रोपित कर वृक्षारोपण अभियान –2022 में महती भूमिका निभाई। संस्थान में अभियान को सफल बनाने के लिए प्रबंध निदेशक इंजी. अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल व अदिति अग्रवाल ने भी स्वयं पौधों को रोपित कर वृक्षारोपण के इस अभियान में भरपूर सहयोग दिया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. नीलावती, लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.सी.राम , डॉ. नवनीत कुमार राजपूत, डॉ. चंचल कुमार, जसवन्त सिंह, डॉ. अनम खान, शादमा परवीन, समसपाल सिंह, अरविंद कुमार, अरविंद राजपूत, डॉ. राम किशोर सिंह, सियाराम सिंह और रविकांत सिंह आदि ने भी बढ़–चढ़कर सहयोग दिया ।

## कोतवाली देहात थाना प्रभारी हरीश चंद्र जोशी ने जुमे की नमाज व ईद के त्यौहार को लेकर गांव गांव जाकर जनता से शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार को मनाने की अपील की

बिजनौर दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान । कोतवाली देहात नवागत एसपी दिनेश सिंह के निर्देशानुसार कोतवाली देहात थाना प्रभारी हरीश चंद्र जोशी ने जुमे की नमाज व ईद को लेकर थाना क्षेत्र के धर्मगुरुओं के साथ मीटिंग कर रहे हैं । थाना प्रभारी हरीश चंद्र जोशी ने कहा कि क्षेत्र में आपसी सौहार्द्र बनाए रखे और क्षेत्र की जनता से उन्होंने कहा है कि ईद के दिन शांतिपूर्ण तरीके से नमाज पढ़े कुर्बानी खुले में ना करें उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों को जैसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करना अफवाह फैलाने वाले को पुलिस का सहयोग कर तुरंत अवगत कराएं ऐसे व्यक्तियों पर पुलिस की पैनी नजर है । और जनता से मेरी अपील है क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए ।और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा । और कड़ी से कड़ी



कार्यवाही की जाएगी कोतवाली देहात थाना अध्यक्ष हरीश चंद्र जोशी ने पुलिस फोर्स के साथ आज क्षेत्र के अकबराबाद कोतवाली देहात दौलताबाद , गौसपुर , महेश्वरी जट्ट, करौंदा, बरूकी , शादीपुर, गांव में लोगों से रूबरू होकर आने वाले त्योहारों को लेकर शांति बनाए रखने की अपील की थाना प्रभारी के साथ थाने के समस्त पुलिस स्टाफ उप निरीक्षक कांस्टेबल दीपक राणा , सहदेव , पुष्पेंद्र कुमार, धामा ,परवेन्द्र कुमार ,आदि लोग मौजूद रहे।

## बिजनौर डीएम उमेश मिश्रा व एसपी दिनेश सिंह ने प्राथमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों को पढ़ाया शिक्षा का पाठ

बिजनौर दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान । जिला बिजनौर के एसपी दिनेश सिंह वह त्यौहार को लेकर रोड व क्षेत्र का जायजा लिया । एसपी और डीएम ने प्राथमिक विद्यालय मे स्कूली बच्चों



को पढ़ाया शिक्षा का पाठ ।स्कूली बच्चों को शिक्षा के संबध मे जानकारी दी ।डीएम उमेश मिश्रा ने टीचर से स्कूली बच्चों को खाना के संबंध में दिए



डीएम उमेश मिश्रा ने थाना मंडावली क्षेत्र की मोटा महादेव चौकी पहुंचकर प्राथमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों का हालचाल जाना और प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच कर और बच्चों की साफ सफाई के बारे में स्कूल स्टाफ को समझाया और आने वाले कावड़ यात्रा वे ईद के सख्त आदेश ।एसपी दिनेश सिह ने स्कूली बच्चों का हालचाल जाना ।स्कूली बच्चों को टॉफी और चॉकलेट देकर बच्चो के चेहरे खिल उठे ।
स्कूली बच्चों ने एसपी और डीएम का किया धन्यवाद।

## भाकियू अराजनैतिक की एक बैठक ब्लाक अफजलगढ़ के डबाकरा हाल में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। भाकियू अराजनैतिक की एक बैठक ब्लाक अफजलगढ़ के डबाकरा हाल में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित की गई। इस दौरान किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन डीएम बिजनौर के नाम एडीओ पीपी सुरेंद्र सिंह को सौंपा। वही ब्लाक अध्यक्ष महल सिंह द्वारा ब्लाक के महत्वपूर्ण पदों पर छह लोगों की नियुक्ति की गई। भाकियू अराजनैतिक की एक बैठक शुक्रवार को ब्लॉक कासमपुरगढ़ी के डबाकरा हाल में आयोजित की गई। जिसमें किसानों से सम्बंधित जंगली जानवरों की रोकथाम, कटौती, जर्जर तार की मरम्मत, लो वोल्टेज, आवारा पशुओं को गौशाला भेजने आदि समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग की। साथ ही



चेताया कि यदि उनकी समस्याओ के निराकरण को लेकर शासन का उदासीन रवैया नही बदला तो संगठन आंदोलन के लिए विवश होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी। भाकियू अराजनीतिक कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन डीएम बिजनौर के नाम एडीओ पीपी सुरेन्द्रर सिंह को सौंपा।
एडीओ पीपी सुरेंद्र सिंह ने विश्वास दिलाया कि जल्दी ही उनकी समस्याओ को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। संगठन के जमीनी स्तर पर विस्तार की दृष्टि से विरेन्द्र सिंह को ब्लाक महासचिव राजकुमार सिंह सादकपुर व जसवंत सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया। रामप्रसाद सिंह को ग्राम अध्यक्ष नाबका,सतनाम सिंह को न्याय पंचायत अध्यक्ष मौहम्मदपुर राजौरी,अरविंद कुमार को न्याय पंचायत अध्यक्ष आसफाबाद चमन बनाया ओर उनसे संगठन के हित में कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व संचालन राजकुमार सिंह ने किया।
इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष सरदार महल सिंह के अलावा दर्शन सिंह फौजी,विरेन्द्र सिंह,बूटा सिंह,होरी सिंह,राम बहादुर सिंह,हरी सिंह, गुरूदेव सिंह तथा हेमंत कुमार आदिस्थत रहे।

# राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला को लेकर प्रशासन ने जारी किया रूट प्लान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

- आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए तैयार की यातायात व्यवस्था

मथुरा ।गोवर्धन ऐतिहासिक गिर्राज नगरी में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला गोवर्धन, जनपद मथुरा में दिनाँक 09–07–2022 से 15–07–2022 तक परम्परागत रूप से मनाया जायेगा। यात्रियों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन को द्रष्टिगत रखते हुए मेला अवधि में दिनाँक 09–7–2022 से 15–7–2022 तक जनपद की यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार से संचालित होगी।–रोडवेज बसों का परिचालन नया बस अड्डा, रेलवे ग्राउंड, माल गोदाम तथा मंडी समिति परिसर हाइवे (छ.भ.19) से किया जाएगा द्य इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन सौ सैया अस्पताल के पास बस स्टैंड वृन्दावन से होगा। इलेक्ट्रीक बसें गोवर्धन चौराहे से होकर गोवर्धन को जायेंगी तथा सौख रोड (वाया सौख) होकर मंडी चौराहा मथुरा को वापस आयेगी।मथुरा से डींग व भरतपुर की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन जो गोवर्धन दर्शनध्परिक्रमा हेतु नहीं जा रहे हैं,



पार्किंग में पार्क कराया जायेगा।दिल्ली हरियाणा की ओर से आने वाले सभी प्रकार के वाहन छाता, सहार मार्ग से गोवर्धन को आयेंगे एवं आनंद मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में पार्क कराए जाएंगे।छटीकरा और छाता की ओर से गोवर्धन आने वाले वाहन कस्बा बरसाना होकर कोसी (छभ्19) को वापास जायेंगे। कस्बा बरसाना की ओर से कोई भी वाहन गोवर्धन नहीं आयेगा तीर्थ यात्रियों को लाने वाली वाहन एक तरफ पार्किंग करायी जायेगी।
5– मंडी समिति के अंदर थाना हाइवे अंतर्गत छभ्19 पर वाहन पार्किंग करायें जायेंगे तथा उक्त वाहनो की सवारियां रोडवेज बसों से ही यात्रा करेंगे।
मार्ग– वार पार्किंग व्यवस्था सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 45 स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाये गए हैं1– मथुरा गोवर्धन मार्ग (गोवर्धन चौराहा–अडींग बाईपास–गोवर्धन) पर 17 स्थलों पर पार्किंग।
2– गोवर्धन–सौंख–मंडी चौराहा मार्ग (ब्लॉक तिराहा–राजीव तिराहा–सौंख कस्बा–मंडी समिति चौराहा तक 3 पार्किंग स्थल तथा रोडवेज बस स्टैंड।
3– कुम्हेर रोड पर 2 पार्किंग स्थल।
4– डींग रोड पर 7 पार्किंग स्थल।
5– गोवर्धन–बरसाना पर 1 पार्किंग स्थल।
6– नीमगांवध्छाता रोड पर 3 पार्किंग स्थल।
7– राधा कुण्ड बाईपास पर 2 पार्किंग स्थल।
8– छटीकरा रोड पर 7 पार्किंग स्थल।मथुरा शहर की यातायात व्यवस्था1. रेलवे के माध्यम से आने वाले तीर्थयात्री स्टेशन पर स्थित मालगोदाम, बस स्टैंड, धौली प्याऊ बस स्टैंड से रोडवेज बसो द्वारा गोवर्धन परिक्रमा हेतु जा सकेंगे।
2. थाना हाइवे कटध्पुराना त्ज्ज कटध्मंडी चौराहाध्गोवर्धन चौराहाध्टाउनशिप से मथुरा शहर की ओर सभी भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगें।
3. लक्ष्मीनगर से मथुरा शहर की ओर सभी भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे।
4. मसानी से मथुरा शहर की ओर सभी भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
वृन्दावन की यातायात व्यवस्था
1. छटीकरा–वृदांवन मार्ग पर मल्टीलेवल पार्किंग स्थल से आगे कोई वाहन नहीं जा सकेगा ।
2. मथुरा–वृदांवन मार्ग पर सौ सैया से आगे सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे ।
3. एक्सप्रेस वे से वृन्दावन आने वाले वाहन दरुख पार्किंग से आगे प्रतिबन्धित रहेंगे ।
4. पानीघाट तिराहे से सभी प्रकार के चार पहिया वाहन परिक्रमा मार्ग में प्रतिबंधित रहेगें ।
5. चामुंडा कट से सभी प्रकार के चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगें ।
6. कैलाश नगर मोड़ से सभी प्रकार के चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगें ।7. सुनरख रोड़ की ओर से वृन्दावन में आने वाले चार पहिया वाहन छः शिखर तिराहे से आगे प्रतिबंधित रहेंगें । पार्किंग व्यवस्था युमनाएक्सप्रेस– वे से वृन्दावन आने वाले वाहन निम्न पार्किंग स्थलों में पार्क होंगे
1. दारुक पार्किंग
2.ज्ीब्र मैदान पार्किंग उपरोक्त दोनों पार्किंग भर जाने की स्थिति में निम्न पार्किंग स्थलों का प्रयोग किया जायेगा। 3– इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टैंड पार्किंग 4– मंडी समिति पार्किंग मथुरा की ओर से वृन्दावन को आने वाले वाहन निम्नलिखित पार्किंग स्थलों पर पार्क होंगे
1. ज्ीब्र पर्किंग
2.चौहान पार्किंग छभ्19 छटीकरा से वृन्दावन आने वाले वाहन निम्नलिखित पार्किंग स्थलों पर पार्क होगें 1.माता वैष्णों देवी मंदिर के सामने पार्किंग–1(बड़े वाहन)2. माता वैष्णो देवी मंदिर के सामने पार्किंग–2 बडे वाहन
3.माता वैष्णो देवी मंदिर के बराबर में पार्किंग–3 बडे वाहन
4.मल्टीलेवलपार्किंग5.अन्नपूर्णा पार्किंग उपरोक्त पर्किंग स्थलों के भर जाने की स्थिति में निम्न पर्किंग स्थलों का प्रयोग किया जायेगा ।5. रॉयल भारती मोड़ पर्किंग 6. माता वैष्णो देवी मंदिर के बराबर में पार्किंग सुनरख रोड़ की ओर से आने वाले वाहन निम्न पर्किंग स्थल पर पार्क किये जायेंगे1– प्रेम मंदिर के पीछे सुनरख रोड़ पर छः शिखर तिराहे के दोनों तरफ खाली स्थान पर पार्किंग 2. हरे कृष्णा ऑर्चिड के सामने पार्किंग आवश्यकता पड़ने पर
ई–रिक्शा स्टैंड
1. अटल्ला चुंगी के पास वासुदेव पार्किंग
2. जादोन पार्किंग
1. यमुना एक्सप्रेस वे से वृंदावन होते हुए छभ्2 को जाने वाले सभी भारी वाहन यमुना एक्सप्रेस वे से राया कट से उतर कर लक्ष्मी नगर से गोकुल बैराज से टाउनशिप होते हुए छभ्2 को जाएंगे ।
2. इसी प्रकार छभ्2 छटीकरा से वृंदावन होते हुए यमुना एक्सप्रेसवे को जाने वाले भारी वाहन टाउनशिप से गोकुल बैराज से लक्ष्मी नगर होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे को जाएंगे ।1. कस्बा वृन्दावन में कोई भी भारीध्कॉमर्सियल वाहन प्रवेश नहीं करेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सिर्फ ई–रिक्शा का संचालन होगा ।2.स्थानीय निवासी अपनी लोकल आई डी वृन्दावन की दिखा कर अपने निवास को जा सकते हैं 3 कस्बा वृन्दावन में ई रिक्शा तथा छोटे ऑटो (थ्री व्हीलर) का संचालन होगा बड़े ऑटो का प्रवेश वर्जित रहेगा ।नोट–एम्बुलेंस तथा आपातकालीन वाहन उपरोक्त प्रतिबंधों से मुक्त रहेंगे।



भरतपुर तिराहा (थाना हाइवे के निकट) से जाजमपट्टी होते हुए भरतपुर की ओर जायेंगे। किसी भी दशा में गोवर्धन चौराहे या मंडी चौराहे से गोवर्धन या सौंख की तरफ नहीं जायेंगे। इसी प्रकार से भरतपुर से आने वाला कोई भी वाहन जो दर्शन हेतु गोवर्धन नहीं आ रहा है, वह गोवर्धन की ओर नहीं आयेगा। रोडबेज बसें अडींग बाई पास होकर गोवर्धन की ओर जायेगी। किसी भी दशा में अडींग कस्बे में प्रवेश नहीं करेंगे।गोवर्धन की ओर से जाने वाले सभी वाहन दर्शनध्परिक्रमा करने के पश्चात वापस गोवर्धन चौराहे की ओर नहीं लौटेंगे बल्कि गोवर्धन सौंख बाईपास होते हुए वाया सौख होते हुए मंडी समिति चौराहा मथुरा की ओर आयेंगे ।छटीकरा से राधा कुण्ड मार्ग से सिर्फ दो पहियाध्चार पहिया वाहन कस्बा गोवर्धन में आयेंगे तथा उपरोक्त वाहन बरसाना होकर छभ्19 को जायेंगे। कुम्हेरध्डींगध्भरतपुरध्कामा की ओर से आने वाले बड़े वाहन गोवर्धन रिंग रोड से आगे नहीं आयेंगे। पहले ही निर्धारित पार्किंग में पार्क किये जायेंगे। कुम्हेर, राजस्थान की तरफ से तथा जाजमपट्टी, मगोर्रा की ओर से गोवर्धन की ओर आने वाले वाहनों में से ट्रैक्टर, प्राइवेट बस आदि बड़े वाहनों को गोवर्धन की ओर नहीं आने दिया जाएगा। इन पर बैठे यात्रियों को गोवर्धन पहुंचाने हेतु रोडवेज द्वारा मिनी बसों की व्यवस्था की गई है। दो पहियाध्चार पहिया वाहनों को इस मार्ग से कस्बा गोवर्धन की ओर आने दिया जायेगा तथा इनको निर्धारित बड़ी बसें, ट्रैक्टर, ट्रॉली, भारी वाहन मथुरा गोवर्धन रोड जचौडा स्थित पार्किंग में पार्क कराये जायेगे। कस्बा गोवर्धन में रोडवेज बसों की पार्किंग महमूद चौराहे के पास सौख रोड पर रहेगी।
मथुरा से गोवर्धन अपने निजी वाहनों से आने वाले तीर्थ यात्री निर्धारित पार्किंग में अपना वाहन खड़ा करके ई–रिक्शा से कस्बा गोवर्धन में प्रवेश करेंगे तथा परिक्रमाध्दर्शन के पश्चात ई–रिक्शा से पार्किंग स्थल तक पहुंचकर अपने वाहन से सौख रोड से सौख होते हुए मथुरा आएंगे।
(ठ) बारिश की दशा में रोडवेज बसें पूर्ववत चलेंगीद्य छोटे वाहनों की पार्किंग व्यवस्था में निम्न बदलाव किया जाएगा–
बारिश के कारण नियत पार्किंग अनुपयोगी होने की दशा में ठोस व् पक्के स्थान वाले पार्किंग स्थलों में ही पार्किंग कराई जायेगीद्यइसके उपरान्त शेष वाहनों को सडक किनारे एक लाइन में पार्क कराया जाएगाद्यमथुरा गोवर्धन रोड पर अडींग बाई पास (गोवर्धन साइड) से ही वाहन रोड किनारे खड़े कराए जायेगेद्य बरसात की दशा में पार्किंग व्यवस्था असफल होने की दशा में निम्न स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था करायी जायेगी –
1– बस स्टैंड, गोवर्धन।
2– एकता तिराहे से परिक्रमा मोड़ तक।
3– सौंख रोड से बाईपास से पूंछरी का लोटा तक बाईपास तक एक तरफ पार्किंग करायी जाएगी।
4– डींग रोड से पूंछरी का लोटा बैरियर तक राजस्थान से आने वाले

## संक्षिप्त समाचार

### शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। गांव पुराना कालागढ़ में कहासुनी होने के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया। शुक्रवार को किसी बात को लेकर आपसे कहासुनी के मामले में पुलिस ने गांव पुराना कालागढ़ निवासी अनील कुमार पुत्र शिव कुमार तथा दिलावर पुत्र शेर सिंह को कहासुनी के मामले में पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति भंग की आशंका में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

### नूरपुर पुलिस ने दो जेबकतरो को दबोचा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा नूरपूर ।पुलिस ने नगरषके रोडवेज बस स्टैंड पर दो जैब कतरो को जैब काटते रंगे हाथो गिरफ्तार



कर लिया ।थाना ।गुरुवार को थाना कांस्टेबल अनुज बाना व हिटलर खान नगर के रोडवेज मार्ग पर संदिग्धों की चौकिंग अभियान चलाकर कर गश्त कर रहे थे ।इस दौरान रोडवेज बस स्टैंड पर दो संदिग्ध युवको को बस के अंदर चढ़ उतर को देखते हुए ।कांस्टेबल अनुज बाना ने दबोच लिया ।पुलिस की तलाशी के दौरान जैबकतरो के पास से एक ब्लेड व अवैध चाकू बरामद किया है ।थाना प्रभारी धीरज सिंह सोलंकी ने बताया की दो युवक जिनका नाम शाहनवाज पुत्र समीम व भूरा पुत्र शमशाद अहमद निवासी मोहल्ला खस्सो चांदपुर ।बताया ।युवको ने बताया की वह नूरपुर,चांदपुर,बिजनौर ,व धामपुर बस स्टैंड पर इस काम को करते आ रहे है ।पुलिस ने दोनो युवको का संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

### पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

- आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाये त्यौहार–डीएम
- सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर, अफवाहों से रहें दूर–डीएम
- शिवालयों व ईदगाहों की सफाई के दिये निर्देश
- किसी भी प्रतिबंधित श्रेणी के पशु की न हो बलि–पुलिस अधीक्षक

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया ' पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में आज जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आगामी सावन मास में पड़ने वाले विभिन्न पर्वों एवं उत्सवों यथा–कांवड़ यात्रा, सावन शिवरात्रि, नाग पंचमी, रक्षाबंधन तथा बकरीद एवं मोहर्रम को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने जनपद की शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परंपरा को बनाए रखते हुए त्योहारों को आपसी तालमेल, अमनपसंदी व भाई चारे के साथ मनाने की अपील की।
जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 10 जुलाई को बकरीद (चन्द्र दर्शन के अनुसार) मनाया जाएगा। श्रावण मास 14 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है, जिसमें शिवभक्त बड़े पैमाने पर शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं और कई लोग कांवड़ यात्रा भी निकालते हैं। इसके अतिरिक्त 26 जुलाई को शिवरात्रि (सावन मास की), हरियाली तीज 31 जुलाई,



नागपंचमी 2 अगस्त, मोहर्रम 9 अगस्त एवं रक्षाबंधन 12 अगस्त को मनाया जाएगा। इन सभी पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।
जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में समस्त थानावार मजिस्ट्रेटों को तैनात कर दिया गया है। उन्होंने समस्त मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक स्थिति में व्यवहार कुशलता, दृढ़ता, धैर्य एवं दूरदर्शिता से काम करेंगे तथा अपने नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाये रखेंगे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों के शिवालयों एवं मस्जिदों की साफ–सफाई के कार्य करा लें। सावन मास में सोमवार के दिन शिवालयों में लोग बडी संख्या में जलाभिषेक करने आएंगे। इसी प्रकार बकरीद के दिन ईदगाहों पर भीड उमड़ेगी। इसके दृष्टिगत ट्रैफिक डाइवर्जन का रुटचार्ट तैयार कर लिया जाये। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नही होनी चाहिये। मस्जिदों एवं शिवालयों के निकट प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। अधी0 अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनी रहे, खराब ट्रांसफार्मर एवं तार ठीक करा लिया जाये। त्योहार के दिन इमरजेन्सी में लोकल फाल्ट को ठीक करने के लिए विद्युत कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी को विद्युत व्यवस्था से जुड़ी शिकायत हो तो उसे टॉल फ्री नंबर 1912 एवं जनपद स्तर पर बने कंट्रोल रूम के नंबर 8004930620 पर दर्ज करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दिन निर्बाधित जलापूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी त्योहार पर शस्त्र प्रदर्शन की अनुमति नही है।
जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की घृणित व कुत्सित विचारधारा को प्रोत्साहन देने पर कठोर कार्यवाई की जायेगी। सोशल मीडिया की निगरानी विशेष रुप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई शरारती तत्व शान्ति व्यवस्था को भंग करने वाली किसी भी प्रकार की अफवाह फैलायेगा, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।
जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद के अवसर पर नमाज ईदगाह और मस्जिद के भीतर क्षमता अनुसार ही पढ़ा जाए। बाहर सड़क पर नमाज पढ़ने से बचें।
पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा गया कि त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन की तैयारियां पुख्ता है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर पुलिस की तैनाती की जायेगी। पुलिस नियमित रूप से गश्त कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबधिंत पशुओ की कुर्बानी नही की जाये। सार्वजनिक स्थानों पर भी कुर्बानी पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कुर्बानी के पश्चात अवशेषों के उचित निस्तारण का अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सावन में निकलने वाले कांवड़ यात्रा में डीजे का प्रयोग सर्वोच्च न्यायालय के ध्वनि प्रदूषण संबंधित के दिशा–निर्देशो के अनुपालन के अनुसार ही किया जाये। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के संबंध में अगर कोई मामला संज्ञान में आये तो तुरन्त प्रशासन से संवाद स्थापित करें, पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल समस्या का निदान किया जायेगा।
इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ डॉ सुरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजेश सोनकर, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम सलेमपुर गुंजन द्विवेदी, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, एसडीएम रुद्रपुर संजीव उपाध्याय, एसडीएम बरहज गजेन्द्र कुमार, एसडीएम भाटपाररानी अरुण कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ज्ञानधन सिंह, अधिशासी अभियंता गण आदि उपस्थित रहे।

## मथुरा में श्रद्धालुओं के लिए परिवहन निगम ने चलायी 900 रोडवेज बसें, गुरुवार को पहुचेंगी मथुरा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।मथुरा के गोवर्धन का राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं के लिए परिवहन निगम 900 रोडवेज बसें चलाएगा। यह बसें प्रदेश के 13 डिपो से बृहस्पतिवार की शाम तक मथुरा पहुंच जाएंगी। इन बसों को मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार और अंतरराज्यीय नए बस अड्डे से संचालित किया जाएगा। यह बसें मथुरा से अडींग होते हुए गोवर्धन पहुंचेंगी और फिर सौंख से लौटकर मथुरा आएंगी। आठ जुलाई को यह बसें अपने स्थानों से गोवर्धन के लिए उपलब्ध रहेंगी। शुरू में 8 से10 जुलाई को आगरा और मथुरा डिपो की बसें 400 बसें दौड़ाई जाएंगी। 10 जुलाई से प्रदेश के अन्य डिपो से आने वाली बसें भी गोवर्धन के परिक्रमार्थियों के लिए उपलब्ध होंगी। नए बस अड्डे और द्वितीय प्रवेश द्वार पर बसों के संचालन के लिए मथुरा डिपो के कर्मचारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। इन बसों में गोवर्धन सफर के लिए 40 रुपये का किराया निर्धारित किया गया है। मथुरा डिपो, फाउंड्री नगर, ताज डिपो, फोर्ट डिपो, ईदगाह, बाह डिपो, सिटी बसें, जेनर्म, अनुबंधित, इटावा, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद सिटी बसों में होने वाली परेशानी के लिए रोडवेज ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। यात्रियों को कोई भी परेशानी हो तो वह 7456854717 पर संपर्क करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।



मथुरा डिपो के एआरएम नरेश चंद गुप्ता का तबादला मुरादाबाद हो गया। यहां पर गाजियाबाद से आए मदनमोहन शर्मा ने चार्ज संभाल लिया है। चार्ज संभालते ही नवागत एआरएम भी मुड़िया पूर्णिमा मेले में जुट गए हैं। एआरएम ने सभी कर्मचारियों से ड्यूटी पर मुस्तैद करते हुए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने को कहा है।

मथुरा डिपो के एसएस संतोष अग्रवाल ने बताया कि गोवर्धन मुड़िया पूर्णिमा मेले के लिए 900 बसें संचालित की जाएंगी। 8 और 9 जुलाई को आगरा और मथुरा डिपो की बसें चलाई जाएंगी। 10 जुलाई को प्रदेश के अन्य डिपो की बसें भी दौड़ाई जाएंगी। 40 रुपये गोवर्धन जाने और आने के लिए किराया निर्धारित किया गया है।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने मथुरा को दी सौगात, चार सड़कों और एक पुल का किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा। प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा को विश्व स्तरीय बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मथुरा नगरी से केंद्र और राज्य सरकार का विशेष आत्म लगाव है। आने वाले समय में जनपद की सड़कों का युद्ध स्तर पर निर्माण कराया जाएगा। सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित लोनिवि के डाक बंगले में बुधवार को लोकार्पण समारोह में मंत्री ने कहा कि यहां के लोगों की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार विश्व स्तरीय व्यवस्थाएं बनाने के लिए वचनबद्ध है। पिछले पांच साल के योगी सरकार के कार्यकाल में जो बीज यहां रोपे गए थे, उनके फल अब यहां विकास कार्यों के रूप में आने वाले समय में दिखाई देंगे। उन्होंने जिले में करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से चार सड़कें और ओवरब्रिज का लोकार्पण किया। विधायक मांट राजेश चौधरी ने मंत्री से अपेक्षा करते हुए कहा कि मथुरा में देश ही नहीं वरन पूरी दुनिया से लोग यहां आते हैं, इसलिए साफ–सफाई, बिजली व पेयजल की विशेष सुविधा के अलावा सड़कें विश्व स्तरीय बननी चाहिए। यूपी उच्च सदन के सदस्य एमएलसी ओमप्रकाश सिंह को मंच पर जगह नहीं मिली तो वह पीछे जाकर बैठ गए। उनके स्थान पर एक कार्यकर्ता विनोद चौधरी जम गए। मंच से एमएलसी को बुलाया गया तो वह जगह न होने का हवाला देकर आगे नहीं आए।



इस पर भाजपा जिलाध्यक्ष मधु शर्मा ने कार्यकर्ता को पीछे जाने को कहा तो कार्यकर्ता ने उठने से मना कर दिया और जिलाध्यक्ष से भी भिड़ गया। मंच पर बैठे अन्य विधायक मंच से नीचे उतर आए। इसके बाद मंच पर बैठा कार्यकर्ता उठकर चला गया। इसके बाद मंच पर एमएलसी जाकर बैठे।

## सांसद हेमा मालिनी ने की विकास कार्यो की समीक्षा, अफसरों से कहा- मथुरा को इंदौर जैसा स्वच्छ बनाएं

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने बुधवार को जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। सभी अधिकारियों को निर्धारित समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि किसी प्रोजेक्ट में कोई समस्या आ रही है तो निराकरण कराते हुए काम पूरा कराएं। बरेली हाईवे के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया एक माह में पूरी करने को कहा।



मथुरा को इंदौर जैसा साफ–सुथरा बनाने के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक के दौरान सांसद हेमा मालिनी ने नेशनल हाईवे और नगर निगम क्षेत्र की सफाई पर संतोष जाहिर करते हुए अभी बेहतर प्रयास करने को कहा। इसके लिए आवश्यक हो तो ओर सफाई उपकरणों की खरीद कर ली जाए। सांसद ने कहा कि मथुरा–इंदौर की तरह साफ–सुथरा रहे, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालु एक अच्छी छवि लेकर अपने शहर जाएं और सफाई के मामले में मथुरा का उदाहरण दें। सांसद ने निर्देश दिए कि प्रमुख मंदिरों के आसपास क्षेत्रों से ठेलों को हटाकर अलग से वेंडिंग जोन बनाएं, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि वैष्णो देवी, प्रेम मंदिर के पास काफी संख्या में ठेला आदि लग जाते हैं, जिससे यातायात एवं श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। जिस पर अपर नगर आयुक्त ने बताया कि प्रेम मंदिर के पास पार्किंगों में वेंडिंग जोन बनाए गए हैं, साथ ही वैष्णो देवी मंदिर के पास से अतिक्रमण को हटा दिया गया है। इस दौरान सांसद ने नमामि गंगे की प्रगति रिपोर्ट मांगीजिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया कि मथुरा को 25 एमएलडी गंगाजल मिल रहा है। सांसद से और अधिक गंगाजल उपलब्ध कराने की मांग रखी। डीएम ने बताया कि 38 करोड़ की योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सांसद ने आयुष्मान कार्ड और रेलवे द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। सांसद ने मथुरा–बरेली नेशनल हाईवे और आगरा बाईपास को लेकर अबतक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनपद में जो 15 गांव में यह प्रक्रिया अधूरी रह गई है उसे एक माह में पूरा कराएं। इससे मथुरा–बरेली नेशनल हाईवे के निर्माण का काम जल्द शुरू हो सकें। बैठक में सांसद प्रतिनिधि जर्नादन शर्मा, पीडी बलराम कुमार, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिनव कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी आदि मौजूद थे।

## मथुरा के साथ आगरा मंडल में रेलवे ने स्टाफ को उपलब्ध कराई हैंड हेल्ड टर्मिनल डिवाइस,चलती ट्रेन में मिलेगा कन्फर्म टिकट

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।आप ट्रेन के जरिए यात्रा कर रहे हैं और अगर आपकी टिकट कन्फर्म नहीं है तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। रेलवे अब चलती ट्रेन में आपकी वेटिंग टिकट को कन्फर्म करेगा। इसके लिए उत्तर मध्य रेलवे ने टिकट चौकिंग स्टाफ को हैंड हेल्ड टर्मिनल डिवाइस उपलब्ध कराई है। जिसके जरिए टिकट चौकिंग करने वाला स्टाफ आपकी वेटिंग टिकट को चलती ट्रेन में उपलब्धता के अनुसार कन्फर्म कर सकेगा। मंडल रेल प्रबंधक आनन्द स्वरुप के दिशा निर्देशन में आगरा मंडल में डिजिटल पहल शुरू करने के राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर प्रयास के तहत टिकट चेकिंग स्टाफ के लिए हैंड हेल्ड टर्मिनल (HHT) की शुरुआत की गई । यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में अब चलती ट्रेन में भी वेटिंग टिकट वाले यात्रियों के टिकट कन्फर्म हो सकेंगे। पहले यह सुविधा प्रीमियम ट्रेनों में दी गयी थी। अब यह सुविधा सभी ट्रेनों में दी गयी है। आगरा मंडल के आगरा छावनी पर 101 HHT , मथुरा स्टेशन पर 25 HHT एवं आगरा किला पर 18 HHT कुल 144 भ्भ्ज टीटीई को हैंड होल्डिंग डिवाइस दी गयी है। जिसके अंतर्गत टिकट चौकिंग कर्मचारी को नवीनतम गैजेट के साथ प्रदान किया गया। हैंड होल्डिंग डिवाइस पच्क के आकार के साथ, यात्री आरक्षण चार्ट के साथ लोड किया जाएगा। चूंकि यह यात्री आरक्षण से जुड़ा हुआ है। यात्री आरक्षण प्रणाली का केंद्रीय सर्वर समय–समय पर जीपीआरएस के माध्यम से प्रत्येक स्टेशन जहां ट्रेन रुकती है, टिकट की बुकिंग का विवरण अपडेट किया जाता है। कैंसिलेशन के खिलाफ आरक्षण (आरएसी) या प्रतीक्षा सूची टिकट वाले यात्री वास्तविक समय के आधार पर खाली बर्थ की उपलब्धता के बारे में एचएचटी से जांच कर सकते हैं। इससे आरएसी



या प्रतीक्षा सूची के यात्रियों के लिए चलने वाली ट्रेनों में बर्थ आवंटित करने में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार समाप्त होगा। भ्भ्ज का उपयोग यात्रियों से अतिरिक्त किराया, जुर्माना और अन्य शुल्क वसूलने और जारी करने के लिए भी किया जा सकता है। इस के लिए उन्हें रसीद, एचएचटी ऑन बोर्ड टिकट चेकिंग स्टाफ को प्रिंटेड रिजर्वेशन चार्ट ले जाने से रोकेगा ।यात्रियों को सुविधाजनक रूप से यात्रा करने के लिए रेलवे बोर्ड ने टीटीई को हैंड हेल्ड टर्मिनल डिवाइस देने के निर्देश दिए।

जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान कन्फर्म टिकट मिल सकेगी। इससे यात्रियों को काफी सुविधा होगी,कागज की बचत होगी और कार्य में पारदर्शिता आयेगी।

## किसान सम्मान दिवस के लिए अधिक उत्पादन के आधार पर पुरस्कार हेतु कृषकों का किया जाएगा चयन

• पंजीकरण तथा पुरस्कार वितरण की प्रक्रियाओं हेतु समय सारिणी निर्गत

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया उप कृषि निदेशक राकेश कुमार ने बताया है कि खरीफ 2022–23 के फसलों में किसान सम्मान दिवस के लिए अधिक उत्पादन के आधार पर कृषकों का चयन जनपद में गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। साथ ही प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कृषकों को जिलाधिकारी के माध्यम से पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है।

किसान के चयन के संबंध में उन्होंने बताया है कि फसल प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक कृषकों को निदेशालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर समयान्तर्गत इस कार्यालय में रू० 10.00 प्रति कृषक जमा कराकर पंजीकरण करना होगा। विभागीय योजना में आयोजित प्रदर्शनों के लाभार्थी कृषक भी सहभागिता कर सकते है। धान की फसल में सकर प्रजाति को फसल प्रतियोगिता हेतु शामिल नहीं किया जायेगा। धान की फसल में यदि उत्पादकता 60 कु० प्रति हेक्टेयर से अधिक पायी जाती है तो एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा पुनः क्रॉप कटिंग करायी जायेगी। सदस्यों (सहायक विकास अधिकारी (कृषि), प्राविधिक सहायक) एवं सदस्य सचिव द्वारा भी पंजीकृत फसल की क्रान्तिक अवस्थाओं में भ्रमण कर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जायेगी। फसल उत्पादन के साथ–साथ कृषकों में फार्मिंग सिस्टम के अन्तर्गत कृषि के अतिरिक्त कोई अन्य व्यवसाय (औद्यानिक / पशुपालन / कुक्कुट पालन / मत्स्य पालन / मधुमक्खी / शाकभाजी उत्पादन) को अपनाया हो । कृषि उत्पादन हेतु कृषि तकनीकी का प्रयोग करता हो। किसान सम्मान योजना में जो कृषक पुरस्कार एक बार प्राप्त कर लिये है उनका आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। किसान सम्मान दिवस वर्ष 2022–23 के आयोजन में 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति / जनजाति / महिला कृषको का भी आवेदन कराया जाए। लघु एवं सीमान्त कृषकों का आवेदन हेतु प्राथमिकता दी जाए।

कृषक चयन हेतु समय सारिणी के विवरण उन्होंने बताया है कि पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 सितंबर, उपज मूल्यांकन हेतु क्रॉप कटिंग 10 अक्टूबर से 28 अक्टूबर, क्राफ्ट कटिंग के आधार पर उत्पादन का आकलन (गठित समिति द्वारा) 28 अक्टूबर से 29 अक्टूबर, किसान सम्मान हेतु जनपद स्तर पर गठित समिति के समक्ष प्रस्ताव स्वीकृत हेतु प्रस्तुत करने की तिथि 30 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, जनपद स्तर से पुरस्कार हेतु चयनित कृषकों की सूची को कृषि निदेशालय भेजने की अंतिम तिथि 1 नवंबर तथा पुरस्कार वितरण की तिथि 23 दिसंबर निर्धारित की गई है।

उन्होंने समस्त उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे उपरोक्त समय सारिणी का पालन करते हुए निर्धारित प्रारूप पर अधिक से अधिक कृषकों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर क्राप कटिंग का मूल्यांकन सहायक विकास अधिकारी (कृषि) ६ वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ष्बीष की अध्यक्षता में लेखपाल ६ प्राविधिक सहायक ग्रुप ष्सीष के देख रेख में किया जायेगा। प्रत्येक विकास खण्ड के आवेदन पत्र पर सहायक विकास अधिकारी/ वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी के जांचोपरान्त कार्यालय भेजा जाए।

## एन्टी रोमियो एस्कार्ट जागरूकताअभियानअपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए महिलाओं को सचेत रहने की जरूरत-तमन्ना सिंधु

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा जिला पुलिस तथा कल्याणं करोति, मथुरा के संयुक्त तत्वाधान मे एन्टी रोमियो एस्कार्ट जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत बालिकाओं के आत्म सुरक्षा के उपाय के बारे में तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन के बारे में बताया कया। इस अभियान को सब इंस्पेक्टर अल्का सिंह, मथुरा द्वारा यह बताया गया कि लड़कियां बहुत संवेदनशील होती है। उनके साथ हो रही घटनाओं को बताने से घबराती हैं। इससे बचने के लिए 1090 महिला हेल्पलाइन नम्बर, 112 आपातकालीन पुलिस नम्बर, 1076 मुख्य मंत्री हेल्पलाइन नम्बर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर पर फोन कर घटनाओं की जानकारी को साझा कराना चाहिए। दरोगा गोविन्दनगर, मथुरा तमन्ना सिंधु ने बताया कि देश में जिस तरह अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं । उस दशा में महिलाओं को काफी सचेत रहने की जरूरत है। सरकार द्वारा विभिन्न पहल के द्वारा अपराध ओर महिलाओं के साथ हो रहे घटनाओं को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। लड़कियों का आत्म सुरक्षा के कुछ कौशल जैसे जूड़ो, कुश्ती, कराटे, आदि का भी अभ्यास होना चाहिए जिससे वह अपने बचाव कर सके। कल्याणं करोति के प्राचार्य श्री आर. पी. प्रजापति ने बताया कि हर भीड़–भाड़ वाली जगह पर अपराध की धारणा रखने वाले मौजूद होते हैं जिसका मकसद लोगों या लड़कियों को छेड़–छाड करना। इसलिए हमें बहुत सचेत रहने की जरूरत होती है। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में हमें हेल्पलाइन का सहारा लेना चाहिए। इस



कार्यक्रम में 80 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर परवेन्द्र सिंह, कमलेश यादव, पूजा मौर्या, श्रीमती ब्रजेश शर्मा, बी. के. शुक्ला, अमरनाथ चतुर्वेदी, तरूण कुमार गोस्वामी, के. पी. सिंह, एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## मथुरा वृंदावन नगर निगम निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने की तैयारी बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा। महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा की नगर निकाय चुनाव तैयारियो को लेकर अति आवश्यक बैठक महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के कार्यालय होलीगेट पर महानगर अध्यक्ष मदन मोहन शर्मा जी कि अध्यक्षता मे हुई, बैठक कि अध्यक्षता करते हुऐ मदन मोहन शर्मा ने कहा कि नगर निकाय चुनाव निकाय चुनावों मे कांग्रेस पूरे दमखम के साथ स्थानीय निकाय चुनाव लड़ेगी ,कांग्रेस निकाय चुनावों को लेकर गंभीर है महानगर कांग्रेस कमेटी 70 वार्डो मे पार्षद और 1 मेयर प्रत्याशी चुनाव मैदान में पूरे दमखम जोश के साथ उतारेगी! इसी कि तैयारी के लिये मथुरा महानगर कांग्रेस कमेटी अपने पदाधिकारियों के साथ निगम क्षेत्रों में सघन दौरा कर रही है , और वरिष्ठ कांग्रेस जनो से भी सलाह मशविरा संवाद करते हुऐ निकाय चुनाव के लिए रणनीति तैयार करने के साथ कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने के इच्छुक जिताऊ एवं टिकाऊ एवं कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित प्रत्याशियों से आवेदन प्राप्त करने व उनमें से योग्य प्रत्याशियों को चयन करने के लिए 31 सदस्य चयन समिति गठित की गई है, जिसमें विशेष आमंत्रित सदस्य श्री प्रदीप माथुर जी पूर्व विधायक एवं पूर्व नेता विधानमंडल दल तथा सदस्य एआईसीसी तथा श्री महेश पाठक जी पूर्व सांसद प्रत्याशी एवं सदस्य एआईसीसी इसी क्रम में उतर प्रदेश कांग्रेस के स्थानीय प्रदेश पदाधिकारी गण एवं कांग्रेस के सभी पार्षद गण कमेटी के पदेन सदस्य रहेंगे इसी प्रकार सभी फ्रंटल प्रकोष्ठ दृ विभाग संगठन के अध्यक्ष गण भी इस कमेटी के पदेन सदस्य रहेंगे!




चुनाव समिति के सदस्य सर्व श्श्री ठा.सोहन सिंह सिसोदिया पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस , श्री आबिद हुसैन जी पूर्व जिला और शहर अध्यक्ष , बिहारी कांत तिवारी पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष, मलिक अरोड़ा पूर्व शहर अध्यक्ष, रणवीर पांडव पूर्व जिला अध्यक्ष, यामिनी रमण आचार्य पूर्व शहर अध्यक्ष, उमाकांत चतुर्वेदी, श्री नूतन बिहारी पारीक दृ अध्यक्ष वृदावंन नगर कांग्रेस कमेटी, महेश रावत, राम भरौसी चौधरी, डा देवेद्र यादव, भोला यादव, कृष्णवीर चौधरी, कृष्ण कुमार शर्मा, हरीश गर्ग, डा राणा प्रताप, डा नंदन चौधरी, हरवीर प्रधान, आर पी. सिंघल, तपेश गौतम, चौधरी मोहन सिंह, श्रींचंद्र अग्रवाल, संजय शर्मा, यतेद्र मुकददम, प्रखर चतुर्वेदी, निषाद अहमद, तौफिक कुरैशी, विष्णु राजपूत, अनूप श्रीवास्तव, दिनेश बिंदल इत्यादि सदस्य होंगे! 15 जुलाई 2022 तक सभी आवेदन पत्रों को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय लखनऊ पहुंचाने हैं हैं अतः चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेस कार्यकर्ता दिनांक 14 जुलाई तक महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मदन मोहन शर्मा जी को महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा को अपना आवेदन दे सकते हैं ,आवेदन का प्रारूप महानगर कांग्रेस कमेटी के व्हाट्सएप ग्रुप से आवेदक जन प्राप्त कर सकते हैं! पूर्व जिला अध्यक्ष ठा सोहन सिंह सिसौदिया ने कहा कि सभी कांग्रेस जन पुरी ताकत के साथ मथुरा वृंदावन नगर निकाय चुनाव की तैयारी मे जुट जाये, बिहारीकांत तिवारी पूर्व शहर अध्यक्ष ने कहा कि महानगर कांग्रेस कमेटी सभी वार्डो मे जा जा कर क्षेत्रीय जनसमस्यो को उठायेगे. मलिक अरोडा पूर्व शहर अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस जन मथुरा वृंदावन नगर निगम के भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदारी से जनआदोलन करेगी, निगम मे डूडा सफाई कर्मचारियो के नाम पर भारी वित्तीय घोटाला किया रहा है, नगर निगम कि जमीनी पर तमाम जगह भूमाफिया निगम पदाधिकारियो कि मिलीभगत से अतिक्रमण कर रहे हैं , इस दौरान प्रमुख रुप से सर्व श्री विनेश सनवाल वाल्मीकि प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, भोला यादव, चौधरी योगेश पचहरा, पं संजय शर्मा, यतेद्र मुकददम यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष, पं तपेश गौतम, चौधरी मोहन सिंह, प्रवीण ठाकुर यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष, प्रखर चतुर्वेदी , रामभरोसी चौधरी, प्रकाश शर्मा सेवादल शहर अध्यक्ष, हरीश पचौरी, निखिल वाल्मीकि, देवेद्र भटनागर, अरूण गौतम बंटी, शिवदत्त सारस्वत, इंद्रजीत गौतम, नवीन खन्ना, सुरेश शर्मा,सोनू वर्मा, यथार्थ यादव , मुकेश अग्रवाल, चांद पहलवान, प्रदीप याद, शैलू चौधरी, सहित बडी संख्या मे अन्य साथी गण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में बेरोजगारी अपने चरम पर,आंकड़े हैं हैरान करने वाले

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।भारत में बेरोजगारी दर जून में बढ़कर 7.80 प्रतिशत पर पहुंच गई। पिछले महीने विशेषकर कृषि क्षेत्र में 1.3 करोड़ लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ा जिसके कारण बेरोजगारी बढ़ी है आर्थिक शोध संस्थान सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के आंकड़ों के अनुसार जून महीने में रोजगार में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर बढ़कर 8.03 प्रतिशत पर पहुंच गई,जो मई में 7.30 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में स्थिति कुछ बेहतर रही और बेरोजगारी दर 7.3 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि मई में यह 7.12 प्रतिशत थी ।सीएमआईई के प्रबंध निदेशक महेश व्यास ने कहा कि बिनालॉकडाउन वाले महीने में रोजगार में इतनी कमी सबसे बड़ी गिरावट है यह मुख्य रूप से गांवों में और मौसमी है। गांवों में कृषि क्षेत्र में गतिविधियां सुस्त हैं और जुलाई में बुवाई शुरू होने के साथ स्थिति पलटने की पूरी उम्मीद है ।उन्होंने कहा कि यह कमी मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में हुई है। यह संभवतरू काफी हद तक श्रमिकों के पलायन का मामला है, न कि आर्थिक नरमी का ।आंकड़ों के अनुसार, बेरोजगारी की सबसे ऊंची दर हरियाणा में 30.6 प्रतिशत रही. इसके बाद क्रमशरू राजस्थान में 29.8 प्रतिशत, असम में 17.2 प्रतिशत, जम्मू–कश्मीर में 17.2 प्रतिशत और बिहार में 14 प्रतिशत रही।

### मथुरा में फिर आया बाल विवाह का मामला पुलिस और चाइल्ड लाइन संस्था ने रुकवाई नाबालिग बालिकाओं की शादी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।मथुरा में लगातार दूसरे दिन नाबालिग बालिकाओं की शादी कराए जाने का मामला सामने आया। मथुरा में चाइल्ड लाइन संस्था ने 2 नाबालिग बालिकाओं की शादी रुकवाई। संस्था ने दोनों नाबालिग को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया जहां से दोनों को राजकीय महिला शरणानालय भेज दिया। मथुरा और बाल विवाह एक दूसरे के



पर्यायवाची बन चुके है। मथुरा में लगातार मिल रही बाल विवाह की सूचनाएं ये बताती है कि मथुरा में इस कुप्रथा को बहुत पसंद किया जाता है। ऐसी ही सूचना चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नम्बर 1098 पर प्राप्त हुई कि थाना वृंदावन की रमण रेती पुलिस चौकी क्षेत्र में माता पिता द्वारा अपनी दो नाबालिग पुत्रियों का जबरन बाल विवाह कराया जा रहा है। बाल कल्याण समिति तथा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर चाइल्ड लाइन, ।भ्ज्न तथा थाना वृंदावन पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बाल विवाह को रुकवा दिया। नरेन्द्र परिहार कोआर्डिनेटर चाइल्ड लाइन मथुरा ने बताया कि चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नम्बर 1098 पर सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए चाइल्ड लाइन द्वारा बाल कल्याण समिति को जानकारी दी। इसके बाद ।भ्ज्न और चाइल्ड लाइन टीम मौके पर पहुची। मौके पर पहुंची टीम ने बालिकाओ से बातचीत की। बालिकाओ ने बताया कि वह कक्षा 4 और 5 कि छात्रायें है। दो वर्ष पूर्व ही उनके माता पिता द्वारा उनका स्कूल छुड़वा दिया गया है। पिता शराबी है तथा जबरन उनका विवाह करा रहे है। उनका विवाह थाना गोवर्धन निवासी दो सगे भाइयों से बुधवार को होने जा रहा था। किंतु वह शादी नही करना चाहती है। बालिकाओं ने बताया कि आगे पढ़ाई करना चाहती है। टीम ने दोनों बालिकाओ को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया । समिति के आदेश पर उन्हें राजकीय महिला शरणालय में आवासित करा दिया गया है। उपनिरीक्षक अशोक पवार प्रभारी ।भ्ज्न मथुरा ने बताया कि बाल कल्याण समिति तथा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर टीम पहुंची और सूचना को सही पाया। उक्त बालिकाओ के अनुसार जिनके साथ उनकी शादी हो रही है वह आयु में उनसे दुगनी उम्र के है। साथ बालिकाओ के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के अनुसार दोनों की आयु 12 तथा 13 वर्ष है। अतः बालिकाओ के माता पिता के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। राजेश कुमार दीक्षित अध्यक्ष बाल कल्याण समिति (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी) ने बताया कि ।भ्ज्न तथा चाइल्ड लाइन बाल कल्याण समिति के आदेश पर कार्यवाही करते हुए बालिकाओं को प्रस्तुत किया गया। बालिकाओ को राजकीय महिला शरणालय में आवासित करा दिया गया है। उक्त मामले में बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही हेतु जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी तथा सम्बन्धित थाने को आदेशित किया जाएगा। साथ ही बालिका के पुनर्वासन हेतु सक्षम अधिकारियों को भी आदेशित किया जाएगा। इस दौरान आरक्षी योगेश कुमार महिला आरक्षी प्रियंका शर्मा, चौकी प्रभारी रमण रेती अवनेंद्र यादव, कृष्ण कुमार सैनी एवं गुंजन सोनी सदस्य चाइल्ड लाइन मथुरा मौजूद रहे।

### समस्त तहसीलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मध्यान्ह भोजन का किया गया निरीक्षण

**मध्यान्ह भोजन का नमूना लेकर विश्लेषण हेतु किया गया प्रेषित**

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिय आयुक्त ,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में प्राथमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के परीक्षण तथा पके पकाए भोजन की गुणवत्ता जांच करने हेतु एवं जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों के क्रम में आज जनपद के समस्त तहसीलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया गया एवं पके पकाए भोजन का नमूना लेकर विश्लेषण हेतु प्रेषित किया गया।



विस्तृत विवरण में सलेमपुर तहसील के उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभेस कुमार द्वारा तहरी का नमूना संग्रह कर उपस्थित 67 विद्यार्थियों को खाद्य संरक्षा एवं स्वस्थ खानपान की आदतों के बारे में जागरूक किया गया।

इसी प्रकार सदर तहसील के मेहरा पुरवा में रोस्टर अनुरूप तहरी का नमूना एकत्रित करते हुए कुल 76 विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष मल्ल द्वारा जागरूक किया गया।

बरहज तहसील के ब्रह्म कुंड प्राथमिक विद्यालय में तहरी का नमूना एकत्रित करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी रंजन श्रीवास्तव द्वारा कुल 40 विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के टिप्स बताए गए।

रुद्रपुर तहसील के गढ़पुरवा प्राथमिक विद्यालय में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा तहरी का नमूना एकत्रित करते हुए 40 विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। भाटपार रानी तहसील में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत त्रिपाठी द्वारा प्राथमिक विद्यालय बेलपारपंडित में तहरी का नमूना एकत्रित करते हुए 105 विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा इसी तहसील के जासुई प्राथमिक विद्यालय में तहरी का नमूना एकत्रित करते हुए 65 विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में कुल छह मध्यान्ह भोजन के नमूने एकत्रित किए गए तथा कुल 353 विद्यार्थियों को खाद्य संरक्षा के पहलुओं से अवगत कराया गया।

# खूनी संघर्ष में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

पवन कुमार / रूदौली अयोध्या।
पटरंगा थाने के सरैठा गांव में वर्षों से चली आ रही पुरानी रंजिश को लेकर अपने वर्चस्व को बचाने के लिए बुधवार की शाम को दो पक्षों में जमकर लाठी–डंडे व लोहे की राड चले।इस संघर्ष में लगभग 3 लोग घायल हुए हैं जिसमें एक को गंभीर चोटें आई हैं जिसका इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा था और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही थी।घायल युवक की पत्नी ने पटरंगा थाने में एक नामजद सहित दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।वहीं पटरंगा पुलिस आरोपियों की तलाश जुट गई थी लेकिन आज दूसरे दिन तक पुलिस खाली हाथ रही अभी तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है।
बुधवार की शाम को पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरैठा गांव में पूर्व प्रधान धीर सिंह गांव के पास ही अपनी कार के पास खड़े थे उसी रास्ते से उन्हीं के गांव के निवासी जय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह अपने साथी शेर बहादुर निवासी ककरहा के साथ रास्ते से आ रहे थे।उन्होंने जैसे ही देखते ही दोनों लोगों के ऊपर हमलावर हो गए।हमलावर लोहे की रॉड लाठी–डंडे से लैस थे दोनों को पहले ही बार में धूल चटा दिया। जिससे दोनों लहूलुहान होकर गिर गए और उनको पीटना शुरू कर दिया। जब इस घटना की सूचना परिजनों को हुई तो वह आकर दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली ले गए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र भगवंत सिंह की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया। जहां घायल का इलाज चल रहा था।
लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान गम्भीर रूप से घायल जयसिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र भगवंत सिंह की शुक्रवार को लगभग दस बजे मौत हो गई।उनकी मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है।मृतक की पत्नी कुसुम सिंह की मानें तो दूसरे पक्ष के पूर्व ग्राम प्रधान धीर सिंह पुत्र भैरव बख्श सिंह ने उन्हें रोककर उन पर रॉड से हमला कर दिया था जिससे उनका सिर फट गया थाऔर वें घटनास्थल पर बेहोश होकर गिर गए थे।
जय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की पत्नी कुसुम सिंह ने पटरंगा थाने में गुरुवार को धीर सिंह व उनके दो अन्य साथियों के विरुद्ध जानलेवा हमला करने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।
इस घटना के बाबत पटरंगा थाना प्रभारी शिव बालक ने बताया कि घायल की पत्नी कुसुम सिंह की तहरीर पर 3 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और शीघ्र उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस हुई सतर्क

अयोध्या। आगामी त्यौहार बकरीद, कावंड यात्रा व श्रावण झूला मेला की सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श व तैयारियों के लिए शुक्रवार को पुलिस लाइंस कही। निरीक्षण के बाद पुलिस लाइंस सभाकक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपराध समीक्षा के साथ आगामी त्यौहार बकरीद, कावंड यात्रा व



स्थित सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी से पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइंस का निरीक्षण भी किया। पुलिस लाइंस में शुक्रवार की सुबह पारम्परिक रूप से आयोजित होने वाली परेड में पहली बार एसएसपी वर्मा पहुंचे। पुलिस लाइंस पहुंचने पर सलामी गार्द ने उन्हें सलामी दी। सलामी के बाद एसएसपी वर्मा ने पुलिस लाइन्स का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस लाइंस स्थित क्वार्टरगार्द, परिवहन शाखा, स्टोर कक्ष, कैश, मेस, कैन्टीन, शिशु सदन, बारबर शॉप, घुड़साल सहित कई स्थानों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान साफ–सफाई व रख–रखाव के सापेक्ष उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को दुरस्त करने की भी बात उन्होंने श्रावण झूला मेला के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी में विचार विमर्श हुए। एसएसपी वर्मा ने इस दौरान पुलिस कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिए। जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष के साथ आयोजित हुई बैठक में उन्होंने आगामी त्यौहार के दृष्टिगत सतर्कता बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में शांति व कानून व्यवस्थ को बनाए रखें। सभी छोटी– बड़ी घटनाओं व सूचनाओं को गंभीरता से लें। पर्व व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस कर्मी की तैनाती करें। क्षेत्राधिकारियों से एसएसपी वर्मा ने कहा कि अपने स्वयं के पर्यवेक्षण में सुरक्षा व्यवस्था के सभी कार्य पूर्ण कराएं। सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई हो। संवदेनशील स्थानों पर सादी वर्दी में भी पुलिस फोर्स की तैनाती की जाए।

# डीएम ने भूमि अर्जन की प्रगति व स्थिति का लिया जायजा

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने शाहनेवाजपुर माझा, बरेहटा मांझा का भ्रमण कर 'भूमि विकास, गृह स्थान एवं बाजार योजना' के प्रथम चरण के अंतर्गत भूमि अर्जन की प्रगति व स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर एक्स ई एन आवास विकास ने बताया कि उक्त योजना के प्रथम चरण में ग्राम शाहनेवाजपुर मांझा की 201.74 एकड़ व ग्राम बरेहटा मांझा की 230.23 एकड़ तथा ग्राम तिहुरा मांझा की 151.34 एकड़ कुल 583.31 एकड़ भूमि पर योजना संचालित की जानी है। जिसके सापेक्ष प्रथम चरण के अन्तर्गत अब तक 474.60 (81.36 प्रतिशत) एकड़ भूमि का कब्जाध्विकास अनुबन्ध परिषद पक्ष में प्राप्त किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने शेष भूमि को भू–स्वामियों से सहमति के आधार पर शीघ्र भूमि अर्जन करने के निर्देश दिये। उन्होंने एक्स ई एन आवास विकास से फेज–1 के अन्तर्गत अब तक अर्जन की गयी भूमि को समतल कराने तथा शाहनेवाजपुर की भूमि से वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिये, जिससे वहां पर वर्षा जल न एकत्रित होने पाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एनएचएआई से समन्वय कर हाइवे के सर्विस लेन को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त योजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत 39 होटल व्यवसायिक भूखण्ड, 09 सामुदायिक सुविधायें, 05 संस्थागत भूखण्ड, 19 अन्तर्राष्ट्रीय व राज्यों के भवनों हेतु



प्रस्तावित भूखण्ड, 17 (2500 प्लैट्स) अल्प आय वर्ग दुर्बल आय वर्ग हेतु आरक्षित भूखण्ड, 65 ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड, 01 पुर्नवास स्थल, 01 मनोरंजन एवं जलाशय हेतु निर्धारित स्थल तथा 03 यूटिलटी भूखण्ड उपलब्ध होंगे। उन्होंने आगे बताया कि प्रथम एवं तृतीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित कुल भूमि 1194.36 एकड़ पर कुल 40 हजार दर्शनार्थियों हेतु गेस्ट हाउस, 80 अन्तर्राष्ट्रीय गेस्ट हाउस, 36 राज्य एवं केन्द्र शासित राज्यों के भवन, आवासीय भूखण्ड तथा समाज के दुर्बल आय वर्ग श्रेणी हेतु भूखण्ड, वर्तमान ग्रामीण आबादी के पुर्नवासन हेतु प्रयाप्त मात्रा में भूखण्ड तथा मनोरंजन एवं जलाशय भी प्रस्तावित है।

# फर्जी हस्ताक्षर बनाकर दाखिल खारिज कराने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग

पवन कुमार / रुदौली / अयोध्या।
फर्जीवाड़ा के मामले में बहुचर्चित रुदौली तहसील में एक और फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है जहां पर पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।
ग्राम पंचायत रामनगर धौराहरा निवासी अमरजीत सिंह ने एसडीएम से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि पीड़ित की जमीन रुदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत संडरी मजरे पसैया में गाटा संख्या 743 / 5 रकबा 0.079 हेक्टेयर में 1 / 2 संक्रमणीय भूमिधर का खातेदार है। प्राथी के पिता के द्वारा 28d07d2015 को उपरोक्त जमीन का 1d2 अंश सुंदरा देवी पत्नी रामजस के नाम 70000 में बैनामा कर दिया गया था।जिसकी दाखिल खारिज न होने पर उपरोक्त जमीन जरिए वरासत गंगा सिंह, रणजीत सिंह व मुन्नू के नाम खतौनी में दिनांक 27 / 09 / 2022 को दर्ज हो गई। पीड़ित अमरजीत सिंह ने बताया कि मेरे पिताजी के द्वारा किया गया बैनामा मेरे संज्ञान में नहीं था और ना ही खरीदार के द्वारा कभी हम लोगों से मुलाकात कर बैनामा लेने के संबंध में बात की गई थी। उपरोक्त आरोपी के द्वारा दिनांक 7 मई 2022 को मेरे नाम का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर चकबंदी अधिकारी से आदेश पारित कर जमीन की दाखिल खारिज अपने नाम करा लिया।
जानकारी होने पर मामले को लेकर चकबंदी अधिकारी व चकबंदी लेखपाल से जब संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि मुझे प्राप्त सहमति पत्र के आधार पर दाखिल खारिज का आदेश पारित किया गया है।
पीड़ित द्वारा उपरोक्त अधिकारियों की मिलीभगत होने का अंदेशा जाहिर करते हुए फर्जी हस्ताक्षर बनाकर दाखिल खारिज कराने व गवाहों सहित सभी के ऊपर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने की मांग जिलाधकारी ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से ऑनलाइन शिकायती पत्र देकर किया है।
साथ ही पीड़ित ने बताया कि अगर मेरे पिताजी के द्वारा जमीन का बैनामा के दौरान सुन्दरा देवी पत्नी रामजस कर दिया गया था तो उक्त आरोपी को मुझसे मिलकर मेरे हस्ताक्षर व अन्य दस्तावेज ले जाकर दाखिल खारिज करा लेते मेरा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर मेरे मान सम्मान के साथ खिलवाड़ किया गया है।
चकबंदी कार्यालय में मिले दस्तावेज के आधार पर पीड़ित ने यह भी बताया कि बैनामा के दौरान क्रेता के द्वारा उपरोक्त भूमि के लिंक रोड से सटी दिखा कर बैनामा कराया गया है।जबकि मौके पर प्रधान मंत्री रोड है जिस पर स्टाम्प चोरी की गई है।अगर बैनामा सही है तो उपरोक्त आरोपी व गवाहों के ऊपर स्टांप चोरी के साथ साथ फर्जी हस्ताक्षर बनाकर दाखिल खारिज कराने का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की मांग की है।

# हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी से 500 मीटर पर स्थित रहमतुल्ला के घर में जोरदार धमाका, तकरीबन 300 स्क्वायर फिट का मकान जमींदोज

धमाके से दहला हैरिंग्टनगंज
मिल्कीपुर–अयोध्या। हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी के बगल गुरुवार की रात एक घर में हुए जोरदार धमाके के बाद शुक्रवार को दिन में 3:15 बजे उस घर के 100 मीटर पश्चिम गन्ने के खेत में फिर जबरदस्त धमाका हुआ। इस धमाके से पूरा





क्षेत्र दहल उठा। लगातार दो धमाके होने के बाद लोगों के मन में तरह–तरह की शंकाएं उत्पन्न हो गई हैं। क्षेत्र में चारों तरफ दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है। फिलहाल धमाके के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को धमाके वाले खेत तक जाने से रोक दिया है। बताया गया कि बाहर से पुलिस फोर्स और कुछ जांच एजेंसी आकर जांच करने के बाद ही उस खेत तक किसी को जाने दिया जाएगा।
बताते चलें कि गुरुवार की रात में हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी से 500 मीटर पर स्थित रहमतुल्ला के घर में जोरदार धमाका हुआ था। जिसमें उनका तकरीबन 300 स्क्वायर फिट का मकान जमींदोज हो गया है और उनका बेटा इमरान उर्फ कल्लू 30 घायल हुआ है। जिसका लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। उसकी जांच पड़ताल चल ही रही थी कि शुक्रवार के दोपहर 3:15 बजे रहमतुल्ला घर के 100 मीटर पश्चिम एक गन्ने के खेत में फिर जबरदस्त धमाका हुआ। जिसके बाद लोगों में दहशत का माहौल फैल गया है। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल तक जाने से रोक दिया है और बताया जा रहा है कि मौके पर उच्चाधिकारियों के साथ बम डिस्पोजल दस्ता व अन्य जांच एजेंसियां आने वाली हैं। जब तक जांच एजेंसियां मौके पर पहुंचकर जांच नहीं कर लेंगे तब तक पुलिस वहां किसी को जाने की इजाजत नहीं देगी।
फिलहाल शुक्रवार सुबह ही यह सुगबुगाहट हुई थी कि गुरुवार की रात में हुए बम धमाके में घायल इमरान का इलाज कराने के लिए उसका पिता रहमतुल्ला अस्पताल नहीं गया था। लोगों का कहना था कि घर में रखे गए बारूद के जखीरे को किनारे लगाने के लिए रहमतुल्ला अपने बेटे के इलाज कराने के लिए खुद नहीं गया था और यह भी चर्चा लोग कर रहे थे कि घर के 200 मीटर की परिधि में कहीं बारूद व अन्य सामानों को छिपाया गया था। हालांकि उनके घर से पुलिस 9 बोरी में कुछ बारूद और शादी ब्याह में गोला तमाशा बनाने के सामान बरामद किए थे, लेकिन पुनः धमाका होने के बाद अब लोग दहशत में आ गए हैं। पुलिस जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि इस बार के धमाके के पीछे की वजह क्या है। फिलहाल कल रात से ही पुलिस सिलेंडर फटने की वजह से धमाके की बात कह रही थी लेकिन लगातार दो धमाके के बाद अप पुलिस हरकत में आ गई है।

# कमाई की होड़ में शिक्षण संस्थान शिक्षा का बाजार या बाजार की शिक्षा

शिक्षा के व्यावसायीकरण के कारण शिक्षण एक जुनून के बजाय एक शुद्ध पेशा बन गया है और शिक्षण संस्थानों ने मूल्यों को विकसित करना बंद कर दिया है। स्कूल चार दीवारों वाली एक इमारत है जिसके अंदर एक उज्जवल कल है। यदि विद्यालय मूल्यों को विकसित करने में विफल रहते हैं तो आने वाली पीढ़ी सामाजिक बुराइयों से प्रभावित हो सकती है। असहिष्णुता, कट्टरता, लैंगिक भेदभाव और अपराध में वृद्धि देखी जा सकती है।
–प्रियंका सौरभ
शिक्षा का उद्देश्य तथ्य नहीं बल्कि मूल्यों का ज्ञान है।ष युवा मन में इन मूल्यों को विकसित करने में स्कूल और कॉलेज एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अनुशासन, जवाबदेही, अखंडता, टीम वर्क, करुणा, विश्वास और ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण मूल्य हैं जो स्कूलों में पेश किए जाते हैं। शिक्षक को छात्रों में उपरोक्त मूल्यों को विकसित करने के लिए एक रोल मॉडल के रूप में कार्य करना चाहिए। हालाँकि, शिक्षा के व्यावसायीकरण के कारण शिक्षण एक जुनून के बजाय एक शुद्ध पेशा बन गया है और शिक्षण संस्थानों ने मूल्यों को विकसित करना बंद कर दिया है।
आज के प्रतियोगी युग में एक छात्र की सफलता को केवल रैंक और ग्रेड के संदर्भ में मापा जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप अखंडता और अनुशासन जैसे मूल्यों का नुकसान होता है। छात्रों को अच्छे ग्रेड प्राप्त करने के लिए नैतिक या अनैतिक कोई भी साधन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उदाहरण के लिए, बिहार बोर्ड की परीक्षाएँ जहाँ सामूहिक नकल की गई थी।
इसने छात्रों के मन में तनाव को भी बढ़ा दिया है जिसके परिणामस्वरूप दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं जैसे कि एक परीक्षा से बचने के लिए दूसरे छात्र के जीवन को समाप्त करना। गुरुग्राम स्कूल की घटना और मुंबई की घटना जहां बारह वर्षीय छात्र ने शिक्षक को मार डाला। संस्था के खर्च को कम करने के लिए कई स्कूलों ने आउटसोर्सिंग की हैय तीसरे पक्ष को परिवहन और हाउसकीपिंग, जिसके कारण अनधिकृत कर्मचारी परिसर में प्रवेश करते हैं। इसके परिणामस्वरूप, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी और अन्य प्रमुख शहरों में, निर्दोष बच्चों के यौन हमले और बलात्कार हुए हैं। परिणामस्वरूप शिक्षण संस्थानों पर से भरोसा उठ गया है।
स्कूलों और कॉलेजों में पैदा हुए नैतिक शून्य ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और साथी सहपाठियों के प्रति असहिष्णुता जैसी घटनाओं को जन्म दिया है। स्कूल और कॉलेज इस तरह की घटनाओं को रोकने में सफल नहीं रहे हैं।सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल ने इंसानों के दिलों को दूर कर दिया है। टीम वर्क और करुणा खो गई है। छात्र स्वयं और समाज की समस्याओं के प्रति असंवेदनशील हो गए हैं और इस प्रकार ब्लू–व्हेल चौलेंज जैसे खेलों के शिकार हो रहे हैं।
मूल्यों को आकार देने में शिक्षा संस्थान की भूमिका एक निश्चित सीमा तक सीमित होती है। यह काफी हद तक उसके परिवार द्वारा बच्चे की परवरिश पर भी निर्भर करता है। माता–पिता का आचरण अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है जिसे हम बच्चे के रूप में देखते हैं और उनसे सीखते हैं। शिक्षा का मुख्य सरोकार मनुष्य में अच्छे, सच्चे और परमात्मा को विकसित करना है ताकि दुनिया में एक नैतिक जीवन स्थापित हो सके। यह अनिवार्य रूप से मनुष्य को पवित्र, सिद्ध और सच्चा बनाना चाहिए। मानवता का कल्याण न तो वैज्ञानिक और न ही तकनीकी में निहित हैयउन्नति और न ही भौतिक सुख–सुविधाओं के अधिग्रहण में। शिक्षा का मुख्य कार्य चरित्र को समृद्ध करना है।
आज हमें जिस चीज की जरूरत है, वह है साहस, बौद्धिक अखंडता और मूल्यों की भावना पर आधारित नैतिक नेतृत्व। चूंकि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन और मानव प्रगति का एक शक्तिशाली साधन है, इसलिए यह व्यक्ति में मूल्यों को विकसित करने का एक शक्तिशाली उपकरण भी है। इसलिए सभी शिक्षण संस्थानों पर शिक्षा के माध्यम से सीखने और मूल्यों की खेती करने की अधिक जिम्मेदारी है। समाज पर प्रभावरू स्वयं पर प्रभावरू आत्म–मूल्य और आत्मविश्वास की हानि। इसके परिणामस्वरूप लालच, ईर्ष्या, बदला, हिंसा जैसे बुरे गुण पैदा होते हैं। हालांकि कोई एक सफल वकील, इंजीनियर या डॉक्टर हो सकता है, लेकिन बिना मूल्यों के नैतिक बौना बना रहेगा।
स्कूल चार दीवारों वाली एक इमारत है जिसके अंदर एक उज्जवल कल है। यदि विद्यालय मूल्यों को विकसित करने में विफल रहते हैं तो आने वाली पीढ़ी सामाजिक बुराइयों से प्रभावित हो सकती है। असहिष्णुता, कट्टरता, लैंगिक भेदभाव और अपराध में वृद्धि देखी जा सकती है। चूंकि शिक्षा कई सामाजिक बुराइयों का प्रतिकार है, इसलिए छात्रों में अच्छे मूल्य पैदा करना लगभग अपरिहार्य है अन्यथा एक समाज के रूप में हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी में कितनी भी प्रगति कर लें, हम अंततः बर्बाद हो सकते हैं।
स्कूलों और कॉलेजों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समय पर नैतिक शिक्षा के माध्यम से बचपन से ही मजबूत मूल्य प्रणाली मौजूद है। मूल्य शिक्षा एक शांतिपूर्ण और सुखी समाज के लिए पहला कदम है। शिक्षा के माध्यम से एक व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, उत्साही समृद्धि मूल्य को आत्मसात करने से बल मिलेगाय यह युवाओं के चरित्र, दृष्टिकोण, प्रवृत्ति, विकास आदि का निर्माण करता है। आज देश में बड़े–बड़े शिक्षण संस्थान तो खुल गए हैं लेकिन गुणवत्ता की दृष्टि से शिक्षा की स्थिति अच्छी नहीं है। खासतौर पर स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।
इसके लिए सरकार के साथ–साथ समाज को भी जागरुक होना होगा। आज उच्च शिक्षण संस्थाएं तो बहुत खुल रही हैं लेकिन शिक्षा की बुनियाद कमजोर है। इसे मजबूत करने की शुरुआत स्कूली स्तर पर होनी चाहिए। शिक्षण संस्थाएं खोलना तो आसान हो चला है लेकिन क्या और कैसे पढ़ाया जा रहा है इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। संविधान में शिक्षा को समवर्ती सूची में स्थान दिया है समस्या यहीं से है, शिक्षा को मुख्य विषय के रूप में शामिल किया जाना चाहिए था। इसके लिए सरकार के साथ–साथ समाज को भी जागरुक होना होगा। –– –प्रियंका सौरभ

## संक्षिप्त समाचार

# तालाब के पास मिला युवक का शव

रूदौली–अयोध्या। मवई थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में तालाब के किनारे से एक युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि सैदपुर के निकट भीखा दास की कुटी के किनारे स्थित तालाब के किनारे एक युवक का शव संदिग्ध हालात में पड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कराया।मृतक असलम (32) पुत्र तैय्यब ग्राम सैदपुर का निवासी है। पुलिस के मुताबिक मृतक को मिर्गी की बीमारी थी। वह मिर्गी का दौरा पड़ने से साइकिल समेत तालाब में गिर गया और उसकी मौत गई।

# बीकापुर क्षेत्र के गयासुद्दीनपुर में खेत से मिला किसान का शव

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या
☒ सुबह घर से साइकिल से निकला फिर नहीं लौटा, चेहरे पर चोट के निशान मिले।
बीकापुर अयोध्या
बीकापुर कोतवाली के गयासुद्दीनपुर में शुक्रवार को 57 वर्षीय किसान का शव खेत से मिला। किसान सुबह साइकिल से घर से निकले थे, फिर वापस नहीं लौटे। ग्रामीणों ने शव देखा तो परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताई है।
गयासुद्दीनपुर के रहने वाले मनीराम यादव (57) खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। शुक्रवार सुबह उनका शव पड़ोसी रजौरा गांव में खेत में पड़ा हुआ मिला। मृतक के बड़े बेटे दिलीप कुमार यादव ने बताया कि पिता मनीराम यादव सुबह करीब 9 बजे साइकिल से खेत गए थे। उसके बाद वापस नहीं लौटे।
कुछ देर बाद ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना दी। उनका शव पड़ोसी रजौरा गांव के बल्लीपुर रजौरा संपर्क मार्ग के किनारे खेत में औंधे मुंह पड़ा हुआ था। मृतक की साइकिल घटनास्थल से कुछ दूरी पर पड़ी हुई मिली। ग्रामीणों ने पुलिस को भी सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा कि मृतक के हाथ और शरीर पर कई जगह जले तथा चोट के निशान भी मिले हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। बेटे का कहना है कि पिता की हत्या करके शव फेंका गया है।
बता दें कि पुलिस गांव के लोगों से पूछताछ कर रही है। मनीराम की मौत से परिजनों में गम का माहौल हे। मृतक के परिवार में पत्नी सावित्री के अलावा 3 पुत्र और दो पुत्री हैं। प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता लग सकेगा। फिलहाल तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# श्रीराम एयरपोर्ट का सांसद ने किया निरीक्षण

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने मंदिर माडल के रुप में निर्मित होने वाले श्रीराम एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों ने मानचित्र के साथ सांसद लल्लू सिंह को रन वे तथा एयरपोर्ट के भवन निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रनवे व भवन निर्माण को सांसद ने मौके पर पहुंच कर भी देखा। इसके उपरान्त अस्थाई कार्यालय पर रखे एयरपोर्ट के माडल का भी सांसद ने



अवलोकन किया।
सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उड्डयन मंत्रालय के अधीन भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण द्वारा अयोध्या में मंदिर माडल पर आधारित एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पूरा सहयोग मिला है। एयरपोर्ट के निर्माण कार्य की लागत करीब 200 करोड़ है। यूपी सरकार के विशेष प्रयास से एयरपोर्ट के लिए 317.885 एकड़ भूमि अधिग्रहण करके सौंपी जा चुकी है। करीब 503 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में है। एयरपोर्ट का निर्माण तीन फेज में होना है। जिसमें प्रथम फेज का काम चल रहा है। द्वितीय तथा तृतीय फेज का काम साथ साथ चलेगा। निर्माण कार्य काफी तेज गति से चल रहा है। निर्धारित समय तक कार्य पूरा करने के प्रयास में विभाग जुटा है। इसके बाद डीजीसीए से करीब एक माह में लाईसेंस की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगा। लाईसेंस मिलने के बाद एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन प्रारम्भ हो जायेगा। एयरपोर्ट पर तीन विमानों का एयरबेस बनाया जा रहा है।
उन्होने बताया कि एयरपोर्ट में 150 वाहनों की पार्किंग बनायी जा रही है। इसके साथ में यहां पर 50 किलोवाट का सोलर प्लांट भी लगाया जा रहा है। एयरपोर्ट का भवन अत्याधुनिक सुविधाओं सें युक्त होगा। इसमें लिफ्ट, एक्सीलेटर की सुविधा होगी। पूरा भवन वातानुकूलित होगा। जिसमें वातवरण के अनुसार गर्म व ठंडे करने की व्यवस्था होगी। पूरे एयरपोर्ट में हरियाली दिखाई देगी।

# बकेवर में हो रहा श्रीमद भागवत कथा आयोजन

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
बकेवर, इटावा। जनपद के कस्बा बकेवर के राधे–राधे उत्सव गार्डन में श्रीमद् भागवत कथा चल रही है वही आचार्य रजत तिवारी जी द्वारा श्रीमद्भागवत में अच्छी–अच्छी कथाओं का रसपान कराया गया। वहीं क्षेत्र वासियों ने आचार्य श्री रजत तिवारी जी मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया वही क्षेत्रवासियों के चेहरा पर खुशी की लहर नजर आई। वही श्रीमदभागवत कथा में पूर्व विधायक सिद्दार्थ शंकर ने माला पहनाकर आचार्य रजत तिवारी जी का सम्मान किया। वही आचार्य ने जय माता दी का वस्त्र पहनाया वही इस मौके पर अशोक शुक्ला,वरिष्ठ पत्रकार तरुण तिवारी,रमेश शुक्ला, अक्षत पाठक,लाल जी चौधरी मुकेश चौधरी, सोमेश अवस्थी हमीद पहलवान बैकुंठ नाथ पहलवान सर्वेश कठेरिया अध्यापक राहुल शुक्ला प्रदीप शुक्ला सुनील चौधरी अन्य लोग कथा प्रांगण में मौजूद रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## नदगवां में बकरीद पर शांति एवं सौहार्द का आहवान



जैतपुर। 10 जुलाई को बकरीद मनाई जाएगी। शुक्रवार को खेडाराठौर थाने के नदगवां गांव में एसओ राजीव सोलंकी ने संभ्रांतजनों के साथ बैठक कर बकरीद का त्यौहार शांति एवं सौहार्द के माहौल में मनाएं जाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि परंपरागत ढंग से त्यौहार मनाएं, किसी नई परंपरा को इजाजत नहीं दी जाएगी।

## पेड़ लगाएं जलवायु शुद्ध बनाएं वृक्षारोपण कार्यक्रम रजीउद्दीन बच्छन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता बहराइच। वृक्षारोपण कार्यक्रम के क्रम में आज जरवल कस्बा के विभिन्न हिस्सों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के पदाधिकारी तथा नगर के कर्मचारी सभासद गण ने अपना पूरा सहयोग देकर के कार्यक्रम को सफल बनाया जिसमें जरवल कस्बा के समाजसेवी किसान नेता भाकियू जनशक्ति के राष्ट्रीय महासचिव युवा रजीउद्दीन बच्छन ने ऐसी जगहों को चिन्हित किया जहां पर पेड़ो की आवश्यकता थी उन जगहों पर विभिन्न प्रकार के छायादार पेड़ो को लगाया गया। और लोगों से अपील किया कि आप भी अपने आस–पास जहा भी पेड़ों की आवश्यकता है पेड जरूर लगाऐ पेड़ हमारी जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है पेड़ हमें ऑक्सीजन देते है। पेड़ हमें फल देते है, तथा लकड़ी देते है, जिससे हम अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करते हैं । उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी बहराइच डा० दिनेश चन्द्र जी के द्वारा चलाये जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपना सहयोग देकर जनपद बहराइच को हरा भरा बनाने में भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के सभी पदाधिकारियों ने अपना भरपूर सहयोग दिया। जनपद के विभिन्न हिस्सों में पेड़ो को लगाने के लिए आगे भी कार्यक्रम को संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव चन्द्र भान सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मुकीद सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष बहराइच धरम चन्द्र महेश, जिला महासचिव मोहम्मद आसिफ,भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष मोहन लाल वर्मा, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष नसीम अहमद, वर्तमान सभासद मोहम्मद शरीब, नगर पंचायत जरवल के वर्तमान लेखा लिपिक शाहिद अली बाबू, ओमान खान, मोहम्मद आकिब, मोहम्मद साबान, राम उदित शर्मा, मोहम्मद उमर, जीशान अहमद, फरमान अंसारी, फार्मेसिस्ट युवा नेता तुफैल उवैसी ने अपना पूरा सहयोग दिया।



# पिनाहट में डबल मर्डर केस के मामले में पुलिस ने किया खुलासा,4 आरोपियों को किया गिरफ्तार ,एक आरोपी फरार

संवादाता हिमांशु गुप्ता

आगरा। 2 जुलाई की रात को पिनाहट में तेल मिल व्यापारी पति पत्नी की निर्मम हत्या कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले 5 आरोपियों में से पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक आरोपी अभी फरार चल रहा है। जिसको पुलिस के द्वारा बहुत जल्द पकड़ा जाएगा। जानकारी के अनुसार 2 जुलाई की रात को तेल व्यवसाय सुरेश गुप्ता व पत्नी कृष्णा गुप्ता की डकैती के बाद निर्मम हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद बदमाश लूटपाट करके फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। पिनाहट पुलिस गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर के द्वारा सूचना मिली की पिनाहट में हुए डबल मर्डर केस के 4 अभियुक्त गण भागने की फिराक में खड़े हुए। पुलिस ने मुखबिर के द्वारा बताए गए स्थान की घेराबंदी कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया आरोपियों के कब्जे से 97000 नगद, मंगलसूत्र का पेंडल पीली धातु ,पीली धातु की चूड़ी





4 , पीली धातु की कुंडल 1 जोड़ी ,दो अंगूठी पीली धातु , सफेद धातु के सिक्के ,एक तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस व एक तमंचा 12 बोर व दो जिंदा कारतूस यह घटना में प्रयुक्त किए गए। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गोलू उर्फ शिशुपाल परिहार, विपिन उर्फ साका ,महेंद्र व शेरा उर्फ शेर सिंह बताया घटना के संबंध में बताया गया कि सबसे पहले गोलू और विपिन ने दीपावली के समय में रखी थी लेकिन किसी कारण बस घटना को अंजाम नहीं दे पाए। दिनांक 02/07/2022 को दिन के समय दोनों के द्वारा महेंद्र को फोन करके बुलाया और बताया मोहल्ला मांर में एक बुड्ढा बुढ़िया रहते हैं। जिनके घर में कोई और नहीं रहता। उस घर में चोरी करने चलते हैं। वहां अच्छा खासा काम बन जाएगा। लेकिन आदमी कम होने के कारण महेंद्र के द्वारा मंगला उर्फ मंगल को फोन करके बुलाया। मंगला के साथ शेरा उर्फ शेर सिंह भी शाम को पिनाहट आ गया। उसके बाद फिर गोलू द्वारा पूरी बात मंगला को बताइ। प्लानिंग में शामिल हो गए रात को महिंद्रा, मंगला विपिन व गोलू पैदल–पैदल मोहल्ला मार की तरफ गए और उस मकान के पीछे अंदर घुस गए। घर के अंदर घूम कर काफी समय तो देखा तो कोई कीमती सामान दिखाई नहीं दिया। फिर इनवर्टर बैटरी को ऊपर के कमरे से उठाकर सीढ़ियों के सारे नीचे उतारकर मेन द्वार के पास रख दिया। वजन ज्यादा होने के कारण बैटरा साथ नहीं लेकर गए। दरवाजा लगा कर चारों लोग नहर पुलिया राजा खेड़ा रोड पर चले गए। जहां उनका शेरा इंतजार कर रहा था। यह बात चारों ने शेरा को बताइ। उस घर में ऐसा कुछ नहीं है तब शेरा उर्फ शेर सिंह ने कहा चलो द्वारा जाकर देखते हैं। तब पांच अभियुक्त गण द्वारा वापस मेन द्वार से अंदर घुसे अंदर सो रहे सुरेश गुप्ता का मुंह दबा लिया और उन्होंने विरोध किया तो पांचों ने उनके सर को पटकते हुए सिर के पीछे घर पर रखी लोहे की छाड़ से सर के पीछे प्रहार किए एवं गले को कसकर कर दबा दिया। जिससे दम घुट गया। उसके बाद मृतक सुरेश चंद गुप्ता की पत्नी का गला दबा दिया। विपिन गोलू और महेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि घर में कोई 151000, मंगलसूत्र का पेंडल, दो अंगूठी, एक जोड़ी कान के कुंडल, एक चौन ये सामान हमने चोरी किया है। खुलासा करने वाली टीम को आगरा एसएसपी के द्वारा खुलासा करने वाली टीम को 25000 का नगद पुरस्कार दिया गया है।

# अधिकारियो ने क्षेत्र पंचायत सदस्य ,बीडीसी व ग्राम प्रधानों की बैठक कर विकास हेतु चर्चा कर दिया जानकारियां

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर

खागा (फतेहपुर)। ऐरायां ब्लाक परिसर में क्षेत्र पंचायत सदस्य बीडीसी ग्राम प्रधानों की एक आवश्यक बैठक ब्लाक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह के नेतृत्व वाह खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर सिंह, खंड विकास अधिकारी आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

जिसमें विकास को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। खागा तहसील क्षेत्र के विकासखंड ऐरायां ब्लाक परिसर में क्षेत्र पंचायत सदस्य बीडीसी वाह ग्राम प्रधान की बैठक करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भुवनेश्वर सिंह ने बताया कि पशुपालकों के पशु को उपलब्ध होने वाली सुविधाएं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारियां दिया और गांव के शिक्षित युवकों को टैक व टीकाकरण के प्रैक्टिस के लिए सुविधा आदि के संबंध में जानकारियां दिया। वही खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार ने ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक विद्यालय तथा



उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के स्तर पर परिवर्तन लाने का अथक प्रयास समभाव ग्राम वासियों को योगदान और सुविधाओं की जानकारियां दी। वही खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार ने 13वें वित्त से 15वें वित्त तक की सुविधा ,आवास, शौचालय, जल निकासी ,जल संचय ,पेयजल की योजना ,आजीविका मिशन ,कुटीर उद्योग ,सखी सहेली बाल विकास परियोजना आदि पर चर्चा कर गांव स्तर में पात्रों को लाभ दिलाने की विकास योजना पर जागरूक किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भुवनेश्वर सिंह खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य ग्राम प्रधान ,बीडीसी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार में गोल्डन कार्ड बनाया जाए

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। मा0 मुख्यमंत्री जी के विकास प्राथमिकता कार्यक्रम वाले 37 बिन्दुओ की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । उन्होंने कृषि, सिंचाई, विद्युत, सड़क, जल निगम, खादी ग्रामोद्योग, चिकित्सा, पशुपालन, पेंशन, शादी अनुदान, शिक्षा, आजीविका मिशन, वन आदि की अधिकारियों के साथ बिन्दुवार समीक्षा की ।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो लक्ष्य प्राप्त हुए है उन्हें समयसीमा के अंतर्गत पूर्ण कराये और जिन विभागों की तिमाही समीक्षा होती है उसे निर्धारित प्रारूप में भरकर रिपोर्ट दे । विद्युत वसूली में तेजी लायी जाए और शत प्रतिशत फीडिंग भी कराया जाए । जिन विद्यालयों के भुगतान शेष है उन्हें जल्द भुगतान कराया जाए । उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि 14 में 04 सड़के पूर्ण है 10 सड़के में तेजी लाकर निर्धारित समय से पूरा कराये । निराश्रित गौवंशो की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और टीकाकरण हेतु माहवार डोज प्राप्त होते है, को समीक्षा बुकलेट में अंकित कराये । मुख्यमंत्री सहभागिता योजनांतर्गत जो लक्ष्य प्राप्त है उसे पूर्ण किया जाए । उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार में गोल्डन कार्ड बनाया जाए । उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूलों में रजिस्ट बनवाये जिससे आरबीएसके की टीम बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जाएगी जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की संख्या अंकित करेंगे । उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिए कि पंचायत सहायकों से पूर्ण सामुदायिक शौचालयों का सत्यापन करा लें और फोटोग्राफ भी मांगा ले । उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि टेबलेट वितरण के बाद अवशेष टेबलेट की सूची बनाकर उपलब्ध कराए । उन्होंने वृक्षारोपण का लक्ष्य विभिन्न विभागों को दिया गया है शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करते हुए जीओ टैगिंग कराना सुनिश्चित करे । उन्होंने अधिशाषी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि नहरों में तेल तक पानी पहुचाया जाए ताकि किसानों को पानी की समस्या



न हो ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश, अपर जिलाधिकारी श्री विनय कुमार पाठक, वनाधिकारी, मुख्यचिकित्साधिकारी, डीएसटीओ, पीडी डीआरडीए, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, डीपीआरओ, जिला क्रीड़ा अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, डीडीएजी, अधिशासी अभियंता जल निगम, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, लघु सिंचाई, बीएसए सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

# आगरा शास्त्रीपुरम में भागवत कथा के तृतीय दिवस चरित्र सती, ध्रुव चरित्र

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। तृतीय दिवस में भागवत प्रवक्ता पं गरिमा किशोरी जी ने सती चरित्र ,ध्रुव चरित्र आदि कथाओ का वर्णन किया । किशोरी जी ने बताया कैसे पांच वर्ष के ध्रुव जी महाराज ने ईश्वर की प्राप्ति की उसी प्रकार अगर मनुष्य सच्चे मन से उस ईश्वर की भक्ति करेगा तो यह भी आसान है। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं द्वारा राधा रानी की जय जयकार और बाँके बिहारी लाल के जयकारों की गूंज से वातावरण वृन्दावन धाम में तब्दील हो उठा। गरिमा जी ने अपनी कथा में सुंदर सुंदर चौपाई कलयुग केवल नाम अधारा , सुमिरि सुमिरि नर उतरहि पारा कलयुग में



तो मनुष्य ईश्वर का नाम लेने मात्र से भवसागर से पर हो जाता है। कथा के दौरान सभी भक्तों ने सुंदर सुंदर भजनों का आनंद लिया और जमकर झूमे। इस पर मुख्य रूप से अनिल अग्रवाल , विशाल, आदित्य, मनोज नोतनानी,अमन लवानियां, कमला यादव,सुरेश गुप्ता, राजकुमार सोलंकी, मंजू पार्षद,बेबी रानी मिश्रा, आशा खण्डेलवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कलयुग के अवतार शिरड़ी के साई बाबा में नजर आएगी भक्तिकी शक्ति

- साईं के किरदार में नजर आएंगे सुधीर दलवी, आगरा के कई कलाकारों का हुनर भी दिखेगा फिल्म में

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। उप्र भाजपा सचिव विजय शिवहरे व संघ के आगरा विभाग संचालक भवेन्द्र शर्मा ने की फिल्म की डिजिटल लॉचिंग, आगरा ब्रज क्षेत्र की भूमि ताजनगरी में भक्ति को समर्पित एक फिल्म और दर्ज हो गई है। आरए मूवीज के बैनर तले बनी फिल्म कलयुग के अवतार शिरड़ी के साईं बाबा की डिजिटल लांचिग संजय प्लेस स्थित होटल मैट्रो में मुख्य अतिथि उप्र भाजपा सचिव विजय शिवहरे व संघ के आगरा विभाग संचालक (समन्वयक) व मुम्बई से आए फिल्म के लेखक व निर्देशक हेमन्त वर्मा ने की। कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में आगरा का नाम अग्रणी रखने में सहयोगी होने के साथ लोगों के मन में भक्ति भाव का संचार करने में मददगार होगी फिल्म। ऐसी फिल्मों के निर्माण से फिल्म इंट्रस्टी में पर्यटन नगरी आगरा की बेहतरीन लोकेशन का भी प्रचार होता है। जिससे रोजगार की भी सम्भावना बढ़ती है। फिल्म निर्माता रंजीत सामा ने फिल्म की कहानी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2 घंटा 10 मिनिट की फिल्म में साईं की भक्ति की शक्ति को दिखाने का प्रयास किया गया है। साईं के किरदार में साईं बाबा के नाम से प्रसिद्ध सुधीर दलवी नजर आएंगे। मुख्य किरदार में अविनाश और नितिका शर्मा होंगे। सह निर्माता विजय सामा, गीत–संगीत पं. दिलीप ताहिर ने दिया है। मुख्य अतिथियों का स्वागत सूरज तिवारी व प्रमोद वर्मा ने साफा व पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार महेश धाकड़ ने किया। कार्यक्रम में मंगल सिंह धाकड़, दिवाकर महाजन, प्रमोद वर्मा, नीरज



तिवारी, प्रदीप सरीन, विजय सहगल, राजेन्द्र सचदेवा, नारायण दास, हरीश आहूजा, मुकेश नेचुरल आदि मौजूद थे। साईं की भक्त गरीब महिला की कहानी है, आगरा। फिल्म निर्माता रंजीत सामा ने बताया कि साईं की भक्त एक गरीब महिला की कहानी है, जिसका जीवन दुखों से भरा है। लेकिन साईं ही भक्ति की शक्ति उसे हर दुख से पार कर देती है। पार्श्वगायक साधना सरगम, नुसरत व चंचल उपाध्याय हैं। जिन्होंने अपनी भक्तिमय आवाज से कण–कण में तू है साई., सुन लो ध्यान लगाए, कथा सुनाऊ नई पुरानी., जय साईं राम., तुझमें ईश्वर तुझमें अल्ला., जीने का हुनर दीजिए शिरणी के महाराज. जैसे गानों को सजाया है। वहीं आगरा के कलाकारों में अनिल जैन, उमाशंकर, सोमा जैन, सत्यव्रत मुद्गल, डॉ. पीके सिंह, संजय गोयल, चंचल उपाध्याय नजर आएंगी।

# ब्रिगेडियर अरुण यादव ने 1 यूपी वाहिनी एनसीसी का वार्षिक निरीक्षण किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा, 8 जुलाई। एनसीसी आगरा ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर अरुण यादव ने 1 यूपी वाहिनी एनसीसी का वार्षिक निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने वाहिनी द्वारा वर्ष भर की गई गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान वाहिनी के कैडेट्स ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

ब्रिगेडियर अरुण यादव भारतीय सेना के गोरखा रेजीमेंट से हैं। इससे पूर्व वह भारतीय सेना के ऑपरेशनल फोर्स के जीओसी रह चुके हैं और जम्मू कश्मीर क्षेत्र में



उन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया है।

ब्रिगेडियर यादव का आगरा से विशेष लगाव है। वह मूल रूप से शिकोहाबाद के रहने वाले हैं तथा उनकी शिक्षा आगरा कॉलेज से हुई है।

इस अवसर पर उन्होंने वाहिनी में कैडेट्स को दिए जाने वाले सिम्युलेटर प्रशिक्षण की जानकारी ली तथा कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।

निरीक्षण के दौरान वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल महेंद्र सिंह रोहिल, सूबेदार मेजर बलदेव सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वैश्य समाज का एक प्रतिनिधि मंडल एसएसपी आगरा से मिला

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। राष्ट्रीय वैश्य परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष



विनय अग्रवाल के नेतृत्व में वैश्य समाज का एक प्रतिनिधि मंडल एसएसपी आगरा से मिला प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से विनोद अग्रवाल संजय अग्रवाल संजय गुप्ता उमेश अग्रवाल अश्वनी अग्रवाल मनीष अग्रवाल संतोष अग्रवाल वीरू गुप्ता दिशा गुप्ता (पुत्र वधू स्वर्गीय सुरेश चंद गुप्ता) एमसी गुप्ता आदि थे।

# शराबियों ने डीवीसी के वाहन में की तोड़फोड़

कल्यानेश्वरी। मैथन में आने वाले पर्यटकों के लिए छोटा कश्मीर कहा जाने वाला पूरा मैथन डैम इन दिनों शराबियों की आतंक में है, प्रति दिन अंधेरा होते ही डैम क्षेत्र में शराबी मस्त होकर मनमानी करते नजर आते है, मैथन थाना(झारखंड) क्षेत्र के काली पहाड़ी से लेकर कल्यानेश्वरी फाड़ी(सालानपुर थाना)क्षेत्र के मजूमदार निवास का पूरा डैम इलाका संध्या होते ही बियर बार मे तब्दील हो जाता है।

फलस्वरूप यहाँ अब शराबियों का उत्पात आम बात हो गई है, बुधवार की देर संध्या भी मजूमदार निवास के निकट शराबियों ने जमकर उत्पात मचाया और डीवीसी कैम्प पावर हाउस की सर्विस वाहन श्रभ्10ह।9618 में जमकर तोड़फोड़ किया, मनचले युवक नशे में इतना धूत थे कि वाहन पर बोल्डर से हमला कर सीसा तोड़ दिया, एवं वाहन चालक की पिटाई



करने के लिए तलाश करने लगे, पास ही खड़े वाहन चालक मंजीत सिंह और कैलाश समद ने अपनी पहचान छुपाकर जान बचाई अन्यथा उग्र शराबी उनपर भी जानलेवा हमला कर देते। बीच बचाव में आए लोगों को भी शराबियों ने नही बख्शा और जमकर गाली गलौज और धमकी दी, घटना अंजाम देने के बाद उत्पाती युवक अपने वाहन से फरार हो गए, चालक मंजीत सिंह ने बताया कि वाहन पर लगभग 8 से 10 युवक शराब के नशे में धुत थे, सर्वीस वाहन सड़क के किनारे खड़ी थी, सर्वीस वाहन में सीढ़ी बंधी होती है, जिससे युवकों की वाहन में ठोकर लग गई जिसके बाद युवकों ने शराब के नशे में जमकर तांडव मचाया, घटना के बाद उन्होंने मामलें की शिकायत कल्यानेश्वरी पुलिस से की है। इधर कल्यानेश्वरी पुलिस पूरे प्रकरण की सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है, जिससे उत्पाती शराबियों और वाहन का पता लगाया जा सके। बताया जाता है कि घटना के समय मजूमदार निवास में तैनात होम गार्ड के जवान और पास ही स्थित चेकपोस्ट पर तैनात सीआईएसएफ के जवान मूकदर्शक बने रहे और अपने पोस्ट पर ही दुबक कर रह गए, जिससे उत्पाती शराबी युवकों का मनोबल और भी बढ़ गया।

# विद्यालय में छात्र छात्राओं ने किया वृक्षारोपण

जैतपुर। वन महोत्सव के अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्यारमपुरा में छोटे छोटे छात्र छात्राओं ने किया बृक्षारोपण इस मौके पर पंचायत सहायक आकांक्षा बरुआ ने छात्र छात्राओं को बृक्ष के विभिन्न लाभ की जानकारी छात्र छात्राओं को दी कहा हर एक व्यक्ति को बृक्ष लगाना चाहिए क्योंकि हमें बृक्ष से ओक्सीजन मिलता है और पेड़ पौधों से मासूम बनकर बरसात होती है एसी अनेक जानकारी यां छात्र छात्राओं को दी गई इस मौके पर आकांक्षा बरुआ विद्यालय की प्रधानाध्यापक श्रीमती अपर्णा सिंह सहायक अध्यापक तस्लीम कुरेशी सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया से पत्रकार ने लगाई न्याय की गुहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच। कैसरगंज क्षेत्र के पत्रकार सुनील कुमार ने प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष को पत्र लिखकर न्याय के लिए गुहार लगाई है।

अपने पत्र में उन्होंने बताया है कि एक स्थानीय दबंग व्यक्ति ने 30 जुलाई को उन्हें अगवा करके मारा पीटा व उनके साथ लूटपाट की है। इस संपूर्ण घटना का विवरण वे प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज को लिखित रूप में दे चुके हैं परंतु अभी तक उनके द्वारा उक्त घटना के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट नहीं दर्ज की गयी है। मामला अवैध खनन से जुड़ा है। उक्त व्यक्ति जेसीबी का मालिक है और अवैध रूप से खनन के कार्य में लंबे समय से लगा हुआ है। इस संबंध में पत्रकार सुनील कुमार ने कई बार अपने समाचार पत्र में खबर भी प्रकाशित की है जिसके कारण रंजिशन यह घटना षडयंत्र करके खनन माफिया द्वारा की गई है। उन्होंने यह मांग की है कि उच्च स्तरीय जांच करा कर संपूर्ण मामले पर न्याय संगत कार्यवाई की जाए।

# मैथन डैम इलाके में अवैध शराब की धड़ल्ले से बिक्री

कल्यानेश्वरी। डीवीसी मैथन डैम परियोजना अंतर्गत अमूमन सभी दुकानों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जाती है, डैम की दूसरी छोर काली पहाड़ी में वैध शराब की दुकान तो डैम की दोनों और दर्जनों दुकान में अवैध शराब की बिक्री की जाती है, संध्या होते ही मजूमदार निवास बोट घाट और पार्किंग अवैध बार मे तब्दील हो जाती है, कई रसूखदार भी यहाँ खुले में जाम से जाम टकराते दिख जाएंगे, पूरे प्रकरण में स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग मूकदर्शक बनी हुई है, बताया जाता है कि इस मेहरबानी के कारण उन्हें महीने में चढ़ावा भी मिलता है। पुलिस द्वारा चलाई जा रही क्लीन मैथन ग्रीन मैथन अभियान में प्रदूषण और प्लास्टिक को



लेकर प्रशासन तो चुस्त है, किन्तु अवैध शराब बिक्री पर मौन आखिर क्यों? इतना ही नही डैम की किनारों पर शराब बोतलों की बाढ़ लगी हुई है, जगह जगह शराब और बियर की टूटी बोतलें बिखरी पड़ी हुई है, क्या इस अभियान में इन्हें प्रदूषण की संज्ञा नही दी जा सकती है।

# एएसपी ग्रामीण की अध्यक्षता में थाना मोतीपुर परिसर में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक



दैनिक अयोध्या टाइम्स मिहींपुरवा बहराइच। मोतीपुर थाने में आगामी त्योहार बकरीद में शांति पूर्वक त्योहार मनाने हेतु एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी एएसपी ने मुस्लिम समुदाय के धर्म गुरूओंव संभ्रांत लोगों से शांति पूर्वक आपसी भाईचारा से त्योहार मनाने की आपील करते हुये कहा कि सभी धर्मो के त्योहारों में आपसी मनमुटाव की दूरी को समाप्त करने तथा भाईचारा बनाकर शांति पूर्वक रहने तथा एक साथ मिल बांटकर खाने व खुशी मनाने को बढ़ावा देने की व्यवस्था है सभी लोग आवेशात्मक तथा अफवाह पर ध्यान न देकर खुशी से त्योहार मनायेंऔर अगर कोई अराजक तत्व झूठी अफवाह फैलाता नजर आये तो इसकी सूचना पुलिस को दें बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने शांतिपूर्वक त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया पीस कमेटी की बैठक का संचालन प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर मुकेश कुमार सिंह ने किया बैठक में थाना मोतीपुर क्षेत्र के प्रधान व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# हीरो मोटोकॉर्प ने पैशन में तकनीकी खूबियों को जोड़ा

- दुनिया में मोटरसाइकिलों और स्कूटरों के सबसे बड़े निर्माता, हीरो मोटोकॉर्प, ने उत्पादों के आधुनिकीकरण की आक्रामक रणनीति को बरकरार रखते हुए आज नई पैशन "एक्सटेक" को लॉन्च किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा, 8 जुलाई। शहर में स्थित हीरो ने शुक्रवार को को पैशन एक्सटेक का लॉन्च किया गया। इस लॉन्च के मुख्य अतिथि हीरो मोटोकॉप से एरिया मैनेजर वरुण शर्मा ने लॉन्च कार्यक्रम का उद्घाटन किया। नई हीरो पैशन "एक्सटेक" स्टाइल, सुरक्षा, कनेक्टिविटी और आराम का बेहतरीन संयोजन है। यह मोटरसाइकिल कई फीचर्स से लैस है, जिसमें अपने सेग्मेंट में पहली बार प्रोजेक्टर एलईडी हेडलैंप, ब्लूटुथ कनेक्टिविटी के साथ फुल डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, एसएमएस और कॉल अलर्ट, रियल टाइम माइलेज इंडिकेटर, लो फ्यूल इंडिकेटर, साइड–स्टैंड इंजन कट ऑफ और सर्विस रिमाइंडर शामिल है। अपने सेग्मेंट में पहली बार शामिल फीचर्स और पैशन ब्रैंड के प्रति विश्वास और भरोसे ने पैशन एक्सटेक बाइक को इस श्रेणी में आने वाली दूसरी बाइक्स से अलग खड़ा कर दिया है। हीरो के "एक्सटेक" प्रॉडक्ट्स की रेंज, जिसमें स्पेंलडऱएक्सटेक, ग्लैमर 125 एक्सटेक, प्लेजऱ110 एक्सटेक और डेस्टिनी 125 एक्सटेक शामिल हैं, को उपभोक्ताओं की ओर से काफी बेहतर रिस्पॉन्स मिला है। पैशन एक्सटेक से यही रिस्पॉन्स की अपेक्षा है। पैशन एक्सटेक मोटरसाइकिल देश भर के हीरो मोटोकॉर्प डीलरशिप्स पर उपलब्ध है और इसके ड्रम वैरिएंट की आकर्षक कीमत 74,590 रुपये, जबकि डिस्क वैरिएंट की कीमत 78,990 रुपये है। पैशन एक्सटेक 5 साल की वारंटी के साथ आती है जोकि ब्रांड के विश्वास और भरोसे को दोहराता है।

हीरो पैशन "एक्सटेक"

आज की पीढ़ी के लिए डिजाइन की गई दमदार परफॉर्मेंस देने वाली और मजबूत नई 110 सीसी पैशन एक्सटेक बाइक सुविधा, सुरक्षा और उपयोगिता के कई फीचर्स से लैस है, जो बिना किसी परेशानी के यूजर्स को बेहतरीन राइडिंग के अनुभव को सहज रूप से एकीकृत करती है।

कनेक्टिविटी : पैशन एक्सटेक में दिए गए फीचर्स और कनेक्टिविटी फंक्शस तक बाइक सवार की पहुंच सुनिश्चित करता है। अपने सेग्मेंट में पहली बार इसमें ब्लू बैकलाइट के साथ फुल डिजिटल स्पीडोमीटर कंसोल दिया गया है, जो यूजर्स को ब्लूटूथ कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इसके अलावा इसमें एकीकृत यूएसबी पोर्ट के साथ फोनकॉल अलर्ट, कॉलर का नाम, मिस्ड कॉल की जानकारी के साथ एसएमएस की नोटिफिकेशन भी मिलती है। यह



फोन बैटरी की पर्सेंटेज, रियल टाइम माइलेज इंडिकेटर, सर्विस शेड्यूल रिमाइंडर और लो फ्यूल इंडीकेटर भी दिखाता है।

सुरक्षा : बाइक सवार और इसके पीछे बैठने वाले व्यक्ति की सुरक्षा के लिए पैशन प्रो एक्सटेक में साइड स्टैंड विडुअल इंडिकेशन और "साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ" जैसी सुविधाएं दी गई हैं। इसके अलावा, यह मोटरसाइकिल बेहतर हैंडलिंग के लिए डिस्क ब्रेक और कॉम्बी ब्रेक सिस्टम (सीबीएस) के विकल्प के साथ आती है।

डिजाइन : नई पैशन एक्सटेक में अपने सेग्मेंट में पहला प्रोजेक्टर एलईडी हेडलैंप दिया गया है, जिससे इस बाइक में अपनी श्रेणी में सबसे बेहतर चमक मिलती है। इसमें पारंपरिक हैलोजन लैंप से 12 फीसदी ज्यादा रोशनी मिलती है। हेडलैंप का नया डिजाइन मोटरसाइकिल का स्पोर्ट्स लुक और इसकी गतिशीलता को निखारता है। इस मोटरसाइकिल में क्रोम 3डी ब्रैंडिंग के साथ रिमटेप दिया गया है, जिससे मोटरसाइकल का विशेष आकर्षण और बढ़ जाता है।

इंजन : नई पैशन प्रो एक्सटेक 110सीसी के बीएस–6 अनुकूल इंजन के साथ आती है। इसमें 9 बीएचपी / 7500 आरपीएम का पावर आटपुट मिलता है। यह बेहतरीन और दमदार परफॉर्मेंस वाली ड्राइव के लिए यह 9.79 एनएम / 5000 आरपीएम का टॉर्क डिमांड पर रिलीज करती है। यूजर को शानदार परफॉर्मेंस और आराम देने के वादे को निभाते हुए, नई पैशन प्रो एक्सटेक ईंधन की बचत के लिए पेटेंट कराई गई प3 तकनीक के साथ मिलती है।

# एक ही सड़क को दो दो बार शिलान्यास





(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर। एक ही ग्रामीण सड़क को सांसद रमा देवी ने 6 जुलाई 2022 को शिलान्यास किया तो वहीं उसी सड़क को विधायक चेतन आनंद ने 12 फरवरी 2022 को शिलान्यास किया था। स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय है तथा लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि सांसद का शिलान्यास सही है या विधायक का शिलान्यास सही है। गौरतलब हो कि सांसद रमा देवी ने पकड़ी भाया आसोपुर पथ की लंबाई 6.4 किलोमीटर है। जो ग्रामीण कार्य विभाग के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिसकी प्राक्कलित राशि 485.8 लाख है का शिलान्यास 6 जुलाई 2022 को किया है। इस सड़क को सोनौल हाई स्कूल से आशोपुर होते हुए बिंदी भगवानपुर तक बनाया जाना है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत योजना डत्स–17–ज02 से पकड़ी भाया आशोपुर पथ की लंबाई 6.4 किलोमीटर है।

जबकि विधायक चेतन आनंद ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सोनौल सुल्तान से बिंदी तक पथ निर्माण कार्य ,पथ की लंबाई 6.150 किलोमीटर 12 फरवरी 2022 को जिसकी प्राक्कलित राशि 413.36 लाख की लागत से शिलान्यास किया था। जिस पथ के कार्यकारी एजेंसी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल शिवहर है। उक्त सड़क को कार्य करने की तिथि 30 अक्टूबर 2021 है तथा कार्य समाप्ति की तिथि 29 अक्टूबर 2022 तक संवेदक ओमकार आनंद के द्वारा होना बोर्ड पर अंकित है।

जबकि स्थानीय लोगों ने बताया है कि एक ही सड़क को विधायक ने अलग और सांसद ने अलग शिलान्यास किया है। अगर शिलान्यास किया गया है तो जगह का नाम जहां से शुरू किया गया है वहां का नाम देना चाहिए था। इससे आम जनता दुविधा में है। विधायक के द्वारा जो शिलान्यास किया गया था उस काम को अभी तक अंजाम नहीं दिया गया है, जिसकी जांच तत्कालीन डीएम अवनीश कुमार सिंह के द्वारा भी किया गया था।

इस बाबत कार्यपालक अभियंता(त्म्) ग्रामीण योगेश चंद्र मिश्रा ने बताया है कि उक्त सड़क की लंबाई लगभग 12 किलोमीटर के आसपास है। उक्त सड़क को 2 पार्ट में बनाया जा रहा है। पहला पार्ट मुख्यमंत्री जन संपर्क योजना के तहत विधायक चेतन आनंद के द्वारा शिलान्यास किया गया था। संवेदक के पास पैसे की कमी के कारण कार्य में धीमी गति है दूसरा पार्ट सांसद रमा देवी के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत शिलान्यास किया गया है। संवेदक के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

# मौर्य एक्सप्रेस में चौन खींच रहे चोर की जमकर पिटाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय



सिवान। हटिया से गोरखपुर जाने वाली 15027 मौर्य एक्सप्रेस में, बृहस्पतिवार को एक महिला सिवान स्टेशन से मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ीद्य जहा ट्रेन में मौजूद एक चोर ने महिला के गले पर हाथ रखकर गले में पहने चौन खोलने का प्रयास कियाद्य जिसके बाद महिला को पता चला तो महिला ने इसका विरोध किया तो चोर महिला को धमकी देना शुरू कर दिया कि अभी हम कॉल करके बुला लेते हैं। इसके बाद महिला ने शोर मचाना शुरू कर दियाद्य आसपास के लोगों ने चोर को धर दबोचा और जमकर पिटाई कर दीद्य महिला ने बताया की वह सिवान स्टेशन से चढ़ी और देवरिया अपने किसी रिश्तेदार के घर जा रही थीद्य तभी सिवान मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन में युवक चौन खींचने का प्रयास कियाद्य जब हमने विरोध किया तो चोर धमकी देने लगा, कॉल कर के बुला लेंगेद्य क्या जाने किस व्यक्ति का धमकी दे रहा थाद्य की कॉल करके बुला लेंगेद्य जिसके बाद महिला के साथ मौजूद एक पुरुष ने चोर को पकड़कर देवरिया स्टेशन पर उतारा। और वह लोग रेलवे पुलिस को चोर को देने की बात कर रहे थेद्य वही ट्रेन में चढ़ते वक्त आपलोग सावधान रहे अपने समान का देखभाल स्वयं करे। नही तो कोई भी चोर आसानी से आपका समान लेकर चला जाएगा।

# पुलिस कार्यालय में एसपी ने की पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। पुलिस कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ एसपी



राकेश कुमार ने क्राइम मीटिंग की। अपराध निवारण गोष्टी के दौरान जून में प्रतिवेदित कांडों के कारणों एवं अनुसंधान के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सामने आया कि विगत माह जून में कुल 399 कांड प्रतिनिधि हुए थे जबकि 420 कांडों का अनुसंधान पूर्ण करते हुए निष्पादन किया गया है। पुलिस कार्यालय में एसपी ने की पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंगइस माह में भी अधिक से अधिक कांडों के निष्पादन करने का निर्देश एसपी ने सभी थानों के थानाध्यक्षों को दिया ।इसके अलावा क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी ने अपराध नियंत्रण, विधि–व्यवस्था संधारण एवं मद्यनिषेध कानून को सख्ती से लागू करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि आगामी बकरीद त्योहार 2022 के दौरान संबंधित थानाध्यक्ष अपने–अपने क्षेत्र अंतर्गत शांति समिति की बैठक करें साथ ही पर्व के मद्देनजर अभी से ही सभी सुरक्षात्मक, निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।पर्व के दिन सुबह से अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत भ्रमण से रहकर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का संधारण करना सुनिश्चित करें।

# निखती कलां गांव में गला रेत कर युवक को किए जख्मी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय



सिवान (रघुनाथपुर)। थाना क्षेत्र के निखती कलां पश्चिमी टोला गांव में शुक्रवार को युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर घायल कर दिया गयाद्य पीड़ित व्यक्ति की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के निखति कला गांव निवासी सुदर्शन महतो के 22 वर्षीय पुत्र मिथलेश कुमार महतो के रूप में हुई हैद्य घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से आनन फानन में रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को नाजक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिवान सदर अस्पताल को भेज दिया। वही सिवान सदर अस्पताल में भर्ती कराने के बाद युवक के स्थिति में सुधार नहीं हो सकाद्य जिसके बाद डॉक्टरों ने युवक की स्थिति को नाजुक देखते हुए पटना पीएमसीएच को रेफर कर दियाद्य घटना की जानकारी मिलने के बाद रघुनाथपुर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत बच्चों को नियमित टीकाकरण से करें आच्छादित : जिलाधिकारी

☒ कैम्प मोड में ड्यू लिस्ट एवं सर्वे रजिस्टर को एक सप्ताह के अंदर करें अपडेट

☒ नियमित टीकाकरण में बेहतर कार्य करने वालों को किया जायेगा सम्मानित, खराब परफोरमेन्स पर होगी कार्रवाई

☒ कार्य में लापरवाही, बैठक से अनुपस्थित रहने तथा आदेश की अवहेलना को लेकर कई एमओआइसी को शोकॉज, वेतन अवरूद्ध करने का निदेश



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों के लिए बेहद ही जरूरी है। प्रत्येक बच्चा अनमोल है। टीकाकरण से वंचित सभी बच्चों को अपना बच्चा समझते हुए उन्हें टीका से लाभान्वित किया जाय। साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत शत–प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को भी नियमित टीकाकरण से आच्छादित किया जाय। उन्होंने कहा कि यह कार्य बेहद ही महत्वपूर्ण है। लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही बरतने वालों के विरूद्ध कार्रवाई निश्चित है।

एमओआइसी, रामनगर को निदेश दिया गया कि दोन क्षेत्र में नियमित टीकाकरण की शत–प्रतिशत उपलब्धि के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। दोन क्षेत्र में तथा दोन के अतिरिक्त बचे क्षेत्र में कितने बच्चे टीकाकरण से वंचित हैं, उसकी सूची उपलब्ध करायें तथा शत–प्रतिशत बच्चों को नियमित टीकाकरण से लाभान्वित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि ड्यू लिस्ट तथा सर्वे रजिस्टर को कैम्प मोड में अपडेट कराना सुनिश्चित किया जाय। सभी एमओआइसी एक सप्ताह के अंदर हर हाल में सर्वे रजिस्टर को अपडेट करेंगे तथा संपूर्ण ड्यू लिस्ट तैयार करेंगे। नियमित टीकाकरण हेतु आमलोगों को जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए जीविका, विकास मित्र आदि को कार्य पर लगाया जाय। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सहायता ली जाय। समीक्षा के क्रम में कुछ एमओआइसी द्वारा बताया गया कि हाल ही में हुए स्थानांतरण से नियमित टीकाकरण कार्य आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। कुछ कर्मी स्थानांतरण के बावजूद स्थानांतरित स्थल पर योगदान नहीं दिये हैं। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को सख्त निदेश दिया कि स्थानांतरित किये गये कर्मियों को तीन दिनों के अंदर ज्वाइन कराना सुनिश्चित किया जाय अन्यथा चयनमुक्तध्कड़ी कार्रवाई की जायेगी। सिविल सर्जन तथा डीपीएम अनुपालन प्रतिवेदन से अवगत करायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि नियमित टीकाकरण कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र आदि देकर सम्मानित किया जायेगा तथा विभाग को सकारात्मक अनुशंसा के साथ प्रतिवेदित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि टॉप थ्री प्रखंड को भी सम्मानित किया जायेगा। वहीं खराब परफोरमेन्स वाले कर्मियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। डेवलपमेंट पार्ट्नर्स को ग्राउंड लेवल पर बेहतर रिजल्ट देने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा छूटे नहीं इसके लिए टीकाकरण से वंचित बच्चों को चिन्हित करें और टीका से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। ड्यू लिस्ट पूर्ण कराने तथा नियमित टीकाकरण में डेवलपमेंट पार्ट्नर्स बेहतर योगदान दें। नियमित टीकाकरण में लापरवाही को लेकर एमओआइसी, रामनगर से शोकॉज करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। बैठक में अनुपस्थित लौरिया एमओआइसी से शोकॉज, चनपटिया एमओआइसी को शोकॉज सहित एक दिन का वेतन कटौती, बगहा–01 एमओआइसी को शोकॉज तथा वेतन अवरूद्ध करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डीपीएम, एमओआइसी, स्वास्थ्य प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के साथ मनाए बकरीद का त्यौहार : जिलाधिकारी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

ईद–उल–जोहा(बकरीद) के पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष के द्वारा समाहरणालहय सभागार में संयुक्त रुप से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपस्थित सभी महानुभावों को संबोधित करते हुए अपील की गई के बकरीद का त्यौहार जिले में शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के साथ मनाया जाए सर्वप्रथम जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी सदस्यगण का स्वागत किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वैशाली जिला के लोगों ने पूर्व में जिस प्रकार से पर्व त्योहार के अवसर पर गंगा –जमुनी तहजीब का अनुसरण किया है ठीक उसी प्रकार से इस बार भी आप लोग मिसाल पेश करेंगे। जिलाधिकारी के द्वारा पूर्व के वर्षों में शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को सम्पन्न कराने में समिति के सदस्यों के योगदान की सराहना की गई। इसके बाद जिला अधिकारी के द्वारा सभी अंचलों से आए शांति समिति के सदस्य गण से उनके द्वारा की गई तैयारी के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। सभी लोगों के द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद पर्व को संपन्न कराने में अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए जिला प्रशासन को आश्वस्त किया गया कि यह पर्व भी शांतिपूर्वक संपन्न करा लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिले में चिन्हित 266 स्थलों पर दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है परंतु आप सभी की भी जवाबदेही महत्वपूर्ण है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी समाज के अभिभावक हैं इस बार त्योहारों में कुछ ज्यादा ही उल्लास देखने को मिलेगा इसलिए ज्यादा सजग और सचेत रहने की जरूरत है ।विधि व्यवस्था संधारण एवं पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर 10 जुलाई से पर्व की समाप्ति तक जिला नियंत्रण कक्ष 06224 –260220 पर स्थापित कराया जाएगा। इसी प्रकार महुआ अनुमंडल में 06227–223214 एवम महनार अनुमंडल में 06229–235220पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा ।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्व के अवसर पर सभी पदाधिकारी लगातार अपने–अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे एवम आसूचना तन्त्र को मजबूत रखेंगे।

# आखिर गलती किसकी : संजय संघर्ष सिंह



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर। जींस के बाएं पैकेट में रखा फोन बार–बार बज रहा था, मुझे लगा बाइक रोक कर देख लेना चाहिए फोन किसका है। हालांकि जगह का चयन ठीक नहीं था, सामने थोड़ी दूर पुलिस बैरक थी, मतलब रास्ता रोककर पुलिस अपना ड्यूटी निभा रही थी। खैर बाइक रोक दिया था तो बात कर रहा था। मेरे बाजू से लगभग 50 55 साल का एक बुजुर्ग गुजरा होगा।, पता नहीं पुलिस वाले से क्या बात हुई एक जवान ने उसके पिछवाड़े का निशाना बनाते हुए एक डंडा मार दिया। उस बुजुर्ग के सिर पर रखा हुआ देहाती टाइप का मोटरी जो कि नीचे गिरा और उससे तरल द्रव्य जैसे की दही हो बिखर गया।

मैं जो फोन पर बात कर रहा था अब मुझे वह बात सुनाई नहीं दे रही थी। मुझे जरूरत भी नहीं था उन बातों को सुनने का क्योंकि मेरी आंखें जो देख रही थी, वह सहन नहीं हो पा रहा था। इससे पहले कि पुलिस और उस बुजुर्ग में कोई संवाद होता मैं कबाब में हड्डी बन कर चुका था।

हालांकि मेरा कोई रस नहीं था यह जानने में कि हुआ क्या था?

मैंने तो बस पुलिस वाले से पूछा, यह जो डंडा तुमने इस बुजुर्ग के पीछे रसीद किया है, तुम्हारे किसी तत्कालिक मजिस्ट्रेट का आदेश था। या फिर इसकी इजाजत तुम्हारे थाना प्रभारी ने दी थी ?

इंस्पेक्टर का आदेश था, डीएसपी या एसपी? अब वह पुलिस वाला मेरा चेहरा देख रहा था। मुझे कह रहा था कि आपको तो रोका नहीं है आपको तो टोका भी नहीं है।

पता नहीं क्यों मैं उसे बार–बार कह रहा था ? मुझे भी तुमसे समस्या नहीं है समस्या इस डंडे से है, तुम बता तो दो कि यह डंडा किसके कहने पर? मैं उनसे इस बुजुर्ग के हिस्से का न्याय प्राप्त करने की कोशिश करूंगा। यकीनन मैंने उस पुलिस बाले को बिल्कुल नहीं कहा इस बुजुर्ग का मोटरी फिर से बांध देना है, और पैर छूकर माफी मांगना है। हो सकता है उसके अंदर का आदर पैदा हो गया हो उम्र के हिसाब से उसे पैर छूना अच्छा लगा हो। माफी भी मांगना अच्छा लगा होगा? मैंने उस बुजुर्ग से पूछा अब कोई गिला शिकवा है? उसने मेरी तरफ दोनों हाथ जोड़ दिए और कहने लगा मेरे खानदान में आज तक कोई ऐसा नहीं हुआ होगा जिससे किसी पुलिस वाले ने पैर छूकर माफी मांगी होगी?

मुझे क्या गिला शिकवा होगा साहब। मुझे तो आप में भगवान दिखता है। यह सब आप के कारण हुआ। मैंने कहा आपके अंदर भगवान होगा इसलिए ऐसा होता है शैतान जिसके अंदर बसे हैं उनको मैं हमेशा शैतान दिखता हूं।

# कुमार रविंद्र अनुमंडल पदाधिकारी पकरीदयाल भ्रमण कार्यक्रम के दौरान चौता पंचायत के उत्क्रमित मध्य विधालय पहुचे व उसका औचक निरीक्षण किया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ शिक्षक डूबो रहे शिक्षा विभाग की लुटियाँ,क्ड ने बच्चों के साथ–साथ शिक्षक– प्रिंसिपल की लगा दी क्लास, टीचर से पूछा नॉर्मल सवाल नहीं दे पाए जवाब।





(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पकड़ीदयाल। बिहार का शिक्षा विभाग हमेशा अपनी कालगुजरियों के कारण सुर्खियों में रहता है और पूरे देश मे इसकी कालगुजरियों के किस्से आम है। इसकी बानगी देखने को मिली है बिहार के मोतिहारी जिले के पकड़ीदयाल अनुमंडल के चौता पंचायत में, जहां के प्रधानाध्यापक सहित वहां के सहायक शिक्षकों ने शिक्षा विभाग की लुटिया डुबो दी है। दरअसल आज पकड़ीदयाल के एसडीएम कुमार रविन्द्र क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में निकले थे। इसी कड़ी में वहां के चौता पंचायत के उत्क्रमित मध्य विधालय पहुंचे व उसका औचक निरीक्षण किया। बच्चों को क्लास रूम में पढ़ता देख वे अपने आप को रोक नहीं सके और पलक झपकते वे पहुंच गए क्लास रूम में जहां उन्होंने देखा कि विद्यालय के सहायक शिक्षक मुकुल कुमार बच्चों को पर्यावरण के बारे में गलत ज्ञान बांट रहे हैं। फिर क्या था पहले तो उन्होंने बच्चों के सामने ही सहायक शिक्षक की जमकर क्लास लगाई और उसके बाद बन गए शिक्षक। एसडीएम यहां के नौनिहालों को शिक्षा दान कर रहे हैं और बच्चों को पर्यावरण का महत्व और इसकी गूढ़ जानकारियां दे रहे। एक एसडीएम का ये रूप सही मायने में प्रेरित करने वाला है और अगर ऐसे ही जिले के अधिकारी अपने बेशकीमती समय में से इन बच्चों को शिक्षा दान देंगे तो निश्चित रूप से बिहार की गिरती शिक्षा व्यवस्था पटरी पा आ सकती है। वहीं एसडीएम के सामने अपने कार्यालय कक्ष में प्रधान शिक्षक यानी प्रधानाचार्य बैठे हैं। प्रधान शिक्ष के साथ ये यहां के अंग्रेजी व संस्कृत के भी शिक्षक हैं लेकिन जब एसडीएम ने इनसे एक साधारण सा सवाल पूछा तो ये जवाब नहीं दे पाए। प्रधान शिक्षक ने बड़े ही रौब रुआब में कहा कि मैं यहां अंग्रेजी व संस्कृत का शिक्षक हूँ तो एसडीएम साहब ने ये सवाल किया कि मैं कई विद्यालय जाता हूँ, इसका आप अंग्रेजी व संस्कृत अनुवाद बता दीजिए तो साहब का सिट्टी पिट्टी गम हो गयी। इतने आसान सवाल का प्रिंसपल जबाब नहीं दे पाए तो एसडीएम ने अपना माथा पकड़ लिया और उसके बाद उनकी जमकर क्लास लगाई। उन्हें पहले स्वधायय करने की नसीहत दी और सभी शिक्षकों को घर से पढ़ाई करके आने की सलाह दी। उसके बाद एसडीएम साहब फिर से क्लास रूम में गए और बच्चों को ब्लैक बोर्ड पर पढ़ाने लगें। इतना ही नहीं वहां के सहायक शिक्षक को भरे क्लास रूम में बच्चों को गलत जानकारी देने के कारण फटकार लगाने लगे। नीतीश सरकार भले ही लाख दावा कर ले लेकिन बिहार की शिक्षा व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है और यहां के अनुकम्पा व आरक्षण की बदौलत बहाल शिक्षक बच्चों को गलत पढ़ाई करवाकर उनका भविष्य खराब कर रहे हैं। अगर समय रहते ऐसे शिक्षकों को सचेत नही किया जाएगा तो इन नौनिहालों का भविष्य खराब होने से कोई नही रोक सकता है।

# पूर्वी चम्पारण कोटवा के बरकुरवा में पोखरा में डूबने से 12 वर्षीय बच्चे की हुई मौत



(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स न्यूज कोटवा पूर्वी चम्पारण)। पूर्वी चम्पारण कोटवा थाना क्षेत्र के बरकुरवा वार्ड नम्बर 9 में शुक्रवार की शाम पोखरा में डूबने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मौके पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बच्चा शौच करने गया था जहां पैर फिसलने से पोखरा में गिर गया। जिससे डूबने से बच्चे की मौत हो गई। ग्रामीणों ने पोखरा में बच्चे का शव देखा जिसके बाद परिवार को सूचना दी। मृतक बच्चा रामप्रीत सहनी का 12 वर्षीय पुत्र आशा कुमार बताया गया है।

घटना के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। इस बाबत एएसआई निर्मल उरांव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार, श्री श्रवण कुमार के द्वारा उप विकास आयुक्त श्री कमलेश कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया

रवि कुमार भार्गव राज्य कोआर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। राज्य भर में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत मोतिहारी जिले में उत्कृष्ट कार्य हुए हैं। इसी उपलक्ष्य में माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग ,बिहार सरकार, श्री श्रवण कुमार के द्वारा उप विकास आयुक्त, श्री कमलेश कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गयाा।



## जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा रामेश्वर साह को 4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पूर्वी चम्पारण। जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा जिला



आपदा प्रबंधन शाखा, मोतिहारी के तत्वधान में सुगौली प्रखंड अंतर्गत 28 जून 2022 को वज्रपात से मृतक रामायण कुमार ,पिता रामेश्वर साह ,ग्राम बगही ,वार्ड नंबर 8, जिला पूर्वी चंपारण के आश्रित निकटतम परिवार रामेश्वर साह को 4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने लाभुक से कहा कि इस राशि का उपयोग अपने इच्छा अनुसार कार्य में व्यय करेंगे ।किसी भी दलाल या बिचौलिए के झांसे में नहीं आएंगे। किसी प्रकार की समस्या हो तो अविलंब रूप से जिला आपदा शाखा में शिकायत करना सुनिश्चित करेंगे।

## पुलिया निर्माण कार्य को लेकर हुआ शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। लकड़ी नबीगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर पंचायत में खाड़ की सफाई पूर्ण होने व नई पुलिया के निर्माण होने पर जिला पार्षद



रमेश कुमार सिंह ने वैदिक मंत्र उच्चारण के पूजा पाठ करने के बाद उद्घाटन किया ।बताते चले गोपालपुर चवर नहर से दक्षिण की ओर जानेवाली मगही होते हुए डमछु चवर तक खाड़ की सफाई व पुलिया के निर्माण पूर्ण होने के बाद शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य रमेश सिंह,मुखिया हरेंद्र सिंह,सरपंच लवलीन चौधुर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उक्त स्थल का उद्घाटन किया। मिली जानकारी के अनुसार खाड़ में सफाई न होने के कारण किसानों को खेती संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता था वही बाढ़ के समय पानी नही निकलने से फसलों की क्षति होती थी लेकिन खाड़ की सफाई व पुलिया निर्माण से किसानों व ग्रामीणों में खुशी दिखाई दे रही है।

## अज्ञात चोरो ने गोविंद गाव मे रात मे चोरो दिया अंजाम

दैनिक अयोध्या टाइम्स डॉक्टर मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चंपारण चकिया पू च। थाना क्षेत्र के माधोपुर गोविंद गांव में बीती रात अज्ञात चोरों सात घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने इन सात



घरों से नगद सहित लाखो रुपये मूल्य के ज्वेरात की चोरी की है। चोरो ने उक्त गां गाव के राजेश सिंह, कपिलदेव साह, शशिभूषण सिंह, कवींद्र ठाकुर, रंजय सिंह, दिनेश साह, व मुनिललाल साह के घर मे चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरो ने राजेश सिंह के घर सर तीन से चार लाख के गहने व 40 हजार रुपये नगद की चोरी की। वही चोरो ने कवींद्र साह के घर से पांच हजार रुपये नगद व एक साइकिल की चोरी कर फरार हो गए। साथही चोरो ने उक्त लोगो के घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी की घटना को अंजाम देते समय चोरो ने जिस घर मे लोग सोये थे उस कमरा का बाहर से दरवाजा की कुंडी लगाकर बंद कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की।

## बकरीद पर्व को लेकर नगर थाना परिसर में शांति समिति कि बैठक की गई

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला के बगहा नगर थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति कि बैठक नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। शांति समिति की बैठक में डीएसपी कैलाश प्रसाद, एएसडीएम सरफराज नवाज, प्रखंड बगहा एक बीडीओ कुमार प्रशांत और सीओ अभिषेक आनंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में बकरीद पर्व को लेकर उचित तरीके से मनाने तथा एकता और सौहार्द को बनाये रखने के लिए एक दूसरे का सहयोग कर हिन्दू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए पर्व को मनाने की गणमान्य लोगों से अपील की गई। डीएसपी कैलाश प्रसाद ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती रखी जाएगी ।साथ ही चौक चौराहों पर भी सीसी टीवी कैमरे से हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। वही नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग मनाएँ ।और शान्ति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन का सहयोग करें ।साथ ही किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना अविलम्ब करने में सहयोग करे ताकि शान्ति व्यवस्था कायम रखने में स्थानीय प्रशासन सफल हो सके। आगे उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है एक दूसरे की भावनाओं को समझते हुए एकता और भाईचारे के साथ पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएँ ।मौके पर गणमान्य लोगों में सभापति प्रतिनिधि फिरोज आलम, राकेश सिंह, दयाशंकर सिंह, अनिल सिंह,मो. ग्यासुद्दीन,कोनैन आलम, जाकिर हुसैन,मोबिन अंसारी, अशोक पटेल, उमेश गुप्ता, बिनोद कुशवाहा व बबलू सिंह आदि उपस्थित रहे।



## घर नहीं लौटा छात्र परिजन चिंतित

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। पंडारक थाना क्षेत्र के



दरगाही टोला निवासी रंजीत कुमार यादव के पुत्र कमलेश कुमार सुबह 9:00 बजे महाराजगंज स्कूल पढ़ने के लिए निकला था। अब तक नहीं लौटा है घर। रिश्ते–नाते के यहां से भी नहीं मिला कोई सुराग। परिजन चिंतित। पंडारक थाना में दी गुमशुदगी से संबंधित लिखित सूचना।

# पढ़ाई तथा व्यवसाय के लिए दिव्यांग जनों को दिया जाएगा बैटरी चलित ट्राई साइकिल

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

☒ पात्र आवेदकों को प्रथम आओ एवं प्रथम पाओ के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा

शिवहर। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना अंतर्गत दिव्यांग जनों को निशुल्क बैटरी चलित ट्राई साइकिल का वितरण किया जाना है। इसके लिए दिव्यांग 8 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मामले पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण के सहायक निदेशक आफताब करीम ने प्रेस पत्र जारी कर बताया है कि बिहार सरकार की दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय समाज कल्याण विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना अंतर्गत दिव्यांग जनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल के लिए 8 जुलाई से आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे ,आवेदक समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांगगता प्रतिशत न्यूनतम 60ः चंलत दिव्यांगता का होना चाहिए। सहारा न्यूज नेटवर्क की टीम ने खबर पर जिले के सभी दिव्यांग जनों को ध्यान आकृष्ट कराया है कि आवेदन के साथ आधार कार्ड, सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, महाविद्यालयः विश्वविद्यालय का आई कार्ड ,रोजगार या व्यवसाय संबंधी प्रमाण पत्र ,मान्यता के रूप में दिव्यांग का प्रमाण पत्र एवं फोटो आदि संग्लन करना अनिवार्य होगा। पात्र आवेदकों को प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए जिला के सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग शिवहर– मोबाइल नंबर 8287 254 386 अथवा संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी या बुनियाद केंद्र पिपराही के प्रबंधक शाह खालिक अंजुम 9386287523 से संपर्क किया जा सकता है।

# नहीं रहे जयप्रकाश आंदोलन के प्रखर पुरोधा समाजवादी योगेन्द्र पाण्डेय



20 मार्च 1940 को पूर्वी चंपारण के रूपनी गांव में जन्मे स्वर्गीय पांडेय कई बीमारियों से ग्रसित थे। समाजवादी विचारधारा के प्रखर पुरोधा किसान–मजदूरों के सर्वहारा नेता श्री पाण्डेय का राजनीतिक जीवन सोशलिस्ट पार्टी, जनता पार्टी, समता पार्टी व जनता दल यू से होकर गुजरा। उनके पार्थिव शरीर के दर्शनार्थ लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों ने उन्हें भारतीय संप्रभुता का सच्चा प्रहरी बताते हुए कहा कि एक तरफ उन्होंने प्रदेश स्तर पर किसान मजदूरों के साथ–साथ युवाओं के अधिकार के लिए अपनी आवाज बुलंद की तथा जयप्रकाश आंदोलन में आपातकाल का पुरजोर विरोध किया। वे समाजवादी नेता नाथपाई, जार्ज फर्नांडिस, मधु दंडवते, बसावन सिंह, रामानंद तिवारी सरीखे नेता के करीबी थे। कई समाजवादियों ने उन्हें बहुआयामी व्यक्तित्व का नेता बताते हुए कहा है कि उनके निधन से राजनीति की एक पीढ़ी का अंत हो गया। आज की राजनीति के लिए उनका जीवन सदैव अनुकरणीय रहेगा।

(मुरारी कुमार पताही दैनिक अयोध्या टाइम)। पताही प्रखंड क्षेत्र के रूपनी गांव निवासी 84 वर्षीय समाजवादी विचारधारा के प्रखर पुरोधा व जयप्रकाश आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले योगेन्द्र पाण्डेय का निधन शुक्रवार को सुबह आठ बजे उनके पैतृक आवास पर हो गया। उनका अंतिम संस्कार मोतिया घाट पर षाम नाम सत्य है। के जयघोष के बीच हुआ जहां मुखाग्नि उनके पत्रकार पुत्र सुभाष पाण्डेय ने नम आंखों के बीच दिया। वे अपने पीछे पत्नी उर्मिला, दो बेटे, चार पौत्र और भरा– पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# थाना परिसर में हुआ शांति समिति की बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। लकड़ी नबीगंज ओपी थाना क्षेत्र के सभी पंचायतों से उपस्थित ग्रामीण ,अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के समक्ष शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की गई जिसमें बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग मनाने की बात की गई ।बैठक में लकड़ी नबीगंज ओपी थानाध्यक्ष सूरज अंचलाधिकारी अजय कुमार ठाकुर ,प्रखंड विकास पदाधिकारी



सुशील कुमार,लखनौरा मुखिया प्रतिनिधि फिरोज आलम,उपमुखिया उमेश कुमार चौहान,बसौली पंचायत के मुखिया भारतेंदु लाल श्रीवास्तव, लकड़ी पंचायत के मुखिया नंदकिशोर राय,सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश साह शामिल थे ।सूरज प्रसाद ने ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण से मनाए जाने को लेकर की गई है ।थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व व त्योहार आपसी भाईचारा,सौहार्द,प्रेम व सद्भाव बनाए रखने का प्रतीक है। सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी।। शांति व अमन में खलल डालने वालों पर बिना भेदभाव के प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग आपसी सहयोग से शांति व प्रेम के माहौल में बकरीद मनाएं ।वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की बात कही।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



दैनिक अयोध्या टाइम्स डॉक्टर मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चंपारण पीपराकोठी। बकरीद पर्व को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात की जाएगी। पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। ऐसे में कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तुरंत सूचना प्रशासन को दें। मौके पर मुखिया उपेंद्र पासवान, हेमंत कुमार, रामानंद पासवान, मुखिया पति क्यामुद्दीन अंसारी, पंसस सुदर्शन राय, रीतज कुमार, फैक्स अध्यक्ष भाग्यनारायन यादव, पूर्व मुखिया दिवाकर पांडेय, अवधेश सिंह व अवध महतो आदि मौजूद थे।

# बिहार के लाल ने किया कमाल, अमेरिका ने दिया 2.5 करोड़ का स्कॉलरशिप



प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटना। (दैनिक अयोध्या टाइम्स) आपने अकसर यह सुना होगा कि मेहनत करने से कामयाबी मिलती है। मेहनत का फल मीठा होता है। ऐसा ही एक मामला बिहार की राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ की है। जहां गोनपुरा गांव के रहने वाले दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करने वाले दैनिक मजदूर के बेटे की है। जिसको अमेरिका में पढ़ाई करने के लिए फेलोशिप मिली है। भारत से 6 नाम इस स्कॉलरशिप के लिए भेजे गए थे। इस स्कॉलरशिप को हासिल करने के लिए उसने परीक्षा दी थी, जिसमें पूरी दुनिया में उसे 6वां स्थान मिला है। अब दैनिक मजदूर का बेटा अमेरिका में पढ़ाई करेगा। इस 17 वर्षीय युवक का नाम प्रेम है। उसे मेकेनिकल इंजीनियरिंग करने के लिए अमेरिका के लाफायेटे कॉलेज से ढाई करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप प्राप्त हुई है। फुलवारी शरीफ के गोनपुरा महादलित बस्ती के झोपड़पट्टी में रहने वाले प्रेम कुमार ने यह ढाई करोड़ का स्कॉलरशिप अपने पढ़ाई के बल पर हासिल की है। प्रेम ने झोपड़ीनुमा घर के एक अंधेरे कमरे में लाइट जला कर पढ़ाई की है और अब वह अमेरिका के एक बड़े कॉलेज में पढ़ाई कर देश का नाम रोशन करेगा। प्रेम के पिता दैनिक मजदूर हैं। उसकी माता का निधन 12 वर्ष पूर्व जमीन पर सोने से लकवा मारे जाने के कारण हो गया था। दैनिक मजदूर होने के बाद भी पिता ने अपने बच्चे की पढ़ाई में साथ दिया। प्रेम आज ढाई करोड़ का स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाला भारत का एकमात्र युवक बन गया है। अब समाज के साथ साथ आसपास के लोग उसे बधाई देते हुए मिठाई खिला रहे हैं। प्रेम कुमार ने बताया कि हमने बहुत संघर्ष किया है, यदि संघर्ष नहीं होता तो यह उपलब्धि प्राप्त नहीं होती, मुझे पढ़ाई के दौरान जो भी मौके मिले हैं, उसमें हिस्सा लिया और अपनी मंजिल हासिल की है। हम बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं, मेरे पिताजी खेत में मजदूरी करते हैं और मेरी माता जी का स्वर्गवास हो चुका है।

वहीं, प्रेम की सफलता से परिवार के लोगों में जश्न का माहौल है। प्रेम की बड़ी बहन और पिताजी भी बहुत खुश नजर आ रहे हैं। परिजनों ने बताया है कि यह हमारे समाज नहीं पूरे देश को गर्व करने की बात है। उन्होंने कहा कि लोगों को पढ़ना चाहिए और परिश्रम कर अपनी सफलता हासिल करनी चाहिए, बगैर परिश्रम का कोई भी सफलता हाथ नहीं लगता है।

# जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सभी वंचित बच्चों हेतु संचालित योजनाओं परवरिश एवं स्पॉन्सरशिप के लाभों की पहचान हेतु हरसिद्धि प्रखंड में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सभी वंचित बच्चों हेतु संचालित योजनाओं परवरिश एवं स्पॉन्सरशिप के लाभों की पहचान हेतु हरसिद्धि प्रखंड में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई, श्रीमती ममता झा के दिशा निर्देश पर बाल संरक्षण इकाई के कर्मी अभय प्रताप ने उक्त शिविर का नेतृत्व किया।

जिसमें चाइल्डलाइन के सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रंजीता गुप्ता के सहयोग से 41 लाभुकों की पहचान की गई।

विदित हो कि परवरिश योजना के अंतर्गत अनाथ बच्चों अथवा कुष्ठः एड्स पीड़ित माता–पिता के बच्चों को डीबीटी के माध्यम से 1000 प्रति माह का भुगतान उनके 18 वर्ष की उम्र पूर्ण होने तक किया जाता है । जबकि स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार के बच्चों को जिनके पिता की मृत्यु हो गई हो 2000 प्रतिमाह 3 वर्षों तक देने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत मानसिक दिव्यांग , कैंसर पीड़ित, जेल में रह रहे माता–पिता के बच्चों को भी अच्छादित किया जाता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित इन योजनाओं का उद्देश्य अभिवंचित वर्ग के बालक बालिकाओं के समुचित रहन–सहन, पठन–पाठन को सुनिश्चित करना है सहायक निदेशक ने बताया कि धीरे–धीरे सभी प्रखंडों में इस तरह के शिविर लगाने की योजना है ।

# बकरीद पर्व को लेकर 84 जगहों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारीयों की प्रतिनियुक्ति

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

☒ सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद पर्व मनाने का डीएम ,एसपी ने किया अपील

शिवहर। डीएम मुकुल कुमार गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय के द्वारा बकरीद के अवसर पर दंडाधिकारीयों और पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई है। बकरीद के अवसर पर जिले के 84 जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त किया गया है।

इस ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता शंभू शरण, सभी प्रतिनियुक्त जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी ,अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद इश्तियाक अली अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष एवं प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी द्वारा भाग लिया गया। अपर समाहर्ता शंभू शरण एवं पुलिस उपाधीक्षक शशि शेखर शिवहर ईद उल जुहा बकरीद 2022 के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था के वरीय प्रभार में रहेंगे। सभी प्रखंडों में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण हेतु प्रखंड वार जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि सभी प्रखंड एवं थाना में सभी समुदाय के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक कर ली गई है तथा सभी वर्ग द्वारा सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में बकरीद पर मनाने का आश्वासन दिया गया है। डीएम श्री गुप्ता द्वारा सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को सुबह 6रू00 बजे से प्रतिनियुक्त स्थल पर पहुंचकर आसूचनाओं का संग्रहण, अफवाहों पर त्वरित खंडन, असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई एवं सतत भ्रमणशील रहकर विशेष सतर्कता मूल्क



कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सोशल मीडिया पर प्रशासन की विशेष नजर है। अफवाहों को फैलने में सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस बाबत जिला नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना की गई है जो 24 घंटे कार्यत रहेगा। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों को बकरीद की शुभकामनाएं दी गई है। तथा कोविंड दिशा निर्देशों का पालन करने एवं अफवाहों से दूर रहते हुए सतत् सजग रहकर शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाने का अनुरोध किया गया है।

# एल एन डी कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन किया गया




दैनिक आयोध्या टाइम्स डॉक्टर मनीष कुमार सिंह मोतीहारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी। जिले के एलएनडी कॉलेज में शुक्रवार को आईक्यूएसी के सौजन्य से जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में द्विदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन किया किया गया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा निदेशिका प्रो.रेखा कुमारी, विशिष्ट अतिथि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, सदस्य प्रो.अनिल कुमार सिन्हा, सम्मानीय अतिथि प्रो. दिलीप कुमार व अखिलेश कुमार सिंह तथा प्राचार्य प्रो.अरुण कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करते हुए इस राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ किया गया। सेमिनार का विषय था–सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट फॉर एग्रीकल्चर, हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, लाइवलीहुड एंड एनवॉयरनमेंटल सिक्योरिटी इन बिहार बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राओं चिंकी, नेहा, नीतु एवं विभा द्वारा प्रस्तुत सामूहिक सरस्वती वंदना से सभी आगंतुक अतिथि अभिभूत हो गए। कॉलेज प्राचार्य प्रो.अरुण कुमार ने आगंतुक अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए उद्बोधित किया कि प्रकृति प्रदत्त संसाधनों को प्रकृति के सभी जीवों के लिए निरंतर सुनिश्चित करना ही सतत् विकास है। इस राष्ट्रीय सेमिनार की मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा निदेशिका प्रो.रेखा कुमारी ने उपस्थित विद्वानों, विदुषियों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों का हौसलाअफजाई करते हुए बतायी कि उच्च शिक्षालय में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। इसे विषयवार प्राथमिकता देते हुए शीघ्र नियुक्ति कर ली जाएगी। बिहार सरकार के पोर्टल पर महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालययों से तृतीय वर्ग के कर्मचारियों की वांछित सूचनाएँ माँगी गई है। पूरे प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालययों से से प्राप्त सूचनाओं के संग्रहण उपरांत ही नियुक्ति प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

यहाँ के कॉलेजों में वांछित पीजी स्तर के शिक्षण अनुमोदन पर सकारात्मक आश्वासन दिया। शिक्षकों के लिए सदा अध्यापन तथा विद्यार्थियों के लिए सदा अध्ययन ही मूलधर्म है। इन्होंने कक्षाध्यापन में रूचि नहीं लेनेवाले शिक्षकों की शिकायत करने को भी कही। इनकी सारगर्भित प्रस्तुति पर सभागार करतलध्वनि से गुंजायमान हो उठा। इन्होंने चंपारण की धरा पर मिले अद्भुत प्रेम के प्रति आभार जतायी। विशिष्ट अतिथि, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य प्रो.अनिल कुमार सिन्हा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर बिहार में नेपाल से तड़पती हुई आनेवाली छोटी–छोटी नदियाँ स्थानीय निवासियों को भी तड़पाती है। इसके समाधान हेतु संभावित सामुहिक प्रयास की शीघ्र आवश्यकता है। आईसीएआर सिफे मुंबई के भूतपूर्व कुलपति प्रो. दिलीप कुमार ने पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण द्वारा सहस्राब्दी विकास लक्ष्य व सतत् विकास लक्ष्य को रेखांकित करते हुए सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने आँकड़ों द्वारा कुपोषण, भुखमरी, अल्प वजन, खाद्य सुरक्षा व जलकृषि को समझाते हुए कहा कि विविधतापूर्ण खाद्य सामग्री का उपभोग करते हुए कुपोषण पर विजय पाया जा सकता है। प्रशिक्षित मानव संसाधन द्वारा जलकृषि को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जलकृषि को जीविकोपार्जन लायक बनाने के गुर सिखाए।

आईएआरआई प्रबंधन बोर्ड के सदस्य अखिलेश कुमार सिंह ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में कृत शोध प्रयोगशाला में सिर्फ शोभा की वस्तु नहीं बल्कि समाज व किसान के हितार्थ होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बिहार प्रांत में उर्वर मिट्टी, पर्याप्त पानी व परिश्रमी किसान के बावजूद कृषि क्षेत्र में अपेक्षित उपलब्धियाँ नहीं मिल पा रही है। कोविड –19 आपदा ने भी हमें औषधीय खेती की ओर उन्मुख किया है। यहाँ बाँस, मक्का, लीची, केला, दलहन, तिलहन, मत्स्यपालन व मधुमक्खीपालन जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं परंतु प्रसंस्करण सुविधाओं का अभाव है। इस दिशा में शासन स्तर पर सुधार अपेक्षित है। मीडिया प्रभारी डॉ.कुमार राकेश रंजन ने बताया कि राष्ट्रीय सेमिनार के इस मौके पर आगंतुक अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन भी किया गया। सेमिनार संयोजक डॉ.नीरज कुमार ने विषय प्रवेश कराया। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता आईसीएआर–सिफे मुंबई के भूतपूर्व कुलपति प्रो. दिलीप कुमार ने की। इस सत्र में शेर–ए–कश्मीर विश्वविद्यालय, जम्मू व कश्मीर के प्रो.एमएफ वकाल, एमिटी विश्वविद्यालय, हरियाणा के प्रो. कुशाग्र राजेंद्र, लैंडस्केप कॉर्डिनेटर डॉ.कमलेश कुमार मौर्या, यूएनडीपी इंडिया के एनवॉयरनमेंट ऑफिसर दीपक कुमार एवं उ.प्र.के वल्चर एक्सपर्ट डॉ.सोनिका कुशवाहा जैसे ख्याति प्राप्त विद्वानधविदुषियों द्वारा शोध–पत्रों का पठन किया गया। मंच का सफल संचालन भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ.पिनाकी लाहा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ.सर्वेश दुबे ने किया।

मौके पर एमएस कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ.अरुण कुमार, डॉ. एसकेएस वीमेंस कॉलेज प्रधानाचार्या प्रो.चंचल कुमारी, प्रो.रत्नेश आनंद, डॉ.राजेश कुमार सिन्हा, डॉ.सुबोध कुमार, ले. दुर्गेशमणि तिवारी, प्रो.राकेश रंजन कुमार, प्रो.अरविंद कुमार, डॉ.जौवाद हुसैन, डॉ.परमानंद त्रिपाठी, प्रो. रामप्रवेश, डॉ.नीलमणि, प्रो.जयपाल कुमार, डॉ.प्रीति प्रिया सहित सभी प्रतिभागी उपस्थित थे।

## सीमावर्ती राज्यों से शराब पीकर बिहार में प्रवेश करना नशेडियों को अब महंगा पड़ेगा



किशन कुमार अयोध्या टाइम्स संवादाता सोनबरसा प्रखंड। चिलरा चेक पोस्ट पर सोनबरसा थाना के द्वारा बगल के नेपाल बॉर्डर से आने वाले हर व्यक्ति को पुलिस ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच कर रही है। अलकोहल की मात्रा पाये जाने पर तत्काल उनकी गिरफ्तारी कर ली जायेगी। अब शराबी पुलिस की नजरो से बच नहीं सकती । ब्रेथ एनालाइजर मशीन नशेड़ियों की जुबान पर लगाते ही बता देगी की कि कितनी मात्रा में अलकोहल ली गयी है. शराब का सेवन करनेवालों की तत्काल गिरफ्तारी भी होगी।

इसमें उत्पात अधिनियम के तहत पांच साल तक की सजा का प्रावधान है। जिले के सभी थानों में पुलिस पदाधिकारियों के पास ब्रेथ एनालाइजर मशीन है।

दरअसल शराबबंदी पूर्ण रूप से लागू होने के बाद सीमावर्ती इलाके के नशेड़ी बगल के नेपाल में जाकर शराब पीने लगे हैं. कई जगहों पर चोरी–छिपे शराब लाकर बेची जा रही है. ऐसी स्थिति में पुलिस शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी सख्ती से जांच कर रही है ।

# संक्षिप्त समाचार

## श्री मनीष कुमार सिंह संवाददाता अयोध्या टाइम्स मोतिहारी पूर्वी चम्पारण के मोटरसाइकिल पर राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स का स्टीकर बिहार राज्य को ऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार भार्गव ने चिपकाया

(डा मनीष कुमार सिंह संवाददाता अयोध्या टाईम्स मोतिहारी पूर्वी चम्पारण)। श्री मनीष कुमार सिंह संवाददाता अयोध्या टाइम्स मोतिहारी जिला पूर्वी चम्पारण के मोटरसाइकिल पर राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या



टाइम्स का स्टीकर बिहार राज्य को–ऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार भार्गव ने चिपकाया। उसके उपरांत श्री मनीष कुमार सिंह को श्री रवि कुमार भार्गव राज्य कोऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार ने इस अवसर पर डा मनीष कुमार सिंह को श्री भार्गव ने बताया कि अपनी ऑथराइजेशन लेटर की मूल प्रति जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी महोदय पूर्वी चम्पारण को दूसरी प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय मोतिहारी को तीसरी प्रति थाना अध्यक्ष महोदय मुफ्फसिल थाना मोतिहारी को 3 दिनों के अंदर प्राप्ति करा कर राज्य कार्यालय को सूचित करेंगे। श्री भार्गव ने डा मनीष कुमार सिंह को स्वच्छ पत्रकारिता करने का नसीहत देते हुए कहा कि आप में इतनी बड़ी शक्ति आज प्रदान की गई है कि आप यदि रोड से गुजरते हैं और रोड पर भीख मांगने वाले भिखारी में भी अगर आप प्रतिभा देखते हैं, तो उसे जनता के सामने लाने में हिचकेंगे नहीं। वहीं पर दूसरी बिंदु में बताया गया कि आज की पत्रकारिता का दौर मे कुछ ऐसे पत्रकार गण हैं, जो अपनी कलम की नोक को 100 में बेचने का काम करते हैं। हमारी अयोध्या टाइम्स स्वच्छ कार्य करेगी, और इस स्वच्छ कार्य को करते हुए बिहार के हर घर में अपनी परचम को लहराने की कार्य करेगी।

## शराबबंदी के बावजूद भी शराब पार्टी करते आठ लोग गिरफ्तार

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटना। बिहार की राजधानी पटना से एक बड़ी खबर आ रही है, जहां



शुक्रवार को पटना पुलिस ने शराब की पार्टी करते आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। शहर के पत्रकार नगर थाने की पुलिस ने दो अलग–अलग जगहों पर यह कार्रवाई की है। पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के 90 फीट के पास और अगम कुआं थाना क्षेत्र से सटे इलाके में छापेमारी कर नशे में धुत सभी लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें पांच लोग बड़ी कंपनियों में बड़े ओहदे पर कार्यरत हैं। सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए हाईप्रोफाइल लोग शहर के एक ढाबे में बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस वहां पहुंच गई और सभी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, शुरूआती पूछताछ में इन्होंने शराब खरीदने वाली जगह का नाम बता दिया है। इसके बाद पुलिस शराब बेचने वालों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। बता दें कि राज्य में शराबबंदी कानून लागू है। इसके बावजूद भी राजधानी पटना में आए दिन शराब पार्टी करते लोग गिरफ्तार होते हैं। वहीं, पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी शराब माफिया राजधानी तक शराब की खेप पहुंच रहे हैं और पुलिस उनको रोकने में नाकाम है।

## सात निश्चय योजना के तहद घर -घर नल-जल योजना हुई फीसडी

(बिपिन बिहारी मौर्य,संवाददाता अयोध्या टाइम्स, ढ़ाका ,पूर्वी चम्पारण।)



ढ़ाका। बिहार के मुख्यमंत्री के सात निश्चय योजना के तहद घर घर जल नल योजना जो माननीय मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है जो धरातल पर भ्रष्टाचार सिस्टम के होने के वजह से दम तोड़ रही हैं। यह योजना सिर्फ कागज पर ही सुचारू रूप से चल रही है लेकिन धरातल पर जाने के बाद कहीं–कहीं पानी टंकी ही पिलर के साथ–साथ गिरा पड़ा मिलेगा, सप्लाई करने वाली पाइप ही फूटा मिलेगा, कहीं धड़ल्ले से पानी बर्बाद होता नजर आएगा, कहीं पर इनवर्टर खराब मिलेगा, कहीं–कहीं पानी का सप्लाई होता ही नहीं है वैसे ही स्थिति में मिलेंगे, कहीं बहुत दिनों से बंद पड़ा मिलेगा आदि बहुत सारी कमियों का सामना करने को मिलेगा। इस भीषण गर्मी में लोग शुद्ध पानी पीने के लिए तरस रहे हैं सरकार को इतने भारी भरकम रकम खर्च करने के बावजूद भी जनता को शुद्ध पानी नसीब नहीं हो रहा। यह योजना वित्तीय वर्ष 2019–20 में संचालित किया गया लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था वह भ्रष्ट कर्मचारी वह अधिकारियों के भेंट चढ़ने के कारण बहुत सारे लाभार्थियों को इसका लाभ तक भी नसीब नहीं हुआ है और जहां कहीं है तो उसका पाइप फटा हुआ है या अवस्थित रूप में लापरवाह पड़ा हुआ है।

## आवंटित राशि का लूट पाट व रुपयों का दुरुपयोग करने के मामले में पूर्व अध्यक्ष ने दिया लिखित आवेद

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। लकड़ी नबीगंज मुख्यालय स्थित बीआरसी में विकास मद के आवंटित राशि का लूट पाट व रुपयों का दुरुपयोग करने के मामले में पूर्व अध्यक्ष बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बच्चा राय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी लकड़ी नबीगंज से अपने लिखित आवेदन में कहा है कि बीआरसी लकड़ी नबीगंज की भवन की स्थिति व भवन में उपलब्ध शौचालय की स्थिति जर्जर व दयनीय हो गई है ।महिला शिक्षिका एवं कर्मियों को शौचालय हेतु बाहर जाने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ।उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि बीआरसी में कुर्सी भी चंदे की पैसे से खरीदी गई है तथा दूसरे भवन के दो मंजिले पर तीन चार कमरों का दीवार भी चंदे के ही पैसे से बनवाया गया है ।जबकि प्रत्येक वर्ष सरकार द्वारा बीआरसी के विकास मद में राशि आवंटित होती है लेकिन धरातल पर कोई कार्य दिखाई नही देता ।प्रत्येक वर्ष की राशि को बंदरबाट कर लिया जाता है व अपने पद का दुरुपयोग कर कागजो में विकास कार्य दिखाकर कागजी कार्रवाई कर लिया जाता है ।उन्होंने बीडीओ से इसकी जांच व कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## वार्ड नंबर 26 विद्यासागर शर्मा के घर से उत्तर पश्चिम जाने वाली सड़क जो धनवती नदी तक जाती है उसके निर्माण के संबंध में

दैनिक अयोध्या टाईम मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चंपारण

नवगठित वार्ड नंबर 26 विद्यासागर शर्मा के घर उत्तर पश्चिम जाने वाली सड़क जो धनौती नदी तक जाता है प इसमें सड़क व नाला नहीं होने के कारण लोगों को आने जाने में बहुत परेशानी होती है यहां तक कि बरसात के दिनों में बच्चे सब को स्कूल जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता हैस बच्चे सब दो–तीन महीने तक बरसात के समय में स्कूल नहीं जा पाते स बरसात के समय में लगभग 2 माह तक सभी मोहल्ले वासी को घर से निकलना दूभर हो जाता है क्योंकि सड़क पर दो–तीन फुट तक पानी जमा रहता हैस शहर के अधिकतम गले में नाला व सड़क बन गया है लेकिन कुछ स्थानीय राजनीतिक के तहत पूर्व के पार्षद इस सड़क को नहीं बनाया।



## 208 युवाओं में 91 का कैंपस सेलेक्सन परिजन बाट रहे मिठाईयां

☒ महिंद्रा एंड महिंद्रा ने दिया जॉब

दैनिक अयोध्या टाइम्स डॉक्टर मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी। बैरिया बनकट एनएच 28 स्थित इण्डस आईटीआई में महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड के द्वारा एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया । जिसमें 208 युवाओं ने भाग लिया और 91 का सेलेक्सन किया गया। सेलेक्ट प्रतिभागियों को 10840 (इन हैंड) पर कम्पनी के द्वारा चयनित किया गया । चयनित युवाओं को कम्पनी में अप्रेन्टिस के रुप में ज्वाइन कराया जाएगा। जिससे वे कंपनी व अपने परिवार को प्रसन्न रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। मौके पर इण्डस आईटीआई के निदेशक सुमन कुमार द्विवेदी ने कहा कि इण्डस आईटीआई सदैव छात्रों के भविष्य के लिए कृत संकल्पित है । कोरोना काल के बाद से जो आर्थिक मंदी व बेरोजगारी समाज के युवा झेल रहे थें उसके कारण आज समाज के सभी अंगों के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के लिए उनका संस्थान सदैव कार्यरत हैं। बताया कि देश की कई नामचीन कंपनियां कैंपस सेलेक्शन कराकर



रोजगार मेले की विधिवत शुरुआत महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड के एच. आर. टीम, इण्डस आईटीआई के निदेशक सुमन कुमार द्विवेदी , संस्थान के प्राचार्य एसपी श्रीवास्तव सहित महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा की टीम ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित करके किया। मौके पर निदेशक सुमन द्विवेदी ने महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा के सभी अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। नौकरी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड के एच.आर. ने कहा कि रोजगार प्राप्त युवाओं को वे सारी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का अवसर देते रहती है। कहा कि उनका लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देते हुए हुनरमंद युवा तैयार करना है, जिससे समाज से बेरोजगारी समाप्त हो सके। इधर रोजगार मिलने की सूचना पर कई प्रतिभागियों के परिजन मिठाईयां बाटने लगे।

मौके पर इण्डस आईटीआई के सेंटर मैनेजर कुमार बउवाजी व अनुदेशकों में विकाश कुमार,बसीर आलम , आलोक कुमार , प्रिंस शर्मा,प्रियंका, कीर्ति सेन, यशवंत कुमार, आशीष कुमार, शत्रुघ्न कुमार इत्यादि उपस्थित रहें।

## ईद को लेकर पतरघट सभागार में ओपी अध्यक्ष ज्ञानानंद अमरेंद्र वो अंचल अधिकारी सुक्रांत राहुल अध्यक्षता में बैठक किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार। सहरसा जिला के पतरघट प्रखंड में शांति समिति की बैठक प्रखण्ड सभागार में आहूत की गई उनके द्वारा आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर व्यापक निर्देश जारी किए गए हैं। रविवार



को ईद उल जोहा मनाए जाने की संभावना है,जो चांद के दृष्टिगोचर पर निर्भर करता है। इस के परिप्रेक्ष्य में सभागार में शांति समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसके दौरान कई निर्देश दिए गए हैं। अंचल अधिकारी सुक्रांत राहुल के द्वारा त्यौहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से रोकने के लिए सभी संबंधितों को व्यापक मुस्तैदी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। शांति समिति के सदस्यों से भी अनुरोध की संबंधित पदाधिकारियों का दूरभाष नंबर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अप्रिय घटना की जानकारी की सूचना दी जा सकी। मौके पर उपस्थित मुखिया संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र राणा, गोलमा पूर्वी सरपंच विशुनदेव यादव, पतरघट सरपंच प्रतिनिधि मोहमद शब्बीर आलम,जाप आईटी सेल जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार, गोविंद सादा, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर साह, राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, मोहमद नसीर , अशोक सिंह,मोहमद इरफान,धीरेंद्र यादव ,मो० उस्मान एव अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## चलंत (Locomotor) दिव्यांश छात्र/छात्राओं तथा रोजगार परक दिव्यांग जनों की विशेष श्रेणी के लिए आवागमन

(सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल )

चलंत (Locomotor) दिव्यांश छात्रध्छात्राओं तथा रोजगार परक दिव्यांग जनों की विशेष श्रेणी के लिए आवागमन की मूलभूत आवश्यकता के दृष्टिगत मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना अंतर्गत संचालित संबल योजना के तहत बैटरी चलित ट्राई साइकिल देने हेतु दिनांक 8 जुलाई 2022 से एक पोर्टल लाइव किया जा रहा है. – https://State-bihar-gov-in/sociaowelfare इस हेतु लाभुक की पात्रता निम्न होगी । वैसे चलंत (Locomotor) दिव्यांगजन छात्र/छात्राएं जिनका आवासन बिहार स्थित महाविद्यालयधविश्वविद्यालय परिसर से 3 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर हो । अथवा वैसे चलंत (Locomotor) दिव्यांगजन जो स्वावलंबन के उद्देश्य से बिहार राज्य में अपना रोजगार करते हो और परिवार के कमाऊ सदस्य हो तथा उनके आवास से उनका रोजगार स्थल 3 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर हो। बिहार राज्य के स्थाई निवासी एवं बिहार में आवासन अनिवार्य होगा। आय अधिकतम 2 लाख प्रतिवर्ष दिव्यांगता प्रतिशत – न्यूनतम 60ः चलंत दिव्यांगता। आवेदन की प्रक्रिया पात्र लाभुक द्वारा विहित प्रपत्र में आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे आवेदन करने हेतु आवेदक द्वारा सर्वप्रथम समाज कल्याण विभाग के वेबसाइट https://State-bihar-gov-in/sociaowelfare पर जाकर बैटरी चलित ट्राई साइकिल हेतु लिंक पर क्लिक करना होगा । क्लिक करने के पश्चात आवेदक को मोबाइल नंबर ईमेल एवं आधार नंबर द्वारा पंजीकरण कराना होगा पंजीकरण कराने के पश्चात आवेदक का यूजर आईडी जनरेट होगा । उक्त नेमत–पक के माध्यम से आवेदक द्वारा आवेदन में सभी सूचनाएं अंकित की जाएगी तथा वांछित अभिलेख यथा – आय प्रमाण पत्र ,आवासीय प्रमाण पत्र, महाविद्यालयध विश्वविद्यालयध जॉब आईडी अपलोड किया जाएगा द्य वैसे सेल्फ एंप्लॉयड व्यक्ति जिनका आईडी नहीं है एडी के स्थान पर शपथ पत्र अपलोड करेंगे जिसमें उसके आवासन कार्य का विवरण तथा आवासन से कार्यस्थल की दूरी संबंधी विवरनी अंकित हो। आवेदन पूर्ण रूप से भरने के पश्चात सबमिट बटन क्लिक कर आवेदन सबमिट किया जाएगा ।

## तैलिक समाज का जिला सम्मेलन 10 जुलाई को पंचायत जन प्रतिनिधि होंगे सम्मानित

(जितेन्द्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाईम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर) पारु। पारु प्रखंड तैलिक साहू समाज के प्रबुद्ध लोगों की बैठक जाफरपुर बाजार में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा वरीय नेता साहू भूपाल भारती, ने कहा कि 10 जुलाई को अधोरिया बाजार जिला कार्यालय परिसर स्थित सभागार में जिला तैलिक साहू सभा का सम्मेलन आयोजित किया गया है।

सम्मेलन में जिला अध्यक्ष जगरनाथ गुप्ता के नेतृत्व में गठित पदाधिकारियो का प्रभार ग्रहण तथा त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष,सह विधायक रणविजय साहू,सहित अन्य विधायक गन व प्रदेश के पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र साह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्यरूप से पूर्व जिला पार्षद मदन प्रसाद साह, प्रमोद साहू ,मिश्रीलाल साह,देवेंद्र साह,शंकर साह, सीताराम साह,विनय कुमार साहू, आदि उपस्थित थे।

## पेंटिंग पुरस्कार जीतने के बाद आर्टिस्ट अनिकेत राज ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी से आशीर्वाद प्राप्त किया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

मोतिहारी। कहते हैं परिश्रम सफलता की कुंजी होती है, कुछ किए बिना जैसे कार नहीं होती कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती यह साबित किए हमारे चंपारण के लाल आर्टिस्ट अनिकेत राज ने। शहर के पंच मंदिर चौक बिसाती पट्टी अग्रहरी मोहल्ला वार्ड नंबर 6 के चावल व्यवसाय पिता दिनेश कुमार अग्रहरी माता सरिता देवी अग्रहरी के पुत्र आर्टिस्ट अनिकेत राज ने 6जी बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता में चंपारण का नाम लहराया है । पिकासो आर्ट कंटेस्ट पेंटिंग अल्टीमेट एक्सप्रेशन 2022 में अंतरराष्ट्रीय स्तर प्रदर्शनी में एवं प्रतियोगिता में चयनित किया गया है। बता दे ये प्रतियोगिता मई से लेकर जून तक चली थी। इस प्रतियोगिता में 53 देश के 1400 आर्टिस्टो ने भाग लिया था जिसमें आर्टिस अनिकेत राज मोतिहारी से इकलौता था। अंकित को इसकी सूचना मेल के द्वारा 8 जुलाई को सुबह 8 बजे मिली जिसके बाद तुरंत नई दिल्ली में 17 अकबर रोड सरकारी आवास पर जाकर 10बजे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी का अनिकेत ने आशीर्वाद लिया मंत्री जी ने अनिकेत की उज्जवल भविष्य के लिए कामनाएं किये। इस सफलता पर अनिकेत के माता–पिता काफी प्रसन्न है। अनिकेत ने पूरे बिहार एवं पूर्वी चंपारण का नाम गौरवान्वित किया है जिससे जी जिलावासियों मैं भी काफी प्रसन्नता दिख रही है।



## शादी के लिए रखे लाखो रुपए की चोरी



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय

सीवान(बसंतपुर)। थाना क्षेत्र के करचोलिया गांव में शादी के लिए रखे लाखो रुपए की गहने समेत आभूषणों की चोरी कर ली गईद्य इस संबंध में बसंतपुर थाने में आवेदन देकर पीड़ित बालदेव प्रसाद की पत्नी गीता देवी ने शिकायत की हैद्य आवेदन में बताया गया है की घर में घुसकर चोरों ने नगद 95 हजार रूपए लगभग 8 लाख रूपये की आभूषण(गहने), लड़की की शादी के लिए आए 25 पीस साड़ी, कपड़ा एवं अन्य सामग्री लेकर चले गएद्यपीड़ित के घर वालों ने बताया कि सभी बृहस्पतिवार की रात खाना खाकर छत पर सोए हुए थे तो रात में रात में चोर आए और नाक में स्प्रे मारकर बेहोश कर दिएद्य जब सुबह नींद टूटी तो घर का दरवाजा और सामान इधर–उधर बिखरा हुआ थाद्य परिजनों ने बताया की रात में पीछे के दरवाजे से घुसकर घटना को अंजाम दिए हैद्यबृहस्पतिवार की देर रात्रि तकरीबन 1:00 बजे पिछले दरवाजे से किसी को भनक लगे बिना चोर घर में घुस गए और मुख्य दरवाजा को आराम से बंद कर दिए, फिर ताला तोड़कर कई कमरों की खंगाल दिए, घर में रख नगद गहने कपड़े तथा कीमती सामान ले उड़ेद्य जब घर में के लोगों की सुबह में नींद खुली तो उनके होश उड़ गए कमरे का दरवाजा खुला थाद्य तभी सभी कीमती सामान गायब थे द्य परिजनों द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण भी वहां पहुंच गएद्य जिसके बाद परिजन इधर उधर सामान खोजने लगे खोजबीन के दौरान घर के बगल झाडी में व मक्के के खेत में टूटा हुआ बॉक्स जिसमें बिखरा हुआ सामान मिलेद्य इसी वर्ष गृहस्वामी की बेटी की शादी होने वाली थीद्य इसे लेकर तैयारी चल रही थीद्य लड़की की मां ने शादी के लिए गहने कपड़े तथा कीमती सामान की खरीदारी की थी द्य कचोलिया में बृहस्पतिवार रात्रि चोरी के घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को चोरी की सूचना दी थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर परिजनों द्वारा थाने में आवेदन दिया गया हैद्य पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई हैद्य कचोलिया जानकीनगर इन दिनों नशेरियो का अड्डा बना हुआ है द्य ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर आसपास नशेरियों का मनमानी देखने को मिलता है द्य ऐसे में पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा हैद्य जिससे प्रशासन की लापरवाही और कार्य के प्रति उदासीनता की पोल खोलती नजर आ रही हैद्य इस दिशा में पुलिस जल्द कार्रवाई की बात कही है। नशेरियो के चलते चोरी की घटना लगातार बढ़ रही है।

## बेहतर प्रदर्शन के लिए माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। कोई ग्रामीण विकास विभाग , बिहार , पटना के स्तर पर सिंचाई भवन स्थित अधिवेशन भवन के मुख्य सभागार , पटना में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास सॉफ्ट पर प्रदर्शित आंकड़ों के आधार पर योजना के विभिन्न मापदंड के अनुसार सुपौल जिला अंतर्गत दो प्रखंड यथा प्रतापगंज एवम सरायगढ़–भपटियाही में प्रथम त्रेमास में बेहतर प्रदर्शन के लिए श्रीमति स्वेता कुमारी , प्रखंड विकास पदाधिकारी , सरायगढ़ – भपटियाही एवं श्री राम पासवान प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतपगंज तथा जिला की अच्छी उपलब्धि के लिए श्री मुकेश कुमार , उप विकास आयुक्त सुपौल एवम श्री ब्रज बिहारी भगत निदेशक, डीवआरवडीवएव सुपौल को श्री श्रवण कुमार , माननीय मंत्री , ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही सुपौल जिला अंतर्गत मनरेगा योजना एवम लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान में प्रथम त्रेमास में बेहतर प्रदर्शन के लिए भी श्री मुकेश कुमार , उप विकास आयुक्त , सुपौल एवं श्री ब्रज बिहारी भगत , निदेशक , डीवआरवडीवएव , सुपौल को श्री श्रवण कुमार , माननीय मंत्री , ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## छिनताई के दौरान अपराधियों ने युवक को मारी चाकू



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय सिवान (नगर थाना)। क्षेत्र के महादेवा आरटीओ ऑफिस के समीप शुक्रवार की दोपहर बाइक सवार बेखौफ अपराधियों ने तकरीबन 3रू00 बजे एक युवक पर चौन छीनने के दौरान ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गएद्य पीड़ित युवक की पहचान महादेवा ओपी थाना क्षेत्र के रामदेव नगर निवासी रमेश चौधरी के 30 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार के रूप में हुई हैद्यघटना के संबंध में बताया जाता है कि जितेंद्र कुमार अपने बाइक से जा रहा थाद्य इसी दौरान 3–4 की संख्या में बेखौफ बदमाशों ने उसे रोककर गले से सोने की चेन नोच लिया और अपराधियों ने पॉकेट से पैसे निकालने की कोशिश करने लगे, जिसका विरोध करने पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ चाकू से जानलेवा हमला कर दियाद्य इस घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयाद्य बता दें कि पीड़ित को पीठ, हाथ और कमर में तकरीबन तीन चार जगह पर चाकू लगी हैद्य जिसके बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया हैद्य चाकू लगने के बाद युवक जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़ाद्यऔर मदद की गुहार लोगों से लगाते हुए तड़पने लगाद्य घटना के बाद आसपास के लोगों ने आनन–फानन में सिवान सदर अस्पताल में इलाज के लिए जख्मी युवक को भर्ती करवाएद्य जहां युवक की इलाज चल रहा है। जख्मी युवक के परिजन आनन–फानन में सिवान सदर अस्पताल को पहुंचेद्य जहां युवक की हाल खबर लीद्य पीड़ित युवक ने बताया की अपराधी उसे रोककर लूटपाट की घटना को अंजाम दे रहे थेद्य इस दौरान उन्होंने बोला कि मैं आप सभी को पहचानता हूंद्य इतने में एक अपराधी बोला कि हमलोगों को यह पहचान गया हैद्य इसको जान से मार कर फेंक दोद्य जिसके बाद दूसरे अपराधी ने जान से मारने की नियत से युवक के ऊपर लगातार चाकू से हमला करना शुरू कर दियाद्य इसके बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गयाद्य घटना के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई हैद्य सिवान जिला में लगातार छिनताई की घटना की चरम सीमा पर हैद्य अपराधी लगातार घटना को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी देख रही हैद्य सिवान में पुलिस पर अपराधी भारी पड़ने लगे हैंद्य अब देखना यह होगा कि आगे पुलिस क्या कुछ करवाई कर पाती हैद्य यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

## जामो के भोपतपुर मे दो पक्षों में मार पिट हुआ आधा दर्जन लोग घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। जामो थाना क्षेत्र के भोपतपुर बाजार के समीप गुरुवार की देर रात एक युवक से लैपटॉप और 40000 लूट कर ली गई जिसका विरोध करने पर जमकर मारपीट हुआ इस घटना में दोनों पक्षों से कुल 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद सभी को सिवान सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है घायलों में एक पक्ष से भोपतपुर बाजार निवासी मोहम्मद मियां के 60 वर्षीय पुत्र मोहम्मद आलम मसूद आलम के 35 वर्षीय पुत्र इम्तियाज आलम मोहब्बत आलम के 25 वर्षीय पुत्र शाहिद रजा हामिद मियां के 50 वर्षीय पुत्र नसरुद्दीन मोहम्मद आलम के 20 वर्षीय पुत्र आसान राजा जबकि दूसरे पक्ष से साबू आलम के 18 वर्षीय पुत्र आलम मोहम्मद हाफिज के 45 वर्षीय पुत्र सिराज अहमद मोहम्मद दीन मियां के 22 वर्षीय पुत्र हुसैन के रूप में हुई है। घटना के संबंध में एक पक्ष का आरोप है कि उनके लड़के को बाजार के लोगों ने मारपीट कर लैपटॉप और 40000 लूट कर लिया है जब लड़के ने आकर के पास सभी लूट की वारदात कि सूचना दिया आरोपी तो पूछताछ करने पहुंचे लोगों से मारपीट शुरू हो गई वारदात के बाद आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि दुकान में घुसकर एक पक्ष के



द्वारा लूट लिया गया है। घटना के बाद सभी को आनन–फानन में भर्ती कराया गया है घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस गांव में पहुंच कर रही है थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में लाया गया है हालांकि अभी तक के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज के लिए कोई आवेदन नहीं दी गई है मिलते हैं संबंधित आरोपों के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## डबल मर्डर मामले में मजफ्फरपुर में रेड पुलिस के हाथ खाली

(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स न्यूज कोटवा में चम्पारण।)

मोतिहारी। कोटवा के जसौली पट्टी मैं हुए डबल मर्डर केस के मामले में जिले की एसआईटी ने मुजफ्फरपुर में कई जगहों पर छापेमारी की है । हालांकि मामले में किसी की गिरफ्तारी की सूचना समाचार प्रेषण तक नहीं है। बताया गया है कि वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर एसआईटी की टीम ने जिले के पीपरा , पिपराकोठी , कोटवा थाना क्षेत्र के अलावे मुजफ्फरपुर में कई जगहों पर छापेमारी की है । पुलिस टीम लगातार टावर लोकेशन और अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर घटना में शामिल अपराधियों की चिन्हित कर उसकी गिरफ्तारी के लिए रेड कर रही है पर सफलता से दूर है । यहां बता दें कि 6 जुलाई की सुबह दो सगे भाइयों मोहन इर्फ अमित रंजन व सोहन कुमार उर्फ सुमित रंजन की कोटवा थाना क्षेत्र के बनबिरवा चौक पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में एक मृतक मोहन की पत्नी रीमा देवी ने 3 ग्रामीण व एक रिश्तेदार को नामजद किया गया था। वही तीन अज्ञात के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## पूर्वी चम्पारण कोटवा के जसौली में बिजली कर्मी और ग्रामीण के बीच बिजली बिल को लेकर नोक झोंक मारपीट

(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स न्यूज कोटवा पूर्वी चम्पारण)

कोटवा थाना क्षेत्र के जसौली में बिजली कर्मी से नोक झोंक मारपीट हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण बिजली बिल को लेकर आपत्ति जताई है। वही बिजली कर्मी विभागीय आदेशानुसार अपना काम करने पहुंचे थे। डिस्कोनेक्शन करने पहुंचे बिजली कर्मी से ग्रामीणों ने बिल संबंधित शिकायत बताई और लाइन काटने से मना किया। इसी बीच बिजली कर्मी और ग्रामीण में नोक झोंक हो गई। गांव की महिलाए भी भी बिजली बिल को लेकर आपत्ति जताई। और सुधार की मांग की।

## पूर्वी चंपारण मोतिहारी शहर में शुक्रवार को एक बड़ी घटना सामने आई

दैनिक अयोध्या टाइम्स डॉक्टर मनीष कुमार सिंहमोतीहारी पूर्वी चंपारण मीना बाजार स्थित शंकर मिष्ठान भंडार में बन रही मिठाई के क्रम में अचानक गैस सिलेंडर पाइप चूल्हा से निकल गया। इसके बाद आग लग गई यहां पर कार्य कर्मी आग पर काबू करने की कोशिश की इसमें 4 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए, घटना के बाद



अफरा–तफरी का माहौल कायम हो गया ।आसपास के लोग भी दौड़े–दौड़े पहुंचे अग्निशमन विभाग की टीम भी पहुंची सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। सभी घायलों को इलाज के लिए एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है, कि घायलों की स्थिति गंभीर है घटना में पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज के साथ निवासी 46 वर्षीय कमलेश तिवारी बर कुरुवा निवासी 45 वर्षीय ललन कुमार छतौनी थाना के बरियारपुर निवासी बिंदु शर्मा मशीन थाना क्षेत्र के अंतर्गत सूर्य पूर्व निवासी 40 वर्षीय शंभू दास जल गए घटना दोपहर की है सभी का इलाज एक नर्सिंग अस्पताल में चल रहा है ।बताया जाता है कि 50 फीसद से लेकर 90 फीसद तक झुलस गए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले की छानबीन के प्रतिष्ठान के मालिक शंकर प्रसाद ने बताया कि वह दुकान पर मौजूद नहीं थे सिर्फ कर्मी थे। जो कार्य कर रहे थे सूचना पढ़ो अभी अविलंब पहुंचे सभी घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## पर्यावरण का संतुलन कायम रखने में पेड़ पौधे की अहम भूमिका

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। पर्यावरण का संतुलन कायम रखने में पेड़ पौधे की अहम भूमिका है। पेड़ पौधे के बिना मानव जीवन का अस्तित्व खतरे में है। हर व्यक्ति को पेड़ लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। वन है तो जल है, जल है तो जीवन है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जिमेवारी है कि पेड़ लगाएं। जिस तरह से दुनिया में अप्राकृतिक कार्य हो रहे हैं उससे उतपन्न होने वाले विषैले तत्वों से कार्बन डाइ ऑक्साइड दुनिया के अकाश में फैला हुआ है। जिससे बीमारियों का बढ़ना तथा बीमारी का अंदाज लगाना विश्व के वैज्ञानिकों के लिए एक चुनौती बन गई है। इसको लेकर डब्ल्यूएचओ ने लगातार दुनिया के देशों को आनेवाली पीढ़ियों को बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसतरह के कारणों से जिसको लेकर




दुनिया के सभी संगठनों को एक होकर पर्यावरण सुरक्षा के लिए आगे आकर जबरदस्त उत्साह के साथ हमें लोगों को जागरूक करना होगा। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वर्ष एक एक पेड़ लगाने की संकल्प लेनी होगी। पर्यावरण सुरक्षा में खास तौर पर पेड़ों का बेहतर योगदान रहा है। पेड़ पौधे से हमें एक ऑक्सीजन का भंडार मिल सकता हैं। हर मानव जाति के लिए पेड़ पौधा लगाना अति आवश्यक है।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य अधूरा

(सत्य नारायण कामत अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाईम्स निर्मली सुपौल) सुपौल। मरौना प्रखंड के कदमाहा पंचायत में सरकार द्वारा बनाए जा रहे पंचायत सरकार भवन कई वर्षों से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है स लखो खर्च करने के बाद भी अभी तक नहीं बन पाया है, लगे छड़ एवं ईट में जंग लग चुका है स ऐसे में यहाँ के ग्रामीणों को



पंचायत सरकार भवन देखने की इच्छा एक सपना बन कर रह गया स जिस कारण पंचायत में बन रहा यह पंचायत सरकार भवन संवेदक की संवादहीनता का परिचायक है। पंचायत सरकार भवन निर्माण नहीं होने से लोगों के दिल में निराशा है, और ईन्तजार में है काश मेरे गाँव में भी अगर यह निर्माण कार्य पुरा हो जाता तो आम जन को सारी सुविधा गाँव में मिल जाती।

जो फिलहाल संभव नहीं दिख पा रहा है, अधूरा बना निर्माण कार्य स्थल के प्रांगण में मिट्टी भराई कार्य नहीं होने के कारण चारों तरफ बाढ़ व बारिस की पानी से घिरा हुआ हैं।

बहरहाल इस अधूरे काम से एक तरफ सरकारी राशि का दुरूपयोग तो दूसरी तरफ आम जन का आकांक्षा अधर में है स वही ग्रामीण अजीत कुमार, प्रवीन कुमार संतोष कामत, संजीत कुमार, रविंद्र कुमार राम, छोटे लाल साह, चंदन राय, इत्यादि उक्त बातों को लेकर विभाग का ध्यान आकृष्ट करना चाहता है।

# कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच हुई जुमे की नमाज



सिकंदराराऊ। शुक्रवार को सिकंदराराऊ एवं निकटवर्ती कस्वा पुरदिलनगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य जुमे की नमाज संपन्न कराई गई। कस्बे में जुमे की नमाज शान्तिपूर्ण तरीके से पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। पुरदिलनगर में सुरक्षा की कमान कस्बा चौकी प्रभारी सोनू कुमार राजौरा ने संभाल रखी थी । क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह एवं कोतवाल अशोक कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

कस्बा पुरदिलनगर में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल को लेकर प्रशासन लगातार चौकन्ना बना हुआ है। शुक्रवार को सभी मस्जिदों पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन द्वारा सीसीटीवी की मदद से भी निगरानी रखी गई।

# यशोदा भवन पर महिलाओं ने की संकटा माता की पूजा अर्चना

सिकंदराराऊ। नगर के मोहल्ला नगला लाला में जीटी रोड स्थित यशोदा भवन पर नवमी के अवसर पर शुक्रवार को महिलाओं द्वारा श्रद्धा एवं आस्था के साथ संकटा माता की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने जगत जननी मां जगदंबे से सभी संकटों को दूर करने और सौभाग्य एवं संतान की दीर्घायु तथा रक्षा की कामना की गई। इस अवसर पर पूजा अर्चना करके सुहागिन महिलाओं को भोजन कराया गया तथा उन्हें सुहाग का सामान एवं उपहार भेंट किये। महिलाओं ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि संकटा माता की पूजा अर्चना करने से जीवन के सभी संकट और कष्ट दूर हो जाते हैं । संकटा माता अपने भक्तों पर कृपा करने वाली हैं, जो महिलाएं नियम पूर्वक आस्था और भक्ति के साथ संकटा माता की पूजा अर्चना करके सुहागिनों को भोजन कराती हैं और बाहर की वस्तुएं दान करती हैं, उनका कल्याण होता है। इस अवसर पर रश्मि पाठक, कांता देवी, प्रेमवती वार्ष्णेय, माधुरी चतुर्वेदी, लक्ष्मी देवी, मीरा देवी, प्रियांशी वाजपेयी , विमलेश देवी, कुमारी मनु, बसन्ती देवी आदि मौजूद रहीं।



# प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी में डॉक्टर गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। निजी मोबाइल में व्हाट्सएप ग्रुप पर पीएम मोदी और नूपुर शर्मा के खिलाफ वक्तव्य देने वाले का वीडियो लगाना नगर के एक फर्जी डॉक्टर को महंगा पड़ गया जिसका वीडियो वायरल हो रहा है लोगों की शिकायत पर पुलिस ने डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया जिससे नगर में हड़कंप मच गया! उदयपुर के ट्रेलर कन्हैया लाल की निर्मम हत्या के बाद फरीदपुर में नासिर टेलर की पीएम मोदी और नूपुर शर्मा के खिलाफ चिंगारी अभी ठंडी नहीं हुई तब तक नगर के एक फर्जी डॉक्टर ने मुस्लिम वक्ता का व्हाट्सएप स्टेटस पर वीडियो लगाकर नगर में खलबली मचा दी जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है ।

लोगों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में ले लिया वीडियो में किसी दूसरे मुल्क का मुस्लिम वक्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के खिलाफ अवैध टिप्पणी कर रहा है जो हिंदू संगठनों के लोगों को रास नहीं आया पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है सूत्रों के मुताबिक डॉक्टर नगर के मोहल्ला मिर्धान निवासी डॉ परवेज पुत्र छोटे खा बताया गया है जिसकी नगर के बीसलपुर रोड से नगरिया विक्रम जाने वाले रास्ते पर आलाहजरत नाम से निजी अस्पताल भी है जहां मरीजों के साथ खिलवाड़ और तीमारदारों की जेब पर डाका डाला जाता है लोगों की माने तो फर्जी डॉक्टर मोहनपुर का निवासी बताया गया है जिसके तार स्मैक तस्कर तस्कर प्रधान से भी जुड़े हुए हैं डॉक्टर की गिरफ्तारी कामामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं पुलिस भी डॉक्टर से पूछताछ करने में जुटी है!

# फरीदपुर कोतवाली की कमान संभालेंगे राजेश कुमार



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। कोतवाल के लायन हाजिर होने के बाद कोतवाली सूनी हो गई बरेली एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक अपराध को फरीदपुर नया का कोतवाल बनाया है ! बता दे कोतवाली के निवर्तमान कोतवाल धर्मेंद्र सिंह कई मामलों में विवादित रहे थे विगत दिवस नगर के ट्रेलर द्वारा सरे बाजार ठेले पर बैठकर भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के गला काटने की धमकी और पीएम मोदी पर टिप्पणी का मामला हिंदू संगठनों के लोगों के द्वारा एसएसपी तक पहुंचा जिसे कोतवाल ने हल्के में लिया था और अपने अधिकारी को नहीं बताया मामले को गंभीरता से लेकर आरोपी को गिरफ्तार करा कर एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने आनन–फानन में कोतवाल धर्मेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया वही एसएसपी के शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी रहे राजेश कुमार फरीदपुर का नया कोतवाल बनाया है जो पूर्व में भुता के प्रभारी निरीक्षक रहे थे जिन्हें फरीदपुर कोतवाली की कमान मिली है उन्होंने कोतवाली पहुंचकर कमान संभाल ली है और कोतवाली स्टाफ से रूबरू होकर इलाके की गतिविधियां भी परख ली है उनकी प्राथमिकता अपराधों पर नियंत्रण लगाना और गरीबों एवं पीड़ितों को न्याय दिलाना है!

# धार्मिक सौहार्द बिगाड़नें के आरोप में युवक गिरफ्तार

गाजीपुर । कासिमाबाद पुलिस ने शुक्रवार को कुतुबपुर तिराहे से एक युवक को धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया है।



थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने सोनबरसा गांव निवासी तौसीफ अहमद पुत्र फारूक अहमद के खिलाफ धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज किया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी द्वारा जानबूझ कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

सुबह उपनिरीक्षक अविनाश मणि त्रिपाठी को मुखबिर से सूचना मिली की धार्मिक माहौल बिगाड़ने वाला युवक कुतुबपुर तिराहे पर खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस वहां पहुंचकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल सतीश यादव और कां. उपेंद्र गौड़ शामिल रहे।

# लिख गया जो भी अनूठा बस वही पहचान है

सिंकदराराऊ। विमल साहित्य संवर्धक पंजी. के तत्वावधान में एक काव्यगोष्ठी दि ग्लोबल इंडिया एजुकेशन सोसायटी के कार्यालय पर हुई। जिसकी अध्यक्षता शायर जमीरुद्दीन जमीर मुनीम जी ने की और संचालन अवशेष विमल ने किया। विश्व रिकॉर्ड में कविता सम्मिलित होने के उपलब्धि में काव्यगोष्ठी में कवि देवेश सिसोदिया का विशेष रूप से सम्मान किया गया। अवनीश यादव की सरस्वती वंदना से काव्यपाठ की शुरुआत हुई। प्रमोद विषधर ने पढ़ा गंगा सी है पावन कविता। बेटी सी मन भावन कविता। अवनीश यादव ने पढ़ा – गांव के हैं लोग हम सब प्यार मिट्टी से करें। अन्न मिट्टी से उगाकर पेट दुनिया का भरें।

देवेश सिसौदिया ने पढ़ा –

सारगर्भित अर्थ उत्तम काव्य का प्रतिमान है। लिख गया जो भी अनूठा बस वही पहचान है। अवशेष विमल ने पढ़ा – अनुभव जितने गहरे होंगे। उतने शब्द सुनहरे होंगे। कविता उतनी निर्मल होगी, जितने निर्मल चेहरे होंगे। शायर जमीरुद्दीन जमीर ने शेर पढ़ा –

देखा है मैंने जब से तेरे हुस्न का जमाल बैचेन हूं उनवाने गजल ढूंढ रहा हूं।

कासिफ जमाल ने यह शेर पढ़ा – दर्द की रात में यूं आदमी घट जाता है। जिस तरह जून में तालाब सिमट जाता है। काव्यगोष्ठी में त्रिभुवन नारायण शर्मा, सत्यपाल सिंह पुंढीर, मीना पुंढीर, कन्हैया पलतानी, अर्चना यादव, पूजा सिंह, दिव्यांशु कुमार, कोमल सिंह, आरती आदि मौजूद थे ।




# समाजवादी पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व चन्द्रशेखर जी की मनाई 15 वीं पुण्यतिथि



गाजीपुर।देश के महान समाजवादी नेता, पूर्व प्रधानमंत्री, यूवा तुर्क के नाम से देश की राजनीति में विख्यात एवं भारतीय राजनीति के फक्कड़ कबीर स्व.चन्द्रशेखर जी की 15वीं पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामधारी यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके बताए रास्ते पर चल कर देश की सत्ता पर काबिज साम्प्रदायिक ताकतों के खिलाफ संघर्ष करने एवं देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरुप की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक ऐसे यूवा तुर्क नेता थे जिन्होंने दृढ़ता, ईमानदारी और साहस के साथ निहित स्वार्थके खिलाफ लड़ाई लड़ी। वह हमेशा व्यक्तिगत और सत्ता की राजनीति के खिलाफ रहे, उन्होंने हमेशा वैचारिक लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक परिवर्तन की राजनीति का समर्थन किया । वह साहस और सत्य के प्रतीक थे, उनके मन में देश के गरीबों, शोषितों और पीड़ितों के लिए गहरी पीड़ा थी जिसकी झलक उनके उद्‌बबोधन के दौरान अक्सर दिखती थी। उन्होंने देशवासियों से मिलने एवं उनकी प्रमुख समस्याओं को समझने के लिए कन्याकुमारी से नई दिल्ली तक 4260 किलोमीटर की पदयात्रा की थी । वह आजीवन साम्प्रदायिक ताकतों की मुखालफत करते रहे । वह बेबाक वक्ता थे, वह गुप्त से गुप्त बात भी सार्वजनिक कर दिया करते थे,उनका मानना था कि नेता की हर बात को जनता को जानना चाहिए क्योंकि नेता जनता की नुमाइंदगी करता है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामधारी यादव के साथ साथ जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन खां, सदानंद यादव,रामाशीष यादव,कमला यादव, रामनगीना यादव, डॉ समीर सिंह,अभिनव सिंह, चन्द्रिका यादव, संतोष यादव, गोपाल यादव, आदि उपस्थित थे । गोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।

# दूध कारोबारी से लूट के 3 बदमाश गिरफ्तार, नगदी मोबाइल कार बरामद ,जेल गए

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। बीसलपुर रोड पर दिनदहाड़े दूध कारोबारी से 30 हजार लूटने वाले बदमाश आखिरकार लूट की योजना बनाते हुए स्टेट बैंक के सामने से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए पूछताछ के बाद अन्य घटनाओं का भी खुलासा किया तलाशी के दौरान लूट की नगदी 4 मोबाइल और कार बरामद हुई है जिन्हें जेल भेज दिया गया!

ज्ञात हो 30 जून 2022 को 1रू30 बजे बीसलपुर रोड पर ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स की शाखा से दूध कारोबारी ने 30000 निकाले थे रकम कोबह अपने थैले में ओप्पो का टच मोबाइल समेत डाल कर चल दिया बैंक से कुछ दूर बीसलपुर तिराहे के निकट दो अज्ञात बदमाशों ने पीछा करके दूध कारोबारी का थैला छीन लिया और भाग गए दूध कारोबारी ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन तब तक वह भाग गए दूध कारोबारी ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन तब तक वह फरार हो चुके थे दूध कारोबारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था मामले को जिले के अधिकारियों ने गंभीरता से लिया बरेली एसएसपी सत्यार्थ प्रकाश अनिरुद्ध एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चमन सिंह छावड़ा के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अपराध राजेश कुमार की तेजतर्रार टीम ने दूध कारोबारी से वारदात को अंजाम देने के बाद पुनः लूट की योजना बनाते स्टेट बैंक के सामने लगभग 10रू30 बजे तीन बदमाशों को पुलिस ने दबोचा है जो वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को अपने नाम विशाल सागर पुत्र चंद्रपाल निवासी हार्टमैन रामलीला ग्राउंड के सामने वाली गली इज्जत नगर बरेली हाल निवासी मकान नंबर 543 गली नंबर 13 गोवापुर गाजीपुर ईस्ट दिल्ली, अजय पुत्र विजय निवासी खेड़ा तहसील बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद हरियाणा हाल निवासी गाजीपुर डेयरी फार्म गली नंबर 3 थाना गाजीपुर दिल्ली एवं राधेश्याम पुत्र टीकाराम निवासी गाजीपुर डेयरी फार्म 7 नंबर रोड मकान नंबर 459 थाना गाजीपुर ईस्ट बताया है दूध कारोबारी से लूट को भी स्वीकार किया है तलाशी के दौरान पुलिस ने बदमाशों से 78170 रुपए की नगदी 4 टच मोबाइल एवं पीली धातु की एक अंगूठी के अलावा एक होम सिविक सफेद रंग की कार नंबर कस3ब बी ई 0 874 बरामद की है पकड़े गए तीनों बदमाशों को पुलिस ने जेल भेज दिया! लूट की वारदात का खुलासा करने वाली टीम में उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, गौरव कुमार, कांस्टेबल अमित, प्रशांत मलिक ,अनिपाल ,आशीष शामिल रहे!



# मोनू प्रजापति राष्ट्रीय योगी सेना युवा मौर्चा के मण्डल प्रभारी नियुक्तकिए गए




मुन्ना अंसारी दैनिक अयोध्या टाइम्स महराजगंज। जनपद महराजगंज संगठन राष्ट्रीय योगी सेना युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री मोनू प्रजापति जी के कार्य शैली एवम् सामाजिक जीवन को देखते हुए संगठन राष्ट्रीय योगी सेना मण्डल प्रभारी युवा मोर्चा गोरखपुर नियुक्त किया गया है मैं मोनू प्रजापति संगठन राष्ट्रीय योगी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विवेक सिंह चौहान जी को एवम् राष्ट्रीय योगी सेना गौरक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विपिन शर्मा जी को बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जो आप ने हमको उस लायक समझा और हमको जिला स्तरीय के बाद मण्डल प्रभारी युवा मोर्चा बनाया गया है।

मैं आप सबको पूर्ण विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि मैं संगठन के आदेशों का पालन करूंगा और पूज्य श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के द्वारा सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचा कर सभी किसान भाइयों को लाभ दिलवाने का काम करेंगे प्रचार प्रसार करेंगे और संगठन को ऊंचाई बुलंदियों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे एवम् क्षेत्र में गरीब असहाय लोगों का मदद करेंगे जो व्यक्ति पीड़ित रहेगा उसके साथ खड़ा होकर न्याय संगत कार्रवाई करवाया जाएगा और उनको हर तरह का संगठन द्वारा सहयोग और मदद दिया जाएगा और संगठन को अधिक से अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

# नवविवाहिता के कमरे में ही लटकता हुआ मिला उसका शव क्षेत्र में फैली सनसनी

मुन्ना अंसारी दैनिक अयोध्या टाइम्स कोल्हुई,महराजगंज। जनपद के कोल्हुई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा राजपुर के टोला कोमरवा में एक नवविवाहिता का शव उसके ही कमरे में छत की कुंडी से लटकती मिलन का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार संजय और उमा की शादी इसी वर्ष अप्रैल माह में थानाक्षेत्र के ही परासखांड में हुई थी। अभी कुछ दिन पहले संजय रोजी–रोट कमाने बाहर चला गया था। घर पर उसकी पत्नी और सास–ससुर रहते हैं।सुत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि सुबह जब उमा का कमरा देर तक नहीं खुला तो सास–ससुर ने उसे जगाने की कोशिश की। दरवाजा अंदर से बंद था। एक छोटे बच्चे ने जब कमरे के अंदर झांककर देखा तो विवाहिता उमा छत के कुंडी से लटकी दिखी। उसने शोर मचा कर सबको बताया। सास ससुर के अलावा अगल बगल और गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे। जैसे ही उक्त मामले की सूचना पुलिस और मायके वालों की हुई तो पुलिस और नायाब तहसीलदार रवि कुमार यादव के पहुंचने के बाद, वहां मौजूद लोगों के समक्ष शव का पंचनामा भरवाकर शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया वहीं पर कोल्हुई थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में जांच और पूछताछ की जा रही जल्द ही उक्त मामले का खुलासा किया जायेगा।




# चार मंजिला विल्डिंग से गिरकर मजदूर की हुई मौत परिजनों में शोक की लहर



अम्बरीष शर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स निचलौल,महराजगंज। उत्तर प्रदेश के जनपद महराजगंज के निचलौल तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा नौनिया में फायर स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। बीती रात चार मंजिला इमारत की छत पर सो रहे मजदूरों में से एक मजदूर की छत पर से गिरने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात रोजमर्रा की भांति सभी मजदूर छत पर सो रहे थे अपने अपने जगह पर कि एक मजदूर की छत पर से गिरने से मौत हो गई जिसकी जानकारी सुबह भोर में हुई जिसकी सूचना मृतक के परिजनों को और ठूठीबारी कोतवाली पुलिस को दिया गया सुचना मिलते ही मौके बारदात पर कोतवाली पुलिस पहुंची और कुछ देर बाद मृतक के परिजन भी पहुंच गए। मृतक व्यक्ति की पहचान भीम यादव पुत्र भोला यादव, ग्राम– लखुआ ,थाना खड्डा ,जिला कुशीनगर, के रूप में हुआ। मृतक की शादी सन् 2000 में ग्राम मिश्रौलिया पोस्ट बैठवलिया थाना निचलौल अंतर्गत हुआ था मृतक की तीन बेटियां हैं।

प्रियांशी उम्र लगभग 15 वर्ष ,दिव्यांशी की उम्र लगभग 11 वर्ष और दीपिका की उम्र लगभग 6 वर्ष है।

मृतक के पत्नी का नाम बंदना है ।भीम यादव अपने मां–बाप का एकलौता वारिस था। जो रोजी–रोटी के चक्कर में यहां कमाने के लिए आया था और काम कर रहा था।उसकी मौत पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंचकर वहां मौजूद लोगों के समक्ष शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया । इस बाबत कोतवाली प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि एक मजदूर की छत से गिरने से मौत हो गई है शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी ।अब देखना यह है कि उक्त मजदूर को कब तक न्याय मिलता है।

# संक्षिप्त समाचार

## शराब तस्करी का वांछित अपराधी गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। कच्ची शराब तस्करी का वांछित अपराधी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया जिसे पुलिस ने नगर से 5 किलोमीटर दूर पचोमी गांव के निकट हाईवे से गिरफ्तार कर लिया!

एसएसपी बरेली एसपी देहात के निर्देशन में शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी फरीदपुर के कुशल निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अपराध राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लंबे अरसे से फरार शराब तस्करी का वांछित अपराधी गिरफ्तार किया है क्योंकि पचौमी गांव का हजारी पुत्र केदार अपने साथी वीरपाल पुत्र बाबूराम के साथ कच्ची शराब का निर्माण कर रहा था जिसे पुलिस ने 6 मई 2022 को गिरफ्तार किया लेकिन हजारी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया था जिस पर अपराध संख्या 247ध्22 धारा 60(2) दर्ज था पुलिस को सरगर्मी से तलाश थी गिरफ्तारी के बाद शराब तस्कर को न्यायालय में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा तो अन्य शराब तस्करों का भंडाफोड़ होगा! टीम में उपनिरीक्षक गौरव कुमार कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे!

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फतेहगंज पूर्वी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को उपचार हेतु सीएचसी भेजा जहां डॉक्टरों ने इलाज करने के बाद हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया! फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव निवरिया के पास नेशनल हाईवे पर एक बाइक सवार आदेश सिंह निवासी ग्राम मडिया नगला थाना जैतीपुर जनपद शाहजहांपुर अपनी रिश्तेदारी में बरेली जा रहा था कि पीछे से आ रहे अज्ञात बाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची हंड्रेड 112 के पुलिसकर्मियों ने घायल अवस्था में उपचार हेतु नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जहां जाटों ने घायल का उपचार करने के बाद हालत में सुधार देखकर घर भेज दिया उन्होंने बताया कि पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर हमें गिरा दिया जिससे हम सड़क के किनारे खाई में गिर पड़े टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो चुका था!

## फरीदपुर से अमरनाथ बर्फानी बाबा के दर्शन को दूसरा जत्था रवाना

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। सावन के पवित्र महीने की दस्तक से पूर्व अमरनाथ बर्फानी बाबा के दर्शनों का सिलसिला जारी हो गया है नगर से बर्फानी बाबा के दर्शन को दूसरा जत्था रवाना हुआ जिसका लोगों ने फूल माला पहनाकर गंतव्य को रवाना किया! हिंदुओं का पवित्र तीर्थ अमरनाथ बर्फानी बाबा सावन के महीने के पूर्व अपने पूरे आकार में प्रकट होते हैं इनके दर्शन के लिए संपूर्ण भारत से लाखों की भीड़ दरबार में पहुंचती है और मन्नतें मांग कर बर्फानी बाबा का आशीर्वाद लेकर अपने घरों को वापस होते हैं इसी के तहत नगर फरीदपुर से दूसरा जत्था जोश खरोश के साथ आज रवाना हो गया लोगों ने शिव भक्तों को फूल मालाओं से भव्य स्वागत का विदा किया जिसमें नगर के स्टेशन रोड मोहल्ला बक्सरिया निवासी शैलेश सिंह नटराज अरविंद कुमार सिंह चंद्रसेन श्यामवीर संतोष बर्फानी बाबा के श्रद्धालु रवाना हुए!



## हवलदार सुरेश राजभर को श्रद्धांजलि देने पहुचे कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर

गाजीपुर। प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री अनिल राजभर आज शुक्रवार को बिरनो थाना क्षेत्र के ग्राम बीबीपुर,बाजिदपुर पहुंचे जहाँ उन्होंने पिछले 4 जुलाई को जम्मू कश्मीर के स्माइलपुर मे तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल , 38 वीं बटालियन के 45 वर्षीय हवलदार सुरेश राजभर का जीएमसी अस्पताल मे निधन हो गया था। मा मंत्री अनिल राजभर ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद उनकी माँ,पत्नी रीता देवी,बेटे सौरभ सहित पुत्रियों से मिलकर उनको ढांढस बधाया और कहा कि इस दुख की घड़ी मे हम सभी आपके साथ मर्माहत है।तथा वहाँ उपस्थित उपजिलाधिकारी अनिरुद्ध कुमार एवं प्रधान काशी राजभर से जवान के नाम पर उनके गांव को जाने वाले मार्ग का नामकरण,ग्राम मे पार्क तथा एक स्मृति द्वार के निर्माण को प्रशस्त करने को कहा। मंत्री ने जवान सुरेश राजभर के माँ को सांत्वना देते हुए कहा कि आपने ऐसे बेटे को जन्म दिया जो देश सेवा मे समर्पित हो गये ।इस अवसर पर डा मुराहू राजभर,राजेश भारद्वाज, संकठा मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,मयंक जायसवाल,हीरालाल कुशवाहा,आलोक शर्मा,हंसराज राजभर, चंद्रभान राजभर,गुड्डू राजभर,उपजिलाधिकारी,क्षेत्राधिकारी भुडकुडा,बिरनो थानाध्यक्ष सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।



## 108 एंबुलेंस सेवा बनी महिलाओं के लिए वरदान, रास्ते में ही दिया बच्चे को जन्म

सिकंदराराऊ। एंबुलेंस सेवा पर सूचनाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। आए दिन एंबुलेंस में अस्पताल लाते समय प्रसूताओं द्वारा बच्चे को जन्म दिया जा रहा है। इससे पहले एंबुलेंस अथवा वाहन के अभाव में प्रसूता और उनके बच्चों की समय पर इलाज न मिलने के कारण मौत हो जाती थी । शुक्रवार को एक और महिला ने 108 एंबुलेंस में बच्चे को जन्म दिया। शुक्रवार को गांव गिरधरपुर निवासी रीना पत्नी हरिओम ने गांव छीतीपुर के पास सरकारी अस्पताल ले जाते समय 108 एंबुलेंस में ही बच्चे को सकुशल जन्म दिया । प्रसव पीड़ा बढने पर ईएमटी भानु प्रताप एवं पायलट सतेंद्र द्वारा प्रसव कराया गया ।



## धर्म की रक्षा के लिए ही भगवान श्री ×ष्ण ने लिया अवतार रु अवधेश कुमार व्यास

सिकंदराराऊ। नगर में लक्ष्मी टॉकीज के पास भोले बाबा मंदिर पर चल रही भागवत कथा में अवधेश कुमार व्यास जी के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन कराया गया। व्यास जी के द्वारा बताया गया कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म धर्म की रक्षा के लिए हुआ था। कंस के द्वारा जब पृथ्वी पर अत्याचार अधिक बढ़ गया तो भगवान विष्णु को श्री कृष्ण के रूप में जन्म लेना पड़ा। वहीं भागवत कथा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के मंडल अध्यक्ष नीरज वैश्य का कार्यकर्ताओं द्वारा मुकुट पहना कर एवं फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा भी भागवताचार्य का पटका उठाकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज लोग भगवत गीता एवं रामायण घरों में नहीं पढते हैं । लेकिन पहले हमारे पूर्वज हमेशा भागवत गीता एवं रामायण का पाठ किया करते थे। जिससे परिवारों में खुशियों का वातावरण रहा करता था । कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरज वैश्य भाजपा मंडल अध्यक्ष, बृजमोहन गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष, रवि पंडित, शैलेंद्र यादव, वान कुमार यादव, सुभाष यादव उर्फ पूती यादव, मिथला यादव, कालू,अभय यादव,पंकज यादव,लखन यादव,गुरुदेश यादव,राजे यादव, राजेंद्र यादव,तरुन यादव, अमित यादव, बंटू यादव आदि भक्तगण मौजूद रहे।

